3 राजधानी
हुड़दंग व बाइक स्टंट करने वालों पर चला पुलिस का हंटर

6 अभिमत
आंदोलनजीवियों के निशाने पर मोदी

10 कारोबार
डिब्बा बंद दही व पनीर पर लगेगा जीएसटी

10 स्पोर्ट्स
वेस्टइंडीज ने टेस्ट शृंखला पर किया कब्जा

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 248
लखनऊ, बुधवार, 29 जून, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कैटरीना कैफ की फोन भूत अक्टूबर में होगी रिलीज

राष्ट्रीय-9

# भाजपा ने राज्यपाल से की फ्लोर टेस्ट की मांग

**महाराष्ट्र संकट**

## ● भगत सिंह कोश्यारी से मिले देवेंद्र फडणवीस, कहा- उद्धव सरकार अल्पमत में, बहुमत साबित करने को कहा जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई, नई दिल्ली

**शिवसेना** के नेता एवं मंत्री एकनाथ शिंदे की बगावत से महाराष्ट्र में उत्पन्न राजनीतिक स्थिति में एक सप्ताह तक इंतजार करने के बाद भारतीय जनता पार्टी मंगलवार को हरकत में आई और पार्टी नेता देवेंद्र फडणवीस ने रात में राजभवन में महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात की। इससे पहले दिन में दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेताओं से मुलाकात करने वाले फडणवीस रात करीब 10 बजे राजभवन पहुंचे और कोश्यारी से मुलाकात की।

फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा, हमने राज्य में मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम का हवाला देते हुए राज्यपाल को एक पत्र सौंपा। हमने राज्यपाल कोश्यारी से मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से विधानसभा में बहुमत साबित करने के लिए कहने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, हमने कोश्यारी को बताया कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार अल्पमत में है क्योंकि शिवसेना के 39 विधायक कांग्रेस और राकांपा से नाता तोड़ना चाहते हैं। इससे पहले महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक उठापटक के बीच राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की। शिवसेना खेमे में विद्रोह के बाद फडणवीस बेहद सक्रिय देखे जा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि अगर एमवीए सरकार अल्पमत में आती है तो भाजपा, शिवसेना के बागियों के साथ सरकार बना सकती है। माना जा रहा है कि फडणवीस ने दोनों नेताओं को महाराष्ट्र के राजनीतिक घटनाक्रमों से अवगत कराया और राज्य में पार्टी की भावी रणनीति से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, फडणवीस ने भाजपा सांसद और वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी के साथ शाह से मुलाकात की।

फडणवीस की भाजपा के शीर्ष नेताओं से यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब बागी नेता शिंदे ने दावा किया कि गुवाहाटी में उनके साथ 50 विधायक हैं और वे स्वेच्छा से तथा हिंदुत्व की राजनीति को आगे ले जाने के लिए यहां पहुंचे हैं। माना जा रहा है कि फडणवीस और जेठमलानी ने शाह के साथ शिवसेना के बागी विधायकों और कुछ निर्दलीय विधायकों के साथ सरकार बनाने के विकल्पों और इससे संबंधित कानूनी पहलुओं पर चर्चा की। शाह से मुलाकात के बाद फडणवीस ने पार्टी अध्यक्ष नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की ( शेष पेज 4 )



नई दिल्ली में जेपी नड्डा के आवास से निकल कर बाहर आते देवेंद्र फडणवीस

## उद्धव ने की बागी विधायकों से लौट आने की भावुक अपील

### ● शिंदे ने आदित्य ठाकरे व राउत के बयानों का हवाला दे किया करारा पलटवार

### ● मुख्यमंत्री ने एक सप्ताह में तीसरी बार विधायकों से मुम्बई आकर बातचीत करने की बात कही

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई

**एक-एक** कर नौ मंत्रियों समेत 40 से अधिक विधायकों के एकनाथ शिंदे गुट में शामिल होने गुवाहाटी पहुंचने के बावजूद अभी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने उम्मीद नहीं छोड़ी है। संकट का समाधान तलाशने के लिए ठाकरे ने मंगलवार को भावुक अपील करते हुए विद्रोह करने वाले विधायकों से वापस लौटने को कहा।

मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि नाराज विधायक मुम्बई लौट आएं और मुझसे अपनी बात रखें, ताकि राजनीतिक संकट को खत्म किया जा सके। हालांकि, मुख्यमंत्री द्वारा बागी विधायकों से लौटने की अपील करने के कुछ घंटों बाद ही शिंदे ने उनका जवाब देते हुए ट्वीट कर कहा कि एक तरफ आपका बेटा आदित्य ठाकरे और पार्टी प्रवक्ता संजय राउत ने पूज्य बालासाहेब ठाकरे के शिवसैनिकों को सूअर, गटर-बक, कुत्ते, मवेशी, मूर्ख, लाश आदि कहा और यहां तक कि उनके पिता का नाम भी बीच में घसीटा गया, दूसरी ओर उद्धव ठाकरे उन्हीं विधायकों से वापस लौटने की अपील कर रहे हैं। इसका क्या मतलब निकाला जाए?

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उद्धव ने शिवसेना के सभी विधायकों से लौटने की अपील की है। ठाकरे ने कहा कि शिवसेना परिवार के मुखिया के रूप में उन्होंने नाराज विधायकों के विचारों का सम्मान किया और अपने दिल से यह स्पष्ट कर ( शेष पेज 4 )

# नूपुर शर्मा के बयान का समर्थन करने पर हिंदू दर्जी की गला काट कर हत्या

### ● राजस्थान में दो कट्टरपंथी युवकों ने जघन्य वारदात को दिया अंजाम

**एजेंसियां।** जयपुर

**राजस्थान** में उदयपुर के धानमंडी थानाक्षेत्र में सोमवार को दो कट्टरपंथी युवकों रियाज और गौस मुहम्मद ने मिलकर एक हिंदू दर्जी की गला काटकर हत्या कर दी और सोशल मीडिया पर एक वीडियो डालकर कहा कि उन्होंने इस्लाम के अपमान का बदला लेने के लिए ऐसा किया। माना जा रहा है कि दर्जी ने नूपुर शर्मा के विवादित बयान का समर्थन किया था।

उसी के बाद उसे धमकियां दी गयीं और बाद में गला काट कर इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया गया। घटना के बाद प्रदेशभर में आगामी 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद किए जाने, सभी जिलों में आगामी एक माह तक धारा 144 लागू करने, उदयपुर के सात थाना क्षेत्रों में अगले आदेश तक कर्फ्यू लगा दिया गया है और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की है। दिन दहाड़े हत्या को अंजाम देने वाले दोनों शख्स ने ऑनलाइन वीडियो डालकर इस गुनाह की जिम्मेदारी ली और पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों को राजसमंद जिले के भीम क्षेत्र से पकड़ा गया।

राजसमंद के पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने कहा कि दोनों आरोपी मोटरसाइकिल पर हेलमेट पहनकर भागने की कोशिश कर रहे थे लेकिन उन्हें भीम क्षेत्र में नाकेबंदी के दौरान पकड़ लिया गया। उन्होंने कहा, हमने आरोपियों की पहचान की पुष्टि की है। 10 टीम को आरोपियों की तलाश में लगाया था। एक वीडियो क्लिप में हमलावर को कहते सुना जा सकता है कि उसने एक आदमी का सिर कलम कर दिया है। उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भी धमकी देते हुए कहा कि यह छुरा उन तक भी पहुंचेगा। उसने परोक्ष रूप से नुपुर शर्मा का भी जिक्र किया ( शेष पेज 4 )




दर्जी कन्हैयालाल से कपड़ों के लिए नापजोख करता रियाज। बाद में उसने अपने साथी गौस मुहम्मद की मदद से उनका गला रेत दिया

### केंद्र ने एनआईए की टीम भेजी

**नई दिल्ली।** केंद्र उदयपुर में एक दर्जी की नृशंस हत्या को आतंकवादी हमला मान रहा है और मंगलवार रात आतंकवाद निरोधी जांच एजेंसी एनआईए की एक टीम वहां भेजी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने नाम नहीं उजागर करने की शर्त पर कहा कि प्रथम दृष्टया यह किसी आतंकी हमले की तरह लग रहा है।



आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र से उपचुनाव में नवनिर्वाचित भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की (समाचार पेज 2)

# मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति से की मुलाकात



अबुधाबी में संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति और अबूधाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से वार्ता करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**भाषा।** अबुधाबी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति और अबूधाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई के पूर्व राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान के निधन पर व्यक्तिगत संवेदना व्यक्त की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, एक विशेष सद्भाव के तहत, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति और अबूधाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान शाही परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के साथ, प्रधानमंत्री से मिलने के लिए अबूधाबी हवाई अड्डे पर मौजूद थे। मोदी ने अरबी एवं अंग्रेजी भाषाओं में ट्वीट किया, मैं अपने भाई शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के विशेष सद्भाव से प्रभावित हूं जो मेरी अगवानी के लिए अबुधाबी हवाई अड्डे पर आए। उनका आभारी हूं। पिछले महीने संयुक्त अरब अमीरात के नेता के नए राष्ट्रपति के रूप में चुनाव के बाद यह दोनों नेताओं की पहली मुलाकात है। शेख मोहम्मद के साथ अपनी मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री ने शेख खलीफा के निधन पर व्यक्तिगत रूप से संवेदना व्यक्त की।

शेख खलीफा का लंबी बीमारी के बाद 73 साल की आयु में 13 मई को निधन हो गया था। मोदी ने उनके निधन पर दुख जताते हुए उन्हें एक महान राजनेता और दूरदर्शी नेता बताया था ( शेष पेज 4 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,177 | ↑ | 16 | |
| निफ्टी | 15,850 | ↑ | 18 | |
| सोना | 50,770 | ↑ | 52 | /10g |
| चांदी | 60,128 | ↓ | 60 | /kg |

## क्विक न्यूज

### रिलायंस जियो की कमान आकाश अंबानी को मिली

**नई दिल्ली।** देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस में नई पीढ़ी को उत्तराधिकार सौंपने की प्रक्रिया शुरू होती दिख रही है। रिलायंस के प्रमुख मुकेश अंबानी ने दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो के चेयरमैन पद से इस्तीफा देकर और अपने बड़े पुत्र आकाश अंबानी को इसकी कमान सौंपकर उत्तराधिकार योजना पर अमल के संकेत दे दिए हैं। रिलायंस जियो इन्फोकॉम ने मंगलवार को शेयर बाजारों को दी गई सूचना में शीर्ष स्तर पर हुए इस बदलाव की जानकारी दी। इसके मुताबिक कंपनी के निदेशक मंडल की 27 जून को हुई बैठक में गैर-कार्यकारी निदेशक आकाश को चेयरमैन बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके पहले 65 वर्षीय मुकेश अंबानी ने रिलायंस जियो के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया था।

# सोशल मीडिया पर 54 फीसदी लोगों को पक्का भरोसा

### ● तथ्यों को साझा करने वाले 87 फीसदी लोग समझते हैं इन्हें सही

### ● ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस के वैश्विक अध्ययन में किया गया दावा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गलत** सूचनाओं और झूठे दावों को लेकर चिंताओं के बावजूद, दुनिया भर के सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं का मानना है कि जो जानकारी वे ट्विटर, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर पढ़ते और साझा करते हैं, वह तथ्यात्मक रूप से सही होती है। वहीं उभरती अर्थव्यवस्थाओं में इसके विश्वास का स्तर सबसे अधिक होता है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (ओयूपी) के एक वैश्विक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई कि भारत में कम से कम 54 फीसदी लोग तथ्यात्मक जानकारी की तलाश में सोशल मीडिया का रुख करते हैं।



अध्ययन में पाया गया कि भारत में, सोशल मीडिया से जानकारी साझा करने वाले 87 फीसदी लोग इसकी सत्यता में विश्वास रखते हैं, जो वैश्विक औसत तीन तिहाई से थोड़ा अधिक है। ओयूपी इंडिया की प्रबंध निदेशक सुमंत दत्ता ने कहा कि 87 फीसदी से अधिक भारतीय सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली सूचनाओं पर उनका भरोसा है, ऐसे में तथ्यात्मक अशुद्धियों और गलत सूचनाओं के संभावित प्रभाव को समझने ( शेष पेज 4 )

## ग्यारह आईएएस अफसरों के तबादले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** सरकार ने मंगलवार को 11 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इनमें कई जिलों के सीडीओ भी शामिल हैं। इस फेरबदल में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रेम प्रकाश मीना को चंदौली से अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण, कानपुर नगर, नगर आयुक्त नगर निगम फिरोजाबाद प्रेरणा शर्मा को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा, सीडीओ अंबेडकरनगर घनश्याम मीना को नगर आयुक्त नगर निगम फिरोजाबाद, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बांदा सुधीर कुमार को सीडीओ अंबेडकरनगर, नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर ज्ञानेंद्र सिंह को संयुक्त प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय, सीडीओ रामपुर गजल भारद्वाज को नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वाराणसी नंद ( शेष पेज 4 )



सीएम की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 14 प्रस्तावों को मंजूरी

# डेटा सेंटर पार्क और विमान मरम्मत केंद्र की होगी स्थापना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश में** 15950 करोड़ रुपए से अधिक निवेश से चार डेटा सेंटर पार्कों का निर्माण होगा। इसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से चार हजार व्यक्तियों को रोजगार मिल सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में डाटा सेंटर नीति-2021 के अन्तर्गत डाटा सेंटर पार्क बनाए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

बैठक में लिए गए एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में प्रदेश को विमान मरम्मत का केंद्र बनाने का भी फैसला लिया गया। इसके तहत कैबिनेट ने प्रदेश में विमानों के अनुरक्षण मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) सुविधाओं के विकास के संबंध में नीति को मंजूरी दे दी। कैबिनेट ने आज कुल 14 अहम प्रस्तावों पर अपनी मुहर लगाई।

इसके अन्तर्गत मेसर्स एनआईडीपी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को गैर वित्तीय प्रोत्साहन तथा अन्य तीन निवेशकों-मेसर्स एनटीटी ग्लोबल डाटा सेंटर्स एंड क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड परियोजना-1 तथा अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड परियोजना-2 को वर्णित वित्तीय एवं गैर वित्तीय प्रोत्साहन को नीति कार्यान्वयन इकाई की बैठक में संस्तुति के उपरान्त निवेशकों को अनुमन्य किए जाने की अनुशंसा को स्वीकृति प्रदान की गई।

## ● डेटा पार्क में 15950 करोड़ का होगा निवेश, मिलेंगे चार हजार रोजगार

ज्ञातव्य है कि सोशल मीडिया, बैंकिंग, खुदरा, स्वास्थ्य सेवा यात्रा-पर्यटन एवं अन्य ट्रान्जेक्शन में बहुत अधिक डाटा उत्पन्न होता है जिसके संग्रहण के लिए डाटा सेंटर का उपयोग किया जाता है। वर्तमान में देश का अधिकांश डाटा देश के बाहर संरक्षित किया जाता है। डाटा सेंटर क्षेत्र की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार द्वारा जनवरी 2021 में उप्र डाटा सेन्टर नीति अनुसूचित की गई है। इसमें राज्य में 250 मेगा वॉट डाटा सेंटर उद्योग विकसित किए जाने, राज्य में 20000 करोड़ रुपए के निवेश और कम से कम 3 अत्याधुनिक निजी डाटा सेंटर पार्क्स स्थापित करने का लक्ष्य है। नीति के अन्तर्गत डाटा सेन्टर पार्क्स और डाटा सेन्टर इकाइयों को पूंजी उपादन, ब्याज उपादान, भूमि के क्रय-पट्टे पर स्टाम्प ड्यूटी में छूट तथा ऊर्जा से सम्बन्धित वित्तीय प्रोत्साहनों के अतिरिक्त विभिन्न गैर वित्तीय प्रोत्साहनों की अनुमन्यता हैं। बुंदेलखंड तथा पूर्वांचल क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहनों की व्यवस्था है।कैबिनेट ने राज्य में वायुयानों की मेन्टेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल (एमआरओ) सुविधाओं के विकास के सम्बन्ध में नीति को अनुमोदित कर दिया है। ज्ञातव्य है कि नागर विमानन क्षेत्र में निरन्तर हो रहे विकास एवं प्रसार के दृष्टिगत एक अनुकूल वातावरण बनाए जाने के लिए प्रदेश में मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल (एमआरओ) हब्स की स्थापना की आवश्यकता है। नागर विमानन क्षेत्र में प्रचालन के लिए उपयोग में आने वाले हवाई जहाजों की मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल एक सतत और समयबद्ध प्रक्रिया है। भारत में एमआरओ की स्थापना न होने के कारण वायुयानों को मरम्मत के लिए देश के बाहर सिंगापुर, दुबई आदि स्थानों पर भेजा जाता है, जहां पर हवाई जहाजों के मरम्मत में एक तरफ धन एवं फॉरेन एक्सचेंज का व्यय होता है, वहीं दूसरी तरफ अधिक समय भी लगता है।उत्तर प्रदेश में एमआरओ की स्थापना के व्यापक सम्भावनाएं हैं। वर्ष 2026 तक देश में लगभग एक हजार नए वायुयानों को क्रय किए जाने की सम्भावनाएं है। सम्प्रति भारत में एमआरओ से सम्बन्धित कतिपय कम्पनियों द्वारा हैदराबाद और बैंगलुरू में छोटे-मोटे मरम्मत के कार्य किए जाते हैं। वायुयानों की मेन्टेनेंस, रिपेयर एण्ड ओवरहॉल (एमआरओ) सुविधाओं के विकास के सम्बन्ध में नीति के प्रख्यापन से प्रदेश में एमआरओ की स्थापना होगी, जिससे राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होगा। साथ ही बड़ी संख्या रोजगार के सृजित होंगे। प्रदेश में एमएसएमई के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। वायुयानों की मरम्मत पर अपेक्षाकृत कम धनराशि व्यय होगी। साथ ही, समय एवं फॉरेन एक्सचेंज की बचत होगी। इससे देश व प्रदेश की जीडीपी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## निषादराज पार्क का होगा विकास

कैबिनेट ने प्रयागराज में श्रृंगवेरपुर धाम निषादराज पार्क फेज-1) के निर्माण के लिए प्रस्तावित उच्च विशिष्ट कार्यों यथा स्टोन वर्क वॉल लाईनिंग, आरनामेन्टल स्टोन वर्क फ ॉर वाल लाईनिंग, आरनामेन्टल स्टोन वर्क फ ॉर आर्च डिजाइन, ग्रेनाइट फ्लोरिंग, स्टोन वर्क इन कूपिंग, स्टोन क्लेडिंग, मकराना स्टोन फ्लोरिंग, ग्रेनाइट कोबल आदि के लिए 368.19 लाख रुपए (जीएसटी,सेन्टेज और लेबर सेस सहित) की धनराशि से कराये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

## 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य, निशुल्क मिलेंगे पौधे

कैबिनेट ने प्रदेश के पर्यावरणीय लाभ एवं कृषकों की आय में सतत वृद्धि के दृष्टिगत वर्ष 2022-23 में 35 करोड़ पौधरोपण के लिए शासकीय विभागों, न्यायालय परिसरों, कृषकों, संस्थाओं, व्यक्तियों व निजी एवं शासकीय शिक्षण संस्थाओं-भारत सरकार के विभाग एवं उपक्रम-स्थानीय निकायों, ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका परिषद, प्राधिकरण आदि औद्योगिक इकाइयों, सहकारी समितियों एवं अन्य को सम्बन्धित शासकीय विभागों-संस्थाओं के माध्यम से पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की पौधशालाओं से निशुल्क पौध (यूकेलिप्टस एवं पॉपलर को छोड़कर) उपलब्ध कराए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है।

## 300 से अधिक रेलवे क्रासिंग पर बनेगा ओवरब्रिज

कैबिनेट ने केंद्रीय परिवहन मंत्रालय, रेल मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच अनुबंध के मसविदे को मंजूरी दे दी। इस अनुबंध के तहत प्रदेश में 300 से अधिक रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण कराना जरूरी है। रेल मंत्रालय और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय सुरक्षित और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए इन महत्वपूर्ण रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज बनाने का इच्छुक है।

## नगर निकाय में शामिल हुए गांवों में जारी रहेगा आबादी सर्वेक्षण

कैबिनेट ने नगर निकाय क्षेत्र में सम्मिलित किए गए गांवों में भी स्वामित्व योजना के अन्तर्गत आबादी सर्वेक्षण एवं अभिलेख क्रिया के कार्य को जारी रखे जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है।

### होमगार्ड जवानों को मिलेगा प्रशिक्षण भत्ता

कैबिनेट ने होमगाड्र्स स्वसंसेवकों को जो-जो प्रशिक्षण जिस-जिस समय अवधि के लिए प्रदान किए जा रहे है वह शासन द्वारा निर्धारित एवं अनुमोदित होने की दशा में ड्यूटी पर अनुमन्य भत्ते के समतुल्य प्रशिक्षण अवधि में भत्ता अनुमन्य कराये जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है।

### मुफ्त राशन के लिए 3196.81 करोड़ मंजूर

कैबिनेट ने लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को वितरण के लिए आयोडाइज्ड नमक, साबुत चना एवं रिफाइन्ड सोयाबीन ऑयल की आपूर्ति के सापेक्ष राज्य सरकार पर 3196.81 करोड़ रुपए के अनुमानित व्ययभार के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मेरे भवन सं० 5/सी/ 412 ए, एल आई जी, क्षेत्रफल 60 वर्ग गज, स्वर्ण जयंती विहार कानपुर नगर, का मूल आवंटन पत्रांक 470/डी/जे.एस-4/के.डी.ए/13-14 दिनांकित 11.12.13 वास्तव में कहीं खो गया है श्रीमती सुमित्रा देवी पाल पत्नी हरिश्चंद्र पाल निवासी 130/230, बगाही टी.पी नगर कानपुर नगर मो० 7007591998

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23/06/2022 को श्रीमती जगरानी देवी पत्नी स्व0 शिवराज भारती एस एस द्वितीय, डी 1,699 एलडीए कालोनी कानपुर रोड लखनऊ का एलडीए के मकान का एलाटमेंट लेटर खो गया है। अगर किसी को भी उपरोक्त एलडीए एलॉटमेंट लेटर मिलता है,तो कृपया निम्न नंबर- 8601670423 पर संपर्क करने की कृपा करें।

**सूचना**

मैं अमित राय जैन, डायरेक्टर साईकदम फूड्स - बेवरेजेस प्रा. लि, यह सूचित करता हूं की, मेरा फॉर्म 38 संख्या 3599413, और फॉर्म C संख्या 0556543, मेरे कार्यालय से दिनांक 23.06.2022, खो गए है, कार्यालय का पता 109/106 A, मॉडल हाउसेस एरिया, लखनऊ. कृपया मिलने पर सूचित करे। 9839441000

**सूचना**

मेरे फ्लैट सं० एन 303, 2 बी.एच.के, सिग्नेचर ग्रीस विकास नगर कानपुर की मूल फ्री होल्ड डीड बही सं० 1 जिल्द सं० 11423 के पृष्ठ सं० 197 से 214 क्रमांक 10061 दिनांकित 30.10.2021 को उप निबंधक सदर 2 कानपुर नगर के यहां पंजीकृत है जो कि फ्री होल्ड डीड मूल रजिस्ट्री लैमिनेटेड है हेमंत त्रिपाठी पुत्र स्व. रामकुमार त्रिपाठी निवासी 182 एन ब्लाक किदवई नगर कानपुर नगर मो० 9984253434

**सूचना**

मैं राजवीर सिंह पुत्र हरि सिंह निवासी-फ्लैट सं0 G-2 प्लाट नं0- 112 क्ले स्क्वायर निकट डा0 यशवीर सिंह क्लीनिक योजना भवन लखनऊ का निवासी हूँ। मेरे समस्त प्रपत्रों में राजवीर सिंह अंकित है लेकिन बैंक प्रपत्रों में राजवीर सिंह चौधरी अंकित है हमने अपना नाम राजवीर सिंह चौधरी से बदलकर राजवीर सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे राजवीर सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाये तथा समस्त प्रपत्रों में राजवीर सिंह अंकित किया जाये।

**सूचना**

मैं सेवा संख्या 423177N रैंक- सूबेदार नाम- Vijay Shanker, 54 यूपी बटालियन एनसीसी 15/65 सिविल लाइन, कानपुर नगर में कार्यरत, पिन -208001 (parents unit 7 mech Inf Regt., C/o 56 APO) ने मेरा नाम विजय शंकर (Vijay Shanker) से बदलकर विजय शंकर द्विवेदी (Vijay Shankar Dwivedi) कर दिया है। शपथ पत्र संख्या के माध्यम से - GB841971 दिनांक 28-06-2022, अधिवक्ता एवं नोटरी कानपुर नगर ।

**WANTED**

**AMIRUDDAULA ISLAMIA DEGREE COLLEGE, LALBAGH, LUCKNOW**

**(a Minority Institution)**

Wanted Assistant Professors in Physics, Mathematics, Computer Science, Zoology, Botany, Chemistry (With specialization in Physical/ Inorganic Chemistry), Hindi, Political Science, History (leave vacancy, likely to be continued) Arab Culture, Economics and Commerce. Qualifications and Conditions of service as per Act and Statutes of Lucknow University and Government Orders. Applications on prescribed forms, obtainable from the College Office, with required fee and necessary documents must reach the Assistant Manager within one month of last insertion.

**(Athar Nabi)**
**Assistant Manager**

# देश का पहला ट्रांजिट हब बनेगा जेवर

## पेरिस के ज्यूरिख एयरपोर्ट की तरह मिलेंगी सुविधाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जहां नोएडा** इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के रनवे का काम शुरू हो गया है। वहीं एशिया पैसेफिक ट्रांजिट हब विकसित करने की योजना भी बनाई जा रही है। देश में अभी किसी एयरलाइंस का ट्रांजिट हब नहीं है। निवाल ने यह सुझाव विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा.लि. (वाईआईएपीएल) को दिया है। इसके लिए किसी बड़ी एयरलाइंस से समझौता होता है। समझौता करने वाली एयरलाइंस अन्य एयरलाइंस को अपने साथ जोड़ती है। हब बनने के बाद उसकी सभी फ्लाइट यहां से होकर गुजरेंगी। ट्रांजिट हब बनने से एयरपोर्ट में फ्लाइट का आना-जाना अधिक होगा। जब फ्लाइट अधिक आएंगी तो रोजगार के अवसर बनेंगे। व्यापार भी बढ़ेगा। इसलिए यह हब बनने से अनेक फायदे मिलेंगे। यात्री सुविधाएं, सामान प्रबंधन, इम्मिग्रेशन आदि पर जोर दिया जाएगा, एयरपोर्ट में लाउंज से सीधे विमान तक पहुंचने की सुविधा मिल सकती है।



यात्रियों के सामान को रखने पहुंचाने में नई तकनीक का इस्तेमाल होगा इसके लिए मल्टी लेयर लैगेज पार्किंग बनेगी। यहां पर अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। जेवर एयरपोर्ट में भी पेरिस के ज्यूरिख एयरपोर्ट की तरह तकनीक देखने को मिलेगी।

# झूठ बोलने में भाजपा सरकार अव्वलः अखिलेश

## ● अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज में लोग नरकनुमा जिंदगी बसर करने को मजबूर हैं। मजबूर जनता की कहीं सुनवाई नहीं



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार झूठ के ढोल पीटने में अव्वल है पर उसके झूठ की कलई भी खुलने लगती है। प्रदेश में अपनी एक भी योजना न चलाने वाली भाजपा ने बस समाजवादी सरकार के कामों को ही अपना रंग और अपना नाम देने का रिकार्ड बनाया है। जनता भाजपा की सभी करतूतों और सच्चाई से वाकिफ हो चुकी है। समय आने पर भाजपा को जनता जरूर जवाबदेह बनाएगी। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी सरकार ने जहां अयोध्या में अण्डरग्राउंड विद्युतीकरण का काम कराया, भाजपा सरकार ने उसे रोक कर शहरों में तारो का मकड़जाल फैलाया। एक तो सरकार बिजली नहीं दे पा रही हैंए ऊपर से अब बरसात के मौसम में अस्पताल की छत पर बिजली के तारों का मकड़जाल बड़ी अनहोनी की दस्तक दे रहे हैं। बारिश में शार्ट सर्किट का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री फोटो खिंचवाने और सुर्खियों में बने रहने के लिए जिन अस्पतालों का दौरा कर चुके हैं उन अस्पतालों की दुर्दशा भी सुधरने का नाम नहीं ले रही है। उत्तर प्रदेश में भाजपा राज में स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त हो चुकी है। गाजियाबाद में मां को कंधे पर उठाए अस्पताल में जाते बेटे की तस्वीर भाजपा के शासनकाल में स्वास्थ्य सेवाओं की बिगड़ती हालत बयान करती है। आखिर स्वच्छ भारत और सच भारत कब बनेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति तले महिलाओं पर सत्ता संरक्षित अपराधियों का हमला चरम पर है। बाराबंकी में महिला की पीटकर हत्या, मेरठ में महिला से सामूहिक दुष्कर्म, बलरामपुर में नेपाली किशोरियों से गैंगरेप, लखनऊ में बंथरा इलाके में किशोरी से दुष्कर्म। ये सब घटनाएं इस बात की प्रमाण है कि फेल हो गया झूठा डबल इंजन, यूपी बना अपराध में नम्बर वन। सत्ता संरक्षित अपराधी बेखौफ कर रहे अपहरण।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज में लोग नरकनुमा जिंदगी बसर करने को मजबूर हैं। मजबूर जनता की कहीं सुनवाई नहीं। वैसे भी भाजपा, आरएसएस के कानून में अपील और दलील जैसी किसी चीज की मान्यता नहीं है। ये संगठन एकाधिकारी मानसिकता से काम करते हैं। भाजपा, आरएसएस लोकतंत्र, समाजवाद तथा पंथनिरपेक्षता पर विश्वास नहीं करती है जबकि समाजवादी पार्टी लोकतंत्र और संविधान के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# निरहुआ ने सीएम योगी से मिलकर जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आजमगढ़ लोकसभा** क्षेत्र से उपचुनाव में नवनिर्वाचित भाजपा के सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने मंगलावार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ्ज्ञ से मिलकर उनके प्रति आभार जताया। निरहुआ ने इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री को भगवा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया तथा भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट की।निरहुआ के साथ भोजपुरी की चर्चित अभिनेत्री आम्रपाली दुबे और कलाकार प्रवेश लाल यादव भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद निरहुआ ने ट्वीट कर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आजमगढ़ की देवतुल्य जनता एवं कार्यकर्ताओं की तरफ से आभार व्यक्त कर उनका दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के विधानसभा चुनाव में मैनपुरी की करहल सीट से विधायक निर्वाचित होने के बाद आजमगढ़ के सांसद पद से इस्तीफा देने के बाद खाली हुई सीट पर उपुचनाव में भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने अखिलेश यादव के चचेरे भाई व सपा प्रत्याशी धर्मेन्द यादव को परास्त किया है।

# सौ दिनों के कार्यों का लक्ष्य कल तक पूरा करें : योगी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक के बाद राज्य सरकार के प्रथम 100 दिवस के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि प्रथम 100 दिनों का लक्ष्य हर हाल में 30 जून 2022 तक पूरा कर लिया जाए। उन्होंने मुख्य सचिव से विभागीय समीक्षा कर अद्यतन रिपोर्ट देने के लिए भी कहा। पांच जुलाई को वर्तमान राज्य सरकार दूसरे कार्यकाल के प्रथम 100 दिन पूरे कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस विशेष अवसर पर 4 जुलाई को राज्य स्तर पर प्रेस वार्ता आयोजित करने और सभी मंत्रियों व जनप्रतिनिधियों को जनता के सामने सरकार के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड पेश करने के निर्देश दिए।

इस वर्ष मार्च माह में योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के साथ ही सभी विभागों के लिए प्राथमिकता के आधार पर प्रथम 100 दिन, छह माह, एक वर्ष, दो वर्ष और पांच वर्ष की कार्य योजना तय की गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा कि आगामी पांच जुलाई को वर्तमान राज्य सरकार अपने दूसरे कार्यकाल के प्रथम 100 दिन पूरे कर रही है। इस विशेष अवसर पर चार जुलाई 2022 को राज्य स्तर पर प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के सभी मंत्री, जनप्रतिनिधि जनता के बीच जाएं तथा प्रदेश सरकार द्वारा लिए गये संकल्पों के क्रम में अब तक हुई कार्रवाई की प्रगति से जनता को अवगत कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के दूसरे कार्यकाल के प्रथम 100 दिवस पूर्ण होने के अवसर पर विभागीय मंत्रियों द्वारा अपनी उपलब्धियों का विवरण जनता के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। जनता को सरकार के कार्यों की 100 दिन की प्रगति रिपोर्ट के साथ-साथ आगामी 6 माह के लक्ष्य के बारे में भी जानकारी दी जाए। सभी मंडलों के प्रभारी मंत्री अपने प्रभार के मंडलों में जनता के बीच जाएं।

## ● चार जुलाई को योगी सरकार पेश करेंगी कामकाज का रिपोर्ट कार्ड

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जनपद में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) को पीपीपी मोड़ पर संचालित करने के सम्बन्ध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए। इसे मॉडल के रूप में लागू किया जाए। हेल्थ एटीएम की स्थापना के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। व्यापक जनहित के दृष्टिगत यह एक महत्वपूर्ण कार्य होगा। दूर-दराज के इलाकों में टेलीकन्सल्टेशन को और बढ़ावा दिया जाना चाहिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि डग्गामार बसों को एक व्यवस्था से जोड़ने पर विचार किया जाए। इनके लिए रूट का निर्धारण किया जा सकता है। इससे प्रदेश के सुदूर क्षेत्रों तक परिवहन की सुविधा सुलभ हो सकेगी। इस सम्बन्ध में सभी आयामों पर विचार करते हुए कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग नवाचारों के माध्यम से अपने साधनों से आय के नए स्रोत सृजित करने के उपाय करे। परिवहन विभाग की भूमि सभी जगह प्राइम लोकेशन पर है। यहां होटल, रेस्त्रां आदि का संचालन किया जा सकता है। उन्होंने बस स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए सभी जरूरी प्रबन्ध किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्य सरकार के मंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामपुर और आजमगढ़ के लोकसभा उपचुनाव में स्थानीय जनता ने प्रधानमंत्री जी की नीतियों में अभूतपूर्व विश्वास व्यक्त किया है। हमें इस विश्वास और उनके भरोसे पर खरा उतरना होगा। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग इन दोनों जनपदों से सम्बन्धित विकास परियोजनाओं की समीक्षा कर लें, कोई भी प्रस्ताव लम्बित न रहे। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा भी इन क्षेत्रों में संचालित-लम्बित विकास परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ का हरिहरपुर संगीत साधकों की पुरातन स्थली है। संगीत जगत के प्रतिष्ठित विभूतियों से परामर्श कर उनकी मंशानुरूप कला-संगीत साधकों के हित में आवश्यक प्रस्ताव तैयार किया जाए। बिलासपुर (रामपुर) चीनी मिल का सुदृढ़ीकरण का कार्य यथाशीघ्र किया जाए।

# प्रधानमंत्री ने दुनिया में बढ़ाया यूपी का मानः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक स्तर पर यूपी का मान बढ़ाया है। उन्होंने जी-7 समिट में भाग लेने जर्मनी यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश में निर्मित उत्पाद उपहार स्वरूप विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों को देने के लिए उनका आभार जताया है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका, जापान, फ्रांस, इटली, ब्रिटेन, इंडोनेशिया और सेनेगल के राष्ट्राध्यक्षों को उत्तर प्रदेश में निर्मित उत्पाद भेंट कर राज्य का वैश्विक स्तर पर मान बढाया है। इसके लिए समूचा प्रदेश पीएम मोदी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है।योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को देवाधिदेव महादेव की पावन नगरी काशी का प्रसिद्ध हस्तशिल्प गुलाबी मीनाकारी ब्रोच व कफलिंक सेट भेंट कर उत्तर प्रदेश के स्थानीय शिल्प को वैश्विक पटल पर गौरवभूषित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के निजामाबाद की सुप्रसिद्ध शिल्प कला से निर्मित काली मिट्टी के बर्तन जापान के प्रधानमंत्री किसहीडा को उपहार स्वरूप प्रदान किए हैं। उत्तर प्रदेश की शिल्प कला के सम्मान के लिए आपका हार्दिक आभार। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमेनुअल मैक्रां को हस्तशिल्प जरी-जरदोजी से बने बॉक्स में उत्तर प्रदेश में निर्मित विभिन्न अमूल्य उपहार भेंट किए हैं। परंपरागत कला एवं उद्योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान देने के लिए आभार प्रधानमंत्री।प्रधानमंत्री ने जी-7 समिट के लिए जर्मनी प्रवास के दौरान इटली के प्रधानमंत्री मारियो ड्राघी को आगरा निर्मित मार्बल इनले टेबल टॉप उपहार भेंट कर उत्तर प्रदेश की समृद्ध कारीगरी को वैश्विकता प्रदान की है। मुरादाबाद की अद्भुत कलाकृति को पीएम मोदी द्वारा जर्मनी के चांसलर ओल फस्कालज को भेंट करना संपूर्ण प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। वैश्विक पटल पर पीतल नगरी की चमक बिखेरने के लिये आपका हार्दिक आभार।

# जीत के बाद सपाई गढ़ को अभेद्य बनाने में जुटी भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** के गढ़ कहे जाने वाले आजमगढ़ और रामपुर को उपचुनाव में ढहाने के बाद अब भाजपा इसे अपना अभेद्य दुर्ग बनाने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों ही जिलों को शीर्ष प्राथमिकता में रखते हुए यहां चल रही विकास परियोजनाओं की शासन स्तर से समीक्षा के निर्देश दिए हैं। इन जिलों पर अब मुख्यमंत्री कार्यालय की सीधी नजर होगी। मंगलवार को सरकार के पहले 100 दिन के कार्यों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा उपचुनाव में भाजपा की अभूतपूर्व जीत की चर्चा करते हुए स्थानीय जनता के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में स्थानीय जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में अभूतपूर्व विश्वास जताया है। हमें इस विश्वास और उनके भरोसे पर खरा उतरना होगा। सभी विभाग इन दोनों जनपदों से सम्बंधित विकास परियोजनाओं की समीक्षा कर लें, कोई भी प्रस्ताव लंबित न रहे। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा भी इन क्षेत्रों में संचालित/लंबित विकास परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

## हरिहरपुर को जल्द मिलेगी बड़ी सौगात

**शास्त्रीय** संगीत में आजमगढ़ के हरिहरपुर घराना की समृद्ध विरासत का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि हरिहरपुर घराना 600 वर्ष से अधिक पुराना घराना है। ऐसे में संगीत जगत के लब्धप्रतिष्ठ लोगों से परामर्श कर उनकी मंशानुरूप कला-संगीत साधकों के हित में यहां के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार किया जाए। इसी तरह बिलासपुर (रामपुर) चीनी मिल का सुदृढ़ीकरण का कार्य यथाशीघ्र किया जाए।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

## झमाझम बारिश में मस्ती का आनंद





# ...जब डिप्टी सीएम ने मरीज को पहुंचाया अस्पताल

● महानगर स्थित भाऊराव देवरस संयुक्त चिकित्सालय का उप मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश के** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक मंगलवार शाम को महानगर स्थित भाउराव देवरस संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण करने पहुँचे। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी में घायल एक मरीज का इलाज देख उन्होंने तुरंत एम्बुलेंस बुलवाकर मरीज को बलरामपुर अस्पताल भिजवाया। अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद डिप्टी सीएम वापस लौट आये।

मंगलवार शाम छह बजे के करीब उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक महानगर स्थित बीआरडी अस्पताल पहुँचे। यहां पहुँच कर उन्होंने इमरजेंसी और वार्ड का निरीक्षण किया। वार्ड में स्टाफ की कम संख्या पर उन्होंने जानकारी हासिल की तो पता चला कि वहां इतनी संख्या में ही स्टाफ की तैनाती है। इस दौरान डिप्टी सीएम ने अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी में इलाज के लिए पहुँचे घायल मरीज को इलाज के लिए उन्होंने एम्बुलेंस मंगाकर बलरामपुर अस्पताल भिजवाया।

## ओटी से लेकर आईसीयू में लगेगी सभी नर्सेस की ड्यूटी

**लखनऊ।** कोरोना के बढ़ते केसेस को देखते हुए इस बार किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी ने सभी नर्सेज की आपरेशन से लेकर आईसीयू तक ड्यूटी लगाने का निर्णय लिया है। ड्यूटी रोटेशन के आधार पर विभागों द्वारा लगाई जायेगी। इसका फायदा यह होगा कि इमरजेंसी में नर्सों को आईसीयू व ओटी में ड्यूटी लगाने से पूर्व प्रशिक्षण दिलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कोरोना की दूसरी लहर में बड़ी संख्या में डॉक्टर पैरामेडिकल स्टाफ और कर्मचारी पॉजिटिव हो गए थे। ऐसे में इलाज करने में भी डॉक्टर-कर्मचारियों को खासी दिक्कतें हो रहीं थीं। जो नर्सें स्वस्थ्य थीं उन्हें आईसीयू और ओटी में काम करने का कम अनुभव था। इसलिए इस बार यह निर्णय लिया गया है। अभी तक यदि कोई नर्स वार्ड में ड्यूटी कर रही है तो उन्हें रोटेशन के तहत दूसरे वार्ड में ही ड्यूटी के लिए भेजा जाता था। यदि कोई आईसीयू में कर रही हैं तो उन्हें दूसरे विभाग के आईसीयू में तैनाती दी जाती थी। अब सभी नर्सों को आईसीयू व ऑपरेशन थिएटर में भेजा जाएगा। प्रवक्ता डॉ सुधीर सिंह के मुताबिक सभी नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ की रोटेशन से ड्यूटी लगाई जा रही है। बता दें कि मौजूदा समय में केजीएमयू में 262 नियमित नर्स तैनात हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग की 180 नर्स भी यहां सेवाएं दे रही हैं। जबकि संविदा पर तकरीबन 1000 नर्स तैनात हैं।

# दंगा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सीएम से मिला सिख प्रतिनिधिमंडल

● प्रतिनिधिमंडल ने 1984 के कानपुर के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री द्वारा गठित एसआईटी द्वारा अब तक 14 आरोपियों की गिरफ्तारी किये जाने पर आभार जताया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आज यहां उनके सरकारी आवास पर 51 सदस्यीय सिख प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व पटना साहिब गुरुद्वारे के जत्थेदार ज्ञानी रंजीत सिंह कर रहे थे। प्रतिनिधिमण्डल में उत्तर प्रदेश राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविन्दर सिंह, बाबा तरसेम सिंह, गुरुद्वारा नानकमता साहिब के सेवादार, लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा, दंगा पीड़ित समिति के सदस्य सरदार सुरजीत सिंह ओबेरॉय तथा कानपुर के अजीत सिंह सहित अन्य व्यक्ति सम्मिलित थे।

प्रतिनिधिमण्डल ने वर्ष 1984 के कानपुर के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री द्वारा गठित एस आई टी द्वारा अब तक 14 आरोपियों की गिरफ्तारी किये जाने पर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने कहा कि मुख्यमंत्री की इस पहल से 38 वर्षों के बाद दंगा पीड़ितों को न्याय मिलने की आस जगी है। सदस्यों द्वारा यह अनुरोध किया गया कि ट्रायल के माध्यम से सभी अभियुक्तों को सजा दिलायी जाए। मुख्यमंत्री जी ने आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार अभियुक्तों को सजा दिलाकर पीड़ितों को न्याय प्रदान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतिनिधिमण्डल ने जनपद मुरादाबाद के गुरुद्वारे के लंगर हॉल तथा यात्री निवास सम्बन्धी प्रकरण भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखे। मुख्यमंत्री जी ने प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों को आश्वस्त किया कि सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए कार्यवाही की जाएगी।

# हुड़दंग व बाइक स्टंट करने वालों पर चला पुलिस का हंटर

● फर्राहटा भर रहे पांच बाइक सीज व पन्द्रह बाइकों का हुआ चालान

**लखनऊ।** चौक स्थित इमामबाड़े के आसपास रेसिंग बाइक ऊपर सवार होकर देर रात तक हुड़दंग और स्टन्ट करने वाले युवकों का हुड़दंग करते हुए वीडियो वायरल होने के बाद चौक पुलिस हरकत में आई और सोमवार की रात रूमी गेट के आसपास भारी संख्या में पुलिस फोर्स रेसिंग बाइक पर सवार होकर हुड़दंग करने वाले लोगों के खिलाफ चेकिंग अभियान चला कर 5 रेसिंग बाइको को सीज कर दिया गया जबकि 15 वाहनों का पुलिस ने चालान भी किया।

बता दें कि रविवार की देर रात ऐतिहासिक विश्व प्रसिद्ध रूमी गेट के पास युवकों के द्वारा रेसिंग बाइक पर सवार होकर हुड़दंग किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था । सोशल मीडिया पर वायरल हुई वीडियो में देखा गया था कि रेसिंग बाइकों पर सवार युवक ऐतिहासिक धरोहर के आसपास खतरनाक तरीके से हुड़दंग करते हुए तेज गति से गाड़ियां चला रहे थे । सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के बाद चौक पुलिस हरकत में आई और वीडियो वायरल होने के करीब 24 घंटे के बाद सोमवार की रात रूमी गेट के आसपास चेकिंग अभियान चलाकर ऐसे लोगों को चेतावनी देते हुए कार्यवाही कर पांच वाहनों को सीज किया जो मोटर साइकिल पर स्टंट करके खुद की और दूसरों की जान को भी जोखिम में डालते हैं । रूमी गेट के आसपास अक्सर रात के समय युवकों के द्वारा न सिर्फ बाइकों पर फर्राटे भरते देखा जाता है बल्कि रूमी गेट के आसपास देर रात हुड़दंग करने वाले युवकों को शोर शराबा और स्टंट करते और मारपीट करते हुए भी देखा जाता है जबकि रूमी गेट से महज 100 मीटर की दूरी पर ही रूमी गेट चौकी है और टीले वाली मस्जिद के पास भी पुलिस बूथ बनाया गया है।

## स्वास्थ्य महानिदेशक से मुलाकात कर नीतिगत स्थानांतरण से मुक्त रखने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजकीय** कुष्ठ चिकित्सा कर्मचारी संघ उप्र के एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को नीतिगत स्थानांतरण के संबंध में महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान एक ज्ञापन सौंप कर कुष्ठ संवर्ग को नीतिगत स्थानांतरण से मुक्त करने की मांग रखी। जिस पर महानिदेशक की तरफसे उचित कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र आर्य ने बताया कि कुष्ठ संवर्ग में बीते 25 साल से चयन की प्रक्रिया नहीं हो पा रही है। साथ ही एनएमए के रिक्त 1956 पदों के सापेक्ष अन्य उपयोगी नये पदों के सृजन की संस्तुति शासन स्तर पर की गयी है। ऐसे में कुष्ठ संवर्ग का स्वरूप अन्य संवर्गों से भिन्न है। इसलिए संवर्ग को नीतिगत स्थानान्तरण से मुक्त रखा जाये। ज्ञापन सौपने वालों में महामंत्री अजीत प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष रवि प्रकाश शर्मा शामिल रहे।

# महीने भर में तीसरे पायदान पर पहुंचा लखनऊ

● सम्पूर्ण टीकाकरण व क्षय रोगियों के नोटिफिकेशन में मिले 100 फीसद अंक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश स्वास्थ्य** की मासिक रैंकिंग में लखनऊ तीसरे स्थान पर पहुँच गया है। इससे पूर्व अप्रैल में लखनऊ 12वें पायदान पर था। मंगलवार को यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा मनोज कुमार अग्रवाल ने दी है। उन्होंने बताया कि बच्चों के सम्पूर्ण टीकाकरण तथा क्षय रोगियों के नोटिफिकेशन में लखनऊ जनपद को 100 फीसद अंक हासिल हुए है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अग्रवाल ने बताया कि जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार आ रहा है। गर्भवती के प्रसव पूर्व जांच के दौरान एचआईवी जांच, गर्भवती और बच्चों के टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार हो रहा है। जिसका परिणाम है कि लगातार तीन माह में स्वास्थ्य सेवाओं की रैंकिंग में सुधार आया है। बता दें कि फरवरी माह की रैंकिंग में लखनऊ 53वें, मार्च में 13वें, अप्रैल में 12वें और मई में तीसरे स्थान पर रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि माल, मोहनलालगंज और मलिहाबाद विकास खंड ने स्वास्थ्य सेवाएं देने में बेहतरीन काम किया है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि रैंकिंग में गर्भवती का पंजीकरण, संस्थागत प्रसव, आशा कार्यकर्ता द्वारा घर-घर जाकर शिशुओं के स्वास्थ्य को परखना, उनका वजन लेना, बच्चों का टीकाकरण, परिवार नियोजन के साधन, गर्भावस्था के दौरान एचआईवी की जांच सहित कुल 14 बिन्दु शामिल हैं जिनके तहत सेवाओं को परखा जाता है।

# नये नगर आयुक्त ने संभाला कार्यभार

● बैठक कर अधिकारियों को जलभराव से निपटने के निर्देश



**लखनऊ।** नवागत नगर आयुक्त द्वारा कार्यभार संभाला। नगर आयुक्त द्वारा अतिक्रमण, सफाई को अपनी प्राथमिकताएं बताई। नगर आयुक्त द्वारा चार्ज लेते हुए अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने अधिकारियों को सही ढंग जनहित में कार्य करने का निर्देश दिया। यही नहीं उन्होंने विकास कार्य के दौरान गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने का आदेश दिया।

मंगलवार को नवागत नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर कार्य भार संभाला। 2016 बैच के आईएएस अधिकारी ने कार्यभार संभालते ही अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान जल भराव की स्थितियों से निपटने के लिए अधिकारियों को सभी जरूर कदम उठाने के निर्देश दिया। बारिश में जलभराव न हो, इसके सभी प्रबंधक किये जाएंगे। नगर आयुक्त ने नगर निगम कर्मचारी की सभी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। इसके साथ ही जनता के लिए हमेशा दरवाजे खुले रहेंगे, कोशिश रहेगी की जनता की समस्याएं कम से कम वक्त में पूरी की जाएं। सरकार की योजनाओं को मजबूती से लागू की जाएंगी। यही नहीं उन्होंने विकास कार्य के दौरान गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने का आदेश दिया। गौरतलब हैकि नगर आयुक्त के स्थानांतरण के आदेश के बाद पूर्व नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने चार्ज अपर नगर आयुक्त अभय पांडेय को दे दिया था।

# मैट्रिक्स रिब तकनीक से दूर हुई कान की विकृति

● चार घंटे की सर्जरी के बाद सफलता लगी हाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**संजय गांधी** स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने पहली बार मैट्रिक्स रिब तकनीक का उपयोग कर एक बच्ची के कान की विकृति को दूर करने में सफता हासिल की है। इतना ही नहीं पसलियों के ऊपर से निकाले गए कार्टिलेज के चलते रिक्त हुए जगह को भी टाइटेनियम की प्लेट डालकर सफलतापूर्वक जोड़ भी दिया है। सर्जरी के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ है।

पीजीआई के प्लास्टिक सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉ राजीव अग्रवाल के मुताबिक संस्थान में 2 माह पहले एक 12 वर्षीय बच्ची आई थी। इसके दोनों कानों में विकृति थी। आगे की ओर दोनों झुके कानों से उसका चेहरा बेढंगा लग रहा था। ऐसे में कानों की आकृति सही करने के लिए रीप्लास्टिक की गई। इसके लिए पहले दो पसलियों के बीच में बने कार्टिलेज को लेकर कान की प्लास्टिक सर्जरी की गयी। इस कार्य में चार घंटे का समय लगा। वहीं दो पसलियों के बीच में आये गैप की पुर्ति के लिए अमेरिकन कंपनी द्वारा तैयार किये गये टाइटेनियम प्लेट से कस दिया गया। सर्जरी करने वाली टीम में विभागाध्यक्ष डॉ राजीव अग्रवाल, चीफ एनेस्थेटिक डॉ संजय कुमार, डॉ दिव्य श्रीवास्तव और रेजीडेंट डाक्टर में डॉ भूपेश गोगिया शामिल रहे।

**कार्टिलेज का होता है प्रयोग:** पसलियों का प्लास्टिक सर्जरी के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। पसली का मुलायम कार्टीलेज वाला भाग प्लास्टिक सर्जरी में काफी प्रयोग में लाया जाता है। इस मुलायम वाले भाग से नाक की सर्जरी, कानों की सर्जरी और अन्य तरह की प्लास्टिक सर्जरी की जाती है। कार्टिलेज का सबसे ज्यादा प्रयोग नाक को सुडौल एवं आकर्षक बनाने में किया जाता है क्योंकि कार्टिलेज मुलायम एवं लचिली होती है एवं इसको किसी भी आकार में ढ़ाला एवं बनाया जा सकता है।

**काफी रखनी होती है सावधानी:** डॉ अग्रवाल ने बताया कि इस सर्जरी में महत्वपूर्ण बात यह है कि पसलियों को निकालने एवं पुनः बनाने का कार्य अत्यंत संवेदनशील एवं जोखिम भरा होता है, क्योंकि इस पूरी प्रक्रिया में रोगी निश्चेतना की अवस्था में होता है एवं सांस लेते रहता है। सांस लेते वक्त रोगी कि पसलियां निरंतर गतिशील रहती हैं और प्लास्टिक सर्जन को एक हिलते हुए स्थान पर कार्य करना पड़ता है एवं पावर डील मशीन से सुराख इत्यादी करने पड़ते हैं। पसलियों के कुछ मिलीमीटर नीचे फेफड़ा होता है और जरा सी भूल फेफड़े को पंचर कर सकती है।

## क्या है मैट्रिक्स रिब तकनीक

**मैट्रिक्स रिब** एक ऐसी आकर्षक रीबप्लास्टी की चिकित्सा पद्धती है, जिसके द्वारा मनुष्य की एक अथवा एक से अधिक पसलियों को निकालने के बाद, अत्याधुनिक टाइटेनियम प्लेट से जोड़ा जा सकता है। इस तकनीक के प्रयोग से रोगी के पसलियों में कहीं भी खाली जगह नहीं रह जाती है। जिससे पसली पूर्व की तरह सुदृढ़ एवं मजबूत रहती है। इस तकनीक का प्रयोग एक से ज्यादा पसलियों के लिए भी किया जा सकता है। इससे पसलियों के बीच आये गैप के चलते मरीज को असहज कभी महसूस नहीं करेगा। डॉ अग्रवाल ने बताया कि अधिकतर इस तरह की सर्जरी में डॉक्टर्स सर्जरी कर खाली जगह को छोड़ देते हैं, जिसके चलते बाद में मरीज को दिक्कतें होनी लगती है। इसके अतिरिक्त पसलियों के फ्रेक्चर हो जाने पर भी इस तकनीक का प्रयोग बेहद लाभदायक है। पर, इस तकनीक का प्रयोग सुपरश्पेश्यलिटी संस्थानों में प्रशिक्षित विशेषज्ञों द्वारा ही करना चाहिए।

# एम्बुलेंस मामले में जांच के आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मरीज को** घर से अस्पताल पहुंचाने वाली एम्बुलेंस सेवा एक बार फिर फेरे में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। जिसके बाद स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ वेदव्रत सिंह ने मामले की जांच के आदेश सीएमओ को दिए हैं। एम्बुलेंस सेवा पर आरोप है कि आरोप हैं कि मरीजों को लाने ले जाने के आंकड़ों में हेरफेर की गई है।

वर्तमान में लखनऊ में 102 सेवा की 34 एम्बुलेंस हैं। इससे गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाया जाता है। प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा को घर पहुंचाने की सुविधा है। वहीं 108 सेवा की 44 एम्बुलेंस हैं। ये सभी सेवाएं मरीजों को मुफ्त मुहैया कराई जा रही हैं। जनपद में नौ ब्लॉक के 27 केंद्रों पर एम्बुलेंस खड़ी रहती हैं। आरोप हैं कि मरीजों को लाने ले जाने के आंकड़ों में हेरफेर की गई है। गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने के आंकड़ों को बढ़ाकर दिखाए जाने के आरोप लगे हैं। जिसकी महानिदेशक स्वास्थ्य से शिकायत की गयी थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ वेदव्रत सिंह ने सीएमओ को जांच के निर्देश दिये हैं। आदेश के बाद सीएमओ कार्यालय ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। इस बावत स्वास्थ्य महानिदेशक का कहना है कि एम्बुलेंस सेवा पर फर्जी केस की शिकायत मिली थी। इसकी जांच के आदेश दिए गए हैं।

## पांच जुलाई तक मांगे आवेदन

**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया की तरफ से जारी निर्देश के आधार पर सत्र 2022-23 के अंतर्गत संचालित होने वाली नये संस्थानों को एनओसी प्रदान करने के लिए प्राविधिक शिक्षा परिषद ने पांच जुलाई तक आवेदन मांगे है। सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद सुनील कुमार सोनकर ने बताया कि निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे। प्राप्त आवेदनपत्रों की स्क्रीनिंग उपरांत प्रकरण राज्य स्तरीय समिति की बैठक बुला कर अनापत्ति जारी किये जाने पर विचार किया जाएगा।

# रेलवे और डीएम समन्वय बना कर समय पर पूरे करें प्रोजेक्टः दुर्गा शंकर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में चेयरमैन रेलवे बोर्ड विनय कुमार त्रिपाठी व सम्बन्धित जिलों के डीएम के साथ वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि तय समयसीमा के भीतर प्रोजेक्ट पूरे हों, इसके लिए रेलवे और डीएम के बीच समन्वय स्थापित करें। हर जिले के लिए रेलवे द्वारा एक नोडल अधिकारी को नामित किया जाये, जो प्रोजेक्ट से जुड़ी समस्याओं का समय पर समाधान कर सके। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक आबादी वाले उत्तर प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं और हम लोग प्रदेशवासियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बैठक में मुख्य सचिव ने प्रदेश के गोरखपुर, प्रयागराज, मथुरा, सिद्धार्थनगर, आगरा, ललितपुर, इटावा, गाजीपुर, अयोध्या, मऊ, जौनपुर और मिर्जापुर आदि जनपदों के बड़े रेलवे प्रोजेक्ट का रिव्यू किया। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण सुधारों से प्रदेश एक सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रेलवे के कई बड़े काम हैं। कई प्रोजेक्टस हैं जिनके पूरा होने से प्रदेशवासियों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि रेलवे और जिलाधिकारी प्रोजेक्ट के बीच आ रही समस्याओं को मिलकर दूर करें।



उन्होंने कहा कि जिन जिलों में रेलवे के प्रोजेक्ट पर काम हो रहा है उनमें तेजी से काम करने के लिए जिलों में रेलवे की ओर से एक सीनियर ऑफिसर को नामित किया जाये। तय समयसीमा पर प्रोजेक्ट पूरे हो सकें इसलिए हर दो माह में अधिकारी रिव्यू करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रेलवे और जिलों के बीच समन्वय बेहतर करते हुए प्रोजेक्ट को जल्द पूरा करें।

बैठक में रेलवे, लोक निर्माण, ऊर्जा, वन एवं पर्यावरण सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

## हटाई गईं अवैध होर्डिंग्स और प्रचार सामग्रियां

**लखनऊ।** शहर के सौन्दर्य को बनाये रखने एवं गंदगीमुक्त रखने हेतु शहर की समस्त सार्वजनिक संपत्तियों, दीवारों, फ्लाईओवर की दीवारों, डिवाइडर, विद्युत पोल इत्यादि पर अवैध पेंटिंग तथा चिपकाए गये पोस्टरों को नगर निगम लखनऊ द्वारा हटाया जा रहा है। इस क्रम में लखनऊ नगर निगम सीमान्तर्गत प्रचार सामग्रियों को हटाये जाने हेतु प्रचार विभाग, जोनल अधिकारियों के स्तर पर टीमों का गठन कर शहर के समस्त क्षेत्रों में अवैध होर्डिंग्स, बैनर, स्टीकर, पम्पलेट एवं वॉल पेन्टिंग आदि प्रचार सामग्रियां अभियान चलाकर हटाये जाने की कार्यवाही की जा रही है। उक्त अभियान के अंतर्गत जोन एवं प्रचार विभाग द्वारा 230 बोर्ड / होर्डिंग, 07 बैनर, 280 पोस्टर तथा पीडब्ल्यूडी की 5 गैन्ट्री से फ्लैक्स/ प्रचार सामग्री सहित कुल 522 प्रचार सामग्री हटायी गयी। प्रचार सामग्री पाये जाने तथा उसको हटाने के साथ-साथ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में परियोजनाओं की लागत सीमा को बढ़ाने का फैसला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डा. नवनीत सहगल ने कहा कि भारत सरकार ने अधिकाधिक रोजगार सृजन की दृष्टि से पीएमईजीपी योजना में महत्वपूर्ण परिवर्तन किये है। विनिर्माण क्षेत्र में परियोजना लागत की अधिकतम् सीमा 25 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दी गई है। इसी प्रकार सेवा क्षेत्र में परियोजना लागत की अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये की गई है। शहरी क्षेत्र के ऋण आवेदन को बैंकों को अग्रसारित करने हेतु पहले केवल जिला उद्योग केन्द्र अधिकृत था। परन्तु अब सभी कार्यदायी एजेंसियां ग्रामीण क्षेत्र के साथ.साथ शहरी क्षेत्र के भी आवेदन बैंको को अग्रसारित कर सकेंगे। अपर मुख्य सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड कार्यालय में आयोजित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत गठित राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी (एसएलएमसी) की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कई नये उद्योगों एवं व्यवसायों को भी पीएमईजीपी योजना में शामिल किया गया है। इनमें डेयरी उत्पादन, कुक्कट पालन, जलीय कृषि, जलीय पौधे तथा जलीय जीवों की खेती, मधुमक्खी, रेशम उत्पादन आदि प्रमुख रूप से हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि इन व्यवसायों से जोड़े लोगों को प्रोत्साहित किया जायेगा और अधिक से अधिक लोगों को पीएमईजीपी योजना से जोड़ने का कार्यवाही की जाय।डा. सहगल ने कहा कि वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत मार्जिन मनी वितरण में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 122 प्रतिशत उपलब्धि रही है। गत वर्ष 11069 इकाइयों के लिए 334.35 करोड़ रुपये मार्जिन मनी वितरण का लक्ष्य था, जिसके सापेक्ष 12581 इकाइयों को 410.54 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी वितरित की गई। मौजूदा वित्तीय वर्ष में इसे और अधिक बढ़ाया जाय। उन्होंने कहा समय से लोन अदा करने वाली इकाइयों को अपग्रेडेशन हेतु द्वितीय लोन से स्वीकृत करने में प्राथमिकता दी जाय। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि 428 मार्जिन मनी क्लेम जिसकी कुल राशि 14.04 करोड रुपये हैए छोटी.छोटी कमियों की वजह से लम्बित है। कार्यदायी एजेन्सियां संबंधित उद्यमियों एवं वित्त पोषक बैंक से समन्वय कर कमियों को दूर कराकर एक सप्ताह के भीतर पीएमईजीपी ई.पोर्टल पर अपलोड कर दें। किसी भी हाल में आवेदन पत्र लम्बित नहीं रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि पीएमईजीपी की संशोधित गाइड लाइन के अनुसार आवेदन पत्र तीन सप्ताह के बाद लम्बित नहीं होने चाहिए।

# यूपी मॉडल पर चल रहा है पूरा देशः अनिल राजभर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ।

**श्रम** एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने मंगलवार को मुख्य भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बंधुआ श्रम ऑनलाइन अनुश्रवण प्रणाली का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रथम ऐसा प्रदेश है, जिसने इतने वृहद् स्तर का ट्रैकिंग सिस्टम बंधुआ श्रमिकों के लिये तैयार किया है। इसके द्वारा श्रमिकों की ट्रैकिंग, उनको दिये जाने वाली तात्कालिक सहायता तथा उनको कराये जाने वाले पुनर्वासन एवं कानूनी कार्यवाही का भी अनुश्रवण किया जा सकेगा। श्रम मंत्री ने प्रदेश स्तर पर आयोजित वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी 75 जिलों से ऑनलाइन जुड़े हुए क्षेत्रीय अपर/उप श्रमायुक्तों को निर्देश दिये कि यह पोर्टल सरकार के गठन के उपरान्त 100 दिवसीय प्राथमिकता कार्ययोजना में सम्मिलित है इसलिए पोर्टल के माध्यम से प्राप्त श्रमिकों की शिकायतों एवं समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराया जाय। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस पोर्टल के माध्यम से बंधुआ श्रम को समाप्त करने में बहुत सहायता मिलेगी और यह देश के लिए एक उदाहरण साबित होगा, जिससे अब बंधुआ श्रमिकों की ट्रैकिंग किया जाना सम्भव हो सकेगा। श्रम मंत्री ने कहा कि पूरे देश में आज उत्तर प्रदेश एक मॉडल के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल आमजनों के लिए बहुत ही सहयोगी साबित होगा। साथ ही अन्य दूसरे प्रदेश से अवमुक्त कराये गये उत्तर प्रदेश के बंधुआ श्रमिकों को भी आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा, जिसका सीधा लाभ बंधुआ श्रमिक की परिस्थिति में रह रहे श्रमिकों को मिलेगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रम एवं सेवायोजन सुरेश चन्द्रा ने कहा कि यह सॉफ्टवेयर भविष्य में बंधुआ श्रम उन्मूलन में व उनकी ट्रैकिंग में बहुत ही प्रभावी सिद्ध होगा।

## गंदगी फैलाने वाले 338 व्यक्तियों से वसूला गया जुर्माना

**लखनऊ।** नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत व्यवसायिक क्षेत्रों में प्रतिष्ठानों एवं स्ट्रीट वेन्डर द्वारा कूड़े को निर्धारित एजेंसी (ईकोग्रीन) को न देकर सड़क पर डाल दिया जा रहा है जिससे स्वच्छ लखनऊ-स्वस्थ्य लखनऊ की अवधारणा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस प्रकार की गंदगी पर रोक लगाने एवं नगर को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से गंदगी करने वाले व्यक्तियों पर जुर्माने का प्राविधान किया गया है। इस क्रम में नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में बाजारवार अधिकारियों व सुपरवाइजरों की तैनाती की गयी है जो कि स्वच्छ भारत मिशन की गाईडलाइन के अनुसार प्रतिदिन सायंकाल 04:00 बजे से 06:00 बजे तक मौके पर रु. 50 से रु. 1,000 तक जुर्माना आरोपित करते हुए उसकी वसूली सुनिश्चित करेंगे। उपरोक्तआदेश के अनुपालन में आज दिनांक 28 जून को जोनवार जुर्माना लगाने एवं वसूलने की कार्यवाही की गयी तथा कुल 338 व्यक्तियों से रु. 28720 का जुर्माना वसूला गया।

# हत्यारोपी को आजीवन कारावास

विधि संवाददाता। लखनऊ

**विशेष** जज मयंक त्रिपाठी ने अपहरण व हत्या के एक मामले में मुल्जिम प्रभाकर सोनी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इस पर 45 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। जबकि लाश छिपाने के आरोप में दोषी करार दिए गए मुल्जिम अमित सोनी व प्रीति सोनी को सात साल की सजा सुनाई है। इन दोनों पर 10.10 हजार का जुर्माना लगाया है। सरकारी वकील बाबू लाल लोधी व अश्वनी कुमार वाजपेई के मुताबिक मुल्जिम प्रभाकर पर सात वर्षीय बिलाल अहमद का अपहरण के बाद उसकी हत्या व सबुत मिटाने का भी आरोप है। 18 जूनए 2015 को इस मामले की एफ्आईआर मृतक के पिता आफाक अहमद ने थाना बाजारखाला में दर्ज कराई थी।

### आत्महत्या के मामले में देवरानी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता। लखनऊ।** विशेष जज विनय कुमार सिंह ने जेठानी की आत्महत्या के मामले में निरुद्ध देवरानी रोशनी गुप्ता की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि इस मामले के तथ्योंए परिस्थितियों व अपराध की प्रकृति के मद्देनजर जमानत का आधार पर्याप्त नहीं है। सरकारी वकील ज्वाला प्रसाद शर्मा के मुताबिक नीतू से उसकी देवरानी रोशनी व देवर कुलदीप के साथ ही ननद तथा ननदोइ ने 10 लाख रुपए उधार लिए थे। मांगने पर जान से मारने की धमकी देते थे। उसका उत्पीड़न करते थे। कहते थे कि जरुरत क्या हैए फांसी लगाकर मर जाओ। 13 मार्चए 2020 को उसकी बहन अपने घर में मृत अवस्था में लटकती हुई मिली। इस मामले की एफ्आईआर मृतका नीतू गुप्ता के भाई राहुल गुप्ता ने थाना गाजीपुर में दर्ज कराई थी।

### जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता। लखनऊ।** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष जज अजय श्रीवास्तव ने टैंकर के डिजीटल लॉक को खोले बगैर डीजल की चोरी करने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम मोण् मोहसिन की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। मुल्जिम मोहसिन टैंकर का ड्राइवर है। 21 मई 2022 को इस मामले की एफ्आईआर थाना मोहनलालगंज में दर्ज हुई थी। सरकारी वकील कमल अवस्थी व महेश त्रिपाठी के मुताबिक मानखेड़ा में अरुण कुमार यादव के हाते में एक टैंकर के ऊपर वाले ढक्कन को खोलकर पाइप से डीजल की चोरी की जा रही थी। एसटीएफ ने मुखबिर की सूचना पर चार मुल्जिमों को हाते से गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस वालों को गाड़ी से कूचलने का प्रयास भी किया गया। इस मामले में निरुद्ध मुल्जिम पवन कुमार यादव व धीरज सिंह उर्फ गोलू की जमानत अर्जी पहले ही खारिज हो चुकी है।

## क्विक न्यूज

### संचारी रोगों की रोकथाम के लिए बैठक

**लखनऊ।** नगर पंचायत महोना में शासन के निर्देशानुसार नगर पंचायत अध्यक्ष एन, इशरत बेग की अध्यक्षता में संचारी रोगों की रोकथाम हेतु बैठक आयोजित की गई जिसमें मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए प्रभावी रणनीति तैयार की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नगर पंचायत अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि नगर पंचायत के सभी वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाकर एंटी लारवा एवं फागिंग का छिड़काव कराया जाए इसके अलावा मच्छर जनित रोगों की रोकथाम हेतु नागरिकों को जागरूक किया जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत महोना ने बताया कि 1 जुलाई 2022 से 31 जुलाई 2022 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 16 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा।



### दान उत्सव कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक महिला क्लब द्वारा गुरुद्वारे को फर्नीचर का दान

**लखनऊ।** भारतीय स्टेट बैंक महिला क्लब, लखनऊ मण्डलकी अध्यक्षा माधवी खन्ना ने आज दान उत्सव कार्यक्रम केअंतर्गत, श्री गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, सदर, लखनऊ को नवीनीकृत फर्नीचर दान स्वरूप भेंट किया। श्री गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष श्री हरपाल सिंह ने एसबीआई महिला क्लब का इस समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया एवं महिला क्लब द्वारा शहर में किए जा रहे अन्य चैरिटी कार्यों का धन्यवाद दिया। उनके द्वारा एसबीआई स्टाफकी भलाई के लिए एक विशेष प्रार्थना भी आयोजित की गई तथा सदभावना के रूप में स्मृति चिन्ह भेंट किया।



### राज्यपाल ने किया उद्यानों का निरीक्षण

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को राजभवन के उद्यानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रस्तावित बोनसाई उद्यान की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने उद्यानों में लगे विभिन्न प्रकार के पौधों के औषधीय महत्व से भी अवगत कराया। बता दें कि राज्यपाल के निर्देश पर अब आमजन राजभवन की सैर, व्यायाम तथा योगाभ्यास हेतु रोज सुबह 5 से 8 बजे तक तथा सायंकाल 5 से 7 बजे कर रहे हैं। राज्यपाल ने संबंधित अधिकारियों से भ्रमणकर्ताओं के आवागमन की जानकारी भी प्राप्त की।

### पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा में 73 फीसद अभ्यर्थी हुए शामिल

**लखनऊ।** प्रदेश भर के पॉलीटेक्निक संस्थानों में दाखिले के लिए मंगलवार को सम्पन्न हुई पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा में 73.24 फीसद अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही। परीक्षा के लिए 45 जनपदों में कुल 122 परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे। प्रवेश परीक्षा के दौरान कहीं भी किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी की सूचना नहीं है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा के सचिव रामरतन ने बताया कि प्रवेश परीक्षा तीन पालियों में सम्पन्न कराई गयी। पहली पाली सुबह 8 बजे से 11 बजे तक, दूसरी पाली दोपहर 12 बजे से ढ़ाई बजे तक और तीसरी पॉली शाम चार बजे से साढ़े छह बजे तक सम्पन्न कराई गयी। उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्र संख्या 1106 से 8505 तक के जिन अभ्यर्थियों के परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन में किया गया था, उनके एडमिट कार्ड परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### मच्छरों को पनपने से रोकेंः सीएमओ

**लखनऊ।** मौसम बदलने के साथ ही संचारी रोगों के पाँव पसारने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में जरूरी है कि हम विशेष सावधानियाँ बरतें ताकि मच्छरों को पनपने का मौका ही न मिल सके। मंगलवार को यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा मनोज कुमार अग्रवाल ने दी है।सीएमओ डॉ अग्रवाल ने बताया कि पानी की टंकी को पूरी तरह से ढककर रखना चाहिए। साथ ही पूरी आस्तीन के कपड़े पहने, मच्छररोधी क्रीम का इस्तेमाल करे, घर के दरवाजे व खिड़कियों पर जाली लगाएं, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि डेंगू का लार्वा साफ पानी में पनपता है। छत, कूलर, बर्तन व खुले गड्ढे चेक करें तथा इसमें भरे पानी को अवश्य निकाल दें।

## एकमुश्त समाधान योजना में 2 दिन का मौका

**लखनऊ।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश सरकार ने बकायेदार उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त विद्युत भार वाले घरेलू (एल एम वी -1) एवं निजी नलकूप 4(एल एम वी-5) तथा 05 कि वा विद्युत भार के वाणिज्यक (एम एम वी -2) श्रेणियों के उपभोक्ताओं को अप्रैल, 2022 तक के विलम्बित अधिभार (ब्याज/सरचार्ज में शत-प्रतिशत छूट प्रदान करते हुए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू की। यह योजना 30 जून, 2022 तक लागू रहेगी और अब उपभोक्ताओं को योजना के तहत अपने बकाये बिल पर छूट लेने के लिए मात्र 02 दिन और शेष बचे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना की अवधि अब पूर्ण होने को है, उपभोक्ताओं को फिर ऐसा मौका नहीं मिलेगा। बकायेदार उपभोक्ता जल्दी करें और अपने बकाये बिल से मुक्ति पायें। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि 27 जून तक ओटीएस योजना का 23.05 लाख उपभोक्ताओं ने लाभ पाया है।

# ईंट भट्टा श्रमिकों के स्वास्थ्य, कल्याण व श्रम अधिकारों पर क्षेत्रीय कंसल्टेशन का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सेंटर** फॉर एडुकेशन एंड कम्युनिकेशन (सीईसी)द्वारा दो दिवसीय (27 - 28 जून 2022) क्षेत्रीय कंसल्टेशन का आयोजन होटल दयाल पैराडाइस लखनऊ उत्तरप्रदेश में किया गया। जिसका विषय था- भारत के ईंट भट्टों में कार्यरत महिलाओं, बच्चों और श्रमिकों के स्वास्थ्य, पोषण और श्रम अधिकारों का संवर्धन! यह कंसल्टेशन उत्तर प्रदेश (मथुरा) और राजस्थान (अजमेर) के ईंट भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों और उनके परिवारों की महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति में सुधार के लिए 2021 से हक, सीईसी और सीएलआरए द्वारा संयक्त रूप से किए जा रहे प्रयासों के तहत एक प्रोजेक्ट के रूप में किया गया, जिसे तेरे देश होम्स (टीडीएच-जर्मनी) और जर्मन संघीय आर्थिक सहयोग और विकास मंत्रालय (बीएमजेड) द्वारा प्राप्त समर्थन के अंतर्गत किया गया। जिसमें श्रमिक कार्यकता, ईंट भट्टा मजदूर, ईंट भट्टा मालिक, यूनियन नेता तथा स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल श्रम विभाग के प्रतिनिधियों के भागीदारी की।



आयोजन के पहले दिन के सत्रारम्भ में सीईसी की कार्यकारी निदेशक लोकेश ने कंसल्टेशन के सम्पूर्ण उद्देश्य का संक्षिप्त संदर्भ रखते हुए ईंट भट्टों पर काम करने वाले बच्चों व महिलाओं के पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला, तथा इस कार्यक्षेत्र में काम के अपने वर्षों के अनुभवों के आधार पर काम की परिस्थिति और सम्मानजनक काम के महत्व को उजागर किया! इसके उपरांत एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई जिसमें राज्य के ईंट भट्टा मजदूरों और उनके परिवार की स्थिति को संयुक्तरूप से दिखाया गया! कार्यक्रम में हक़ संस्था की सह निर्माता और कार्यकारी निदेशक भारती अली ने राजस्थान और उत्तर प्रदेश के ईंट भट्टों में किए गए एक शोध अध्ययन के निष्कर्षों को भी साझा किया।

# पत्नी को गोली से उड़ाने वाला पति गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ठाकुरगंज** क्षेत्र के गोविन्द पुरम में ईंट सप्लायर अधिवक्ता ने पत्नी को मामूली झगड़े के दौरान नशे में धुत पति ने लाइसेंसी बंदूक से गोली मारी दी जिससे पत्नी का सीना छलनी हो गया और उसकी ट्रामा में मौत हो गयी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर कातिल पति को घटना में इस्तेमाल बंदूक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार गोविन्द पुरम एकता नगर बालागंज ठाकुरगंज निवासी अशोक कुमार चौरसिया अधिवक्ता के साथ ईंट सप्लाई का काम करता है। अशोक अपनी 42 वर्षीय पत्नी पुष्पा चौरसिया अपने दो बेटों 21 वर्षीय अभय चौरसिया 18 वर्षीय अर्पित चौरसिया व 14 वर्षीय बेटी आद्या चौरसिया रहता है।बताया गया कि मंगलवार को दोपहर बाद करीब पांच बजे अशोक और उसकी पत्नी पुष्पा के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई है बौखलाए अशोक ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से ताबड़तोड़ फायरिंग कर पत्नी के सीने में गोली मार दी।घर में गोली चलने की खबर मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और देखा कि पुष्पा खून से लथपथ होकर तड़प रही थी। यह माजरा देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

एसीपी आईपी सिंह के मुताबिक घायल महिला को आनन फानन में इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजा गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम देकर भाग रहे कातिल पति अशोक कुमार चौरसिया को घटना में इस्तेमाल बंदूक सहित गिरफ्तार कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# पेज एक का शेष

## भाजपा ने...

और उनसे भी राज्य के राजनीतिक घटनाक्रमों पर चर्चा की। महाराष्ट्र में शिवसेना के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार संकट का सामना कर रही है क्योंकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में उसके कई विधायकों ने विद्रोह कर दिया है और वर्तमान में गुवाहाटी में डेरा डाले हुए हैं। ज्ञात हो कि शिवसेना के इस विद्रोह को उसका आंतरिक मामला बताकर भाजपा ने इससे दूरी बना रखी है लेकिन उसके नेताओं ने साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि पार्टी की रणनीति स्थिति पर नजर रखने की है। भाजपा सूत्रों ने बताया कि हालांकि अगली सरकार के गठन को लेकर कोई ठोस खाका नहीं तैयार किया गया लेकिन यदि पार्टी सरकार बनाने में सफल होती है तो शिंदे गुट के प्रमुख विधायकों को वह समायोजित कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक शिंदे को उपमुख्यमंत्री भी बनाया जा सकता है। भाजपा नेताओं ने कहा कि फिलहाल पार्टी एमवीए सरकार के गिरने का इंतजार कर रही है क्योंकि उसने विधानसभा में बहुमत खो दिया है।ऐसी संभावना है कि बागी विधायक मुंबई लौटें और राज्यपाल से मिलकर ठाकरे सरकार से समर्थन वापस लेने के अपने फैसले से उन्हें अवगत कराएं। इसके बाद ही राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी सरकार को विधानसभा में बहुमत साबित करने को कह सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि अगले कुछ दिनों में बागी विधायकों के खेमे की गतिविधियां तेज होंगी। फडणवीस ने सोमवार को मुंबई में पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के नेताओं के कोर समूह की एक बैठक भी की थी। शिंदे शिवसेना के जिन असंतुष्ट विधायकों के साथ गुवाहाटी में डेरा डाले हुए हैं, उनमें राज्य सरकार के नौ मंत्री भी हैं, जिनके विभाग सोमवार को वापस ले लिए गए। भाजपा सूत्रों ने बताया कि पार्टी महाराष्ट्र में सरकार बनाने को लेकर इस बार किसी प्रकार की जल्दबाजी नहीं करेगी क्योंकि 2019 में फडणवीस ने अजीत पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के एक धड़े के साथ मिलकर सरकार बना ली थी लेकिन तब उन्हें दो ही दिनों में इस्तीफा देना पड़ गया था।

## उद्धव ने...

दिया कि आज तक कोई भी पार्टी से बाहर नहीं है। फिर भी बागी विधायक गुवाहाटी में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह सभी से अपील कर रहे हैं कि आप मुम्बई लौट आएं और मुझ से बात करें एवं शिवसैनिकों के मन में उपजी सभी भ्रांतियों को दूर करें, ताकि कुछ समाधान निकल सके। उद्धव ने कहा कि मूल शिवसेना सभी बागी विधायकों को पूरा सम्मान देगी। उद्धव की इस अपील के कुछ घंटे बाद बागी गुट का नेतृत्व कर रहे मंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार शाम बेहद तीखे अंदाज में आदित्य ठाकरे और पार्टी के मुख्य प्रवक्ता संजय राउत पर पलटवार किया। मुख्यमंत्री ठाकरे को संबोधित ट्वीट में शिंदे ने कहा कि एक तरफ आपके बेटे (मंत्री आदित्य ठाकरे) और प्रवक्ता (सांसद संजय राउत) ने पूज्य बालासाहेब ठाकरे के शिवसैनिकों को सुअर, गटर-बक, कुत्ते, मवेशी, मूर्ख, लाश, और यहां तक कि उनके पिता को भी इस विवाद में घसीटा, दूसरी ओर, उन्हीं विधायकों को वापस लाने की कोशिश करके हिंदुत्व विरोधी एमवीए को बचाने का आह्वान किया जा रहा है।

## नूपुर शर्मा...

जिन्हें पैगंबर मोहम्मद पर एक टिप्पणी के मामले में भाजपा से निलंबित किया गया था। टेलर कन्हैया लाल को सोशल मीडिया पर कुछ टिप्पणियां डालने के मामले में स्थानीय पुलिस ने हाल ही में गिरफ्तार किया था। सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो के अनुसार दोनों आरोपी धानमंडी थाना क्षेत्र स्थित टेलर की दुकान पर दोपहर में पहुंचे। इनमें से एक ने अपना नाम रियाज बताया है। उसने अपने आप को एक ग्राहक के रूप में बताया और टेलर ने उसकी नाप लेना शुरू कर दिया। इस दौरान उसने टेलर पर हमला कर दिया वहीं दूसरे आरोपी ने मोबाइल फोन से घटना का वीडियो बनाया। वीडियो के अनुसार जब टेलर नाप लेकर लिख रहा था उस दौरान रियाज ने अचानक धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए और बाद में एक और वीडियो में उन्होंने अपराध करने की पुष्टि की। घटना के सामने आने के बाद इसके विरोध में स्थानीय बाजारों में दुकानें बंद कर दी गईं। दुकानदारों ने पुलिस को कन्हैयालाल का शव ले जाने से रोका और कहा कि हत्यारों की गिरफ्तारी होने और मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा तथा सरकारी नौकरी दिए जाने की घोषणा के बाद ही वे शव ले जाने देंगे। घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने कहा कि यह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की तुष्टीकरण की राजनीति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वीडियो में देखे गए लोगों ने 17 जून को मृतक को धमकी दी थी। उन्होंने दावा किया, पीड़ित ने सुरक्षा की मांग की थी लेकिन पुलिस ने नहीं दी। पूनियां ने कहा कि यह राज्य सरकार की उदासीनता को दिखाता है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, राजस्थान में हालात ऐसे हैं कि हिंदुओं पर हमले किए जा रहे हैं और कई जगह तो उनकी हत्या की जा रही है। यह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तुष्टीकरण की राजनीति की वजह से हो रहा है। धानमंडी थानाधिकारी गोविंद सिंह ने कहा कि टेलर ने सोशल मीडिया पर कुछ दिन पहले कथित विवादित बयान दिए थे और उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि उन्होंने विवादित बयान के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी।

## मोदी ने...

जिनके नेतृत्व में दोनों देशों के संबंध समृद्ध हुए। भारत ने शेख खलीफा के निधन के बाद एक दिन के राजकीय शोक की भी घोषणा की थी। शेख खलीफा संयुक्त अरब अमीरात के संस्थापक राष्ट्रपति शेख जायद बिन सुल्तान अल नाहयान के सबसे बड़े पुत्र थे। वह तीन नवंबर 2004 से अपनी मृत्यु तक संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति और अबूधाबी के शासक रहे। मोदी जर्मनी में जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद यहां संक्षिप्त यात्रा पर पहुंचे। प्रधानमंत्री ने जर्मनी में शिखर सम्मेलन के दौरान विश्व के कई नेताओं से मुलाकात की और वैश्विक कल्याण एवं समृद्धि को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यूएई 2019-20 में चीन और अमेरिका के बाद भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था। वर्ष 2020-21 के लिए लगभग 16 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि के साथ संयुक्त अरब अमीरात (अमेरिका और चीन के बाद) भारत का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य था। भारत के करीब 34 लाख प्रवासी संयुक्त अरब अमीरात में रहते हैं और वे यहां का सबसे बड़ा जातीय समुदाय हैं तथा उनकी संख्या देश की आबादी का करीब 35 प्रतिशत है।

## सोशल मीडिया...

की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोगों को इस तरह का टूल्स (उपकरण) प्रदान करना होगा ताकि व्यक्ति की पहुंच लगातार बढ़ती रहे और उसे ज्ञान की खोज, चर्चा और बहस में शामिल होने की अनुमित मिले। भारत जैसे देश में बड़ी युवा आबादी के साथ प्रक्रियाओं का निर्माण करना है जो भविष्य की पीढ़ी को नीतियों को अच्छी तरह से समझने में मदद करती हो। अध्ययन नीत अभियान द मैटर ऑफ फैक्ट ने इस बात की समझ के स्तर को देखा कि सत्य की पहचान और स्रोतों की पुष्टि कैसे की जाती है। अध्ययन के निष्कर्ष के अनुसार जब तथ्यात्मक जानकारी की तलाश की बात आती है, तो 37 फीसदी लोग सोशल मीडिया का रुख करते हैं। मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के लोगों के मामले में यह 43 फीसदी और भारतीयों के मामले में 54 फीसदी है। वहीं ब्रिटेन के लोगों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग करके तथ्यों की तलाश करने की संभावना कम होती है क्योंकि केवल 16 फीसदी लोग इसे एक पसंदीदा स्रोत बताते हैं जबकि अमेरिकियों के मामले में करीब 29 फीसदी इसका इस्तेमाल करते हैं। कुल मिलाकर, विश्व भर में लोग अधिकांश जानकारी के लिए गूगल और अन्य सर्च इंजन पर बहुत अधिक भरोसा करते हैं, दुनिया भर में दो तिहाई (67 फीसदी) और ब्रिटेन में 62 फीसदी लोग इस तरह से तथ्य की तलाश करते हैं।

## ग्यारह आईएएस...

किशोर कलाल को सीडीओ रामपुर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुशीनगर पूर्ण वोहरा को सीडीओ बिजनौर, सचिव विकास प्राधिकरण मुजफ्फरनगर महेंद्र प्रसाद को अपर आयुक्त मेरठ मंडल, सचिव, नेडा तथा विशेष सचिव ऊर्जा विभाग अनिल कुमार को प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लखनऊ और एडीएम नगर पूर्वी लखनऊ खेमपाल सिंह को अपर आयुक्त एवं अपर निदेशक प्रशासन सहकारिता के पद पर भेजा गया है।

# आकाशीय बिजली गिरने से चार की मौत





● बनारस सहित पूर्वांचल में मानसून ने दी दस्तक

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**पूर्वांचल** में मौसम का रूख मंगलवार की दोपहर के बाद अनुमानों के अनुसार बदला तो झमाझम झूमकर बादलों ने बरसात की। बादलों की आवाजाही के बीच झूमकर बरसे बादलों ने। लोगों को खूब राहत दी तो दूसरी ओर उमस से भी बारिश के दौरान लागों को राहत मिली। मौसम विभाग ने पूर्व में तीन दिनों तक झमाझम बरसात के संकेत दिए थे। उसी अनुरूप ही झमाझम बरसात बादलों ने दोपहर तीन बजे के बाद कराना शुरू किया तो लोगों ने राहत की सांस ली। सप्ताह भर के बाद हुई बरसात ने मानसूनी सक्रियता के भी संकेत दिए हैं। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में मानसूनी सक्रियता के बीच बादल झूमकर बरसेगें।मानसून इस बार तय समय से करीब सप्ताह भर से अधिक लेट चल रहा है। ऐसे में मंगलवार की दोपहर बाद शुरू हुई बरसात लोगों को राहत भी दे गई। मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार बादलों की यह सक्रियता मध्य उ0प्र0 तक बनी हुई है। इसकी वजह से बादलों की आवाजाही के बीच बारिश होना तय था। दरअसल वातावरण में लोकल हीटिंग और नमी के मेल की वजह से बादल सघन होते गए और देखते ही देखते झमाझम बरसात भी शुरू हो गई। दोपहर बाद हुई बरसात आने वाले दिनों में राहत भी देगी।मौसम विज्ञानी मान रहे हैं कि मानसूनी सक्रियता को मंगलवार के आपास शुरू होना ही था। ऐसे में यह बारिश मानसूनी संकेत भी लेकर आई है। झमाझम बरसे बादलों ने मानसूनी संक्रियता का संकेत दिया है। अब मौसम बादलों और मानसून के अनुकुल हो चुका है। ऐसे में मानसूनी बादलों की आवाजाही का दौर लोगों को राहत देता नजर आ रहा है।माना जा रहा है कि अब जल्द ही प्रदेश में पूर्वांचल के हिस्सों में झमाझम बरसात होगी और गर्मी से लोगों को बरसात राहत भी देगी।

### चार की मौत.....

**मीरजापुर** में हलिया के दिघुली गांव निवासी बबलू की 15 वर्षीय बेटी साधना मंगलवार की देर शाम अचानक गरज चमक के साथ बारिश होने पर कच्चे मकान प्लास्टिक लगाने लगी इसी दौरान आकाशीय बिजली के गिरने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। चर्की खुर्द निवासी रामनारायण की 8 वर्षीय पुत्री नंदनी की भी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं बलिया में दो किसानों की बिजली गिरने से मौत हो गई।

# एडीजी सुरक्षा ने श्री काशी विश्वनाथ धाम का किया निरीक्षण और पुलिस को दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा** वाराणसी



**श्रावण** मास 14 जुलाई 2022 से प्रारंभ हो रहा हैए कोबिट केस बाग कांवरिया श्रद्धालु लाखों की संख्या में श्री काशी विश्वनाथ के धाम में पहुंचकर बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक करेंगे कि सुरक्षा की दृष्टि से देखते हुए मंगलवार को एडीजी सुरक्षा विनोद कुमार सिंह कमिश्नर दीपक अग्रवाल पुलिस कमिश्नर के सतीश गणेश अप्पर पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह आईजी रामकुमार वर्मा अपर पुलिस महानिदेशक सहित पुलिस के आला अधिकारी श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचकर सुरक्षा का जायजा लिया इस दौरान एडीजी सुरक्षा विनोद कुमार सिंह ने श्री काशी विश्वनाथ धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया और बताया कि श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन के दौरान कोई परेशानी या दिक्कत ना हो पुलिस विभाग के अधिकारी श्रद्धालुओं के साथ सहानुभूति और विषमता का परिचय दें खड़ी पाई।

एडीजी सुरक्षा विनोद कुमार सिंह ने श्री काशी विश्वनाथ धाम में आने वाले श्रद्धालु के गंगा घाट के रास्तों जैसे अमीर घाट त्रिपुरा घाट से आने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत ना हो तथा इनकी पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाए इस तरह के पुलिस अधिकारी ने वाराणसी के आला अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं को सुरक्षा व्यवस्था की जायजा लेने के बाद लेने के साथ ही के साथ कमिश्नर दीपक अग्रवाल पुलिस कमिश्नर ए सतीश गणेश अप्पर पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह अपर पुलिस महानिदेशक रामकुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या के आरोप में पति सहित चार के खिलाफ मुकदमा हुआ दर्ज

**संवाददाता।** सकलडीहा चंदौली

**कोतवाली** क्षेत्र के नईबाजार चौकी अर्न्तगत पौनी गांव में पिछले दिनों एक 22 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत होगयी थी। परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज किया था। पीएम रिपोर्ट आने के बाद कोतवाली पुलिस ने डिप्टी एसपी अनिरूद्ध सिंह के निर्देश पर पति सहित चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गयी है। उधर ससुराल पक्ष के लोगों ने लगाये गये आरोप को निराधार बताया है।सैयदराजा थाना क्षेत्र के ऐलही गांव निवासी पुष्पा मौर्या की शादी डेढ़ साल पूर्व पौनी गांव के मुकेश मौर्या से हुई थी। मायका पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया कि बेटी का ससुराल पक्ष के लोग सोने की आभूषण के लिये बार बार उत्पीड़न करते थे। दो सप्ताह पूर्व पुष्पा माइका से ससुराल गयी हुई थी। पिछले शनिवार की देर रात संदिग्ध हालत में मौत होगयी। जिला हास्पीटल पहुंचने पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बेटी की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। मायका पक्ष के लोगों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दिया था। पुलिस ने पीएम रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज करने की बात कही थी। सोमवार को देर शाम कोतवाली पुलिस ने पति मुकेशए ससुर भरत मौर्याए भसूर राकेश मौर्या और जेठानी नीलम के खिलाफदहेज हत्या के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस बाबत कोतवाल विनोद मिश्रा ने बताया कि विवाहिता के परिजनों की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बेटी की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। मायका पक्ष के लोगों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दिया था।

# किसानों के लाभ के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम

**वाराणसी।** सीएनएच इंडस्ट्रियल के वित?तीय सेवा प्रभाग, उभरती प्रौद्योगिकियों, नीतियों और दूसरी सरकारी योजनाओं के बारे में भारत के किसानों को शिक्षित करने से वित?तीय बोझ को कम करने तथा तेजी से आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। यह पहल किसान समुदाय के बीच उनकी उत?पादकता बढ़ाने केलिए उपलब?ध संसाधनों को लेकर जागरुकता बढ़ाएगी। हमें पूरा भरोसा है कि इस कार्यक्रम के समापन पर, किसान अपने वित?त का बेहतर ढंग से प्रबंधन करने और ज?यादा स?थायी तरीके से उत?पादन करने में समर्थ होंगे। हरियाणा और उत?तर प्रदेश में किसानों को शिक्षित करने के लिए वित?तीय साक्षरता कार्यक्रम शुरू किया है। इस पहल के तहत, कंपनी वित?तीय साक्षरता, कृषि यांत्रिकीकरण, बायोमास प्रबंधन और राज?य कृषि सब्सिडी जैसे विषयों पर 600 किसानों को प्रशिक्षित करेगी।

# जिला न्यायाधीश समेत डीएम, एसपी ने कारागार का किया औचक निरीक्षण

**संवाददाता।** मऊ



**राज्य** विधिक सेवा प्राधिकरण व उच्च न्यायालय के निर्देश पर मंगलवार को जिला न्यायाधीश रामेश्वरए जिलाधिकारी अरुण कुमारए पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेयए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फारुख इनाम सिद्दीकी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुंवर मित्रेश सिंह कुशवाहा ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों ने सभी बैरकों की गहनता के साथ जांच.पड़ताल करते हुए जेल में मुकम्मल साफसफाई का निर्देश दिया। साथ ही साथ कोविड के नियमों का सख्ती के साथ पालन करने की भी हिदायत दिया। औचक निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों को जेल के भीतर कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिला।

औचक निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों ने जेल अधीक्षक नागेश सिंह को निर्देशित किया कि मीनू के अनुसार सभी बंदियों को भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित कराया जाए। निरीक्षण के समय जिला कारागार में कुल 591 बन्दी निरुद्ध पाए गएए इसमें 533 पुरुषए 25 महिला तथा 33 किशोर बंदी रहे। निरीक्षण के दौरान बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के साथ ही कर्तव्यों के बारे में भी जानकारी प्रदान किया गया। कैदियों के आपराधिक रिकार्डए सजा की स्थिति तथा जमानत की स्थिति के बारे में उच्चाधिकारियों ने गहनता के साथ जानकारी हासिल किया। बंदियों से उनको विधिक सहायता के सम्बंध में पूछ ताछ किया गया तो उनके द्वारा केस की पैरवी करने हेतु अधिवक्ता होना बताया गया। साथ ही साथ जेल अधीक्षक से जेल अपील के सम्बंध में पूछताछ किया गया। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सिद्धदोष बन्दियों की जेल अपील दाखिल की जा चुकी हैए कोई जेल अपील लम्बित नहीं है। संयुक्त आकस्मिक निरीक्षण के समय पाकशाला का निरीक्षण किया गया। पाकशाला साफसुथरा पाया गया। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि पाकशाला में पर्याप्त संख्या में बन्दियों को ड्यूटी लगायी गयी है। पाकशाला में रसोई बनाने में कोई दिक्कत नहीं है। जिला कारागार के चिकित्सालय का भी संयुक्त निरीक्षण किया गया। चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से दवा इलाज के बारे में पूछ ताछ किया गया। चिकित्सालय में भर्ती बन्दी मरीजों द्वारा दवा इलाज समय से मिलने की बात बतायी। कारागार के चिकित्सक को निर्देशित किया गया कि बन्दियों की समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करते रहे तथा यदि किसी को कोई दिक्कत एवं परेशानी महसूस हो तो उसके अनुसार दवा इलाज सुनिश्चित किया जाए। संयुक्त निरीक्षण टीम द्वारा जिला कारागार स्थित महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया एवं बंदी महिलाओं से उनको मिलने वाली सुविधाएं एवं दिक्कतों के बारे में जानकारी लिया गया। जेल अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि जिला कारागार के अन्दर साफ सफाईए तथा मीनू के अनुसार भोजन दिये जाने हेतु निर्देश दिया गया। जेल अधीक्षक को यह भी निर्देश दिया गया कि जेल के अन्दर कोई भी आपत्तिजनक सामान जैसे.चाकू मादक पदार्थ माचिस ब्लेड कोई बन्दी न रखे। इसे प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराते हुए जेल मैनुअल के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

# एनएसयूआई के छात्रों ने किया अग्निपथ योजना का विरोध, हस्ताक्षर अभियान चलाया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**स्वतंत्रता सं**ग्राम सेनानी, भारतरत्न स्व0शिवप्रसाद गुप्त जी की जयंती मंगलवार को महानगर कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ की ओर से मनाई गई।

इस अवसर पर काँग्रेसजनों ने कबीरचौरा स्थित श्री शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय हॉस्पिटल में स्थापित उनकी प्रतिमा को गंगाजल से धुलवाकर प्रदेश कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के चेयरमैन दुर्गाप्रसाद गुप्त ने उपस्थित व्यापार प्रकोष्ठ के सहयोगियों के साथ माल्यार्पण किया। इस अवसर पर श्री गुप्त ने कहा कि स्व0शिवप्रसाद जी ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्रसिद्ध हिन्दी दैनिक प्रारम्भ कराया।साथ ही अपने समय मे श्री शिवप्रसाद गुप्त हॉस्पिटल, काशी विद्यापीठ व भारतमाता मंदिर जैसे अनेक ऐतिहासिक स्थलों की स्थापना कराए।स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी जी व मदनमोहन मालवीय जी जैसे अनेको स्वतंत्रता सेनानियों का सानिध्य उन्हें प्राप्त होता रहा। इस अवसर पर प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के चेयरमैन दुर्गाप्रसाद गुप्त के साथ ही हॉस्पिटल प्रशासन की ओर से डॉ श्री मुकुंद श्रीवास्तव व कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ जिला/महानगर अध्यक्ष बिपिन पाल,मनोज वर्मा, कीर्तिप्रकाश पांडेय, डॉ अमीन अहमद, रमजान अली,बेलाल अहमद, चन्दन गुप्ता,व संतोष कुमार इत्यादि कांग्रेसजन की उपस्थिति रही।वाराणसी–महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के प्रांगण में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं द्वारा काशी विद्यापीठ यूनिवर्सिटी के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देकर काशी विद्यापीठ की स्थापना करने वाले भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी शिवप्रसाद गुप्त जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई।जयंती मनाने के उपरांत एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष ऋषभ पांडेय के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लाई गई अग्निपथ योजना का विरोध करते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया जिसमें इस योजना के विरोध में हस्ताक्षर कर सैकड़ों युवाओं ने सरकार के समक्ष अपना विराध दर्ज करवाया ।

# सोनभद्र में 11 जुलाई से मनेगा जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा

**संवाददाता।** सोनभद्र

**जिले** में 11 जुलाई से जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी तैयारियां पूर्ण कर लिया है ।इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम परिवार नियोजन के विभिन्न अस्थाई साधनों एवं स्थाई साधन नसबंदी के बारे में लोगों को जानकारी प्रदान करेगी और लाभार्थियों को इसे अपनाने हेतु प्रेरित भी किया जाएगाए जिससे अधिक से अधिक लोग परिवार नियोजन के साधनों को अपना सके ।

आरसीएच के नोडल डॉ आर जी यादव ने बताया परिवार नियोजन योजना से कोई वंचित न रहने पाए इसको लेकर जनपद में 11 जुलाई से जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा अभियान चलाया जाएगा जो 31 जुलाई तक चलेगा। इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य टीम घर.घर जाकर लोगों को परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों के बारे में बताएगी जिससे दंपत्ति इसका लाभ उठा सकें।

डॉ आर जी यादव के मुताबिक आशा कार्यकर्ता अपने.अपने क्षेत्रों में 2 से अधिक बच्चों वाले परिवारों से संपर्क कर उन्हें परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने और 2 से अधिक बच्चे के बारे में न सोचने का सुझाव देंगी। इसके अलावा दो बच्चे के बीच में कम से कम 3 साल का अंतर रखने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा ।और नव दंपतियों को हम दो हमारे दो से होने वाले फायदे के बारे में भी जानकारी प्रदान किया जाएगा । उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन से क्या लाभ है और साधनों को अपनाकर परिवार को किस प्रकार सुखी रखा जा सकता है इसके बारे में भी लाभार्थियों को अवगत कराया कराएंगे । उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ता परिवार नियोजन के विभिन्न अस्थाई साधनों से अधिक से अधिक लाभार्थी लाभ उठा सकें इसके बारे में भी जागरूक करेंगी।

# किसानों की आय होगी दोगुनी

**सकलडीहाचंदौली** ।अमर ज्योति सेवा केंद्र खड़ेहरा में मंगलवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों को अपनी आय बढ़ाने व पौधारोपण का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिला उद्यान अधिकारी अलका श्रीवास्तव ने कार्यशाला के माध्यम से आधुनिक और फलदार खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इसके साथ किसानों को मिलने वाली सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दिया।जिला उद्यान अधिकारी अलका श्रीवास्तव ने कहा कि किसान फलदार वृक्ष लगाकर अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। मौसमी फसल के साथ मौसमी फल की पैदावार से जीवन स्तर सुधरेगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षित होगा। उन्होंने आओ हम करे शुरुआत पर्यावरण है जीवन का आधार अभियान के तहत पौधारोपण का आह्वान किया। उद्यान विभाग से संबंधित सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

# सामाजिक कार्यों से किया जा सकता है जरुरतमंदों का सहयोग: इंदु सिंह



**संवाददाता।** सोनभद्र

**दिशिता** महिला मंडल रेणुसागर सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहा है। मंगलवार को ग्राम धनबहवा में एक कार्यक्रम का आयोजन कर ग्राम धनबहवाए बड़हरा एवं बरोहिया के 111 ग्रामीणों का चयन करके उन्हे छाता व मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इन्दू यादव ने ग्रामीणों के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए कहा कि सामाजिक कार्यो से ही जरूरतमन्दो का सहयोग किया जा सकता है। उन्होने कहा कि भविष्य में अलग.अलग योजनाओं का क्रियान्यवयन कर ग्रामीणो को सहयोग किया जायेगा। दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा द्वारा 111 ग्रामीणों को छाता व मिष्ठान वितरित किया गयाए जिससे वे चिलचिलाती धूप व बरसात से अपना बचाव कर सके। छाता व मिष्ठान पाकर ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने दिशिता महिला मंडल का आभार प्रकट करते हुए इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल सचिव ऋतु हर्षवर्धन एसहसचिव कविता श्रीमाली विभा शैलेश सिंहए बबीता सिंह तपस्विनी नायक आशा सैनी एंव अन्य सदस्याऐं प्रमुख रूप से उपस्थित थी ।

# दो किलो गांजे के साथ पकड़ा गया अभियुक्त



**संवाददाता।** सोनभद्र

**मंगलवार** को मुखबिर से मिली सूचना पर उ0नि0 श्रीराम यादव हे0का0 लल्लन यादव व का0 राम सिंह यादव के नेतृत्व मे थाना ओबरा क्षेत्र अन्तर्गत सुदामा पाठक तिराहे से एक अभियुक्त धर्मेंद्र बर्मा पुत्र अमरजीत बर्मा निवासी चुडी गली मलिन बस्ति थाना ओबरा जनपद सोनभद्र के पास से 02 किलो 50 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना ओबरा जनपद.सोनभद्र परण्मुकदमा दर्ज किया गया । पुलिस अधीक्षक डाण्यशवीर सिह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी ओबरा शंकर प्रसाद व प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण व दिशा निर्देशन मे उ0नि0 श्रीराम यादव अपने टीम के अथक प्रयास कर अभियुक्त धर्मेंद्र बर्मा पुत्र अमरजीत बर्मा निवासी चुडी गली मलिन बस्ति थाना ओबरा जनपद सोनभद्र की गिरफ्तारी कर न्यायालय भेजा गया।

## 444 दिनों की सावधि जमा योजना पर बीओआई ने प्रतिवर्ष 5.50 ब्याज देगा

**वाराणसी।** 23 जून 2022 को सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक, बैंक ऑफ इंडिया ने 444दिनों की सावधि जमा पर 5.50प्रतिशत की आकर्षक ब्याज दर की योजना की शुरूआत की है। बैंक ने इस विशेष सावधि जमा योजना की शुरूआत 7 सितम्बर 2022 को मनाए जाने वाले अपने के आगामी 117वें स्थापना दिवस के अवसर पर की गई है, जिसका उद्देश्य अपने नीतिगत दर में बदलाव के लाभों को अपने ग्राहकों और आम जनता तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता है। समाज के सभी वर्गो जैसे वेतनभोगी, उद्यमियों, स्वनियोजित, किसानों आदि ग्राहकों को दृष्टिगत रखते हुए बैंक के केन्द्रीय स्तर पर हमेशा से हर संभव प्रयास किया है। यह प्रस्ताव केवल सीमित अवधि के लिए वैध होगा। यह बैंक ऑफ इंडिया के सभी शाखाओं/ऑनलाइन प्लेटफार्मो जैसे इंटरनेट बैंकिंग/बोबोआई मोबाइल ऐप पर उपलब्ध है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत डोर टू डोर दस्तक

**संवाददाता।** सकलडीहा चंदौली

**बरसात** शुरू होते ही संचारी रोग का तेजी के साथ गांवों प्रकोप शुरू हो जाता है। जिसे लेकर स्वास्थ्य महकमा तैयारी शुरू कर दिया है। मंगलवार को सीएमओ डाण् युगल किशोर राय के निर्देश पर सीएचसी अधीक्षक डाण् संजय यादव और बीडीओ अरूण पांडेय संयुक्त रूप से बैठक कर अभियान को डोर टू डोर दस्तक अभियान चलाने को लेकर चर्चा किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के साथ सचिव और ग्राम प्रधानों को गाइड लाइन जारी किया गया।

शासन की ओर से विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक 1 जुलाई से 31 जुलाई तक अभियान चलाने का निर्देश हुआ है। जिसके तहत गांव के हैंडपंपए जलाशयए स्कूल व गांवों में साफ सफाई अभियान के साथ बुखार और टीवी के मरीजों को चिन्हित करने का निर्देश है। इस क्रम में सीएचसी अधीक्षक डाण् संजय यादव और बीडीओ अरूण कुमार पांडेय संयुक्त रूप से विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एक जुलाई से 15 जुलाई के बीच संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जायेगा। 16 जुलाई से 31 जुलाई तक डोर टू डोर दस्तक अभियान के तहत अधिकारी के साथ सचिव व ग्राम प्रधान लोगों को साफ सफाई अभियान के तहत जागरूक करेंगे। इस बाबत सीएचसी अधीक्षक डाण् संजय यादव ने बताया कि संचारी रोग के नियंत्रण के लिये स्वास्थ्य टीम पंचायत विभाग के साथ डोर टू डोर दस्तक अभियान चलायेगा। इसकी तैयारी शुरू करा दी गयी है। इस मौके पर डीसीपीएम शाहिद आलम अंसारीए उपेन्द्र सिंह बीपीएमए सीडीपीओ अवधेश सिंहए बीईओ अवधेश रायएएडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय आदि मौजूद रहे।

# पोषण पाठशाला का आयोजन कल

**संवाददाता।** सोनभद्र

**बाल** विकास विभाग की ओर से लोगों को विभाग की सेवाओंए पोषण प्रबंधनए कुपोषण से बचाव के उपायए पोषण शिक्षा आदि के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसके लिए 30 जून को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पोषण पाठशाला आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य थीम शीघ्र स्तनपान.केवल स्तनपान है। इसके लिए मई व जून में प्रदेश में पानी नहींए केवल स्तनपान अभियान चलाया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि पोषण पाठशाला में विभागीय अधिकारियों के अलावा विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के माध्यम से शीघ्र स्तनपान केवल स्तनपान के महत्व समेत विभिन्न मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया जायेगा। कार्यक्रम मे जनपद के लगभग 1500 आंगनबाड़ी केन्द्रों से लाभार्थियों के पूछे गये प्रश्नों का उत्तर भी दिया जायेगा। इस कार्यक्रम को लाइव भी किया जायेगा। शिशुओं में शीघ्र स्तनपान व केवल स्तनपान उनके जीवन की रक्षा के लिए एक बूटी से कम नही है। लेकिन समाज में फैले हुए भ्रामक तथ्यों से यह सुनिश्चित नही हो पाता हैए यह बच्चों के स्वास्थ्य के लिए जानलेवा साबित होता है। इसलिए विभाग ने मई व जून माह में पानी नहींए केवल स्तनपान का अभियान चलाया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि बच्चों के लिए मां का दूध दवा के समान माना गया है। शिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने के लिए यह आवश्यक है कि नवजात शिशु को जन्म के एक घण्टे के अन्दर स्तनपान कराना आवश्यक है व छः माह की आयु तक उसको केवल स्तनपान ही कराना चाहिए। मां एवं परिवार को लगता है कि स्तनपान शिशु के लिए पर्याप्त नही है और वह शिशु को अन्य चीजें जैसे कि घुट्टीए शर्बत एशहद एपानीए पिला देती है। स्तनपान से ही शिशु की पानी की भी आवश्यकता पूरी हो जाती है। इसलिए शीध्र स्तनपान केवल स्तनपान की अवधारणा को जन जन तक पहुंचाना है। वयस्कों की तरह उसको भी पानी की आवश्यकता होगी। अतः उसे पानी देने का प्रचलन बढ जाता है और शिशुओं में केवल स्तनपान सुनिश्चित नही हो पाता है साथ ही शिशु में दूषित पानी के सेवन से संक्रमण से दस्त आदि होने की भी सम्भावना बढ जाती है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिह ने बताया कि विभाग स्तर से तैयारी करने के लिए सभी मुख्य सेविकाएंए आशाए आशा संगिनीए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मिनी कार्यकर्ता को भी वेब लिंक से जुड़ने का निर्देश दे दिया गया है इसके लिए विभाग की ओर से पत्र जारी कर दिया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विभाग से मिले स्मार्टफोन के जरिये कार्यक्रम से जुड़ेगी। इसके साथ ही केन्द्रों पर पंजीकृत गर्भवती महिलाएं ए धात्री महिलाएं एवं उनके परिवार के सदस्य भी इस कार्यक्रम से जुड़ेगे।

# महाराष्ट्र की स्थिति

## विद्रोहियों को राहत

**महाराष्ट्र** में विद्रोहियों को राहत मिली है क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने उनको जवाब देने के लिए और समय दे दिया है। हालांकि, महाराष्ट्र का संकट शायद लंबे समय तक चलेगा, पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से विद्रोहियों को राहत मिल गई है। विद्रोही नेता एकनाथ शिंदे ने याचिका दायर कर अपने समेत 16 विधायकों को मिले अयोग्यता नोटिसों को चुनौती दी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने उनको नोटिसों का जवाब देने के लिए समय बढ़ा कर 12 जुलाई कर दिया है, जबकि पहले उनको सोमवार शाम साढ़े पांच बजे तक का समय जवाब के लिए दिया गया था। राजनीतिक लड़ाई के सर्वोच्च न्यायालय पहुंचने के बाद उसने महाराष्ट्र के उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल, चीफ व्हिप सुनील प्रभु, विधायक दल के नेता अनिल चौधरी तथा केन्द्र सरकार को नोटिस जारी किए हैं। शिंदे ने यह ट्वीट कर आदेश का स्वागत किया है कि 'यह हिंदुत्व सम्राट बालासाहेब ठाकरे के हिंदुत्व और धर्मवीर आनन्द दिघे साहब के विचारों की विजय है।' वर्ष 2001 में यह दुनिया छोड़ चुके दिघे शिंदे के संरक्षक थे और वे अपनी आक्रामक शैली के लिए जाने जाते थे। यहां तक कहा जाता है कि वे बाल ठाकरे के प्रतिद्वंद्वी की तरह थे। सुप्रीम कोर्ट जानना चाहता था कि विद्रोहियों ने मुंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया। इस पर उनके वकील ने कहा कि महाराष्ट्र की राजधानी में स्थिति ठीक नहीं है। उनके आवासों व संपत्तियों पर खतरा मंडरा रहा है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के गुट ने भय का माहौल समाप्त करने के लिए कुछ खास नहीं किया है। उनके स्वामिभक्त व शिवसेना सांसद संजय राउत ने रविवार को कार्यकर्ताओं की एक रैली में कहा था, 'जब वे असम



से बाहर निकलेंगे तो दिल से जीवित नहीं होंगे। वे जानते हैं कि उस आग में क्या हो सकता है जो यहां जल रही है। इन सभी 40 विधायकों के मृत शरीर गोहाटी से मुंबई आएंगे, हम उनको सीधे पोस्टमार्टम के लिए मार्चुरी भेज देंगे।' यह बात उस समय कही गई जब देश की सर्वोच्च अदालत इस मुद्दे पर विचार कर रही है।

इस बीच प्रवर्तन निदेशालय ने राउत को समन भेजा है। इस समय ईडी के हस्तक्षेप को बहुत से लोग केन्द्र द्वारा सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग की तरह देख रहे हैं। आश्चर्य नहीं कि राउत ने समन को 'षडयंत्र' कहा है। उन्होंने कहा, 'मैं ईडी द्वारा बताई गई किसी कंपनी से नहीं जुड़ा हूं। कल मैं ईडी नहीं जा सकूंगा क्योंकि अलीबाग में एक रैली है जिसे मुझे संबोधित करना है। यह कानूनी लड़ाई है। यदि आपके पास भाजपा की ओर से मुझे गिरफ्तार करने के आदेश हैं तो मुझे गिरफ्तार कर लें।' इस प्रकार के राजनीतिक नाटक से सभी लोग परिचित हैं। भारतीय जनता पार्टी-भाजपा संभवत: राजनीतिक हस्तक्षेप के लिए तैयार हो रही है। बताया जाता है कि भाजपा के विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने कहा, 'भाजपा कोर कमेटी की बैठक समाप्त हो गई। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद राज्य की राजनीतिक स्थिति का आंकलन और इस पर चर्चा हुई। एकनाथ शिंदे ने कहा था कि उनका गुट ही मूल शिवसेना है, इस पर भी चर्चा हुई। हमने इस बात पर चर्चा की कि वर्तमान परिदृश्य में हमारी भावी भूमिका क्या होगी।' भाजपा ने कहा कि सरकार गठन के किसी प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हुई। भाजपा ने कोर कमेटी की बैठक के बाद कहा कि यदि दो तिहाई, यानी हर तीसरा विधायक शिंदे के साथ है तो उनको विद्रोही कैसे कहा जा सकता है। उसने इस बात पर भी जोर दिया कि सदन में बहुमत परीक्षण की आवश्यकता नहीं है। यह महाराष्ट्र के राजनीतिक नाटक में एक नया मोड़ है।

# आंदोलनजीवियों के निशाने पर मोदी

मोदी लंबे समय से आंदोलनजीवियों के निशाने पर रहे। उनको अनुभवी पुलिसजनों व न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों से क्लीनचिट मिली है।

**यतीन्द्र चौधरी**
(लेखक सर्वोच्च न्यायालय में अधिवक्ता हैं)



सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में जकिया जाफरी व तीस्ता सीतलवाड की याचिका खारिज कर दी है। उन्होंने नरेन्द्र मोदी को 2002 के गुजरात दंगों में विशेष जांच टीम-एसआईटी द्वारा क्लीन चिट दिए जाने को चुनौती दी थी। इससे अब हमेशा के लिए इस मुद्दे का समाधान हो गया है। लेकिन दु:ख की बात है कि ऐसा होने की संभावना नहीं है क्योंकि आंदोलनजीवी प्रधानमंत्री की छवि खराब करने की जिद पकड़े हैं जो 2002 में गुजरात के मुख्यमंत्री थे। जस्टिस ए.एम. खानविलकर के अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट फैसला दिया है कि 'एसआईटी को कोई षडयंत्र नहीं मिला जो आगजनी और लूट के अलग-अलग व जघन्य कृत्यों को जोड़ता हो। स्टिंग आपरेशनों या व्यक्तिगत बयानों या लक्षित घृणापूर्ण भाषणों से इन आत्यन्तिक दावों की पुष्टि नहीं हुई कि यह कोई एक बड़ा षडयंत्र या सुनियोजित घटनाक्रम था।' पीठ ने आगे कहा, 'जांच के दौरान एकत्र सामग्री से इसकी पुष्टि नहीं हुई कि किसी प्रकार लोगों की सोच एक थी। यह बात एसआईटी द्वारा जांचे गए नौ मामलों तथा शिकायतों या विरोधी याचिकाओं में लगाए अन्य आरोपों के बारे में सही है। राज्य भर में हुए दंगे गोधरा में ट्रेन जलाने पर हुई हिंसा की स्वत:स्फूर्त व तात्कालिक प्रतिक्रिया थे।' उसने यह भी कहा कि ऐसी कोई सामग्री नहीं मिली 'जिससे प्रशासन या राजनीतिक अवस्थापना के उच्च स्तरों पर समाज सोच का संकेत मिलता हो जिससे अन्य लोगों के साथ ऐसे दंगों का षडयंत्र किया गया या उसने दंगों को भड़काने या उनको जारी रखने के प्रति अपनी आंखें बंद कर लीं।' न केवल सर्वोच्च सत्तारूढ़ राजनेताओं के बीच कोई षडयंत्र नहीं था, बल्कि गुजरात में उस समय अनेक 'निराश अधिकारी' थे जो 'झूठे खुलासों के माध्यम से सनसनी पैदा करना' चाहते थे। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि एसआईटी जांच से ऐसे अधिकारियों के 'दावों के झूठ का पूरी तरह खुलासा हो गया है।'

मोदी-विरोधी पक्षकारों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री कपिल सिब्बल का तर्क था कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त एसआईटी न मामले के महत्वपूर्ण आयामों की जांच नहीं की, जबकि व्यापक षडयंत्र की पुष्टि के लिए इनकी जांच जरूरी थी। सिब्बल का जवाब देते हुए वरिष्ठ वकील व पूर्व एटार्नी जनरल मुकुल रोहतगी ने कहा था कि एसआईटी न न केवल अपना काम किया, बल्कि अक्सर उसने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित सीमा भी पार की। यह सब कुछ न्याय दिलाने के लिए था। उन्होंने जोर दिया कि जकिया के आरोप मुख्यत: दायित्व ठीक से न निभाने को लेकर थे और इनसे किसी आपराधिकता का संकेत नहीं मिलता है। रोहतगी ने यह भी कहा था कि याचिका का संचालन जकिया द्वारा न होने का संदेह है और इसे याचिकाकर्ता नं. 2, यानी सोशल एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ द्वारा किया जा रहा था जिनका इसे आगे बढ़ाने में निहित स्वार्थ था। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पहले के घटनाक्रम पर गौर करना महत्वपूर्ण होगा। 2006 में जाफरी ने गुजरात पुलिस से कुछ अधिकारियों व राजनेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की अपील की थी जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि राज्य सरकार ने दंगों को रोकने तथा जनता की जान बचाने के लिए समुचित कार्रवाई नहीं की जिनमें उनके पति भी शामिल थे। 2008 में सर्वोच्च न्यायालय ने दंगों की सुनवाई तथा जाफरी की शिकायत की जांच कर रिपोर्ट पेश करने के लिए एक एसआईटी का गठन किया था। 2012 में एसआईटी ने यह कह कर मोदी व अन्य को क्लीनचिट दे दी कि 'अभियोजन योग्य कोई प्रमाण नहीं मिला।' उसने मजिस्ट्रेट को मामला बंद करने की रिपोर्ट भी दे दी। 2013 में जाफरी ने मामला बंद करने की रिपोर्ट का विरोध करते हुए एक याचिका दायर की। मजिस्ट्रेट ने क्लोज़र रिपोर्ट का उचित माना तथा उनकी याचिका खारिह कर दी। इसकी प्रतिक्रिया में जाफरी ने गुजरात उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसने 2017 में मजिस्ट्रेट द्वारा लिए फैसले को उचित ठहराया। 2018 में जाफरी तथा एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड ने सर्वोच्च न्यायालय में यह कह कर याचिका दायर की कि एसआईटी ने उपलब्ध सारी सामग्री की जांच नहीं की, जांच पूर्वाग्रहपूर्ण थी तथा स्वयं जांचकर्ताओं की ही जांच होनी चाहिए। मोदी के खिलाफ लगे आरोप गुजरात के पूर्व पुलिस अधिकारी संजीव भट्ट के कथनों पर आधारित थे। उन्होंने एक महत्वपूर्ण सरकारी बैठक में अपने उपस्थित होने का दावा किया था। एसआईटी ने बाद में पाया और यह नतीजा निकाला कि भट्ट उस बैठक में उपस्थित नहीं थे और इसलिए उनके आरोपों की पुष्टि का कोई और रास्ता नहीं था।

यहां तीन बिंदुओं पर जोर देना जरूरी है। पहला, नरेन्द्र मोदी को एसआईटी में शामिल अनुभवी पुलिसजनों तथा न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों ने क्लीनचिट दी थी। षडयंत्र की बात मानने के लिए यह जरूरी होगा कि इतने अधिक पुलिस अधिकारियों, न्यायिक अधिकारियों तथा सर्वोच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों को अपने पक्ष में लाया जा सकता है। दूसरा, गुजरात पुलिस मोदी के अंतर्गत थी क्योंकि वे 2014 तक राज्य के मुख्यमंत्री थे, लेकिन यह बात एसआईटी या न्यायपालिका के बारे में नहीं कही जा सकती है। उस समय तक कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार केन्द्र में सत्तारूढ़ थी और उसी कालखंड में मोदी को सभी आरोपों से न केवल एसआईटी, बल्कि स्थानीय मजिस्ट्रेट ने भी मुक्त कर दिया था। यह कोई छिपी बात नहीं है कि कांग्रेस को मोदी कभी पसंद नहीं थे, बल्कि वास्तव में देश की सबसे पुरानी पार्टी उनसे सर्वाधिक घृणा करती थी। हमें यह तथ्य भी अनदेखा नहीं करना चाहिए कि 2004 से 2014 तक दस साल संप्रग सरकार सत्ता में रही। यह समय मोदी के दृष्टिकोण से बहुत लंबा था क्योंकि उनको लगातार झूठ, चरित्र हनन व अपमानजनक बातों से निशाने पर रखा गया था। उन पर अथक रूप से हमले हो रहे थे। इनमें कांग्रेस नेताओं द्वारा सीधे हमलों के साथ कांग्रेस-समर्थक सीतलवाड जैसे एक्टिविस्टों के परोक्ष हमले तथा कानूनी व राजनीतिक हमले शामिल हैं। उस समय सत्तारूढ़ पार्टी होने के कारण कांग्रेस के पास हर प्रकार की शक्ति थी और उसकी भारतीय राज्य के संसाधनों तक सीधी पहुंच थी। इसके बावजूद वह नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कुछ भी नहीं तलाश सकी। सच्चाई स्वीकार करने या उनके निरपराध होने को कुछ विश्वसनीयता देने अथवा उनके खिलाफ कार्रवाई धीमी करने के बजाय कांग्रेस और उसके निजी सिपहसालारों, जैसे सीतलवाड ने लगातार नरेन्द्र मोदी की छवि खराब करने का प्रयास किया। सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने संकेत किया, 'सर्वोच्च स्तर पर व्यापक षडयंत्र के आरोप तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा एक आधिकारिक बैठक में डीजीपी, तत्कालीन मुख्य सचिव व राज्य के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए एक कथित टिप्पणी थी कि गोधरा घटना के बाद अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हिंदुओं को अपना गुस्सा निकालने की अनुमति दी जाए।' याचिकाकर्ता ने पुलिस अधिकारी संजीव भट्ट, आर.बी. श्रीकुमार व पूर्व मंत्री हरेन पांड्या के बयानों पर विश्वास किया जिन्होंने बैठक में उपस्थित होने की बात कही थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के अनुसार एसआईटी ने नतीजा निकाला कि 'संबंधित लोगों का यह दावा झूठ तथा कल्पना की उड़ान है।' सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, 'एसआईटी ने गंभीर जांच के बाद अपनी यह राय व्यक्त की कि कथित बैठक में संजीव भट्ट या हरेन पांड्या उपस्थित नहीं थे। इसी प्रकार आर.बी. श्रीकुमार को भी कोई व्यक्तिगत जानकारी नहीं थी क्योंकि वे इस बैठक में उपस्थित नहीं थे। इसके अलावा आर.बी. श्रीकुमार एक असंतुष्ट अधिकारी थे।'

एक प्रकार से सर्वोच्च न्यायालय का फैसला एसआईटी द्वारा निकाले नतीजों की पुष्टि करता है जिसने 2013 में ही नरेन्द्र मोदी को क्लीनचिट दी थी जब संप्रग सरकार सत्ता में थी। 25 अप्रैल, 2013 को एसआईटी के वकील आर.एस. जयकुमार ने कहा था, 'मोदी ने कभी नहीं कहा कि जाओ और लोगों को मारो।' उन्होंने यह भी कहा था, 'तीस्ता सीतलवाड व अन्य ने शिकायतों को गलत ढंग से पेश कर मुख्यमंत्री पर निशाना लगाया जिन्होंने कभी नहीं कहा था कि जाओ और लोगों को मारो।' यदि ठीक ढंग से काम किया जाए तो किसी चीज की बार-बार जांच करने से परिणाम नहीं बदलता है। लेकिन सीतलवाड जैसे आंदोलनजीवी कभी किसी चीज पर विश्वास नहीं करते जब तक यह उनके पूर्वाग्रहों व कल्पनाओं के अनुकूल न हो। उनको इस बात की चिन्ता नहीं थी कि उनकी जिद से दूसरों को नुकसान होता है। उनको तथा उनके समर्थकों को दूसरों को बदनाम करने का खामियाजा भुगतना चाहिए। नरेन्द्र मोदी आंदोलनजीवियों द्वारा लगाए अपमानों व लांछनों से जरा भी विचलित नहीं हुए। इससे पता चलता है कि वे मजबूत धातु के बने हैं।

आंदोलनजीवियों ने लगभग दो दशक तक मोदी पर लगातार निशाना लगाया, लेकिन वे लगातार भारत को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में लगे रहे।

# कोविड संक्रमण से खराब हो सकते हैं गुर्दे

"फेफड़े और हृदय की कोशिकाओं में पाए जाने वाले समान रिसेप्टर्स, कोरोनावायरस के लिए आसान लक्ष्य बन सकते हैं।"

**सौरभ पोखरियाल**
(लेखक एक चिकित्सक हैं)



क्रॉनिक किडनी रोग (सीकेडी), हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, सेरेब्रोवास्कुलर दुर्घटनाएं और उच्च रक्तचाप जैसे कोविड-19 रोगियों में मृत्यु दर या गंभीरता को बढ़ाने के लिए दिखाया गया है। हालांकि, यह पता लगाने की भी आवश्यकता है कि क्या कोविड-19 जटिलताओं से गुर्दे की विफलता जैसी सह-रुग्णताएं बढ़ सकती हैं। उपलब्ध सबूत बताते हैं कि एक संबंध है।

कोविड-19 किडनी जैसे अंगों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है, व्यक्ति के ठीक होने के बाद भी उसके कार्य को प्रभावित करता है। वास्तव में, गंभीर कोविड -19 जटिलताओं से पीड़ित कुछ लोगों में गुर्दे की गंभीर क्षति के लक्षण दिखाई देंगे। इसमें अंतर्निहित गुर्दे की समस्याओं वाले लोग शामिल हैं, और ये संकेत अक्सर मूत्र में रक्त या प्रोटीन के उच्च स्तर के साथ-साथ असामान्य रक्त कार्य में प्रकट होते हैं। जॉन्स हॉपकिन्स मेडिसिन की एक रिपोर्ट में उद्धृत कई अध्ययनों के परिणामों से पता चला है कि कोविड -19 के सभी अस्पताल में भर्ती मरीजों में से कम से कम 30 प्रतिशत गुर्दे की चोट के किसी न किसी रूप में विकसित होते हैं। कोविड -19 की प्रमुख जटिलताओं में से एक जो गुर्दे की विफलता की संभावना को बढ़ा सकती है, वह है ऑक्सीजन की कमी। कोविड -19 रोग के गंभीर मामलों में आमतौर पर निमोनिया होता है जिसके परिणामस्वरूप रोगी के रक्त में ऑक्सीजन का स्तर कम हो सकता है। यह असामान्य ऑक्सीजन स्तर गुर्दे की समस्याओं का कारण बन सकता है या मौजूदा स्थिति को बढ़ा सकता है, जो ठीक से प्रबंधित न होने पर विफलता का कारण भी बन सकता है।



हाइपोक्सिमिया के रूप में जानी जाने वाली स्थिति सांस लेने या परिसंचरण में कठिनाई से जुड़ी होती है, जो कोविड -19 का एक प्रमुख लक्षण है। एक और बड़ी जटिलता जो चिंता का विषय है, वह है किडनी कोशिकाओं के रिसेप्टर्स की प्रकृति जो कोविड -19 को उनसे जुड़ने की अनुमति देती है। कोविड -19 इन कोशिकाओं को लक्षित करता है और इन कोशिकाओं के दोहराव को सक्षम बनाता है जो संभावित रूप से उन्हें नुकसान पहुंचा सकते हैं। फेफड़े और हृदय की कोशिकाओं में पाए जाने वाले समान रिसेप्टर्स, नए कोरोनावायरस के लिए आसान लक्ष्य बन सकते हैं जो आगे चलकर गुर्दे की क्षति का कारण बन सकते हैं, जिससे गुर्दे की विफलता हो सकती है।

यह घटना स्पष्ट रूप से कोविड -19 की महत्वपूर्ण कोशिकाओं पर हमला करने और गुर्दे की प्रभावशीलता को कमजोर करने की प्रकृति का वर्णन करती है। ऐसे और भी तरीके हैं जिनसे किडनी कोरोनवायरस से प्रभावित हो सकता है और असफल कार्य हो सकता है।

उनमें से एक वायरस के प्रति शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली की प्रतिक्रिया है जिसके परिणामस्वरूप साइटोकिन तूफान हो सकता है। साइटोकिन्स की यह भीड़, छोटे प्रोटीन का एक समूह, कोशिकाओं का एक संचार तंत्र है क्योंकि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली संक्रमण से लड़ती है। हालांकि, साइटोकिन्स की अचानक भीड़ से सूजन हो सकती है जो कि गुर्दे के स्वस्थ ऊतकों को नष्ट कर सकती है। हमारे लिए एक और चिंता रक्त का थक्का है जो कोविड -19 रक्तप्रवाह में पैदा कर सकता है और किसी के गुर्दे में छोटी रक्त वाहिकाओं को रोक सकता है। गुर्दे पर कोविड-19 का प्रभाव वास्तव में विनाशकारी हो सकता है क्योंकि किडनी के कार्य पर हमला हृदय और फेफड़ों जैसे अन्य महत्वपूर्ण अंगों के कार्य को प्रभावित कर सकता है। यह कुछ परिस्थितियों में घातक भी हो सकता है, खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें डायलिसिस की आवश्यकता होती है, एक अध्ययन के अनुसार।

इसलिए, कोविड-19- प्रभावित गुर्दे की चोट वाले रोगियों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे हमेशा अपने स्वास्थ्य प्रदाता से संपर्क करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किडनी सामान्य स्थिति में आ रही है। जबकि डायलिसिस मदद कर सकता है, कोविड -19 संक्रमण से ठीक होने के बाद भी, सबसे अच्छा उपाय रोकथाम के निर्देशों का पालन करना है, जिसमें टीके और बूस्टर, हाथ धोने, शारीरिक दूरी और मास्किंग सहित अन्य उपाय शामिल हैं।

## आप की बात

### तीस्ता का असली चेहरा

**पद्मश्री** और राजीव गांधी सद्भावना पुरुस्कार से सम्मानित तीस्ता शीतलवाड़ वो नाम है जो राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं व विभागों से देश में सेवाभाव के नाम पर करोड़ों रुपए झटकती है और उस रुपए को राष्ट्रद्रोही ताक़तों पर लुटाती रही है। डॉ अजय खेमरिया का आलेख 'बेनकाब होने लगे आंदोलनजीवी' ऐसे ही कथित समाजसेवियों को नंगा करता है।गैर सरकारी संस्थाओं को चलाने वाले ऐसे ही कथित बुद्धिजीवी, वामपंथी और उदार मीडिया हर उस निर्णय का विरोध करने सड़कों पर उतरना अपना पवित्र उद्देश्य मानता है जो देश, संस्कृति और अखंडता का पक्षधर हो। ऐसी ही एक बुद्धिजीवी अरुंधति राय है। ये लोग हर उस आंदोलन को हाई जेक कर लेते हैं जो राष्ट्रीयता के विरोध में खड़े होते हैं। ये आतंकवादियों में मानवीय संवेदनाएं, पत्थरबाजों में मासूमियत भारतमाता को गाली देने वालों में अभिव्यक्ति की आज़ादी का भाव ढूंढने लगते हैं। ये सच है कि ऐसे राष्ट्रविरोधी तत्वों को कांग्रेस और कांग्रेसनीत सरकारों में खूब आश्रय मिलता रहा है। अब आवश्यकता इस बात की है कि सरकार इसे तत्वों पर देशद्रोह का अभियोग चलाकर इनको उचित स्थान पर सुशोभित करे।

– **प्राची टोंक,** मुज़फ्फरनगर

### प्लास्टिक पर प्रतिबंध

**सरकार** द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध लगाने का निर्णय पर्यावरण को शुद्व करने में सहायक होगा साथ ही जानवरों की जान की जोखिम भी खत्म करेगा। कचरे के ढेर से मुक्ति मिलेगी. प्रदूषण कम होगा. बस एक ही नुकसान होगा। इस धंधे और उद्योग से जुड़े लोगों के रोजगार प्रभावित होगें। किन्तु यदि वे इसके समकक्ष कागज कपड़े की थैलियों के उद्योग और व्यापार से जुड़ जाएंगे तो रोजगार भी बरकरार रहेगा साथ ही प्रदूषण कम करने में भी वे सहयोग कर सकेंगे। लोगों को चाहिए वे देशी पद्धति अपनाएं, कागज और कपड़े की थैलियां, दूकानदार मिट्टी के कुल्हड़, उत्सवों में लोग पत्तों से बने दोने-पत्तल मेटल के गिलास व घरों में मेटल के बर्तनों का उपयोग अधिक से अधिक करें तो इससे एक तो प्रदूषण कम होगा दूसरे उपजाऊ धरती को नुकसान भी नहीं पहुंचेगा। एक बात बिलकुल सच है कि आधुनिकता की होड़ ने ही प्रदूषण फैलाया है और पर्यावरण को दूषित किया है. हम भले ही आधुनिक बनें मगर अपने स्वास्थ्य के प्रति जवाबदार भी बनें। सरकार को भी चाहिए कि वो समय-समय पर उचित कदम उठाये जैसे उसने 30 जून 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने हेतु सख्त कदम उठाया है।

– **दीप्ति प्रदीप बंदवार**, रतलाम


### महाराष्ट्र में खींचतान

**महाराष्ट्र** के राजनीतिक गलियारों में सत्ता के लिए चल रही खींचतान अब अदालत की परिधि में आकर एक नए दौर में प्रवेश कर गई है! सत्ता का यह नंगा नाच देश की जनता पहले भी कई बार कई राज्यों में देख चुकी है। उसके लिए अब यह कोई नई बात नहीं है। और अदालत की परिधि में जाने के बावजूद देश की जागरूक जनता को अच्छे से एहसास है कि इस सब का अंजाम सत्ता के हस्तांतरण के रूप में सामने आने वाला है! और उद्धव ठाकरे को भी अल्पमत में आने के बावजूद सत्ता से चिपके रहने का मोह उनकी बची खुची साख को भी खत्म कर रहा है। इस मामले में शरद पवार और कांग्रेसी चाहे कितना भी जोर लगा ले अब वे महाविकास आघाड़ी के बेमेल गठजोड़ को कायम नहीं रख पाएंगे। क्योंकि इनके बीच लगा हुआ सत्ता का, फेविकोल, खत्म हो चुका है! और सारी चीजों को जानने बुझने के बावजूद केंद्र सरकार व राज्यपाल का चुप्पी साध लेना भी बहुत कुछ कह रहा है। और जनता को सामने दिख रहा सब कुछ समझ में भी आ रहा है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हमने** समय से नौ साल पहले गैर-फासिल ईंधनों से 40 प्रतिशत ऊर्जा प्राप्त करने का लक्ष्य पूरा कर लिया।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**उपचुनाव** नतीजों ने 2024 लोकसभा चुनाव के पहले जनता का मूड बता दिया है। हम सभी 80 सीटें जीतेंगे।

– **योगी आदित्यनाथ**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री



**भाजपा** शासन में लोकतंत्र की हत्या का क्रम शक्ति के दुरुपयोग से निर्वाचित सरकारें उखाड़ने तक जारी है।

– **अखिलेश यादव**
पूर्व मुख्यमंत्री

# बीजों पर सब्सिडी की किसानों को हो जानकारीः डीएम

**● डीएम की अध्यक्षता में खरीफ कार्यक्रम 2022 की तैयारियों की समीक्षा बैठक**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में 30 जून को आयोजित होने वाली संयुक्त मण्डलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी 2022 की तैयारियों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने खरीफ कार्यक्रम 2022 से सम्बंधी तैयारियों की प्रगति की जानकारी ली तथा कृषि निवेशों में बीज उर्वरक जिंक सल्फेट कृषि रक्षा रसायन बायोपेस्टीसाइड फसली ऋण तथा किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जहां पर मृदा स्वास्थ्य कार्ड को जो डेटा है। उसके बारे में किसानों को जानकारी होनी चाहिए कि कम लागत में कैसे अधिक उपज बढ़ाया जाये। उन्होंने इसके लिए जागरूकता अभियान चलाये जाने के


बैठक करते डीएम संजय कुमार खत्री।

निर्देश दिए। जिससे कि किसानों को जानकारी मिल सके। जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि से बीज की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि बीज एवं उर्वरकों की कोई कमी नहीं आनी चाहिए। ये सुनिश्चित कर लिया जाये। सभी प्रकार के बीजों पर सब्सिडी की जानकारी किसान भाईयों को होनी चाहिए। उर्वरक की समीक्षा करते हुए कहां कि जनपद में जितनी आवश्यकता है। उतना उर्वरक की उपलब्धता रहे। उन्होंने इफ्को के प्रबन्धक से उत्पादन की जानकारी ली तथा कहा कि उर्वरक की कोई कमी न होने पाये। ये तैयारी सुनिश्चित किया जाये। नैनो उर्वरक की जानकारी लेते हुए नैनो खादों की जानकारी किसानों तक पहुचायी जाये। विद्युत नलकूप एवं नहरों के संचालन की समीक्षा करते हुए कहा कि नलकूपों में अभी तक कितने कनेक्शन बाकी है।

जो भी कनेक्शन अभी बाकी है। उसे अधिशाषी अभियंता विद्युत से कनेक्शन कराने के लिए कहा है। किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा करते हुए स्थिति की जानकारी ली तथा कहा कि 3 दिनों में किसान क्रेडिट कार्ड की रिपोर्ट प्रेषित किया जाये तथा अधिकतम जो भी किसान छूटे है। उन्हें दिया जाये। डीएम ने जैविक खेती के बारे में भी उप निदेशक कृषि से जानकारी ली। उन्होंने खरीफ 2022 में उत्पादन सुनिश्चित करने हेतु समस्याग्रस्त बाढ़ सूखा क्षेत्रों में परिस्थितियों के अनुरूप कार्य योजना बनायी जाये। उन्होंने कृषि यंत्रीकरण सोल फोटो वोल्टिक पम्प वर्षा की स्थिति पीएम किसान योजना आदि की समीक्षा की। इस अवसर पर सीडीओ शिपू गिरि उप निदेशक कृषि विनोद कुमार सहित सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## वैश्विक महामारी के दौरान आँखों पर व्यापक शिकायतें

**प्रयागराज।** जब घरों पर भी लोग सुरक्षा की कमी महसूस कर रहे थे। इस प्रकार भारत और विश्व स्तर पर ऑन डिमांड कैब सर्विस प्रोवाइडर्स के समान आई वियर के लिए ऑन डिमांड सर्विसेस का एक इकोसिस्टम बनाना बड़ा विचार है। भविष्य को बदलने और इसे रिफ्रेम करने वाले ग्लोबल ऑर्गेनाइज़ेशन लेंसकार्ट ने जयपुर चंडीगढ़ और लखनऊ में घरेलू आई चेकअप सर्विस की नींव रखी है। लेंसकार्ट होम सर्विस वर्तमान में दिल्ली एनसीआर मुंबई बेंगलुरु अहमदाबाद पुणे चेन्नई कोयंबटूर हैदराबाद विजाग कोलकाता पटना और अन्य सहित तेईस शहरों में उपलब्ध है। यह ऑप्टिकल शॉप और आई केयर सर्विसेस को आसानी से सेफ्टी और कम्फर्ट के साथ घरों तक पहुँचाकर कस्टमर एक्सपीरियंस को फिर से परिभाषित कर रहा है। पांच सौ से अधिक प्रमाणित आई स्पेशलिस्ट्स के नेटवर्क के साथ लेंसकार्ट होम बिज़नेस ने पिछले दो वर्षों में दो सौ तक प्रतिशत की वृद्धि देखी है।

# पुलिस व वनविभाग की मिलीभगत से दबंगों ने काट डाले 100 शीशम के पेड़

**● बिना परमिट के हो रहा अवैध कटान, हैरिंग्टनगंज पुलिस सहित कुमारगंज वनकर्मी मौन**

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** कुमारगंज वन रेंज अंतर्गत इनायत नगर थाना क्षेत्र के मलेथ बुजुर्ग गांव में दबंग द्वारा 100 शीशम के हरे भरे पेड़ों को बिना परमिट के काट कर गिरा दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित खातेदार मामले में कार्यवाही हेतु हैरिंग्टनगंज चौकी इंचार्ज से इनायत नगर थाना और कुमारगंज वन रेंज की परिक्रमा कर रहा है। किंतु शिकायतों के बावजूद भी मामले में कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। इनायत नगर थाना क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत मलेथू बुजुर्ग गांव के पूरे टूड़ी निवासी श्याम बरन पुत्र छोटूराम ने इनायत नगर थाना पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप



लगाया है कि वह गाटा संख्या 3179 का संक्रमणीय भूमिधर है और मौके पर काबिज एवं दखील है। जिसमें उसके पुराने डेढ़ सौ शीशम के हरे भरे पेड़ भी खड़े हैं। गांव में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। उनके गांव के शिव पूजन पुत्र स्वामी प्रसाद द्वारा चालाकी और बेईमानी से अपना चक उनके मूल घाटे पर बनवा दिया गया है। जानकारी के बाद उसने उपसंचालक चकबंदी न्यायालय में निगरानी भी दायर कर रखी है। गांव में कब्जा परिवर्तन का कार्य चकबंदी विभाग की ओर से चलाया जा रहा है। चकबंदी लेखपाल एवं कानूनगो द्वारा बिना उनकी मौजूदगी के पैमाइश कर दी। इस बीच रात में चोरी से शिवपूजन पुत्र स्वामी प्रसाद द्वारा 100 शीशम के पेड़ों को मशीन से कटवा कर गिरा दिया गया। जब वह मौके पर पहुंचा तब उसने तुरंत 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम के मौके पर पहुंचते ही लकड़ी काट रहे लोग मौके पर ही लकड़ी छोड़कर भाग निकले। आरोपी का भाई सचिवालय में कर्मचारी है। जिसके प्रभाव में आकर इनायत नगर थाना पुलिस सहित वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी कोई भी कार्यवाही नहीं करना चाह रहे हैं। हालांकि इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक अमरजीत ने पीड़ित की शिकायत पर महज औपचारिकता निभाते हुए फौरी तौर पर चौकी प्रभारी हैरिंग्टनगंज यशवंत द्विवेदी को आवश्यक कार्यवाही किए जाने का निर्देश दे दिया है।

# जेल में बंदियों व प्रशासनिक हित के कार्यों की डीएम ने की सराहना

**अम्बेडकरनगर।** जनपद न्यायाधीश पद्म नारायण मिश्रा मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट, श्रीमती पूनम सिंह जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. एवं पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा द्वारा जिला कारागार, अंबेडकरनगर का औचक त्रैमासिक निरीक्षण भारी पुलिस बल के साथ किया गया। तत्पश्चात् बन्दियों से उनको जेल में मिलने वाली सुविधाओं यथा खानपान बिस्तर, चिकित्सा व्यवस्था मुलाक़ात पी.सी.ओ. से वार्ता तथा साफ़सफ़ाई के विषय में कोई शिकायत नहीं मिलने पर संतोष जताया। अन्य अहातों में जाकर बैरकों की सघन तलाशी करायी गई। अस्पताल के भ्रमण के समय वहां भर्ती बंदियों का हाल पूछा किसी के द्वारा किसी प्रकार की शिकायत नहीं की गई। संपूर्ण परिसर की सुरक्षा व्यवस्था स्वच्छता तथा शांतिपूर्ण माहौल एवं फूल पौधों की सजावट देखकर जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने नवनिर्मित कमल कुंड व बत्तख बाड़े में बत्तख को अंडे सेता हुआ देखकर अपार हर्ष व्यक्त किया।

निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा जेल अधीक्षक, हर्षिता मिश्रा को इसी प्रकार



प्रगतिशील सकारात्मक कार्य करते रहने के निर्देश दिए गए। जेल अधीक्षक द्वारा बन्दियों एवं प्रशासनिक हित में किये जा रहे कार्यों की भी जिलाधिकारी द्वारा भरपूर सराहना की गई। रचनात्मक कार्यों के कार्यान्वयन में आने वाली अड़चनों को दूर करने हेतु भी अपना सहयोग प्रदान करने के लिए उन्होंने आश्वत किया। निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक हर्षिता मिश्रा चिकित्साधिकारीॉ डॉ. पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह जेलर, गिरिजा शंकर यादव, डिप्टी जेलर राजेश कुमार व छोटेलाल सरोज समेत समस्त स्टाफ़ उपस्थित थे। निरीक्षण अत्यंत कुशलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# चंद्रशेखर आजाद पार्क में साफ सफाई सहित सभी आवश्यक व्यवस्था के दिए गए निर्देश

**● पार्क के सौन्दर्यीकरण, रखरखाव व सुरक्षा से संबंधित समिति की बैठक सम्पन्न**

**प्रयागराज।** अपर महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की उपस्थिति में मंगलवार को सर्किट हाउस के सभागार में चन्द्रशेखर आजाद पार्क के सौन्दर्यीकरण रखरखाव व सुरक्षा से सम्बंधित समिति की बैठक आयोजित की गयी। जॉगिंग ट्रैक के मरम्मत पुनर्निर्माण झील के सौन्दर्यीकरण साउण्ड एण्ड म्यूजियम सिस्टम के अनुरक्षण ट्वाय ट्रेन की स्थापना पार्क में स्थित सड़क के पुनर्निर्माण मरम्मत पार्क में प्रस्तावित हिरन पार्क बनाये जानेए औषधि वाटिका के निर्माण उद्यान चेतना केन्द्र की मरम्मत पार्क में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था व अन्य विषयों के सम्बंध में बिंदुवार समीक्षा की गयी। पार्क में स्थित झील की सफाई उसके सौन्दर्यीकरण एवं उसमें पानी तथा वोटिंग की व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया गया। चन्द्रशेखर आजाद पार्क


बैठक करते डीएम और अपर महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी।

में ट्वाय ट्रेन की स्थापना के सम्बंध में तीव्र गति से कार्रवाई करते हुए ट्वाय ट्रेन बनाये जाने के सम्बंध में निर्देश दिए गए। इसी तरह से पार्क में प्रस्तावित हिरन पार्क बनाये जाने के सम्बंध में भी त्वरित गति से कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया गया। उद्यान चेतना केन्द्र की मरम्मत कराने एवं वहां पर प्रशिक्षक नियुक्त किए जाने के सम्बंध में आवश्यक कार्रवाई किए जाने हेतु उद्यान अधीक्षक को निर्देशित किया गया।

पार्क में औषधीय वाटिका के निर्माण किए जाने के सम्बंध में भी आवश्यक कार्रवाई किए जाने के लिए उद्यान अधीक्षक को निर्देशित किया गया। पार्क में पैदल चलने में असमर्थ वृद्धजनों दिव्यांगों तथा अन्य चिकित्सीय आकस्मिकताओं के दृष्टिगत गोल्फ कार्ट बनाये जाने के सम्बंध में भी निर्देशित किया गया। पार्क में साफसफाई पीने के पानी तथा डस्टबिन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिए। खराब वाटर कूलर के स्थान पर नया वाटर कूलर लगाये जाने के लिए भी निर्देशित किया गया। एसपी सिटी दिनेश सिंह सचिव पीडीए मुख्य कोषाधिकारी उप निदेशक उद्यान पंकज शुक्ला उद्यान अधीक्षक चन्द्रशेखर आजाद पार्क उमेश उत्तम सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### बैनामें की जमीन पर उठाई गई दीवार ढहा दी

**जाना बाजार।** दिव्यांग द्वारा अपने बैनामें की जमीन पर उठाई गई दिवाल को गांव के एक व्यक्ति ने महिलाओं के साथ ढहा दिया। पीड़ित दिव्यांग ने हैदरगंज पुलिस व सीओ बीकापुर से शिकायत किया है। मामला हैदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रौहारी के मजरे कतकौली गांव निवासी दिव्यांग रामगुलाम वर्मा अपने बैनामें की जमीन पर पुलिस सुरक्षा के बीच राजस्व विभाग की पैमाइश के बाद गाड़े गए खूटे के अनुसार दीवाल उठाया था। जो गांव के दबंग मायाराम को रास नहीं आई। मायाराम ने अपने परिवार की महिलाओं सहित लोगों के साथ मिलकर दिव्यांग द्वारा बनाई गई दीवाल को गिरा दिया। जिसके बाद दिव्यांग में इसकी सूचना हैदर गंज थाने की पुलिस सहित क्षेत्राधिकारी बीकापुर को दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर हैदरगंज थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शिकायत मिली हुई है कार्यवाही की जा रही है।

### युवती ने नहर में कूदकर दी जान

**मिल्कीपुर अयोध्या।** खण्डासा थाना क्षेत्र के मेंहदी मजरे चंदौरा में मंगलवार सुबह एक 18 वर्षीय युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में शारदा नहर मे कूदकर जान दे दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकलवाकर पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मेहंदी गांव निवासी राम सुरेश की पुत्री पूनम ने मंगलवार सुबह गांव के बगल से बह रहे शारदा नहर के डिहवा पुल के पास छलांग लगा दी। जब तक लोग कुछ समझ पाते और बचाने का प्रयास करते हैं युवती गहरे पानी में डूब गई। लोगों ने पुलिस को सूचना देकर युवती की तलाश शुरू की। गहन खोजबीन के बाद युवती का शव अमानीगंज के रामनगर पुल के पास से बरामद हुआ। खंडासा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती पूनम इंटरमीडिएट पास है । वहीं परिजनों का कहना है कि वह कुछ दिनों से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। थानाध्यक्ष खंडासा ने बताया है कि युवती के बरामद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### रोजगार मेला कल

**अयोध्या।** डीएम नितीश कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन, अयोध्या के संयुक्त तत्वाधान में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन 30 जून, 2022 को प्रातः 10 बजे राजकीय आईटीआई परिसर बेनीगंज अयोध्या में किया जा रहा है। निजी क्षेत्र की लगभग 15 कम्पनियों द्वारा लगभग 2000 पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगीं। प्रतिभाग करने वाली प्रमुख कम्पनियों का विवरण निम्नवत है हिमालयन मैनपावर सर्विस, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक प्रा.लि., बायोटेक रिसर्च इन्स्टीट्यूट, जी फोर एस सिक्योर सोल्यूशन इण्डिया, एसबीआई लाइफइश्योरेंस, पंतकली एग्रो, बजाज ऑटो मोबाइल एण्ड मैन पावर आदि कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। ऐसे अभ्यर्थी जिनकी आयु सीमा 18 से 40 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, आईटीआई एवं स्नातक हो, सेवायोजन कार्यालय के पोर्टल पर पंजीकरण कराकर रोजगार मेला आईडी. 5791 पर ऑनलाइन आवेदन कर प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा के साथ उक्त दिनांक को राजकीय आईटीआई परिसर बेनीगंज अयोध्या में उपस्थित हों।

### अपहृत बालिका बरामद

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** विगत 13 जून को महरुआ थाना क्षेत्र के खजूरडीह गांव से अपहृत की गई लड़की महरूआ पुलिस ने बरामद कर ली है पीड़िता को मेडिकल परीक्षण हेतु जिला अस्पताल अंबेडकर नगर के लिए रवाना कर दिया गया है। उक्त जानकारी थाना अध्यक्ष महरुआ राजीव श्रीवास्तव के द्वारा दी गई है थानाध्यक्ष ने बताया है अभियुक्त महेंद्र फरार चल रहा है उसकी तलाश जारी है बहुत जल्द उसकी गिरफ्तारी की जाएगी। इस घटना में पीड़ित लड़की के पिता की तहरीर पर महरुआ थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा पहले ही दर्ज किया जा चुका था और उसकी विवेचना जारी इसी दौरान पीड़िता लड़की महरुआ बाजार मे दिखाई पड़ी जहां से पुलिस ने उसे बरामद कर लिया महिला पुलिस के साथ उसे मेडिकल परीक्षण हेतु भेजा गया है।

### बार एसोसिएशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** बार एसोसिएशन भीटी के अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी भीटी सुनील कुमार को सौंपा है अधिवक्ताओं ने दिए गए ज्ञापन में लिखा है की तहसीलदार भीटी के यहां चल रहा है एक मुकदमा श्रीमान जिलाधिकारी के द्वारा अपर तहसीलदार अकबरपुर के यहां ट्रांसफर कर दिया गया है जिससे भीटी तहसील के समस्त अधिवक्ता क्षुब्ध हैं भीटी तहसील के अधिवक्ताओं ने मांग की है भीटी तहसील की समस्त पत्रावली को भीटी और अकबरपुर तहसील कि समस्त पत्रावली को अकबरपुर में स्थानांतरित कर दिया जाए। और यदि ऐसा नहीं किया गया।तो बार एसोसिएशन भीटी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# भाजपा महानगर कार्यसमिति की बैठक में संगठन को लेकर की गयी गहन चर्चा

**अयोध्या।** सहादतगंज स्थित भाजपा कार्यालय में महानगर कार्यसमिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में संगठन को लेकर कई बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। मनाये गये कार्यक्रमों की समीक्षा व पार्टी द्वारा दिये गये कार्यक्रमों को मनाने की रुपरेखा तैयार की गयी। बैठक में उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ का दूसरी बार निविरोध प्रदेश अध्यक्ष बनने पर विकास सिंह का अभिनंदन किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सम्पर्क, संवाद व प्रवास के तहत भाजपा के कार्यकर्ता लगातार समाज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते है। इस प्रक्रिया को हमें तेज करना है। आम जनता के बीच रहकर कार्यकर्ताओं को विचारधारा व सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के बारें में चर्चा करनी चाहिए। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने अयोध्या के विकास के लिए योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है। श्रद्धालुओं को




वैश्विक मानकों के अनुरुप सुविधाएं देने के लिए हम कटिबद्ध है। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि पूरी दुनिया की अयोध्या पर नजर है। इसलिए अयोध्या महानगर के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी काफी ज्यादा है। हमें अपनी जिम्मेदारियों का पूरे सामर्थ्य के साथ निवार्हन करना चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि भाजपा की राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव के साथ समाज का हर वर्ग जुड़ा हुआ है। कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मिला है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि जनसम्पर्क को पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता और बढ़ा दे। सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से सम्पर्क करके उनके अनुभव दूसरों से साझा करे। पदाधिकारी व कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर एक्टिव रहे तथा देश, प्रदेश और खास कर अपने जिले में घटने वाली घटनाओं के बारे में जानकारी रखें।

# अजय मुक्त विवि के नए सत्र के पहले विद्यार्थी

**● कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने किया ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ**

**प्रयागराज।** उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विवि प्रयागराज के सत्र जुलाई 2022 23 के ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का प्रारंभ कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने प्रवेश विभाग में किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रथम प्रवेशित एम ए हिंदी के विद्यार्थी अजय को बधाई दी। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रदेश के सभी 12 क्षेत्रीय केंद्रों से संबद्ध लगभग 1300 अध्ययन केंद्रों पर प्रारंभ की गई है। प्रोफेसर सिंह ने बताया कि इस बार प्रवेश प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रवेश पोर्टल पर आवश्यक सुधार किए गए हैं। छात्रों को असुविधा न हो। ऑनलाइन फॉर्म भरने वाले शिक्षार्थी ज्यादातर साइबर कैफे से फार्म भरवाते हैं। प्रवेश फार्म में त्रुटियां रह जाती थी। इस बार प्रवेश फार्म को त्रुटि रहित बनाने के लिए यह


नव प्रवेशित छात्र का स्वागत करतीं कुलपति प्रो सीमा सिंह।

व्यवस्था की गई है कि प्रवेश फार्म में जब तक पूर्व की सभी प्रविष्ठियां भर नहीं जाएंगी। फार्म अगले स्टेप पर नहीं जाएगा। इस तरह की व्यवस्था से प्रवेशार्थी भी सचेत रहेंगे और फॉर्म भरने में उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

प्रारंभ में प्रवेश प्रभारी डा ज्ञान प्रकाश यादव ने कुलपति प्रोफेसर सिंह का स्वागत किया। कुलसचिव प्रोफेसर पी पी दुबे वित्त अधिकारी अजय कुमार सिंह डा दिनेश सिंह डा सतीश चंद्र जैसल एवं प्रवेश विभाग के अन्य कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## सांख्यिकी दिवस पर मुक्त विवि में सिंपोजियम आज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान एवं सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय भारत सरकार के नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस प्रयागराज के सहयोग से बुधवार 29 जून को पूर्वान्ह 10.30 बजे लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में डाटा फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषय पर सिंपोजियम का आयोजन होगा।

# शतरंज ओलम्पियाड मशाल रिले का लोहिया अवध विवि में भव्य स्वागत

**● उप्र सरकार के वरिष्ठ मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा ने 44वें शतरंज ओलम्पियाड के मशाल रिले की अगवानी की**

**अयोध्या।** उप्र सरकार के वरिष्ठ मंत्री नगर विकास एवं उर्जा विभाग अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा अयोध्या में वाराणसी से आयी शतरंज ओलम्पियाड मशाल रिले की आगवानी की गयी। शतरंज ओलम्पियाड मशाल रिले का उप्र के विधान भवन में 26 जून 2022 को मा. मुख्यमंत्री योगी व विश्व शतरंज चैम्पियन विश्वनाथन आनन्द की उपस्थित में किया गया था तथा लखनऊ से यह मशाल रिले 27 जून को वाराणसी, जौनपुर, सुल्तानपुर आदि जनपदो के मार्गो से होते हुए अयोध्या के सर्किट हाउस में विश्राम किया तथा आज 28 जून 2022 को प्रात: 07 बजे मा. नगर विकास एवं उर्जा मंत्री शर्मा एवं मा. सांसद लल्लू सिंह, मेयर ऋषिकेश उपाध्याय, मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा, पुलिस उप महानिरीक्षक एपी सिंह, डीएम नितिश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, नगर आयुक्त विशाल सिंह, मुख्य विकास अधाकिरी अनीता यादव तथा संस्था



के शतरंज संघ के अध्यक्ष संजय कपूर एवं सचिव भरत सिंह चैहान आदि की उपस्थिति में मशाल रिले का सर्किट हाउस अयोध्या से जनपद भ्रमण करते हुए डा. राममनोहर लोहिया विवि के विवेकानन्द प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह स्थल में पहुॅची जहॉ शतरंज के प्रेमियो व खिलाड़ियो के मध्य मशाल रिले का भव्य स्वागत किया गया। 44वें शतरंज ओलम्पियाड मशाल रिले को नई दिल्ली से मा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 19 जून 2022 को रवाना किया गया था, यह मशाल रिले उत्तराखण्ड के देहरादून, हरिद्वार होते हुए 25 जून को मेरठ जनपद में पहुॅची जिसका स्वागत राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्रियो द्वारा किया गया था। अगली कड़ी में यह मशाल रिले कानुपर होते हुए 26 जून को लखनऊ पहुॅची जिसका मा. मुख्यमंत्री एवं मंत्रियो सहित अन्य मंत्रीगणो द्वारा विधान भवन में स्वागत किया गया था। यह मशाल रिले लखनऊ से वाराणसी होते हुए अयोध्या के पश्चात बस्तीए संतकबीर नगर मार्ग से होते हुए गोरखपुर पहुॅचेगी जहॉ पर भी उप्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी एवं मंत्रीगण द्वारा स्वागत किया जायेगा।

मा. नगर विकास एवं उर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा ने शतरंज ओलम्पियाड मशाल रिले समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि मा. प्रधानमंत्री ने विगत दिनांक 19 जून 2022 को इस मशाल रिले का उद्घाटन नई दिल्ली से किया गया। शतरंज ओलम्पियाड मशाल रिले को भारत की आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के तहत मनाया जा रहा है, इसलिए यह मशाल रिले 40 दिनों में देश के 75 शहरो व प्रदेश के 09 शहरो से होकर गुजरेगी और 28 जुलाइ से 10 अगस्त 2022 तक तमिलनाडु में चेन्नई के पास महाबली पुरम में होने जा रहे 44वे शतरंज ओलम्पियाड में शामिल होगी। उन्होंने कहा कि शतरंज ओलम्पियाड में 188 देशो के लगभग 2000 खिलाड़ी भाग ले रहे है यह हमारे लिए गौरव का क्षण है। महाबली पुरम पल्लव राजवंश की राजधानी रही है जो मूर्तिकलाओ एवं मंदिरो का केन्द्र रहा है। मा. मंत्री शर्मा ने कहा कि आधुनिक ओलोम्पिक की शुरूआत सन् 1927 में हुई थी जिसमें भारत आजादी की 75वे वर्ष में पहली बार भारत के मेजवानी करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि शतरंज/चतुरंग यह खेल भारत के प्राचीनतम् खेल है इस खेल का उल्लेख महाशिव पुराण में मिलता है जिसमें परम पिता परमेश्वर महादेव एवं माता पार्वती के मध्य खेलने का उल्लेख मिलता है। इस खेल का उल्लेख महाभारत एवं भारत के राजा महाराजाओ के मध्य खेले जाने का उल्लेख मिलता है जिसके अलग.अलग नाम से जाना जाता है इसमें और अध्ययन की आवश्यकता है। मशाल रिले हमारे देश के 75 शहरो में जहॉ जहॉ जायेगी। वहॉ–वहॉ शतरंज के प्रति प्रेम बढ़ा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मा. मुख्यमंत्री द्वारा मुझे नर्देश दिये गये थे।

# नगर विकास व उर्जा मंत्री ने की समीक्षा बैठक

**अयोध्या।** नगर विकास एवं उर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा सर्किट हाउस में नगर निगम, विद्युत एवं जल निगम के अधिकारियो के साथ संक्षिप्त समीक्षा बैठक की गई। मंत्री ने कहा कि प्रथम बरसात में नालो में जल भराव की समस्या की शिकायते आयी है विशेषकर अयोध्या क्षेत्रा में इसको ठीक किया जाये। नगर निगम क्षेत्र एवं उसके बाहर सभी को समुचित रूप से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाये। विद्युत आपूर्ति के संबंध में जानकारी लेने के बाद कहा कि अयोध्या में निर्बाध गति से शहरी क्षेत्रो में 24 घण्टे तथा ग्रामीण क्षेत्रो में 18 घण्टे मानक के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये इसमें किसी भी प्रकार की समस्या आने पर मुझे व मेरे कार्यालय को अवगत कराये तथा इसका नियमित अनुश्रवण विभागीय वरिष्ठ अधिकारियो के अलावा मंण्डलायुक्त व जिलाधिकारी भी करते हुए बेहतर समन्वय बनाये। इस बैठक में मण्डलायुक्त नवदीव रिणवा, पुलिस उप महा निरीक्षक एपी सिंह, जिलाधिकारी नितिश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक



शैलेश कुमार पाण्डेय, नगर आयुक्त विशाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव, अपर नगर आयुक्त सच्चिदानन्द सिंह, उप निदेशक, सूचना डा. मुरलीधर सिंह सहित अभियन्तागण उपस्थित रहें। प्रदेश के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा जी द्वारा मंत्री बनने के बाद अयोध्या का यह दूसरा दौरा है, 06 मई 2022 को मा. मुख्यमंत्री के साथ अयोध्या के प्रभारी मंत्री के रूप में पहला भ्रमण था। मंत्री जी के कहा कि एक माह के अन्दर विभागीय समीक्षा के लिए पुन: आऊंगा तथा अयोध्या के विकास में गति दी जायेगी। आज उप्र सरकार की कैबिनट बैठक होने के कारण मुझे जल्दी जाना पड़ रहा है। संक्षिप्त बैठक के पश्चात मा. मंत्री जी द्वारा रामलला मंदिर का पूजन दर्शन किया गया जहॉ मुख्य पुजारी सत्येन्द्र दास, मुख्य अर्चक अन्य आचार्य/ अर्चक प्रेमनाथ त्रिपाठी श्री गिरीश जी तथा आरजेबी पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डेय, आरएमओ अर्जुन देव एवं उनके अन्य स्टाफ उपस्थित थे। मा. मंत्री जी ने पूजन एवं दर्शन के बाद अधिकारियो एवं मीडिया बन्धु सहित सभी का आभार प्रकट किया।

# पौधरोपण के लिए बनाएं प्रारूप

संवाददाता। सीतापुर



**जिलाधिकारी** अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति व जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एजेण्डा बिन्दुओं पर एक-एक करके समीक्षा की एवं निर्देश दिये कि सभी विभाग आपसी समन्वय से बेहतर कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिये कि जो भी पौधों का वृक्षारोपण किया जाना है गढ्डे खुदवाकर उसका प्रमाण-पत्र संबंधित कार्यालय में ससमय उलपब्ध करा दें। साथ ही निर्देश दिये कि वृक्षारोपण के लिये जो भी पौधों की आवश्यकता है उनका प्रारूप तैयार कर प्रस्तुत करें। मियावाकी के अनुरूप वृक्षारोपण किया जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण किया जाये। उन्होंने डी0सी0 मनरेगा को निर्देश दिये कि मास्टर रोल के अनुसार ही गढ्डे खुदवाये जायें, जो भी पौधें 7 फिट के हो गये हों उनको ट्रैंच खोदकर गौशालाओं में वृक्षारोपण किया जाये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि एन0एच0आई0 से समन्वय स्थापित कर डिवाईडरों पर वृक्षारोपण कराया जाये। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि वृहद गौशालाओं में अच्छी प्रजाति वाले पौधों को रोपण किया जाये। सिंचाई विभाग को निर्देश दिये कि सामाजिक वानिकी से समन्वय स्थापित करते हुये नदियों के किनारों पर कटान रोधी खस के पौधों को व्यापक मात्रा में लगवाकर संरक्षित किया जाये। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि बच्चों के समूह एवं युवा मंगल दल से समन्वय कर वृक्षारोपण कराया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वृक्षारोपण से जुड़ी संस्थाओं से समन्वय कर ट्रीगार्ड की व्यवस्था सुनिचित की जाये। बायो फेन्सिंग कराने के लिये किसानों को प्रेरित किया जाये। बैठक के दौरान प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी ब्रज मोहन शुक्ला, क्षेत्राधिकारी सदर पीयूष सिंह, डी0सी0 मनरेगा सुशील कुमार श्रीवास्तव सहित संबंधित संबधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सहायक अध्यापक ने शिक्षा मित्र पर मानसिक प्रताड़ना के लगाए गंभीर आरोप

संवाददाता। सिधौली सीतापुर

**क्षेत्र के** प्राथमिक विद्यालय खमरिया मे 18माह से कार्यारत सहायक अध्यापक हर्सित त्रिपाठीने अपने ही विद्यालय मे कार्यारत शिक्षा मित्र स्नेह लता सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए कुछ वीडियो शोशल मीडिया पर वायरल किया है वायरल वीडियो के आधार पर आई इंडिया ने जब सहायक अध्यापक हर्सित त्रिपाठी से बात किया तो उन्होने बताया कि उनकी 2018 मे हुई 69हजार शिक्षक भर्ती के दौरान भर्ती हुए थे 18माह से सिधौली क्षेत्र के कम्भरिया प्रार्थमिक विद्यालय मे सहायक अध्यापक के पद पर कार्यारत है वही पर पहले से कार्यारत शिक्षा मित्र स्नेह लता सिंह उनको आएदिन प्रताड़ित करती रहती है सहायक अध्यापक का आरोप है कि आठ माह पहले प्रधानाध्यापक अतिरिक्त प्रभार शिक्षामित्र के पास था उसके बाद यह अतिरिक्त प्रभार सहायक अध्यापक हर्षित त्रिपाठी को मिल गया जिससे परेशान होकर महिला शिक्षामित्र द्वारा सहायक शिक्षक को हंसाने के लिए तरह-तरह की साजिशें की जाने लगी सहायक अध्यापक ने बताया जिससे परेशान होकर वह मानसिक रूप से बीमार हो गया एक अध्यापक द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी सहित उच्च अधिकारियों से मामले की जांच करा कर कार्रवाई करने की मांग की गई खंड शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार गौतम ने बताया मामले का संज्ञान लिया गया है जांच कमेटी गठित कर दी गई है जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### दर्जनों महिलाओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिधौली सीतापुर ।** अमृत सरोवर योजना के तहत चयनित तालाब पर चल रहे कार्य मे बाधा उत्पन्न किऐ जाने को लेकर दर्जनों महिलाएं व पुरुष उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर समस्या का निस्तारण कराऐ जाने की मांग की है। विकास खण्ड की ग्राम पंचायत मनवां के प्रधान पति सुफ़्यिान की अगुआई मे दर्जनों महिलाएं व पुरुष मंगलवार को सयूक्त हस्ताक्षरित प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी अजय कुमार सिंह को देते हुऐ बताया है कि मनवां मे तालाव गाटा संख्या 1079 स्थित है इसी तालाब के पास प्राचीन काल का काली देवी मन्दिर स्थित है तालाब का भानू कश्यप मनवां के नाम हुआ था जिसमे मछली पालते है उक्त तालाब का चयन अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत हुआ है जिससे अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत कार्य चल रहा है भानू कश्यप उक्त मन्दिर के पास के तालाब मे मांसमछलियो के लिऐ डालते है जिससे गांव के हिन्दू ब्यक्तियो को काफी दिक्कत होती है जबकि भानू कश्यप वर्तमान प्रधान से मछली हटवाने के लिऐ 35000 हजार रुपये ले चूके है अब कश्यप अमृत सरोवर योजना के कार्य मे बाधा डालते है जिससे ग्राम वासियों मे रोष ब्याप्त है उक्त प्रकरण के निस्तारण के लिऐ ग्राम वासी बिमला श्रीदेवी शिवदुलारी गुडिया पिंकी फूलचन्द उमाशंकर बबलू राहुलमनोज दीपक मिश्रीलाल दीनदयालकुलदीप रामकुमारबैजू बिनोद आदि दर्जनों महिलाएं व पुरुषो ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दे।

### बेखौफ चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना

**थानगांव सीतापुर।** थानगांव इलाके में एक बार फिर बेखौफचोरों ने ग्राम प्रधान सहित दो घरों में बीती रात नगदी समेत लाखों का सामान पार कर दिया है।पीड़ितों ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफतहरीर दे दी है। रामउदित पुत्र मिश्रीलाल निवासी प्रधाननपुरवा मजरा सीपतपुर थाना थानगांव के घर बीती रात बेखौफचोर घर के पिछले दरवाजे से किसी तरह अंदर घुस गए और कमरों का ताला तोड़कर गृहस्वामी के मुताबिक 20 हजार रुपये की नगदी सहित करीब ढाई लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफकर दिया। इसके बाद चोरों ने इसी गांव निवासी ग्रामसभा सीपतपुर के प्रधान अकबाल बहादुर पुत्र सहजराम के घर घुसकर 5 हजार रुपए की नगदी सहित करीब 50 हजार रुपये के जेवर चुरा ले गए । सुबह होने पर भुक्तभोगियों को चोरी की जानकारी हुई।पीड़ितों ने अज्ञात चोरों के खिलाफथानगांव थाने में तहरीर दे दी है। पुलिस ने मौका-मुआयना कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### केन्द्र सरकार की चलाई योजनाओं का हुआ बखान

**सीतापुर।** सीतापुर के सासंद राजेश वर्मा बूथ सशक्ती करण अभियान के अन्तर्गत ब्लाक कसमण्डा के बम्हौरा, दाउदपुर, खानपुर डोभा, सीताराम पुरवा, लछिमनपुर, रमुवापुर, सरवरपुर केसरिया, धरैचा, ककरहिया, कैथा भारी आदि टोटल 14 बूथो पर जनसम्पर्क करके प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, खाद्यान रासन, शौचालय, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, मुफ्त विजली कनेक्शन, उज्वला योजना के लाभार्थियो से मिलकर सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण कारी योजनावो के विषय मे जानकारी ली तथा उपस्थित जनसमूह को डबल इंजन की मोदी योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनावो के विषय मे जानकारी देते हुए उपस्थित जनता-जनार्दन से आनेवाले लोकसभा चुनाव 2024 मे कमल के फूल वाला बटन दबाकर पूर्ण बहुमत मोदी जी को पुनः तीसरी बार भारत देश का प्रधानमंत्री बनाने की अपील की इस मौकेपर महिला मोर्चा जिलाउपाध्यछ आषाशर्मा, मंडल अध्यक्ष कमलापुर अमर बाजपेई, मेम्बर आफटी, ए, सी ,गुड्डू भारती,गिरीश शर्मा, सेक्टर संयोजक दाउदपुर बिपिन मोहन तिवारी,मीडिया प्रभारी ऋषी मिश्रा , दिलीप शुक्ला, अमित भारती,आदि सैकणो की सख्या मे पार्टी के पदाधिकारी व समर्थक मौजूद रहे

### युवक हुआ जहरखुरानी का शिकार

**बरेली ।** रोडवेज की बस में यात्रा कर रहे एक युवक को जहरखुरानी गिरोह ने अपना शिकार बना लिया बस का चालक उसे सड़क किनारे छोड़ कर चला गया घर वालों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के करेली निवासी सारिक पुत्र जाहिद को आज दोपहर बेहोशी की हालत में घर वालों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उन्होंने बताया कि सारिक कारपेंटर है और 12 दिन पूर्व वह काम करने के लिए लखनऊ गया था जहां से वह रोडवेज की बस से अपने घर लौट रहा था लेकिन बस में उसके साथ सवाल जहर खुरानी गिरोह के बदमाशों ने उसे नशीली कोल्ड ड्रिंक पिला दी जिसे पीने के बाद वह बेहोश हो गया बस का चालक उसे इज्जत नगर थाना क्षेत्र में फरीदा पुर गांव के पास सड़क किनारे छोड़ कर चला गया उसकी जेब से मिले पहचान पत्र के आधार पर पुलिस ने उसके घरवालों को सूचना दी जो उसे घर ले आए लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ तो आज दोपहर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

# खेत पर जा रहे ग्रामीण की करंट लगने से मौत

संवाददाता। बरेली

**खेत पर जा** रहे एक ग्रामीण की रास्ते में ही एक खेत के चारों ओर तार लगाकर फैलाए गए करंट की चपेट में आने से मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर करंट वाले खेत मालिक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी ।मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव बलूपुरा निवासी 30 वर्षीय हरीश कुमार पुत्र ज्वाला प्रसाद की बीती रात लगभग 10 बजे गांव के पास स्थित एक खेत में फैले करंट की चपेट में आने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि हरीश कुमार सोमवार की रात लगभग 10 बजे अपने खेत पर सोने के लिए घर से निकला था लेकिन रास्ते में मीरगंज के गांव नत्थूपुरा निवासी सतबीर पुत्र हरप्रसाद के खेत में फैले करंट की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई घर वालों ने बताया कि सतवीर ने अपने खेत की सुरक्षा के लिए उसके चारों और तार की बाउंड्री बनाकर उसमें कटिया डालकर करंट छोड़ दिया था ताकि कोई जानवर उसके खेत में न घुस सके लेकिन हरीश कुमार इसी करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई सुबह होने पर लोगों ने हरीश कुमार के शव को सतवीर के खेत के पास देखा तब पता चला कि उसकी करंट लगने से मौत हो गई सूचना मिलने पर पहुंचे घर वालों ने घटना की शिकायत पुलिस से कर दी जिसने रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा सतवीर फरार बताया जाता है ।

### बड़े भाई ने छोटे पर किया जानलेवा हमला

**बरेली ।** संपत्ति के बंटवारे को लेकर हुए विवाद के बाद बड़े भाई ने छोटे भाई पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया हमलावर फरार बताया जाता है।प्रेम नगर थाना क्षेत्र के छावनी अशरफ खा निवासी सोनू सागर पुत्र ओमप्रकाश सागर को आज दोपहर घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया जहां सोनू ने बताया कि वह बिजली मिस्त्री है और उसका अपने बड़े भाई मिंटू सागर से मकान और दुकान के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है आज सुबह इसी बात को लेकर फिर से विवाद हो गया गुस्साए मिंटू ने उसके सिर में लोहे की रॉड मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया मोहल्ले के लोगों ने उसे बचा लिया उसने घटना की शिकायत पुलिस से कर दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा और मिंटू सागर की तलाश शुरू कर दी जो फरार बताया जाता है ।

# पीआरएसएस के सैकड़ों पदाधिकारी नरमू में शामिल हुए, ली सदस्यता

**बरेली।** एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के मंडल कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह मलिक की अध्यक्षता में एक सभा आयोजित की गयी। जिसमें नरमू की नीतियों एवं उनकी कृयाक्लापों से प्रभावित होकर श्रमिक संघ का दामन छोड़ सैकड़ो पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने नरमू की सदस्यता ग्रहण की।नरमू के केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी व मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह मलिक द्वारा सभी नये सदस्यों को माला पहनाकर उनका नरमू परिवार में स्वागत किया। तथा सभी सदस्यों ने बड़े जोश के साथ सदैव नरमू परिवार के साथ रहने एवं कर्मचारी हित में काम करने की शपथ ली। सम्मिलित होने वाले नए सदस्यों में प्रमुख रूप से जसवीर सिंह, अमित कुमार, अजय कश्यप,योगेश राठी,कुलवीर सिंह, धर्मेंद्र कुमार, रोहित राणा, शिव राठी,अरविन्द राणा,विकास राणा, प्रवीण कुमार, कमल,अजीत कुमार, अनुज कुमार, रोहित कुमार,आरती टम्टा,ज्योति आदि शामिल हुए।अंत में नरमू के केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने बताया की कल भोजनावकाश के समय एक आम सभा का आयोजनमंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के पास बैंक के सामने जिसमें रेलवे के निजीकरण व निगमीकरण तथा एन पी एस का विरोध किया जायेगा । इस अवसर पर बैठक में मुख्य रूप से नरमू के सुन्दर पाल सिंह, जगवीर सिंह यादव, रोहित सिंह, सी डी अवस्थी,संजय त्यागी,रईस अहमद, माजिद हसन, हसीब खान, बलवंत सिंह, मोहम्मद यूनुस, कुलदीप आर्य,जितेंद्र कुमार, ताजुद्दीन खाँ, पी सी कपूर एवं मीडिया प्रभारी आरिफ हुसैन आदि नरमू के पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### अन्तरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दिवस के अवसर पर संगोष्ठी, रैली व प्रदर्शनी आदि का आयोजन

**बरेली।** अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थों का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर मद्य निषेध विभाग व संकल्प सोशल वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से संगोष्ठी व रैली, प्रदर्शनी आदि का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला मद्यनिषेध अधिकारी श्री मनोज कुमार ने विगत दिवस संगोष्ठी कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा है कि एल्कोहल व मादक द्रव्य, चरस, इंजेक्शन का प्रभाव हमारे समाज की युवा पीढ़ी को अपने ग्रफ्त में ले रहा है जो सामाजिक रूप से पतन का मुख्य कारण है साथ ही उन्होंने पश्चिमी सभ्यता का भी जिक्र कर हो रहे नशे के शिकार लोगों से बचने व माता-पिता को बच्चों की निगरानी करने के लिये भी कहा और लोगों से नशा न करने की अपील की। इसी क्रम में कार्यक्रम के संयोजक श्री प्रेम सिंह चौहान ने सभी से अपने आस पास लोगों को नशा न करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि नशा हमारे समाज में घुन का काम कर रहा है।

# एक सीएचसी व तीन पीएचसी को किया पुरस्कृत: सीएमओ

- कायाकल्प अवार्ड में चयनित हुए थे चारों
- सीएमओ ने कहा: स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर है शासन

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

**मुख्य चिकित्साधिकारी** डा. शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि चिकित्सा इकाईं में प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं, सुदृढ़ीकरण एवं गुणवत्तापरक सुधार किया जाना देश एवं प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इसे साकार करने के उद्देश्य से क्वालिटी एश्यारेन्स कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत जनपद एवं ब्लाक की समस्त चिकित्सा इकाईयों का सुदृढ़ीकरण किया जाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कतिपय चेकप्वाइंटर हैं जिसमें अंतर्विभागीय सहयोग की आवश्यकता होती है। जिससे चिकित्सा इकाई के आस-पास सम्पर्क मार्ग, प्रकाश की व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं निस्तारण, परिसर के बाहर नालियों की सफाई समुचित पार्किंग की व्यवस्था, शौचालय, वृक्षारोपण आदि की व्यवस्था की जाती हैँ इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाने हेतु 50 बिन्दुओं की एक सामान्य चेकलिस्ट विकसित की गई है। इसके आधार पर चिकित्सा इकाइयों का असेस्मेंट तीन चरणों में किया जाता है। विगत वर्ष 2021-22 में जनपद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान को संत्वना पुरस्कार, पीएचसी ओयल को प्रथम, सीएचसी बेलरायां, पीएचसी कालाआम को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत हुए। इस तरह कायाकल्प अवार्ड में जनपद में से एक सीएचसी व तीन पीएचसी को कायाकल्प अवार्ड प्राप्त हुआ है।

# डीएच इमरजेंसी और टीसी ओयल को 200 शैय्या चिकित्सालय में स्थानांतरित का प्रस्ताव पारित

- सर्वसम्मति से लगी मोहर

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**सीएमओ ऑफिस** सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर ने की। बैठक में जिला पुरुष चिकित्सालय की इमरजेंसी और ट्रामा सेंटर ओयल को 200 शैय्या चिकित्सालय ओयल में स्थानांतरित किए जाने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और इन प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया है।

सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर ने बताया कि जिला चिकित्सालय लखीमपुर में संचालित इमरजेंसी को 200 शैय्या चिकित्सालय ओयल में स्थानांतरित किए जाने का प्रस्ताव उपस्थित अधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से माना गया है। इसी के साथ कोविड एल-2 चिकित्सालय जो पूर्व से ही 200 शैय्या चिकित्सालय में संचालित है की एल-2 इकाई को तीसरी मंजिल पर आइसोलेशन के रूप में संचालित करने और आईसीयू को प्रथम तल पर संचालित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया है। वहीं 200 शैय्या चिकित्सालय से महज 1.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ट्रामा सेंटर ओयल को भी 200 शैय्या चिकित्सालय में समाहित किए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया है। जिससे 24 घंटे स्वास्थ्य की बेहतर सेवाएं 200 शैय्या चिकित्सालय में मिल सके। इसी के साथ इस दौरान आवास के लिए सड़क, सुरक्षा के दृष्टिगत परिसर में पुलिस चौकी और डायलिसिस यूनिट को एमसीएच विंग 200 शैय्या चिकित्सालय ओयल में स्विफ्ट करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया है और यह प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेजा गया है। इस दौरान अधीक्षक एमसीएच विंग डा. एसी श्रीवास्तव, अधीक्षक जिला पुरुष चिकित्सालय डा. मदन लाल, एसीएमओ डा. अश्विनी कुमार, डा. बीसी पंत, डा. अनिल कुमार गुप्ता, डिप्टी सीएमओ लाल जी पासी व डा. धनीराम भार्गव सहित जिला अस्पताल से एनेस्थेटिक डा. एसके मिश्रा, डा. आरपी वर्मा, डा. राजकुमार वर्मा, डा. सतीश कुमार, डा. राजेश कुमार, डा. एसके सिंह, डा. हर्ष देव भारती, डा. हर्षिता अवस्थी, डा. एके कोहली, डा. आईके रामचंदानी, डा. शिखर बाजपेई, डा. ललित कुमार, डा. एके द्विवेदी जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम अनिल कुमार यादव सहित चीफ फार्मासिस्ट डा. आशुतोष अवस्थी, फार्मासिस्ट परमानंद वर्मा उपस्थित रहे।

# तेजी से फल-फूल रहा अवैध शराब का धंधा



**मोहम्मदी-खीरी।** कोतवाली मोहम्मदी मे कच्ची शराब का कारोबार बड़ी तेजी से फल-फूल रहा है। शाशन के दिशा-निर्देशो का भी पालन होते नहीं दिख रहा। कच्ची शराब कुटीर उद्योग की तरह फल-फूल रहा है। जंगल के समीप शराब की भटटिया घहक रही हैं। उसमें रेहरिया चौकी जो जंगल के समीप है जहां कच्ची शराब का धंधा मुख्य है जिसमें मूड़ा ग़ालिब क्षेत्र में जंगल से सटा हुआ गांव साहबगंज ग्रंथ मैं मुख्य व्यवसाय कच्ची शराब का है जहां पर पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी कच्ची शराब के धंधे में पुरुषों का कंधे से कंधा मिलाकर साथ देती है। इसके अतरिक्त पोखनापुर एहिम्मतपुर, बरखेरा पडरी, झखरा, नंदापुर, शिवपुरी व बरखेड़ा में कई वर्षों से खुलेआम कच्ची शराब का कारोबार खुले आम चल रहा है। आबकारी विभाग को कभी-कभार दबिश देकर पकड़ने में कामयाब हो जाती है परंतु किस कारण उस रास्ते पर पुलिस नहीं जाती है। ऐ एक रहस्य है जबकि बरखेड़ा से पुलिस चौकी रेहरिया की दूरी लगभग 3 किलोमीटर होगी। किसके संरक्षण के माध्यम से गांव-गांव में पैर पसार रहा है? यह चिंता का विषय है। बड़े धंधे करने वालों पर कोई कार्यवाही होती नहीं दिख रही है। वहीं 2-4 लीटर अवैध शराब बनाने वालों को पकड़कर दफा साथ में चालान करने का सिलसिला जारी है।

# डीएम-एसपी ने ग्रामीणों संग की बैठक



संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

**बुधवार को** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन निघासन पहुंचे, जहां उन्होंने जंगल के सन्निकट बसे गांव के प्रधानों व अन्य संभ्रांत व्यक्तियों से निघासन तहसील सभागार में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि फील्ड में चार टीमें काम कर रही है। एक अतिरिक्त टीम और भेजी जा रही है। ग्रामीण सतर्कता व सावधानी बरतें, प्रशासन का सहयोग करें। डीएम-एसपी ने मौजूद ग्रामीणों से संवाद किया उनके सुझाव जाने। उच्च स्तर से प्रतिदिन पल-पल की मॉनिटरिंग की जा रही।

उन्होंने कहा कि सभी को संयम बरतना होगा जितनी टीमों की आवश्यकता होगी लगाई जाएगी। डीएम ने ग्रामीणों को प्रशासन की ओर से किए जा प्रयासों से अवगत कराया। प्रशासन-पुलिस आपके साथ तठस्थता से खड़ा है। उन्होंने कहा कि जो भी घटनाएं हुई हैं वह दुखद है। शासन प्रशासन आपके साथ हैं। अपने आसपास के लोगों को समझाएं कि उस क्षेत्र में जाने से परहेज करें। बैठक में खैरटिया के प्रधान प्रगट सिंह, तिकुनिया के नरेंद्र सिंह, गुरमीत सिंह रंधावा सहित अन्य संभ्रांत लोगों ने अपने विचार रखे। बैठक में एसडीएम धीरेंद्र सिंह, सीओ सुबोध जायसवाल, तहसीलदार भीमसेन, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। इसके बाद डीएम-एसपी ग्राम खैरटिया पहुंचे जहां उन्होंने डीएफओ उत्तरी सुंदरेशा व वन विभाग के अन्य अफसरों के साथ बातचीत की। वन विभाग एवं लगाई टीमो की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली।

### सीएचसी मितौली में फर्स्ट रेसलर यूनिट शुरू

**मितौली-खीरी।** सीएचसी मितौली में जनपद का चौथा फर्स्ट रेसलर यूनिट शुरू हो गया है। सोमवार को यहां तीन सिजेरियन ऑपरेशन किए गए। एफआरयू के शुरू होने से एक बड़ी आबादी को इसका लाभ मिलेगा। सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में जिला महिला चिकित्सालय, सीएचसी गोला व पलिया में पर यूनिट संचालित हैं जहां नियमित रूप से सिजेरियन ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब सीएचसी मितौली का नाम भी जुड़ गया है।

# ब्रेड फैक्ट्री में लगी भीषण आग



- सारा माल व नकदी जली न के बराबर पानी लेकर पहुंचा था दमकल दस्ता

**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी के बरा रोड पर अज्ञात कारणों से ब्रेड फैक्ट्री में आग लग गई देखते ही देखते आग ने अपना तांडव करना शुरू कर दिया। मौजूद लोगों ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी और पुलिस को फोन किया। काफी देर के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी आई परंतु उसमें पानी न के बराबर था। तभी नगर पालिका परिषद को आम जनता ने फोन किया। नगर पालिका परिषद के टैंकर से आग पर काबू पाया गया। तब तक फैक्ट्री में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। लगभग 190000 रुपए नगद भी हो चुके थे राख। घर का सामान राख में तब्दील हो चुका है। फायर ब्रिगेड सफेद हाथी की तरह साबित हो रहा है। जिसमें एक आध कर्मचारी ही है। देखने पर आया है कि जब भी किसी आम जनमानस को फायर ब्रिगेड की जरूरत होती है तो यही हाल होता है। जनप्रतिनिधियों को इस पर ध्यान देने की जरूरत।

# हर घर तिरंगा की सफलता तय करने की बनी रणनीति

संवाददाता । लखीमपुर खीरी

सोमवार की देर शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जनपद में आगामी 11 से 17 अगस्त के मध्य हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन पर कलेक्ट्रेट में बैठक हुई। कार्यक्रम का संचालन डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने किया।

डीएम ने कहा कि जनपद के प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जाग्रत करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने के उद्देश्य से आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 11 अगस्त से 17 अगस्त के मध्य शहर घर तिरंगाश् कार्यक्रम मनाया जाएगा जिसके तहत प्रत्येक भारतीय को अपने घर व प्रतिष्ठानों पर झण्डा फहराने के लिये प्रेरित करना है। स्वतन्त्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम देशभर में गरिमामय रूप से मनाया जा रहा है।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजित कराने की प्रक्रिया में इंगित शासनादेश के अनुसार व्यापक प्रचार.प्रसार कराने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम के संयोजक डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने बताया कि शासनादेश में निहित निर्देशों के अनुसार 11 अगस्त से 17 अगस्त के मध्य हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित होगा। जनपद में 6.9 लाख झंडे तैयार करने हैं। जो कि जनपद के घरों, प्रतिष्ठानों एवं सरकारी विभागों आदि पर फहराये जाना हैं जिस पर डीएम ने विभिन्न विभागों जैसे शिक्षा विभाग, एनजीओ एवं नगरपालिका आदि से इसकी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। झंडों को दो आकार में 1.5:1 एवं 3:2 अनुपात के बनवा लिया जाए।

# पच्चीस लाख की लागत से उपलब्ध कराई सामग्री

**लखीमपुर-खीरी।** केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा के द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर बनाने के लिए पावर ग्रिड के सीएसआर फण्ड से 25 लाख की लागत से सामग्री उपलब्ध करायी है। केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड से जिला महिला चिकित्सालय के लिए बेहतर चिकित्सीय सुविधा के लिए आईसीयू बेड (35), आपरेशन टेबल (2), मल्टीपैरा मानीटर (2), पेसेंट स्टेञ्चर ट्राली (10), न्यूनेटल रिस्ससिटेशन ट्राली (5), क्लीनिकल कैबिनेट्स (35), स्टेनलेस स्टील स्लाइन स्टैण्ड (35), पब्लिक प्लेस सीटिंग चेयर (35), डिलीवरी बेड (10), राउंड स्टील स्टूल (35), हाईवैक्यूम सक्शन मशीन (5) एवं पोली यूरेथेन पेसेंट केयर मेटेञ्सेस (35) आदि उपकरणों को उपलब्ध कराया गया है। जो जनता को शीघ्र ही समर्पित होने से आमजन उक्त उपकरणों से लाभांवित होंगे।

# सीतलवाड, जुबैर की गिरफ्तारी का विरोध करने जहरीला इकोसिस्टम आया सामने: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ और पत्रकार व ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर की गिरफ्तारी का विरोध करने के लिए विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस की मंगलवार को जमकर आलोचना की और आरोप लगाया कि ए सभी उस जहरीले इकोसिस्टम के हिस्से के रूप में काम कर रहे हैं, जिसमें यदि एक पकड़ा जाता है तो दूसरा अपराधी उसका बचाव करता है। सीतलवाड़ की गिरफ्तारी के खिलाफ सोमवार को आयोजित एक विरोध प्रदर्शन में शामिल होने पर कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि ऐसे मामले में आरोपियों का समर्थन करना और सुविधानुसार न्यायिक कार्वाई का विरोध करना न्यायपालिका के प्रति विपक्षी पार्टी के विश्वास पर सवालिया निशान खड़े करता है।

भाटिया ने दावा किया कि सीतलवाड़ के खिलाफ गुजरात पुलिस की कार्वाई उच्चतम न्यायालय द्वारा उनकी और अन्य की कड़ी आलोचना के बाद की गई। उन्होंने कहा कि अदालत की टिप्पणी से मानवाधिकार की रक्षा करने का ठेका लेकर बैठे कुछ लोगों का असली चरित्र सामने आ गया। उन्होंने कहा, तीस्ता सीतलवाड़ के साथ रहे उनके एक साथी के बयानों से स्पष्ट हुआ है कि ए लोग पीड़ित परिवारों के न्याय की लड़ाई नहीं लड़ रहे। इनका निशाना तो गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीतिक पारी को खत्म करना था। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि चैंपियन ऑफ ह्यूमन राइट्स होने का दावा करने वाली सीतलवाड़ तो केवल सांम्प्रदायिक नफरत फैलाने की छोटी ब्रांच थीं, उसका हेडक्वार्टर कांग्रेस पार्टी में है। उन्होंने कहा, इसकी अध्यक्ष सोनिया गांधी इनकी सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) थीं।

नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से पूछताछ के दौरान कांग्रेस की ओर से किए गए विरोध प्रदर्शनों का उल्लेख करते हुए भाटिया ने कहा कि कुछ लोगों के लिए बगैर दोषी साबित किए जाने के बावजूद गांधी निर्दोष हैं लेकिन मोदी को लेकर उनकी राय अलग होती है और उनके निर्दोष साबित होने के बाद भी उन्हें दोषी मानते हैं। उन्होंने कहा, इस ढोंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञात हो कि छात्रों, शिक्षकों ओर कार्यकर्ताओं के एक समूह ने सोमवार को जंतर मंतर पर सीतलवाड़ की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन किया था। इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेता जयराम रमेश और अजय माकन भी शामिल हुए थे।

जुबैर की गिरफ्तारी और विपक्षी नेताओं के इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कोई स्वघोषित फैक्ट चेकर यानी तथ्य परीक्षक नहीं हो सकता है। भाटिया ने कहा कि जुबैर ने पूर्व में ऐसे कुछ ट्वीट किए हैं जिनसे बड़ी संख्या में हिन्दू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, तेलंगाना राष्ट्र समिति, ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लमीन सहित कई विपक्षी दलों ने जुबैर की गिरफ्तारी की निंदा की है। कुछ मीडिया संगठनों ने भी जुबैर की गिरफ्तारी की आलोचना की है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत विपक्षी नेताओं ने जुबैर की गिरफ्तारी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि भाजपा की घृणा, कट्टरता और झूठ को बेनकाब करने वाला हर एक व्यक्ति उनके लिए खतरा है।

## चार को मुंबई की अदालत में पेश होंगी कंगना रनौत

**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत, बॉलीवुड गीतकार जावेद अख्तर द्वारा दायर मानहानि के एक मामले में चार जुलाई को यहां मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश होंगी। रनौत के वकील ने अभिनेत्री को पेशी से छूट प्रदान करने की अनुमति मांगी। अदालत ने रनौत के वकीलों को मामले से संबंधित लिखित दस्तावेज सौंपने का निर्देश दिया और कहा कि आरोपी को सुनवाई की अगली तारीख (चार जुलाई) को पेश होना पड़ेगा। रनौत के वकील द्वारा दस्तावेज सौंपने के बाद अदालत ने उस दिन के लिए पेशी से छूट प्रदान की। अगली सुनवाई तक रनौत के विरुद्ध वारंट जारी करने की अनुमति मांगने वाली याचिका पर सुनवाई को लेकर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अख्तर (76) ने नवंबर 2020 में अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें दावा किया गया था कि रनौत ने एक टेलीविजन साक्षात्कार में उनके खिलाफ मानहानिकारक बयान दिए थे, जिससे कथित तौर पर उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा था।



जम्मू में अमरनाथ यात्रा के लिए राम मन्दिर में बने कैम्प में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए साधुओं की लगी लाइन।

# राज्य सुनिश्चित करें कि सार्वजनिक आयोजनों में शामिल लोगों को कोविड टीका लगा हुआ हो: केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि सार्वजनिक आयोजनों में हिस्सा लेने और तीर्थयात्रा पर जाने वाले लोगों में कोविड-19 संक्रमण से मिलते-जुलते लक्षण न हों तथा उनका पूर्ण टीकाकरण हो चुका हो। राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को मंगलवार को भेजे गए पत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि आने वाले महीनों में यात्राएं एवं विभिन्न त्योहारों के मद्देनजर देश के अलग-अलग हिस्सों में सार्वजनिक सभाएं होना संभव है तथा ऐसे आयोजन कोविड-19 सहित अन्य संक्रामक रोगों के प्रसार को बढ़ा सकते हैं।

भूषण ने कहा, ऐसे कई आयोजनों या यात्राओं के दौरान लाखों लोग स्वयंसेवकों और समुदाय-आधारित सामाजिक अथवा धार्मिक संगठनों द्वारा निर्धारित पड़ाव केन्द्रों पर ठहरते हुए सैकड़ों किलोमीटर लंबी अंतर-राज्यीय यात्रा करते हैं। ऐसी सभाएं कोविड-19 जैसे संक्रामक रोगों का प्रसार बढ़ा सकती हैं। उन्होंने कहा, जिन राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में इस तरह के सामूहिक कार्यक्रमों या यात्राओं के आयोजन का प्रस्ताव है, उन्हें व्यापक रूप से प्रचारित करना चाहिए कि इस तरह की सभाओं अथवा कार्यक्रमों में हिस्सा लेने की योजना बनाने रहे लोगों में कोरोना वायरस संक्रमण से मिलते-जुलते लक्षण न हों और उन्होंने कोविड-19 रोधी टीके की दोनों खुराक ले रखी हो। भूषण ने कहा, यदि आवश्यक हो तो प्रशासन द्वारा ऐसे आयोजनों में शामिल होने की योजना बना रहे उन लोगों को प्राथमिक या एहतियाती खुराक देने के वास्ते कम से कम एक पखवाड़े पहले विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा सकता है, जो इसके लिए पात्र हैं।

## कैटरीना कैफ की फोन भूत अक्टूबर में होगी रिलीज

**मुंबई।** कैटरीना कैफ, ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी अभिनीत फोन भूत सात अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वेब सीरीज मिर्जापुर के निर्देशक गुरमीत सिंह ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। इसका निर्माण फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी की कम्पनी एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। निर्माण कम्पनी ने मंगलवार को ट्विटर पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए इसकी रिलीज तारीख की घोषणा की। उसने ट्वीट किया, फोन भूत की दुनिया में आपका स्वागत है। सात अक्टूबर 2022 को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में। फिल्म में जैकी श्रॉफ, शीबा चड्ढा, निधि बिष्ट और सुरेंद्र ठाकुर भी नजर आएंगे। फिल्म की कहानी रवि शंकरन और जसविंदर सिंह बाथ ने लिखी है। फिल्म पहले 15 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी।

# एमवीए के अल्पमत में होने की घोषणा का इंतजार कर रही भाजपा: भाजपा नेता मुनगंटीवार

**नागपुर।** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में बने रहने के लिए संघर्ष करने के बीच, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुधीर मुनगंटीवार ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार द्वारा उसके अल्पमत में होने की घोषणा किए जाने का इंतजार कर रही है। मुनगंटीवार ने दोहराया कि भाजपा इस समय इंतजार करो और देखो का रुख अपनाए हुए है और उसे अभी सदन में अपना बहुमत साबित करने की आवश्यकता नहीं है।

महाराष्ट्र में शिवसेना के नेता एकनाथ शिंदे और कई अन्य विधायकों के बागी होने के बाद पैदा हुआ संकट सोमवार को उस समय और गहरा गया, जब उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र विधानसभा के उपाध्यक्ष द्वारा जारी अयोग्यता नोटिस के खिलाफ शिवसेना के बागी विधायकों को राहत प्रदान करते हुए सोमवार को कहा कि संबंधित विधायकों की अयोग्यता पर 11 जुलाई तक फैसला नहीं लिया जाना चाहिए। इसके साथ ही न्यायालय ने अयोग्यता नोटिस की वैधानिकता को चुनौती देने वाले बागी विधायकों की याचिकाओं पर राज्य सरकार एवं अन्य से जवाब तलब किया। न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार की उस याचिका पर अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया, जिसमें विधानसभा में शक्ति परीक्षण नहीं कराए जाने का अनुरोध किया गया था।

महाराष्ट्र के शिवसेना विधायक और मंत्री एकनाथ शिंदे ने उपाध्यक्ष द्वारा उन्हें और अन्य बागी विधायकों को जारी अयोग्यता नोटिस के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है। शिंदे और बड़ी संख्या में विधायकों ने 21 जून को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व के खिलाफ बगावत की और वर्तमान में वे असम के गुवाहाटी में हैं। मुनगंटीवार ने नागपुर हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से कहा, हमने मौजूदा स्थिति के मद्देनजर इंतजार करो और देखो का रुख अपनाने का फैसला किया है। आगामी दिनों में एक मुख्य दल गठित किया जाएगा, जो इस मामले पर विचार-विमर्श करेगा और इसके बाद फैसला किया जाएगा।

राज्य के पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि भाजपा को इस समय बहुमत साबित करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी अभी इंतजार कर रही है कि महा विकास आघाड़ी गठबंधन अपने अल्पमत में होने की घोषणा कब करता है। यह पूछे जाने पर कि क्या नागपुर में विधायकों की बैठक के बाद विदर्भ क्षेत्र के भाजपा विधायकों को मुंबई लाया जाएगा। इसके जवाब में मुनगंटीवार ने कहा कि वह विधायकों को मुंबई ले जाने नहीं आए और यह एक संगठनात्मक बैठक थी जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोगों के लिए शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई।

## क्विक न्यूज

### जी7 नेताओं को प्रधानमंत्री ने दिए उपहार, किसी को गुलाबी मीनाकारी कलाकृति तो किसी को इत्र भेंट किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी मे आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन मे शिरकत करने वाले राष्ट्राध्यक्षो को विभिन्न उपहार भेंट किए, जिन्हें उन्होने उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से मंगवाया था। प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को वाराणसी से मंगाई गई गुलाबी मीनाकारी कलाकृति भेंट की। जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्ज को उन्होने मुरादाबाद से मंगाए गए कफलिंक और ब्रोच दिए। मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को उत्तर प्रदेश के निजामाबाद से मंगाए गए काली मिट्टी के बर्तन भेंट किए, जबकि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को उपहार मे प्लेटिनम का टी-सेट दिया। प्रधानमंत्री ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों को तोहफे मे जरदोजी के डिब्बे मे रखी इत्र की शीशियां दी। इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्रागी को उन्होंने आगरा के संगमरमर का टेबल टॉप भेंट किया। सेनेगल मे हाथ से बुनाई की पुरानी परंपरा को देखते हुए मोदी ने देश के राष्ट्रपति के लिए तोहफे मे मूंज की टोकरियां और कपास की दरी चुनी। प्रधानमंत्री ने रामायण के साथ इंडोनेशियाई संस्कृति के स्थाई जुड़ाव को देखते हुए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विदोदो को राम दरबार से जुड़े बर्तन भेंट किए।

### वीआईपी सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ जवानों के लिए अतिरिक्त बुलेट प्रूफ जैकेट की खरीद को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिल्ली मेट्रो, सरकारी प्रतिष्ठानो और वीआईपी सुरक्षा मे तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानो के लिए 3,200 अतिरिक्त बुलेट प्रूफ जैकेट और हेलमेट की खरीद को मंजूरी दे दी है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह खरीद 16.51 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत मे की जाएगी। सीआईएसएफ दिल्ली मेट्रो के स्टेशनो के अलावा राष्ट्रीय राजधानी मे सरकारी भवनो जैसे नॉर्थ ब्लॉक मे गृह तथा वित्त मंत्रालय, शास्त्री भवन, कृषि भवन, उद्योग भवन की सुरक्षा का जिम्मा संभालती है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली मेट्रो, सरकारी इमारतो की सुरक्षा (जीबीएस) और विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) मे तैनात सीआईएसएफ जवानो की संख्या बढ़ाने के लिए 3,180 बुलेटप्रूफ जैकेट और हेलमेट की खरीद को मंजूरी दी है। सीआईएसएफ की जीबीएस इकाई सरकारी भवनो को सुरक्षा प्रदान करती है ।

### ईडी ने एबीआईएल समूह के अध्यक्ष अविनाश भोंसले को हिरासत में लिया

**मुंबई।** ईडी ने धन शोधन के एक कथित मामले में एबीआईएल समूह के अध्यक्ष अविनाश भोंसले को हिरासत मे ले लिया है। भोंसले को इससे पहले यस बैक के संस्थापक राणा कपूर और डीएचएफएल के कपिल वधावन से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के मामले मे सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। वह मुंबई की आर्थर रोड जेल मे बंद थे। उन्हे जेल से अपनी हिरासत मे ले लिया। यस बैंक-डीएचएफएल बैंक धोखाधड़ी मामले की सीबीआई जांच मे ऑटो चालक से रियल एस्टेट कारोबारी बने पुणे के अविनाश भोंसले की संलिप्तता सामने आई थी, जिन्होंने एक बिचौलिए के रूप मे कथित तौर पर एक अन्य रियल एस्टेट डेवलपर से 360 करोड़ रुपए से अधिक की रिश्वत ली थी।

### उदयपुर में दिन दहाड़े एक युवक की धारदार हथियार से हत्या

**उदयपुर।** राजस्थान मे उदयपुर जिले के धानमंडी थानाक्षेत्र मे एक युवक की दिनदहाड़े धारदार हथियार से हत्या कर दी। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस घटना के वीडियो मे एक बदमाश उस पर धारदार हथियार से हमला करते दिखाई दे रहा है। कन्हैयालाल साहू (40) की धान मंडी क्षेत्र मे टेलरिंग (कपड़े सिलाई) की दुकान है, वहां दो व्यक्ति हथियार के साथ आए थे और दो व्यक्तियो मे से एक ने धारदार हथियार से टेलर कन्हैयालाल साहू की हत्या कर दी। इस घटना के बाद स्थानीय बाजार बंद हो गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हत्या की निंदा करते हुए घटना मे शामिल सभी अपराधियो पर कठोर कार्वाई का आश्वासन दिया। इस घटना मे शामिल सभी अपराधियो कठोर कार्वाई की जाएगी एवं पुलिस अपराध की तह तक जाएगी। मै सभी पक्षो से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। ऐसे जघन्य अपराध में लिप्त हर व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

### एमएसएमई को सहायता देने की मांग

**मुंबई।** अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस की पूर्व संध्या पर वाधवानी फाउंडेशन और एसएमई पर केंद्रित इसकी इनीशिएटिव वाधवानी एडवांटेज ने एमएसएमई के लिए सुव्यवस्थित सहयोग की मांग की है। महामारी के बाद के कठिन दौर में छोटे व्यवसायों को बाजार की बदलती जरूरतों के अनुकूल बनने प्रोडक्ट लाइनों के प्रति आश्वस्त रहने और मूल्य की प्रतिस्पर्धा में टिके रहने के लिए इस मांग को पूरा करना जरूरी है। आज कम लागत पर वित्तीयन प्राप्त करने का मुख्य स्रोत डिजिटल माध्यम है। इसलिए एसएमई को डिजिटल कौशल प्राप्त करना होगा जिसके बिना कारोबार बढ़ने की संभावना समाप्त हो जाएगी। कार्यकारी वीपी समीर साठे कहते हैं कि भारतीय एमएसएमई उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। उनमें 2 गुना,10 गुना तक बढ़ने की क्षमता है।

# रोजगार में स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण उच्चतम न्यायालय के फैसले के विरुद्ध: गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को कहा कि रोजगार में स्थानीय युवाओं के लिए आरक्षण उच्चतम न्यायालय के फैसले के विरुद्ध है लेकिन यदि अन्य राज्यों में ऐसी स्थिति बनती है तो वह भी विचार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम संविधान की भावना के विरूद्ध है। वह राजस्थान युवा बोर्ड (युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार) के अंतर्गत राजीव गांधी यूथ एक्सीलेंस सेंटर के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। हालांकि गहलोत ने यह भी कहा कि वह इस संबंध में अन्य राज्यों द्वारा उठाए गए कदमों पर गौर कर रहे हैं और यदि देश में ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो वह नौकरियों में स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण को लागू करेंगे।

निर्दलीय विधायक बलजीत यादव स्थानीय युवाओं के लिए नौकरियों में आरक्षण की मांग उठा रहे है। इस साल हरियाणा ने एक कानून अधिसूचित कर निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत नौकरियों स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित की है लेकिन 30,000 रूपए की आय सीमा तथा प्रदेश में न्यूनतम पांच साल रहने की शर्त लगाई है। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि सभी को समान अवसर देना सरकार की जिम्मेदारी है और उनकी सरकार इसी सोच के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका ध्यान अगले साल युवाओं द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर युवा केन्द्रित बजट पेश करने पर रहेगा। उन्होंने युवाओं से संवाद करने, चर्चा करने और अन्य राज्यों में युवा केंद्रित योजनाओं के बारे में प्रतिक्रिया लेने और राज्य सरकार को इस उद्देश्य के लिए सुझाव देने के लिए कहा।

हमारा प्रयास होगा कि आने वाले वक्त में प्रदेश अच्छे प्रतिबद्धता वाले नेतृत्व के हाथों में सुरक्षित रहे.. यह हम सब की भावना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से वह तीसरी बार राजस्थान के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा कि यह उनका कर्तव्य है कि जब तक वह मुख्यमंत्री है वह गरीबों, वंचितों की सेवा में अपना जीवन समर्पित करे। गहलोत ने कहा, मुझे उम्मीद है कि युवा नेतृत्व अनुशासित, प्रतिबद्ध, देश सेवा में जज्बा रखने वाला, संवेदनशील होगा। इस प्रकार की भावना के साथ अगर हम लोग राजनीतिक कार्यकर्ता तैयार करेंगे तो मैं समझता हूं हमारे प्रदेश का भला होगा। सरकार का दायित्व होना चाहिए कि अमीर हो या गरीब हो, सबको आगे बढने का समान अवसर मिले .. सरकार के फैसले ऐसे होने चाहिए कि जिससे कि उसमें भेदभाव नहीं हो। गहलोत ने सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना को एक प्रयोग बताते हुए इसे लागू करने के लिए राजग सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि फैसले से पहले संसद में चर्चा होनी चाहिए थी।



पटना में बिहार उर्दू/बंगला स्पेशल टेट का विरोध करते हुए छात्र।

# देश में कोविड-19 के 11,793 नए मामले, 27 और लोगों की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** में एक दिन में कोविड-19 के 11,793 नए मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 4,34,18,839 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 96,700 पर पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में संक्रमण से 27 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,25,047 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 96,700 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.22 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 2,280 की बढ़ोतरी हुई है। अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.57 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 2.49 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 3.36 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,27,97,092 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 197.31 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।

देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मौत के 27 मामले सामने आए, जिनमें से केरल में 13, महाराष्ट्र में पांच, दिल्ली तथा पंजाब में तीन-तीन और मध्य प्रदेश, मिजोरम तथा उत्तराखंड में एक-एक मामला सामने आया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अब तक जिन लोगों की कोरोना वायरस के संक्रमण से मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मरीजों को अन्य गंभीर बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

# पोप से मुलाकत को लेकर हुए विवाद के बाद पटनायक अबू धाबी में शेख जायद मस्जिद पहुंचे

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई में संभावित निवेशकों के साथ होने वाली बैठक से पहले अबू धाबी में शेख जायद मस्जिद पहुंचे। पटनायक 11 दिन की विदेश यात्रा पर हैं। 22 जून को उन्होंने वैटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस से मुलाकात की थी, जिस पर विपक्षी दल भाजपा ने सवाल उठाए हैं। पटनायक ने मस्जिद जाने का वीडियो साझा करते हुए ट्वीट किया, अबू धाबी की शेख जायद मस्जिद का गुंबद मुगल वास्तुकला से प्रेरित भव्य नक्काशी का प्रतीक है। मुझे बताया गया है कि इसके लिए कारीगर और संगमरमर भी राजस्थान के मकराना गांव से आए थे। थोड़ा सा भारत, हर जगह। तीन जून को ओडिशा लौटने के बाद पटनायक एक जुलाई को भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा में शामिल होने पुरी जाएंगे।

ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा कि पटनायक अपनी धर्मनिरपेक्ष साख को रेखांकित करने के लिए विभिन्न धर्मों के धार्मिक स्थलों का दौरा कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ विधायक जयनारायण मिश्रा ने पटनायक की वैटिकन सिटी यात्रा पर सवाल उठाए हैं। मिश्रा ने कहा, जनता का पैसा खर्च करके मुख्यमंत्री वहां क्यों गए और बदले में उन्हें क्या मिला? कतार में खड़े होकर पोप से मिलने की क्या जरूरत थी? हमने उन्हें कभी पुरी में शंकराचार्य से मिलते नहीं देखा। पटनायक के मस्जिद जाने पर भाजपा ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। भाजपा की आपत्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजद के विधायक एस बी बेहरा ने कहा, पोप से मिलने में क्या गलत है? अगर इस बैठक से दुनिया में ओडिशा की सकारात्मक छवि बनती है तो मुख्यमंत्री ने सही फैसला लिया है। यह ओडिशा का मुख्यमंत्री बनने के बाद पिछले 22 साल में पटनायक की दूसरी आधिकारिक विदेश यात्रा है।

# राजौरी में हुए विस्फोटों के पीछे था लश्कर का हाथ, मामले में दो लोग गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में हाल में हुए सिलसिलेवार विस्फोटों के पीछे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का हाथ था। पुलिस ने उसके दो सदस्यों की गिरफ्तारी के साथ मामले सुलझाने का दावा करते हुए मंगलवार को यह जानकारी दी। हालांकि मुख्य आरोपी की तलाश अब भी जारी है। जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर पांच आईईडी सहित विस्फोटक सामग्री का एक बड़ा जखीरा भी बरामद किया गया है। गौरतलब है कि राजौरी के कोटराना शहर में 26 मार्च और 19 अप्रैल को विस्फोट हुए थे, जिसमें दो लोग घायल हो गए थे। 24 अप्रैल को राजौरी के शाहपुर-बुधल इलाके में हुए एक अन्य विस्फोट में भी दो लोग घायल हो गए थे।

एडीजीपी ने कहा, खुफिया जानकारी के आधार पर कार्वाई करते हुए राजौरी पुलिस तथा 60 राष्ट्रीय राइफल्स (14 सेक्टर) के संयुक्त दलों ने राजौरी के लार्कोती, टार्गैन, जग्लानू और द्राज इलाकों में विभिन्न स्थानों पर कई छापे मारे और तलाशी अभियान चलाए। मामले में दो संदिग्धों मोहम्मद शबीर और मोहम्मद सादिक को गिरफ्तार किया गया है जो द्राज-बुधाल गांव के हैं। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह बात सामने आई कि इन धमाकों में द्राज-बुधाल गांव के तालिब शाह, शब्बीर और सादिक का हाथ था। सिंह ने कहा, ए तीनों पाकिस्तान स्थित अपने आकाओं के इशारों पर काम कर रहे थे और इन्हें हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक दिए गए थे, जिनका इस्तेमाल इन्होंने धमाकों को अंजाम देने में किया। प्रारंभिक जांच के दौरान सामने आया कि इस समूह का नेतृत्व शाह कर रहा था, जिसने जनवरी, मार्च और अप्रैल के महीनों में लांबेरी-कालाकोट क्षेत्र से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक की तीन खेप प्राप्त की थी।

पुलिस अधिकारी ने कहा, शबीर और सादिक को गिरफ्तार कर लिया गया है और तीसरे आरोपी शाह की तलाश जारी है। शाह राजौरी में लश्कर का कमांडर और पीर पंजाल क्षेत्र में सभी आतंकवादी गतिविधियों का मुख्य साजिशकर्ता है। उन्होंने बताया कि शाह ने कई युवकों को राजौरी में आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए भड़काया।

जम्मू क्षेत्र के पुलिस प्रमुख ने कहा, शबीर और सादिक को भी आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए शाह ने ही भड़काया था। पीर पंजाल जिले में पिछले दो-तीन साल में हुई लगभग सभी आतंकवादी घटनाओं में शाह ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने शाह की गिरफ्तारी के लिए विश्वसनीय जानकारी साझा करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए उपयुक्त इनाम देने की घोषणा भी की। सिंह ने कहा कि यह भी पता चला है कि इस समूह ने लश्कर-ए-तैयबा के कुछ सक्रिय आतंकवादियों को कंडी-बुधाल में पनाह दे रखी थी।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 29 जून, 2022



# जी-7 नेताओं का रूस को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का संकल्प

● शिखर सम्मेलन समाप्त

भाषा। एल्माउ (जर्मनी)

विश्व के सबसे धनी लोकतंत्रों के नेताओं ने रूस के आक्रमण के खिलाफ यूक्रेन का समर्थन करने का मंगलवार को संकल्प लिया। नेताओं ने ैजब तक आवश्यक हो, तब तक यूक्रेन का समर्थन करने के लिए एकजुट रुख अपनाया और कहा कि वे युद्ध को वित्तपोषित करने वाले तेल की बिक्री से रूस की आय को सीमित करने के लिए दूरगामी कदमों की संभावना का पता लगाएंगे। जर्मनी में जी 7 देशों के शिखर सम्मेलन के बाद जारी बयान में इस बात का विवरण नहीं है कि जीवाश्म ईंधन की कीमत पर लगी सीमा व्यावहारिक रूप से कैसे लागू होगी। समूह के सदस्य देश एक निश्चित स्तर से ऊपर रूसी तेल के आयात को रोकने के उपायों की तलाश करने के लिए आने वाले हफ्तों में और अधिक चर्चा करेंगे। इससे रूसी आय का एक प्रमुख स्रोत प्रभावित होगा और वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही ऊर्जा की कीमतों से राहत दिलाएगा। नेताओं ने रूसी सोने के आयात पर प्रतिबंध लगाने और उन देशों को मदद देने पर सहमति जताई जो काला सागर के रास्ते यूक्रेनी अनाज का परिवहन रुकने से प्रभावित हैं।

## रूस ने देश में बाइडन की पत्नी, बेटी के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया

**मास्को।** रूस ने मंगलवार को घोषणा की कि वह देश के खिलाफ बढ़ते प्रतिबंधों के जवाब में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी और बेटी के देश में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बाइडन की पत्नी जिल और बेटी एशले सहित देश की स्टॉप लिस्ट में 25 नाम जोड़े गए हैं। रूस ने चार सीनेटर के अपने यहां प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया है, जिन्हें उसने रूस के खिलाफ काम करने वालों के रूप में चिह्नित किया। इनमें रिपब्लिकन मिच मैककोनेल, सुसान कॉलिन्स, बेन सासे और डेमोक्रेट कर्स्टन गिलिब्रैंड के नाम हैं। प्रतिबंध सूची में द एंड ऑफ हिस्ट्री एंड द लास्ट मैन के लेखक फ्रांसिस फुकुयामा का भी नाम है।

## यूक्रेन के शॉपिंग मॉल पर रूसी मिसाइल हमला

● सुरक्षा परिषद ने बुलाई आपात बैठक



**क्रेमेनचुक।** यूक्रेन के क्रेमेनचुक स्थित भीड़भाड़ वाले शॉपिंग मॉल पर रूस के मिसाइल हमले के बाद बचाव दल मंगलवार को मलबे में लोगों को तलाश करता दिखा। इस हमले में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए। यूक्रेन के अनुरोध पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने हमले पर चर्चा के लिए मंगलवार को न्यूयॉर्क में एक आपात बैठक बुलाई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने इस हमले को यूरोपीय इतिहास के सबसे दुस्साहसपूर्ण हमलों में से एक बताया। राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि क्रेमेनचुक शहर में मॉल में दोपहर के वक्त 1,000 से अधिक खरीदार और कर्मचारी थे, लेकिन इसमें से अधिकतर भागने में सफल रहे। हालांकि, हमले के बाद मलबे से काले धुएं और धूल के गुबार के साथ नारंगी रंग की आग की लपटें उठीं। आग को बुझा दिया गया है, लेकिन इसके घंटों बाद भी मलबे से काले धुएं का उठना अब भी जारी है। बचावकर्मियों द्वारा सुलगते मलबे में छानबीन शुरू करने के बाद हताहतों की संख्या बढ़ गई। क्षेत्रीय गवर्नर दिमित्रो लुनिन ने कहा कि कम से कम 18 लोग मारे गए और 59 लोगों ने चिकित्सीय सहायता मांगी। सहायता मांगने वालों में से 25 को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमले के पीड़ितों के लिए इस क्षेत्र में मंगलवार को शोक दिवस घोषित किया गया।

## यूक्रेन की मदद करने का संकल्प लिया

**एल्माउ।** विकसित अर्थव्यवस्था वाले देशों के जी-7 समूह के सम्मेलन का मंगलवार को समापन हुआ जिसमें यूक्रेन के भविष्य के लिए दीर्घकालिक प्रतिबद्धता जताने का संकेत दिया गया और रूस को आक्रमण की भारी कीमत चुकाने के लिए मजबूर करने का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही सम्मेलन में वैश्विक भुखमरी के संकट को समाप्त करने और जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध एकजुटता प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधन के बाद अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, इटली, ब्रिटेन, कनाडा और जापान ने सोमवार को संकल्प लिया कि जब तक संभव होगा तब तक यूक्रेन का समर्थन किया जाएगा।

### अब होगा नाटो सम्मेलन

**एल्माउ।** प्रमुख लोकतांत्रिक अर्थव्यवस्थाओं की वार्षिक बैठक (जी 7 शिखर सम्मेलन) इस वर्ष जर्मनी में आयोजित की गई और अब यह अपने समापन की ओर बढ़ रही है वहीं नेतागण नाटो शिखर सम्मेलन के लिए मंगलवार को मैड्रिड में एकत्र होने वाले हैं। विश्व की सात विकसित अर्थव्यवस्थाओं के समूह का शिखर सम्मेलन समाप्त हो रहा है।

## क्विक न्यूज

### अमेरिका के सैन एंटोनियो में गर्मी के कारण टैक्टर-ट्रेलर में कम से कम 46 लोगों की मौत

**सैन एंटोनियो (अमेरिका)।** अमेरिका के दक्षिण-पश्चिम टेक्सास के सैन एंटोनियो में सोमवार को एक ट्रैक्टर-ट्रेलर के अंदर कम से कम 46 लोग मृत मिले और 16 अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के प्रवासियों की तस्करी से जुड़े होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रमुख विलियम मैकमैनस ने बताया कि शाम करीब छह बजे मदद के लिए चीख-पुकार सुनकर घटनास्थल पर मौजूद शहर के एक कर्मी को स्थिति का अंदाजा हुआ। अधिकारी ट्रैक्टर-ट्रेलर के पास पहुंचा, तो उसने उसके बाहर जमीन पर एक शव देखा। दमकल विभाग के प्रमुख चार्ल्स हुड ने बताया कि प्रचंड गर्मी की वजह से बीमार पड़े जिन 16 लोगों को अस्पतालों भर्ती कराया गया है, उनमें से 12 वयस्क और चार बच्चे हैं। मरीजों का शरीर तप रहा था और ट्रेलर में पानी बिल्कुल नहीं था।

### जर्मनी : हत्या में मदद मामले में 101 साल के पूर्व नाजी गार्ड को जेल

**बर्लिन।** जर्मनी में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजियों के साक्सेनहौसेन यातना शिविर में सेवा देने वाले एक गार्ड को हत्या में मदद करने से जुड़े 3,518 आरोपों में मंगलवार को दोषी करार दिया गया। न्यूरिप्पिन की एक अदालत ने इस 101 वर्षीय व्यक्ति को पांच साल कैद की सजा सुनाई। दोषी की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। बीते साल अक्तूबर में शुरू हुई सुनवाई के दौरान उसने यातना शिविर में नाजी गार्ड के तौर पर काम करने और हजारों कैदियों की हत्या में मदद देने के आरोपों से इनकार किया था। उसने कहा था कि उक्त अवधि में वह पूर्वोत्तर जर्मनी में पेसवॉक के पास एक खेत में मजदूरी करता था। हालांकि, जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए की एक खबर के मुताबिक, अदालत ने कहा कि इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 1942 से 1945 के बीच संबंधित व्यक्ति बर्लिन के बाहरी इलाके में स्थित साक्सेनहौसेन यातना शिविर में नाजी पार्टी की संसदीय इकाई के सूचीबद्ध सदस्य के रूप में कार्यरत था।

### ईयू के देशों ने कोविड-19 प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल की अवधि एक साल बढ़ाई

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय यूनियन (ईयू) के देशों ने कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए कोविड-19 प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल की अवधि को जून 2023 तक बढ़ाने को मंगलवार को मंजूरी दे दी। यूरोप के 27 देशों के संगठन ईयू ने पिछले साल जुलाई में यात्रा के दौरान कोविड-19 प्रमाणपत्र साथ रखना अनिवार्य किया था ताकि ईयू के नागरिक महामारी के समय पृथकतावास जैसी पाबंदियों के बिना क्षेत्र में घूम सकें। इनमें टीकाकरण प्रमाण पत्र, हाल में कोविड-19 से संक्रमित नहीं होने का प्रमाण पत्र और संक्रमण से उबरने का प्रमाण पत्र शामिल है। यूरोपीय परिषद ने कहा कि यह नियम पहले ही वापस ले लिया जाना था, लेकिन हाल में कोरोना वायरस संक्रमण मामलों में वृद्धि को देखते हुए इसे जून 2023 तक बढ़ा दिया गया है।

### ब्रिटिश नियंत्रण से चीनी शासन में लौटने की 25वीं वर्षगांठ पर हांगकांग का दौरा करेंगे चिनफिंग

**हांगकांग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग हांगकांग के ब्रिटिश नियंत्रण से चीनी शासन में लौटने की 25वीं वर्षगांठ पर यहां का दौरा करेंगे। हांगकांग पुलिस ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। सहायक पुलिस आयुक्त लुई काम-हो ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शी शुक्रवार को कई आधिकारिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। कोरोना वायरस महामारी के करीब ढाई साल पहले सामने आने के बाद शी की मुख्य भूमि से बाहर यह पहली यात्रा होगी। उनकी यात्रा ऐसे समय होगी जब हांगकांग वायरस से संक्रमण के एक नए दौर का सामना कर रहा है। ब्रिटेन ने हांगकांग एक जुलाई, 1997 को चीन को लौटा दिया था।

## कतर में परमाणु समझौते पर बातचीत शुरू करेंगे ईरान, अमेरिका

भाषा। दुबई

**ईरान और** अमेरिका मंगलवार को कतर में अप्रत्यक्ष वार्ता शुरू करने के लिए तैयार हैं, जिसका उद्देश्य वैश्विक शक्तियों के साथ तेहरान के परमाणु समझौते को पटरी पर लाने का रास्ता खोजना है। तेहरान टाइम्स ने ईरान के शीर्ष परमाणु वार्ताकार अली बघेरी कानी के, एक होटल में कतर में ईरानी राजदूत हमीद्रेजा देघानी के साथ मुलाकात की तस्वीर पोस्ट की। अखबार ने कहा है कि बघेरी कानी वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कतर की राजधानी दोहा आए हैं। ईरान के लिए अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि रॉब माली वार्ता से पहले सोमवार रात कतर पहुंचे। कतर में अमेरिकी दूतावास ने कहा कि माली ने कतर के विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात की और ईरान के साथ मुद्दों को सुलझाने के संयुक्त कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा की।

## स्पेन के प्रधानमंत्री ने मेलिला सीमा पर प्रवासियों पर की गई कार्वाई को जायज ठहराया

**मेड्रिड।** स्पेन के प्रधानमंत्री ने उत्तरी अफ्रीका में स्थित मेलिला में घुसने का प्रयास कर रहे प्रवासियों पर मोरक्को और स्पेन की पुलिस द्वारा की गई कार्वाई का बचाव किया है। गत सप्ताह मेलिला में प्रवासियों को प्रवेश करने से रोकने के दौरान की गई कार्वाई में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई थी। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने प्रवासियों के प्रयास को स्पेन की सीमाओं पर हमला करार दिया।

## कोलंबिया की जेल में दंगे के प्रयास के दौरान आग लगने से 49 लोगों की मौत

**बोगोटा।** दक्षिण-पश्चिमी कोलंबिया की एक जेल में आग लगने से कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक लोग झुलस गए। राष्ट्रीय जेल प्रणाली के निदेशक टिटो कैस्टेलानोस ने रेडियो काराकोल से कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि मरने वाले लोगों में सभी कैदी थे या नहीं। उन्होंने कहा कि आग सोमवार सुबह तुलुआ शहर की मध्यम सुरक्षा वाली जेल में दंगे के प्रयास के दौरान लगी।

## पोलियो रोधी टीकाकरण टीम पर हमला, तीन की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तरी वजीरिस्तान कबायली जिले में अज्ञात हमलावरों ने पोलियो रोधी टीकाकरण करने गई टीम पर हमला कर दिया, जिसमें दो पुलिसकर्मियों समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

## सीमा पार से तस्करी कर लाए गए हजारों हथियार हर साल जब्त करती हैं एजेंसियां

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत ने कहा है** कि देश में छोटे तथा हल्के हथियारों के इस्तेमाल पर लगाम लगाने के लिए कड़े कानून होने के बावजूद उसकी सुरक्षा एजेंसियां सीमा पार से अवैध रूप से तस्करी कर लाए गए हजारों हथियार हर साल जब्त करती हैं। विदेश मंत्रालय के निरस्त्रीकरण एवं अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा विभाग में अतिरिक्त सचिव संदीप आर्य ने कहा, आतंकवादियों, सशस्त्र समूहों और अन्य गैरकानूनी संगठनों को छोटे तथा हल्के अवैध हथियारों की आपूर्ति में जारी वृद्धि से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि संयुक्त राष्ट्र के प्रोग्राम ऑफ एक्शन के क्रियान्वयन के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। प्रोग्राम ऑफ एक्शन ऑन स्माल आर्म्स एंड लाइट वेपन्स छोटे हथियारों और हल्के हथियारों के खिलाफ कार्रवाई का कार्यक्रम की सोमवार को आयोजित आठवीं द्विवार्षिक बैठक में आर्य ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र के इस कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को छोटे तथा हल्के हथियारों के अवैध व्यापार को समाप्त करने के बहुपक्षीय प्रयासों के महत्वपूर्ण अंग के तौर पर देखता है। हम सशस्त्र संघर्ष और आतंकवाद से निपटने में यूएनपीओए की भूमिका के महत्व को विशेष रूप से अहमियत देते हैं।

### पश्चिमी तट, यरूशलम और गाजा में हो रहे घटनाक्रम पर भारत ने जताई चिंता

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने पश्चिमी तट (वेस्ट बैक), यरुशलम और गाजा मे हो रहे घटनाक्रम पर चिंता जताते हुए इजराइल तथा फलस्तीन के बीच कायम शांति भंग करने के उद्देश्य से उठाए गए किसी भी कदम के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा कड़ा संदेश दिए जाने के महत्व को रेखांकित किया है। संयुक्त राष्ट्र मे भारत के स्थाई उप प्रतिनिधि आर. रवींद्र ने सुरक्षा परिषद मे फलस्तीन पर आयोजित एक बैठक मे कहा कि भारत मसाफर यत्ता मे हो रहे घटनाक्रम को लेकर भी चिंतित है। उन्होने कहा कि फलस्तीनी परिवारों को वैध तरीके से निष्कासित करने के मुद्दे पर तनाव बढ़ गया है।

### रुचि सोया इंडस्ट्रीज अब पतंजलि फूड्स लिमिटेड

**नई दिल्ली।** खाद्य तेल कंपनी रुचि सोया इंडस्ट्रीज लिमिटेड का नाम अब पतंजलि फूड्स लिमिटेड हो गया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बाबा रामदेव की अगुवाई वाली पतंजलि आयुर्वेद ने 2019 में रुचि सोया को एक समाधान प्रक्रिया के तहत 4,350 करोड़ रुपए में खरीद लिया था। शेयर बाजारों को बताया कि उसे कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय से इस संबंध में 27 जून, 2022 को एक ई-मेल प्राप्त हुआ है। इस ई-मेल में महाराष्ट में मुंबई के कंपनी पंजीयक ने नाम में परिवर्तन का प्रमाण पत्र जारी किया है।

### पिरामल फार्मा लिमिटेड करेगा विस्तार

**मुंबई।** पिरामल फार्मा लिमिटेड के कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिवीजन ने अपने बेबी केयर ब्रांड लिटिल कॉम्फी बेबी पैंट्स के लिए सेलिब्रिटी ब्रांड एंबेसडर करीना कपूर और सैफ अली खान के साथ अपना नया कैम्पेन पकड़ा-पकड़ी शुरू करने की घोषणा की। इस अभियान का उद्देश्य लिटिल के आरामदायक बेबी पैंट के एकल पैक के लॉन्च के साथ बड़े पैमाने पर बाजार में प्रवेश करना है। इस प्रकार कंपनी ने इसे नए माता-पिताओं के लिए किफायती और सुलभ बनाने का प्रयास किया है। एसए एम और एल आकार के लिए सिंगल्स पैक की कीमत क्रमशः 9, 10, 12 रुपए रखी गई है। पिरामल कंज्यूमर प्रोडक्ट डिवीजन के सीईओ नीतीश बजाज ने कहा कि लिटिल्स , कॉम्फी बेबी पैंट की हमारी नई रेंज को बच्चों के आराम पर ध्यान केंद्रित करते हुए डिजाइन किया गया है। इसमें अनेक नई खूबियां हैं,जैसे 12 घंटे तक सोखने की क्षमता और गीलेपन का संकेत प्रदान करना।

### न्युवोको का उत्तर भारत में स्थान मजबूत

**मुंबई।** भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह और पूर्व में अग्रणी सीमेंट कंपनी, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने अपने प्रीमियम सीमेंट पोर्टफोलियो की शुरुआत के साथ उत्तर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। उत्तरी क्षेत्र में राजस्व विशेष रूप से हरियाणा, पश्चिमी यूपी, पंजाब, दिल्ली और मध्य प्रदेश में व्यापार चैनल और मजबूत डीलर नेटवर्क के सात ब्रांड. बिल्डिंग पर केंद्रित है। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिएए न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने हरियाणा के भिवानी में अपने मौजूदा प्लांट में 1.2 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता के साथ एक ग्राइंडिंग यूनिट स्थापित करने की योजना बनाई है। यह उत्तर क्षेत्र में कंपनी के विस्तार की दिशा में पहला कदम है। यह ग्राइंडिंग यूनिट क्षेत्र में होने वाले क्लिंकर उत्पादन के पूर्ण उपयोग में सहायता करेगी।

## डिब्बा बंद दही, पनीर पर अब लगेगा जीएसटी

● क्षतिपूर्ति व्यवस्था जारी रखने की मांग

भाषा। चंडीगढ़




**अब दही, पनीर,** शहद, मांस और मछली जैसे डिब्बा बंद और लेबल-युक्त खाद्य पदार्थों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगेगा। साथ ही चेक जारी करने के एवज में बैंकों की तरफ से लिए जाने पर शुल्क पर भी जीएसटी देना पड़ेगा। अधिकारियों ने कहा कि माल एवं सेवा कर से जुड़े मुद्दों पर निर्णय लेने वाली शीर्ष निकाय जीएसटी परिषद ने दरों को युक्तिसंगत बनाने के मकसद से छूट वापस लेने को लेकर राज्यों के वित्त मंत्रियो के समूह की ज्यादतातर सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली परिषद में राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं। परिषद ने दो दिन की बैठक के पहले दिन मंगलवार को जीएसटी से छूट की समीक्षा को लेकर मंत्री समूह (जीओएम) की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया। यह छूट फिलहाल डिब्बाबंद और लेबल युक्त खाद्य पदार्थों को मिलती है। इससे डिब्बा बंद मांस (फ्रोजन छोड़कर), मछली, दही, पनीर, शहद, सूखा मखाना, सोयाबीन, मटर जैसे उत्पाद, गेहूं और अन्य अनाज, गेहूं का आटा, मूरी, गुड़, सभी वस्तुएं और जैविक खाद जैसे उत्पादों पर अब पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा। इसी प्रकार, चेक जारी करने पर बैंकों द्वारा लिए जाने वाले शुल्क पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। एटलस समेत नक्शे और चार्ट पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। वहीं खुले में बिकने वाले बिना ब्रांड वाले उत्पादों पर जीएसटी छूट जारी रहेगी। इसके अलावा 1,000 रुपए प्रतिदिन से कम किराए वाले होटल कमरों पर 12 प्रतिशत की दर से कर लगाने की बात कही गई है। अभी इसपर कोई कर नहीं लगता है। भारांश औसत जीएसटी को बढ़ाने के लिए दरों को युक्तिसंगत बनाना महत्वपूर्ण है। भारांश औसत जीएसटी घटकर 11.6 प्रतिशत पर आ गया है जो इस कर व्यवस्था के लागू होने के समय 14.4 प्रतिशत था। जीएसटी परिषद ने खाद्य तेल, कोयला, एलईडी लैंप, प्रिंटिंगाड्राइंग इंक , तैयार चमड़ा और सौर बिजली हीटर समेत कई उत्पादों पर उलट शुल्क ढांचे (कच्चे माल और मध्यवर्ती वस्तुओं के मुकाबले तैयार उत्पादों पर अधिक कर) में सुधार की भी सिफारिश की है। परिषद बुधवार को राज्यों को राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति व्यवस्था जून, 2022 के बाद भी जारी रखने की मांग पर विचार कर सकती है। इसके अलावा कसीनो, ऑनलाइन गेमिंग और घुड़दौड़ पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ जैसे विपक्ष-शासित राज्य जीएसटी क्षतिपूर्ति व्यवस्था को पांच साल के लिए बढ़ाने या राजस्व में राज्यों की हिस्सेदारी मौजूदा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 70-80 प्रतिशत करने की मांग कर रहे हैं। जीएसटी प्रणाली में सुधार पर भी राज्यों के वित्त मंत्रियों की रिपोर्ट को मंजूरी दी गई। इसमें उच्च जोखिम वाले करदाताओं के बॉयोमीट्रिक सत्यापन के साथ वास्तविक समय में बैंक खातों के सत्यापन का सुझाव दिया गया है।

## सहकारी बैंकों को भी जल्द सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की अनुमति मिलेगी : शाह

भाषा। अहमदाबाद

**केंद्रीय सहकारिता** मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को घोषणा की कि सहकारी बैंकों को जल्द ही सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जिम्मा सौंपा जाएगा। शाह ने यहां एक कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से भाग लेते हुए कहा, बहुत जल्द सहकारिता क्षेत्र इन सरकारी योजनाओं से जुड़ेगा जिससे आम आदमी से हमारा सीधा संपर्क बढ़ेगा। अब तक सहकारिता क्षेत्र को जेएएम डीबीटी योजनाओं से दूर रखा गया है लेकिन अब सरकार ने सहकारी बैंकों को भी इन सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का हिस्सा बनाने का फैसला किया है। जन-धन खाता, आधार नंबर और मोबाइल नंबर के सम्मिलित इस्तेमाल (जेएएम) से लाभार्थियों के बैंक खातों में सरकार की तरफ से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) वाली रकम भेजी जाती है। सरकारी सब्सिडी से जुड़ी गड़बड़ियां दूर करने के लिए सरकार जेएएम अभियान की मदद से जनधन खाते, आधार और मोबाइल नंबर को एक-दूसरे से जोड़ना चाहती है। शाह ने कहा कि फिलहाल 52 मंत्रालय जेएएम की मदद से लाभार्थियों को मदद पहुंचाने के लिए डीबीटी का इस्तेमाल करते हैं। इस तरह करीब 300 सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के खातों में सीधी रकम भेजी जाती है। वह अहमदाबाद स्थित गुजरात राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (खेती बैंक) की 70वीं सालाना आमसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने चूककर्ताओं से 190 करोड़ रुपए की वसूली करने के लिए इस सहकारी बैंक के प्रबंधन की सराहना भी की। शाह ने कहा, खेती बैंक ने गुजरात में कृषि क्षेत्र के विकास में बड़ा योगदान दिया है।

### मई में क्रेडिट कार्ड के जरिए 1.13 लाख करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान

**मुंबई।** देश में मई के दौरान क्रेडिट कार्ड से भुगतान बढ़कर 1.13 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया, जो एक महीने पहले यानी अप्रैल में 1.05 लाख करोड़ रुपए था। आरबीआई की तरफ जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, मासिक आधार पर क्रेडिट कार्ड से भुगतान में वृद्धि आर्थिक गतिविधियों में तेजी का संकेत है। रिजर्व बैंक ने बताया कि आलोच्य माह के दौरान 7.68 करोड़ क्रेडिट कार्डधारकों ने ऑनलाइन माध्यम से सामान खरीदने के लिए 71,429 करोड़ रुपए का भुगतान किया। जबकि पॉइंट ऑफ सेल मशीन के जरिए कार्ड स्वाइप करके 42,266 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। वहीं, क्रेडिट कार्ड के जरिए ऑनलाइन भुगतान के लेन-देन की मात्रा मई में 11.5 करोड़ रही, जो ऑफलाइन या पीओएस मशीने के जरिए 12.2 करोड़ थी। क्रेडिट कार्डधारक ऑफ़लाइन माध्यम की तुलना में ऑनलाइन मंचों के जरिए औसतन अधिक मूल्य के लेनदेन कर रहे हैं।

## इस्पात मंत्रालय ने पीएम गतिशक्ति के तहत 38 परियोजनाएं चिह्नित कीं

भाषा। नई दिल्ली

इस्पात मंत्रालय ने पीएम गतिशक्ति अभियान के तहत मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी विकसित करने एवं ढांचागत फासले को दूर करने के लिए 38 उच्च-प्रभाव वाली परियोजनाएं चिह्नित की हैं। मंत्रालय की तरफ से मंगलवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, पीएम गतिशक्ति के पोर्टल पर अब इस्पात मंत्रालय की भी मौजूदगी हो गई है। ढांचागत विकास को गति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्टूबर, 2021 में पीएम गतिशक्ति अभियान की शुरुआत की थी। इसके जरिए ढांचागत विकास से जुड़े सभी मंत्रालयों एवं विभागों को एक मंच पर लाकर एकीकृत योजना बनाने और समन्वय स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।

## अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व का मुकाबला करने को चीन की युआन पूलिंग योजना

**बीजिंग।** चीन के केंद्रीय बैंक ने अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिए युआन पूलिंग योजना बनाई है। इसके तहत स्विट्जरलैंड स्थित बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के साथ एक समझौता किया गया है। बीआईएस के साथ पिछले शनिवार को हुए समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) ने रिजर्व पूल बनाकर भविष्य में बाजार की अस्थिरता के दौरान सहभागी केंद्रीय बैंकों को नकदी सहायता देने का लक्ष्य रखा है। चीन के शीर्ष बैंक ने कहा कि यह व्यवस्था युआन की उचित अंतरराष्ट्रीय मांग को पूरा करने के लिए है और इससे क्षेत्रीय वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। पीबीओसी ने कहा कि इस व्यवस्था में शुरू में एशिया और प्रशांत क्षेत्र के केंद्रीय बैंक शामिल हैं।

## सेंसेक्स व निफ्टी गिरावट से उबरे

● वैश्विक बाजार का लाभ, लगातार चौथे दिन लाभ में

भाषा। मुंबई

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। वैश्विक बाजारों में तेजी आने के साथ कारोबार समाप्त होने से पहले ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी और वाहन शेयरों में लिवाली से प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी लाभ में रहे। यह लगातार चौथा कारोबारी सत्र है, जब बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 16.17 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 53,177.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 390 अंक तक लुढ़क गया था। हालांकि, एशियाई बाजारों में तेजी लौटने तथा यूरोपीय बाजारों में शुरुआती बढ़त से बाजार नुकसान से उबरने में कामयाब रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 18.15 अंक यानी 0.11 प्रतिशत के लाभ के साथ 15,850.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह नीचे में 15,710.15 और ऊंचे में 15,892.10 अंक तक गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, शुरुआती कारोबार में गिरावट के बाद बाजार में तेजी लौटी। इसका कारण वैश्विक बाजारों का बढ़त में रहना था। हालांकि, आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण तेल के दाम बढ़े हैं। नायर ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर में गिरावट और बांड प्रतिफल बढ़ने से घरेलू निवेशकों की जोखिम क्षमता प्रभावित हुई है। जिंसों से जुड़े शेयरों में तेजी और चीन में कोविड महामारी की रोकथाम के लिए लगाई गई पाबंदियों से वैश्विक बाजार बढ़त में रहे।

### रुपया 48 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 78.85 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर

मुंबई। डॉलर के मुकाबले रुपया गिरावट के नए रिकॉर्ड बनाने मे लगा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 48 पैसे औंधे मुंह गिरकर 78.85 प्रति डॉलर के नए सर्वकालिक निचले स्तर तक लुढ़क गया। गिरावट का कारण विदेशी पूंजी की बाजार से सतत निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे डॉलर के मुकाबले रुपया 78.53 प्रति डॉलर पर कमजोर खुला और कारोबार के अंत में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 48 पैसे गिरकर 78.85 प्रति डॉलर के अपने नए सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपया 78.8550 प्रति डॉलर के नए ऐतिहासिक निचले स्तर तक गया। शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा के शोध विश्लेषक, अनुज चौधरी ने कहा, कमजोर घरेलू शेयर बाजार और कच्चे तेल की कीमतो मे तेजी के बीच भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अबतक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। विदेशी निवेशको की लगातार बिकवाली ने भी रुपए पर दबाव डाला।

### बीते वित्त वर्ष में डिजिटल विज्ञापनों का बोलबाला, निगरानी के लिए एआई की मदद : एएससीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) ने डिजिटल मंचों पर भ्रामक सामग्री संबंधी विज्ञापनों की निगरानी के लिए डिजिटल निगरानी प्रणाली स्थापित की है। एएससीआई इसके लिए कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित निगरानी प्रणाली का उपयोग कर रहा है। एएससीआई ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अपनी वार्षिक शिकायत रिपोर्ट में यह जानकारी दी। नियामक ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और व्यक्तिगत देखभाल जैसे क्षेत्रों को डिजिटल श्रेणी में शीर्ष तीन उल्लंघनकारी श्रेणियों के रूप में पाया गया है। एएससीआई ने कहा कि विज्ञापन अब मोबाइल जैसी व्यक्तिगत स्क्रीन पर तेजी से दर्शाए जा रहे है। इसके कारण नियामकों के लिए विज्ञापनों के पैमाने और प्रभाव को समझना मुश्किल हो गया है। विज्ञापन बनाने वाली इकाइयों की संख्या में जोरदार वृद्धि हुई है।

### लेंसकार्ट ने की होम सर्विस की शुरुआत

**नई दिल्ली।** आईवियर के भविष्य को बदलने और इसे रिफ्रेम करने वाले ग्लोबल ऑर्गेनाइेशन लेंसकार्ट ने जयपुर, चंडीगढ़ और लखनऊ में घरेलू आई चेक अप सर्विस की नींव रखी है। लेंसकार्ट/होम सर्विस वर्तमान में सहित 23 शहरों में उपलब्ध है। यह सर्विस एक एंडटूएंड सॉल्यूशन प्रदान करती हैए जिसमें आई चेकअप, फ्रेम ट्रायल्स, प्रोडक्ट सिलेक्शनए कस्टमाइजेशन और मील डिलीवरी शामिल है। ऑप्टिकल शॉप और आई केयर सर्विसेस को आसानी से सेफ्टी और कम्फर्ट के साथ घरों तक पहुँचाकर कस्टमर एक्सपीरियंस को पुनः परिभाषित कर रहा है। 500 से अधिक प्रमाणित आई.स्पेशलिस्ट्स के नेटवर्क के साथ लेंसकार्ट/होम बिजनेस ने पिछले 2 वर्षों में 200 तक प्रतिशत की वृद्धि देखी है। अनिल पांडे वाइस प्रेसिडेंट लेंसकार्ट/होम और असिस्टेड ऑनलाइन कहते हैं लेंसकार्ट/होम मॉडल को वैश्विक महामारी के दौरान व्यापक तौर पर अपनाया गया, जब घरों पर भी लोग सुरक्षा की कमी महसूस कर रहे थे।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 29 जून 2022



# पड़ोसियों के हमले में पति-पत्नी की मौत

## ●नाली से जुड़े विवाद में हुई घटना से मची सनसनी

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के क्वार्सी थाना क्षेत्र में नाली से जुड़े विवाद को लेकर पड़ोसियों के हमले से अधेड़ उम्र के पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि उनके तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्वार्सी थाना क्षेत्र के देवसैनी गांव में सोमवार रात हुई हिंसा का तात्कालिक कारण दोनों पड़ोसियों के घरों के बीच खुले नाले को लेकर हुआ विवाद था। हालांकि, उनके बीच दुश्मनी दो साल पहले हुई एक घटना के बाद से ही चल रही थी। अधिकारी के मुताबिक, रॉड, पत्थरों और लाठियों से हमला करने के बाद आधा दर्जन से अधिक हमलावर पीड़ितों को छोड़कर मौके से फरार हो गए। हमले में एक दंपति की सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कलानिधि नैथानी ने संवाददाताओं को बताया कि हमले में घायल जगेंद्र पाल (50) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनकी पत्नी सर्वेश देवी (45) की अस्पताल ले जाने के कुछ ही देर बाद मौत हो गई। नैथानी के अनुसार, माता-पिता को बचाने के लिए दौड़े उनके तीनों बच्चे-सोनू (22), विशाल (19) और डॉली (16) भी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। नैथानी के मुताबिक, हमलावरों में से दो अजय और जितेंद्र को पकड़ लिया गया है, जबकि अन्य नामित आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने इस दोहरे हत्याकांड को दो साल पहले हुई एक हिंसा का बदला लेने की कार्वाई करार दिया है। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2020 में दोनों पड़ोसी परिवारों के बीच एक विवाद को लेकर हुई हिंसा में अधेड़ उम्र की एक महिला की मौत हो गई थी, जिसके बाद जगेंद्र पाल अपने गांव से बाहर चले गए थे। पुलिस के अनुसार, सोमवार की घटना में मारी गई सर्वेश देवी दो साल पहले की हिंसा में अपने दो बेटों के साथ कई माह जेल में बिताने के बाद जमानत पर बाहर थी। उसका परिवार अलीगढ़ शहर में रह रहा था। अधिकारियों ने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले स्थिति सामान्य समझकर सर्वेश देवी और जगेंद्र पाल ने गांव लौटने का फैसला किया, लेकिन सोमवार रात दोनों परिवारों के बीच एक बार फिर हिंसा हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावर पीड़ितों को ईंटों और लाठियों से तब तक पीटते रहे, जब तक उन्हें यकीन नहीं हो गया कि वे मर चुके हैं। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो सभी हमलावर भाग चुके थे और हमलावर परिवार की केवल एक महिला घर में मिली थी।

**शामली में प्रेमी की मदद से पति की हत्या, आरोपी गिरफ्तार:** मुजफ्फरनगर। पड़ोसी शामली जिले के आदर्श मंडी थाना क्षेत्र के हरदेव नगर मोहल्ले में एक महिला द्वारा अपने नाबलिग प्रेमी के साथ मिलकर पति की गला काटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। महिला और उसके प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) जितेंद्र कुमार ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि हरदेव नगर मोहल्ले में अमित (25) की हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर छानबीन के आधार पर अमित की पत्नी शिवांगी (22) और उसके 17 वर्षीय प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। चंडीगढ़ के सेक्टर 38 निवासी अमित की मां रेखा ने पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में यह आरोप लगाया है कि शिवांगी के 17 वर्षीय किशोर से प्रेम संबंध की जानकारी अमित को हुई तो उसने विरोध किया। इसके बाद शिवांगी 24 जून को अपने प्रेमी के साथ चंडीगढ़ से भागकर शामली आ गई और यहां किराए के मकान में रहने लगी। अमित की मां ने बताया, अमित, शिवांगी की तलाश में बीते दिनों शामली आया और इस दौरान हुए विवाद में शिवांगी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की गला काटकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि अमित और शिवांगी का नौ माह का बेटा भी है जो पिता की हत्या और मां के गिरफ्तार होने से अकेला हो गया है। सीओ ने बताया कि पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर शिवांगी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ट्रक की टक्कर से दम्पत्ति की मौत

**जौनपुर।** जौनपुर जिले के सिंगरामऊक्षेत्र में मंगलवार को ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक दंपति की मृत्यु हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि बदलापुर थाना क्षेत्र के बडेरी निवासी सुभाष सिंह (48) अपनी पत्नी नीलम सिंह (45) के साथ मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे थे, इसी बीच सिंगरामऊक्षेत्र के बहरा इलाके के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दंपति को बदलापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सिंह ने बताया कि पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है तथा मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाए गए हैं।


## गैस पाइपलाइन की प्रेशर मशीन फटने से युवक की जान गई

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के नई मंडी थाना क्षेत्र के भोपा मार्ग पर स्थित एक मिठाई की दुकान के पास गैस पाइप लाइन की प्रेशर मशीन फटने से एक युवक की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नई मंडी थाना के प्रभारी सुशील कुमार सैनी ने बताया कि घटना सोमवार की रात उस समय हुई जब बच्चा सिंह कॉलोनी निवासी विष्णु (30) रात 12 बजे अपनी स्कूटी से गुजर रहा था तभी अचानक भोपा मार्ग पर स्थित एक मिठाई की दुकान के सामने गैस पाइप लाइन की प्रेशर मशीन फट गई और विष्णु की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। उन्होंने बताया कि आईजीएल गैस कंपनी पाइप लाइन से इलाके में सीएनजी गैस आपूर्ति करती है। उन्होंने कहा कि जांच जारी है और उसके निष्कर्षों के अनुसार कार्वाई की जाएगी।

## आकाशीय बिजली गिरने से मान्धातेश्वर मंदिर के शिखर का कलश हुआ क्षतिग्रस्त

### श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर में भारत माता की प्रतिमा के समीप हुआ हादसा





**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर में भारत माता की प्रतिमा के समीप स्थित मांधातेश्वर महादेव मंदिर के शिखर का कलश मंगलवार की दोपहर में हुई तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा कोई भी जनहानि नहीं हुई। मंदिर प्रशासन की ओर से तत्काल शिखर के कलश के छतिग्रस्त टुकड़े को हटवा दिया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि बारिश शुरू होने के बाद श्रद्धालु धाम के जलपान केंद्र और अन्य हॉल के अंदर चले गए थे। अकाशीय बिजली के गिरने के दौरान मंदिर के आसपास कोई श्रद्धालु उपस्थित नहीं था। तत्काल इस शिखर का मरम्मत का कार्य कराया जाएगा।

## सुलतानपुर में मिनी बस के खड्ड में गिरने से दो लोगों की मौत, नौ घायल

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले के लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर मंगलवार सुबह एक मिनी बस के खड्ड में गिरने से चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई और अन्य नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लखनऊसे एक शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए वाराणसी जा रही मिनी बस लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के पटखौली गांव के निकट रास्ते में अचानक सांड़ के आ जाने से अनियंत्रित होकर पलट गई। पुलिस ने बताया कि बस में चालक समेत 11 लोग सवार थे, जिसमें लखनऊ के दीनदयाल नगर निवासी राजेंद्र अवस्थी (55) एवं बहराइच जिले के जरवल थाना अंतर्गत करमुल्लापुर निवासी चालक ओंकार नाथ यादव (45) की मौत हो गई। अन्य नौ लोग घायल हो गए। लंभुआ के थाना प्रभारी ए. के. सिंह ने बताया कि लखनऊ-वाराणसी मार्ग पर लंभुआ बाईपास के निकट अचानक सांड़ के आ जाने से मिनी बस पलट गई और इस हादसे में चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। घायल नौ लोगों में चार की हालत गंभीर है जिन्हें जिला अस्पताल सुलतानपुर में भर्ती किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ डी. के. त्रिपाठी ने बताया कि घायलों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है और स्वास्थ्य विभाग की टीम हादसे में घायलों का इलाज कर रही है।

**मेरठ पुलिस का दावा, अवैध रूप से पटाखा बनाने के कारण ध्वस्त हुआ मकान:** मेरठ,। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के लिसाड़ी थाना क्षेत्र में कथित तौर पर रसोई गैस सिलेंडर फटने से एक मकान ढहने और हादसे में एक महिला की मौत होने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को दावा किया कि मकान में अवैध रूप से पटाखा बनाए जाने के कारण यह हादसा हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सजवाण के मुताबिक, स्थानीय लोगों द्वारा बार-बार आशंका जताई जा रही थी कि यह दुर्घटना केवल सिलेंडर फटने से नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस की फील्ड यूनिट की स्थलीय जांच में मकान में पटाखे बनाए जाने के साक्ष्य मिले हैं और इस मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304 (गैर-इरादतन हत्या) और विस्फोटक अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। सजवाण के अनुसार, शुरुआती जांच से पता चला है कि मकान में रहने वाले परिवार के मुखिया इंतजार के निकट संबंधी मुस्तकीम द्वारा वहां अवैध रूप से पटाखों का निर्माण किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि मुस्तकीम को जल्द ही हिरासत में लेकर साक्ष्य के अनुसार वैधानिक कार्वाई की जाएगी। घटनास्थल पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों ने मौका मुआयना भी किया। एसएसपी के मुताबिक, इससे पहले सोमवार को शाम करीब चार बजे पुलिस को फोन पर सूचना मिली थी कि लिसाड़ी थाना क्षेत्र की समर गार्डन कॉलोनी में 60 फुटा रोड पर इंतजार नामक व्यक्ति के 100 गज जमीन में बने मकान में सिलेंडर में विस्फोट हुआ है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने ध्वस्त हुए मकान के मलबे से आठ लोगों को बाहर निकाला था। इनमें से एक-मायके आई इंतजार की बेटी शमीमा (33) की सोमवार को ही मौत हो गई थी, जबकि सात घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## दंगा आरोपी बाबा बिरयानी के तीन प्रतिष्ठानों समेत छह रेस्तरां सील

### मुख्तार बाबा, दो बेटों बेटी, मां और एक कथित पाकिस्तानी नागरिक और करीब एक दर्जन अन्य के खिलाफ तीन अलग-अलग आपराधिक मामले किए गए दर्ज

**कानपुर।** कानपुर जिला प्रशासन ने सोमवार को छह रेस्टोरेंट सील कर दिए जिनमें तीन जून की हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार मुख्तार उर्फ बाबा बिरयानी के स्वामित्व वाले तीन रेस्तरां भी शामिल हैं। प्रयोगशाला में खाद्य सामग्री के नमूनों के असुरक्षित पाए जाने के बाद यह कार्वाई की गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नुपूर शर्मा के पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित विवादित टिप्पणी के विरोध में तीन जून, शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद भड़की हिंसा में मुख्तार आरोपी है और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाबा बिरयानी के नाम से चर्चित मुख्तार की शहर में कई रेस्तरां हैं।अधिकारियों के मुताबिक प्रयोगशाला में खाद्य सामग्री के नमूनों के असुरक्षित पाए जाने के बाद पुलिस प्रशासन ने नवीन मार्केट, काकादेव के एक मॉल तथा एक अन्य रेस्तरां, स्वरूप नगर में एक तथा परेड में दो रेस्तरां को सील किया है। मुख्तार के स्वामित्व वाले नवीन मार्केट, काकादेव के एक मॉल और स्वरूप नगर में बाबा बिरयानी के बिक्री केंद्र हैं।एक अधिकारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने सोमवार को जाजमऊ यशोदा नगर, बेकनगंज और किदवई नगर के एक मॉल में मुख्तार बाबा के पांच और प्रतिष्ठानों पर भी छापा मारा और 18 नमूने एकत्र किए, जिन्हें जांच के लिए आगरा में एक खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। जिलाधिकारी (डीएम) विशाख जी अय्यर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि जेल में बंद मुख्तार उर्फ बाबा बिरयानी के आठ खाद्य प्रतिष्ठानों से तीन में से आठ जून को 24 नमूने लिए गए और नमूने जांच के लिए आगरा में एफएसडीए की प्रयोगशाला भेजे गए थे। जिलाधिकारी ने कहा, "हमें नौ नमूनों के निष्कर्ष मिले हैं और उनमें से आठ नमूने मानव स्वास्थ्य और उपभोग के लिए असुरक्षित पाए गए" उन्होंने कहा कि सभी दोषी खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को एफएसडीए अधिकारियों के साथ और सभी छह खाद्य प्रतिष्ठानों को सील करने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। एफएसडीए के अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि मुख्तार बाबा के तीन खाद्य प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया है। अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था आनंद प्रकाश तिवारी ने कहा कि मुख्तार बाबा को बेकनगंज में घातक हथियारों के साथ दंगा और हिंसा के तीन मामलों में नामित किया गया था और बाद में 22 जून को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा कि मुख्तार की गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले मुख्तार बाबा, उनके दो बेटों, बेटी, उनकी मां और एक कथित पाकिस्तानी नागरिक और करीब एक दर्जन अन्य के खिलाफ तीन अलग-अलग आपराधिक मामले दर्ज किए गए थे। उन्होंने कहा कि दो प्राथमिकी बजरिया थाने में, जबकि एक चमनगंज थाने में दर्ज हुई है।

## फास्ट फूड बेचने वाले किशोर को दिल दे बैठी किशोरी, पकड़े जाने पर खाया जहर, गंभीर

पायनियर समाचार सेवा ।वाराणसी

**मिर्जामुराद** क्षेत्र के राजातालाब बाजार में ठेले पर फास्टफूड बेचने वाले किशोर को एक किशोरी अपना दिल दे बैठी। सोमवार की देर रात दोनों घर से भाग निकले। खोजबीन कर रहे परिजनों ने उन्हें भदोही में पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद युवक ने जहर निगल लिया। उसका उपचार एक निजी हॉस्पिटल में करवाया गया। मिर्जामुराद क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय लड़का राजातालाब बाजार में फास्टफूड की दुकान चलाता है। दुकान पर आते जाते ही उसकी जान पहचान पड़ोस की एक नाबालिग लड़की के साथ हो गई। इसके बाद दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चलने लगा। सोमवार की रात दोनों एक साथ राजातालाब से फरार हो गए। इस घटना के बाद परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। भदोही जिले के बभनौटी क्षेत्र में दोनों को देखने की सूचना रिश्तेदार द्वारा युवक के पिता को मिली। दोपहर बाद दोनों को लड़के के पिता ने पकड़ लिया। इसी दौरान युवक ने जहर निगल लिया। परिजनों ने युवक को राजातालाब में ईलाज के लिए भर्ती कराया। सूचना मिलने पर लड़की के परिजन अस्पताल पहुंचे जहां लड़के के पिता ने उनकी बेटी को सौंप दिया। वहीं उपचार के बाद नाबालिग प्रेमी भी अपने परिजनों के साथ घर चला गया। दोनों लड़के लड़की अंतरजातीय बताए जा रहे हैं

## उदयपुर घटना के दोषियों पर हो तत्काल कड़ी कार्रवाई: देवेन्द्र मिश्र

**प्रयागराज।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र निवर्तमान संयोजक देवेन्द्र नाथ मिश्र ने उदयपुर की घटना पर आक्रोश व्यक्त किया है। इस घटना पर नाराजगी जताते हुए पंडित देवेंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि दो दरिंदों मो रियाज एवं गौस मोहम्मद ने उदयपुर में एक टेलर को सिर्फ इसलिए गला काटकर मार डाला क्योंकि उसने नूपुर शर्मा की बातों का समर्थन किया था। कांग्रेस के मुस्लिम तुष्टिकरण ने जेहादियों का दुस्साहस इतना बढ़ा दिया है कि वह खुलेआम हिन्दुओं की हत्याएँ कर रहें हैं। इतना ही नही एक वीडियो वायरल कर टेलर का गर्दन धड़ से अलग करने के साथ प्रधानमंत्री का नाम लेकर उनके साथ भी ऐसा करने की खुलेआम धमकी दे रहे हैं। यह अराजकता गहलोत सरकार द्वारा मजहब विशेष के उपद्रवियों को ढील देने का परिणाम है। इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए देवेंद्र नाथ मिश्र ने केन्द्र सरकार और न्यायपालिका से अपील की है कि तत्काल दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही हो ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो सके।

## नेपाली किशोरियों से सामूहिक बलात्कार: अदालत में बयान दर्ज

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के हरैय्या क्षेत्र में रविवार को हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को पीड़ित नेपाली किशोरियों को अदालत में पेश कर उनके बयान दर्ज कराए गए। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने बताया कि कथित बलात्कार पीड़ित दो किशोरियों को विशेष पाक्सो अदालत में पेश किया गया, जहाँ उनके बयान दर्ज किए गए। इस दौरान हरैय्या थाने की पुलिस के साथ-साथ नेपाल की पुलिस भी मौजूद रही। गौरतलब है कि नेपाल के दांग जिले की ए दो किशोरियां सीमावर्ती क्षेत्र मणिपुर के साप्ताहिक बाजार में सामान लेने आ रही थीं तभी बलरामपुर के हरैय्या क्षेत्र स्थित जंगल में चार लोगों ने उनके साथ कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म किया। किशोरियों ने वापस अपने घर जाकर परिजनों से पूरी घटना बताई। परिजन नेपाल पुलिस के पास गए और नेपाल पुलिस दोनों किशोरियों को लेकर हरैय्या थाने पहुँची थी। हरैय्या पुलिस ने चारों आरोपियों रामचंद्र, राजेंद्र, राकेश और पिंटू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## शाहजहांपुर में बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में लुका-छुपी खेल रही साढ़े पांच साल की बच्ची को गांव के ही दो किशोर बहला-फुसलाकर गन्ने के खेत में ले गए और उससे कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) संजीव वाजपेई ने मंगलवार को बताया कि घटना थाना बंडा अंतर्गत एक गांव की है। उन्होंने बताया कि सोमवार शाम बच्चे लुका-छुपी खेल रहे थे, लेकिन इसी दौरान खेल में शामिल कक्षा दो का सात वर्षीय छात्र 11 वर्षीय एक अन्य लड़के के साथ बच्ची को बहला-फुसलाकर गन्ने के खेत में ले गया और उससे बारी-बारी से दुष्कर्म किया। वाजपेई ने बताया कि घटना के बाद बच्ची किसी तरह रोती हुई घर पहुंची और परिजनों को पूरी बात बताई।

## प्रेमी-प्रेमिका ने की खुदकुशी

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के सोनहा थानाक्षेत्र के एक गांव के दो समुदायों के किशोरवय प्रेमी-प्रेमिका ने कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंबिका राम ने बताया कि पुलिस ने गांव के पोखरे के पास से 16 वर्षीय लड़की और 17 वर्षीय लड़के का शव सोमवार की सुबह पेड़ के फंदे से बरामद किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार दोनों के बीच काफी समय से प्रेम चल रहा था।उन्होंने बताया कि पड़ोसियों के अनुसार लड़की की मां नहीं है और पिता मुंबई कमाते हैं। उन्होंने बताया कि मृतक लड़के के भाई ने कहा कि रविवार को उसका भाई घर से निकला था और देर तक नहीं लौटा तो फोन पर संपर्क किया तो उसने फोन काट कर एक मैसेज भेजा जिसमें लिखा था, मैं कभी वापस नहीं आऊंगा बहुत दूर जा रहा हूं। राम ने बताया कि ग्रामीणों का कहना है कि ए दोनों एक ही पाठशाला में पढ़ते थे और इनका प्रेम प्रसंग वर्ष भर पुराना था। उन्होंने बताया कि चार माह पहले इन दोनों को साथ देखा गया तो लड़की के घरवालों ने उसे अपनी नानी के गांव भेज दिया था। उन्होंने बताया कि रविवार को दोनों ही नानी के गांव में मिले तथा सुबह इनकी शव पेड़ के फंदे से लटकते मिले।प्रभारी निरीक्षक थाना (सोनहा) शशांक शेखर राय ने बताया कि पोस्टमार्टम के दौरान मृतक लड़की और लड़के के परिजन भी पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि फंदे पर लटकने की वजह से मौत हुई। थाना प्रभारी ने कहा कि अलग से किसी चोट का निशान पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नहीं है। उन्होंने दावा किया कि दोनों ने आत्महत्या की है।

**सचिव से अभद्रता में मेठ समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज:** कमालगंज फर्रूखाबाद। ग्राम पंचायत में बन रही पानी की टंकी की गलियों में पड़ रही पाइप लाइन का निरीक्षण करने पहुंचे सचिव से अभद्रता कर रास्ते में रोककर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मेठ व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। ग्राम पंचायत अमानाबाद के ग्राम विकास अधिकारी आदित्य कुमार सिंह ने मेठ चमन खान व एक अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें कहा कि ग्राम पंचायत में पानी की टंकी की पाइप लाइन डाली जा रही है। सोमवार को वह गदनपुर देवराजपुर प्रधान के पति जयसिंह के साथ निरीक्षण करने पहुंचे। वहां काम कर रहे श्रमिकों से कहा कि पाइप लाइन डालने के बाद सड़क ठीक करते चलो।

## महराजगंज में आकाशीय बिजली गिरने से किशोरी समेत दो की मौत, दो अन्य लोग घायल

**महाराजगंज।** उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले के एक धान के खेत में मंगलवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोरी समेत दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि घटना आज सुबह निचलौल थाना क्षेत्र के डिगही गांव की है। उप जिलाधिकारी (एसडीएम) सत्य प्रकाश मिश्रा ने बताया कि खेत में बिजली गिरने से रघुवर नायक (45) और खुशी (16) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अन्य दो घायलों को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

## दहशत का पर्याय बनी बाघिन पकड़ी गई



**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर-खीरी जिले में दुधवा बाघ अभयारण्य (डीटीआर) बफर जोन के मांझरा पूरब इलाके में पिछले कुछ दिनों से दहशत का पर्याय बनी दो बाघिनों में एक को पकड़ लिया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कतर्नियाघाट के उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) अमित कुमार ने बताया कि बाघिन को सोमवार देर रात वन विभाग द्वारा बनाए गए पिंजरे में कैद कर लिया गया। कुमार के मुताबिक, पकड़ी गई बाघिन को कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य ले जाया गया है और आगे की कार्वाई अधिकारियों के निर्देशानुसार की जाएगी। गौरतलब है कि बाघिन 18 से 27 जून के बीच दुधवा बफर जोन में मांझरा पूरब के जंगलों के करीब खैरतिया क्षेत्र में चार लोगों की जान ले चुकी है। बाघिन ने 18 जून को स्थानीय पुजारी मोहन दास को खैरतिया-मांझरा मार्ग स्थित मंदिर परिसर में मार डाला था, जबकि 23 जून को उसने खैरतिया गांव के पास 14 वर्षीय सूरज सिंह की जान ले ली थी। 27 जून को बाघिन ने नरेंद्रनगर बेली गांव में 33 वर्षीय युवक नागेंद्र सिंह और 43 वर्षीय महिला मिंदर कौर को मार डाला था। एक के बाद एक चार लोगों की मौत ने ग्रामीणों के साथ-साथ वन अधिकारियों को भी झंकझोर कर रख दिया था।दुधवा के फील्ड निदेशक संजय कुमार पाठक ने पीटीआई-भाषा को बताया, उत्तर प्रदेश के मुख्य वन्यजीव संरक्षक को एक रिपोर्ट भेजी गई थी, जिन्होंने मानव जीवन पर मंडराते खतरे को देखते हुए बाघिन को पकड़ने की अनुमति दी थी। पाठक के मुताबिक, सघन तलाशी, गश्ती और ड्रोन व कैमरों से की गई निगरानी के दौरान क्षेत्र में दो बाघिनों की आवाजाही देखी गई थी, जिनमें एक को पकड़ लिया गया है।

## छोटे बच्चों के स्वास्थ के लिए विशेष पहल

**वाराणसी।** बच्चों के आराम पर ध्यान केंद्रित करते हुए डिज़ाइन किया गया है। इसमें अनेक नई खूबियां हैंए जैसे 12 घंटे तक सोखने की क्षमता और गीलेपन का संकेत प्रदान करना। इन खूबियों के कारण माता.पिता को अपने बच्चों की स्वच्छता सुनिश्चित करने में मदद मिलती है ये ऐसे अभिभावक हैंए जो अपने बच्चे को हर समय सहज और आरामदेह स्थिति में रखने की भरसक कोशिश करते हैं।ष्ड्स प्रकार कंपनी ने इसे नए माता.पिताओं के लिए किफायती और सुलभ बनाने का प्रयास किया है। एसए एम और एल आकार के लिए सिंगल्स पैक की कीमत क्रमशः 9ए 10ए 12 रुपए रखी गई है।

## वार्षिक शिकायत रिपोर्ट जारी की

**वाराणसी।** एडवर्टाइज़िंग स्टैंडर्ड्सकाउन्सिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) ने 21 अप्रैल से 22 मार्च कीअवधि के लिए अपनी वार्षिक शिकायत रिपोर्ट जारी की, जिसके दौरान कंपनी ने प्रिंट, डिजिटल औरटेलीविजन सहित सभी माध्यमों में 5,532 विज्ञापनों को संसाधित किया। डिजिटल डोमेन पर विशेषतौर पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, एएससीआई द्वारा 94 प्रतिशत समग्रअनुपालन दर देखी गई। वार्षिक रिपोर्ट के बारे में बात करते हुए, सुभाष कामथ, चेयरमैन, एएससीआई,ने कहा, जिस तरह से यह विज्ञापन परिदृश्य पर हावी है, वर्ष 2021-22 एक ऐसा वर्ष था, जब हमने डिजिटल मीडिया की निगरानी में तेजी लाने के अपने वादे का पालन किया। हमने प्रौद्योगिकी में भारी निवेश किया है और यह काफी अच्छा परिणाम हमारे सामने लेकर आया है।

# हुड्डा का शानदार शतक ,भारत जीता

## ● आयरलैंड को 4 रनो से पराजित किया

**भाषा।** मालाहाइड




**दीपक हुड्डा** के शानदार शतक की मदद से भारत ने टी20 मैच में आयरलैंड को 4 रनों से हराकर अपनी ताकत दिखा दी। भारत के 226 रन का पीछा करने उतरी आयरिश टीम ने निधारिंत ओवर में मात्र 5 विकेट खोकर 221 रन बना लिए। बालबर्नी ने 60 टेक्टर-39, स्टर्लिंग ने 40, डाकरेल- 34 व अडेयर ने 23 रन जोड़े। हर्षल, विश्नोई, भुवी व उमरान ने 1-1 विकेट लिए। इससे पहले दीपक हुड्डा के शानदार शतक से भारत ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे और आखिरी टी20 मैच में मंगलवार को सात विकेट पर 227 रन बनाए।

हुड्डा टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक जड़ने वाले चौथे भारतीय बन गए। उन्होंने 57 गेंद में 104 रन बनाए जिसमें नौ चौके और छह छक्के शामिल थे। संजू सैमसन ने उनका बखूबी साथ निभाते हुए 42 गेंद में नौ चौकों और चार छक्कों के साथ 77 रन की पारी खेली। सैमसन को रूतुराज के चोटिल होने के कारण इस मैच में मौका मिला जिसे उन्होंने बखूबी भुनाया। हुड्डा और सैमसन दोनों ने अपनी पारियों में दर्शनीय स्ट्रोक्स लगाए। भारत की शुरूआत हालांकि अच्छी नहीं रही और ईशान किशन तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गए। तीसरे ओवर में मार्क एडेयर की गेंद पर विकेट के पीछे लोरकान टकर को कैच थमाकर उन्होंने अपना विकेट गंवाया। इसके बाद हुड्डा और सैमसन ने 85 गेंद में 176 रन की साझेदारी करके भारत के विशाल स्कोर की नींव रखी। आयरलैंड के अनुभवहीन गेंदबाजों पर दोनों ने दबाव बनाते हुए मनचाहे शॉट्स खेले। सैमसन को नौवें ओवर में जीवनदान मिला जब लेग स्पिनर जेरेथ डेलानी ने उनका कठिन रिटर्न कैच टपकाया। इससे पहले आठवें ओवर में पॉल स्टर्लिंग ने हुड्डा का कैच छोड़ा था। सैमसन 17वें ओवर में एडेयर की गेंद पर आउट हुए। हुड्डा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहला शतक 55 गेंद में पूरा किया। उनसे पहले रोहित, केएल और रैना ही इस प्रारूप में भारत के लिए शतक बना सके हैं। हुड्डा का विकेट गिरने के समय भारत का स्कोर 212 रन था। दिनेश कार्तिक, हर्षल पटेल और अक्षर पटेल खाता भी नहीं खोल सके। भारत ने आखिरी दो ओवर में 14 रन के भीतर तीन विकेट गंवाए। सूर्य 15 रन बनाकर आउट हुए जबकि कप्तान हार्दिक 13 रन बनाकर नाबाद

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी :** सैमसन बो एडेयर 77,किशन का टकर बो एडेयर 3, हुड्डा का मैक्ब्रायन बो लिटिल 104,सूर्यकुमार का टकर बो लिटिल 15, पंड्या नाबाद 13,कार्तिक का टकर बो यंग 0,पटेल का डॉकरेल बो यंग 0,हर्षल बो एडेयर 0, भुवनेश्वर नाबाद 1, **अतिरिक्त :** 12 रन, कुल : 20 ओवर मे सात विकेट पर 225 रन, **विकेट पतन :** 1-13 ,2-189 3-206,4-212, 5-217, 6-217, 7-226 , **गेंदबाजी :** एडेयर 4-0-42-3, लिटिल 4-0-38-2,यंग 4-0 - 35 -2 डेलानी 4- 0- 43 -0 क्रोनोर 3-0- 47-0 मैक्ब्रायन 1 -0 -16- 0

**आयरलैंड की पारी :** स्टर्लिंग बोल्ड रवि बिश्नोई 40 ,बालबर्नी सी कॉट रवि बिश्नोई बोल्ड पटेल, 60,डेलानी रन आउट पांड्या 0, टेक्टर नाबाद 34, टकर ब चहल बोल्ड उमरान 5

## भारतीय स्पिनर राधा यादव की महिला टी20 रैंकिंग में सुधार

**दुबई।** श्रीलंका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई टी20 श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत की बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) महिला टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं। आईसीसी द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग के मुताबिक श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में चार विकेट हासिल करने के बाद राधा गेंदबाजों की सूची में सात पायदान आगे बढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं। बल्लेबाजों की तालिका में श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू तीन मैचों में 139 रन बनाकर करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं। उन्होंने दाम्बुला में अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में नाबाद 80 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। वह हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में भी दो स्थान के सुधार के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं। भारत की स्मृति मंधाना (चौथे), जेमिमा रोड्रिग्स (14वें) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (18वें) ने बल्लेबाजी सूची में अपने स्थान बरकरार रखे हैं। रैंकिंग में आगे बढ़ने वाली अन्य भारतीय गेंदबाज पूजा वस्त्राकर हैं, जो 30 पायदान ऊपर चढ़कर 32वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# मोर्गन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

**भाषा।** लंदन



**अपने शानदार** नेतृत्व कौशल से सीमित ओवरों के प्रारूप में इंग्लैंड को शिखर पर पहुंचने वाले कप्तान इयोन मोर्गन ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। इंग्लैंड के 2015 क्रिकेट विश्व कप में निराशाजनक विफलता के बाद मोर्गन टीम की कमान संभालते हुए सफेद गेंद के प्रारूप में बेखौफ और आक्रामक दृष्टिकोण अपनाकर टीम को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले गए। उनके नेतृत्व में इंग्लैंड 2019 पहली बार एकदिवसीय विश्व कप का चैम्पियन बना और उन्होंने हर बड़ी टीम के खिलाफ श्रृंखला में जीत का स्वाद चखा। उनकी सफलता का प्रतिशत 60 के आसपास है। इंग्लैंड क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब की ने कहा, जैसा कि सभी महान खिलाड़ियों और कप्तानों के साथ होता है उसने अपनी और और आने वाली पीढ़ियों के लिए खेलने के तरीके को बदल दिया। खेल में उनकी विरासत को आने वाले कई सालों तक महसूस की जाएगी। मोर्गन के नेतृत्व में इंग्लैंड की टीम के नाम एकदिवसीय मैचों के तीन बड़े स्कोर है। टीम ने पिछले सप्ताह ही नीदरलैंड के खिलाफ चार विकेट पर रिकॉर्ड 498 रन बनाए थे। वह हालांकि पिछले कुछ समय से बल्ले से दमदार प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे। नीदरलैंड के खिलाफ पिछली श्रृंखला के शुरुआती दो मैचों में वह खाता नहीं खोल सके जबकि तीसरे मैच में चोट के कारण टीम से बाहर रहे। इस 35 साल के खिलाड़ी ने पिछले डेढ़ साल में टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय की 48 पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक जड़ है। यह निस्संदेह मेरे करियर का सबसे सुखद अध्याय रहा। संन्यास का फैसला करना आसान नहीं था लेकिन मेरा मानना है कि मेरे लिए ऐसा करने का यही सही समय है। मोर्गन के साथ 2019 विश्व कप जीतने वाले इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन अली भी कप्तान के इस फैसले से हैरान नहीं थे

## लियोन और भूटिया के अनुबंध बढ़ाए

**बेंगलुरू।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल फ्रेंचाइजी बेंगलुरू एफसी ने मंगलवार को युवा विंगर लियोन आगस्टीन और विंग बैक नामग्याल भूटिया के मौजूदा अनुबंधो मे विस्तार की घोषणा की। लियोन के अनुबंध मे दो सत्र का विस्तार किया गया है जबकि भूटिया नए करार के बाद 2025-26 सत्र के अंत तक बेंगलुरू की टीम से जुड़े रहेंगे। लियोन 2016 मे ट्रायल के जरिए क्लब से जुड़े थे और बेंगलुरू एफसी की पहली रिहायशी अकादमी टीम का हिस्सा थे। उन्होंने 2018 एएफसी कप मे सीनियर टीम की ओर से पदार्पण किया।

## 36वीं शिवानी कप संडे ओपन चेस टूर्नामेंट 3 जुलाई को

**लखनऊ।** लखनऊ जिला चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 36वीं शिवानी कप संडे ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन 3 जुलाई 2022 को मानसरोवर योजना शहीद पथ स्थित शिवानी पब्लिक स्कूल के परिसर में होगा।लखनऊ जिला चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर दुबे ने बताया कि कुल 21ए100 रूपए की ईनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट में ओपनए अंडर.11ए वेटरन आयु वर्ग एवं महिला वर्ग में स्विस सिस्टम और फिडे नियमों के तहत मुकाबले होंगे। टूर्नामेंट में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नः 9559999158 पर सम्पर्क कर सकते है।

# आक्रामकता के साथ भारत के खिलाफ उतरेगा इंग्लैंड : बेन



**भाषा।** लीड्स

**न्यूजीलैंड के** खिलाफ 3-0 के क्लीनस्वीप के दौरान आक्रामक क्रिकेट खेलने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि भारत के खिलाफ होने वाले आगामी पांचवें टेस्ट में उनकी टीम के जज्बे में कोई कमी नहीं आएगी। नए कप्तान स्टोक्स और नए कोच ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में इंग्लैंड ने गत विश्व टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट की श्रृंखला में 3-0 से क्लीनस्वीप किया। भारत के खिलाफ एकमात्र टेस्ट पिछले साल की पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला का बचा हुआ टेस्ट है जिसे मेहमान टीम के खेमे में कोविड-19 मामले आने के कारण रद्द कर दिया गया था। यह टेस्ट शुक्रवार से खेला जाएगा। स्टोक्स ने सोमवार को कहा, जब मैं यह बोल रहा हूं तो मुझ पर विश्वास कीजिए। हम इसी (आक्रामक) मानसिकता के साथ उतरेंगे, हालांकि यह अलग विरोधी बेशक, यह पूरी तरह से अलग होगा... अलग विरोधी, उनका आक्रमण और खिलाड़ी भी अलग। हम इस पर ध्यान लगा रहे हैं कि इन पिछले तीन मैच में हमने क्या अच्छा किया है और शुक्रवार को भारत के खिलाफ भी इसे जारी रखने का प्रयास करेंगे। भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 2-। से आगे चल रहा है लेकिन इंग्लैड की तरोताजा टीम से भिड़ेगा जिसमें पिछले साल भारत के खिलाफ चौथा टेस्ट खेलने वाली टीम के सिर्फ चार सदस्य (ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो और जेम्स एंडरसन) शामिल हैं। पिछले साल स्टोक्स भी श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि उन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए ब्रेक लिया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से पूर्व पिछले कुछ महीनों में इंग्लैंड की टीम मुश्किल दौर से गुजर रही थी और इस दौरान 17 टेस्ट में सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई। टीम के अपने साथियों की सराहना करते हुए स्टोक्स ने कहा, दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ 3-0 से श्रृंखला जीतना काफी विशेष शुरुआत है। अप्रैल में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड के 0-। से टेस्ट श्रृंखला गंवाने के बाद रूट ने कप्तानी छोड़ दी और स्टोक्स को यह जिम्मेदारी दी गई।

## टी-20 विश्व कप के बाद सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगा भारत

**वेलिंगटन।** आस्ट्रेलिया मे टी20 विश्व कप के बाद भारत तीन टी20 और इतने ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचो की श्रृखला के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्रृंखला का आयोजन 18 से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। इसके बाद अगले साल जनवरी मे न्यूजीलैंड की टीम सीमित ओवरो की श्रृंखला के लिए भारत आएगी। एनजेडसी ने विज्ञप्ति मे कहा, भारत विश्व कप के खत्म होने के बाद ब्लैककैप्स (न्यूजीलैंड की पुरुष क्रिकेट टीम का चर्चित नाम) के खिलाफ वेलिंगटन, तौरंगा और नेपियर मे तीन टी20 और आक्लैंड मे तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए न्यूजीलैंड आएगा। ब्लैककैप्स इसके बाद पाकिस्तान दौरे और भारत मे संक्षिप्त श्रृंखला के लिए उपमहाद्वीप के दौरे पर जाएंगे और फिर फरवरी की शुरुआत मे टीम स्वदेश लौटेगी और तौरंगा (दिन-रात्रि) तथा वेलिंगटन मे इंग्लैड के खिलाफ दो टेस्ट की तैयारी करेगी। भारत शुक्रवार से इंग्लैड के खिलाफ पांचवां टेस्ट खेलेगा जो पिछले साल आयोजित होने वाली पांच मैचो की टेस्ट श्रृंखला का बचा हुआ एक टेस्ट है। इसके बाद दोनो टीम के बीच तीन टी20 और इतने ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला भी होगी। भारतीय टीम इसके बाद तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय की श्रृंखला के लिए जुलाई-अगस्त मे वेस्टइंडीज का दौरा करेगी जो टी20 विश्व कप से पहले होगा। व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के बीच न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैड के खिलाफ दिन-रात का टेस्ट भी खेलेगी जबकि 2022-23 के घरेलू सत्र मे छह टीम देश का दौरा करेगी। भारत के अलावा पाकिस्तान, बांग्लादेश, इंग्लैड और श्रीलंका की पुरुष टीम तथा बांग्लादेश की महिला टीम न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। न्यूजीलैंड की महिला टीम बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलो मे हिस्सा लेने के बाद वेस्टइंडीज दौरे पर जाएगी और वहां से लौटने के बाद टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला मे बांग्लादेश की मेजबानी करेगी। इसके बाद टीम जनवरी मे दक्षिण अफ्रीका रवाना होगी जहां आईसीसी महिला टी20 विश्व कप खेला जाएगा।

# स्वियातेक ने लगातार 36वां मैच जीता

## ● गॉ भी विम्बलडन के दूसरे दौर में पहुंची

**भाषा।** विम्बलडन



**विश्व रैंकिंग** में पहले स्थान पर काबिज महिला एकल खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने मंगलवार को यहां ऑल इंग्लैंड क्लब पर साल के तीसरे ग्रैंडस्लैम विम्बलडन में एकतरफा जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। पोलैंड की खिलाड़ी ने सेंटर कोर्ट में खेले गए मुकाबल में क्रोएशिया की क्वालीफायर जाना फेट को 6-0, 6-3 से शिकस्त देकर लगातार 36वीं जीत दर्ज की, जिसमें फ्रेंच ओपन के सभी मैच भी शामिल है। यह 1997 में मार्टिना हिंगिस (लगातार 37 जीत) के बाद से महिला वर्ग में पर सबसे लंबी जीत का सिलसिला है। फ्रेंच ओपन के फाइनल में स्वियातेक से हार झेलने वाली कोको गॉ ने भी सफर जीत से शुरू की। अमेरिका की 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने रोमानिया की एलेना-गैब्रिएला रुसे 2-6, 6-3, 7-5 से हराया। फ्रेंच ओपन खिताब को 2021 में जीतने वाली चेक गणराज्य की 13वीं वरीयता प्राप्त बारबोरा क्रेइसिकोवा ने बेल्जियम की मैरीना ज़ानेवस्का को 7-6, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में अपनी जगह पक्की की। अन्य प्रमुख महिला खिलाड़ियों में पाउला बडोसा, मारिया सक्कारी, एलेना ओस्टापेंको और चीन की शुआई झांग भी जीत के साथ आगे बढ़ने में सफल रहे। ओलंपिक चैंपियन बेलिंडा बेनसिच को उलटफेर का शिकार होना पड़ा। स्विट्जरलैंड की 14वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को चीन की कियांग वांग से 4-6, 7-5, 2-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। हारने वाली वरीयता प्राप्त खिलाड़ी में स्विट्जरलैंड की जिल टेचमैन,अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा और कजाकिस्तान यूलिया पुतिनत्सेवा शामिल है।

### माटियो बेरेटिनी बाहर

**विंबलडन।** विबलडन मे पिछले साल के उप विजेता माटियो बेरेटिनी कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण इस ग्रास कोर्ट ग्रैंडस्लैम टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। बेरेटिनी पहले दौर का मुकाबला खेलने से कुछ घंटे पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए। आल इंग्लैंड क्लब ने बेरेटिनी के हटने की घोषणा की। बेरेटिनी ने इस बारे मे इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके जानकारी दी। बेरेटिनी ने कहा फ्लू जैसे लक्षण दिखने के बाद वह पिछले कुछ दिनो से पृथकवास पर है और उनका दिल टूट गया है।

## एएफआई ने राष्ट्रीय स्तर के एथलीट को शिविर से निकाला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्तर के एथलीट आयुष डबास को मंगलवार को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने एनआईएस पटियाला के राष्ट्रीय शिविर से उनके कमरे मे सीरिंज और सुइयां (इंजेक्शन) मिलने के बाद बाहर कर दिया। एएफआई ने डबास को नो नीडल पॉलिसी का उल्लंघन करने की सजा दी है। यह नियम 2018 से प्रभावी है। एएफआई ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर बताया, एएफआई की नो नीडल पॉलिसी के तहत आयुष डबास को राष्ट्रीय कोचिंग कैंप से हटा दिया गया है क्योंकि उनके कमरे मे सीरिंज और सुइयां पाई गई थी।

## मुंबई इंडियन्स ब्रिटेन दौरा आयोजित करेगा

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 15 मे लचर प्रदर्शन के बाद मुंबई इंडियन्स ने अगले सत्र की तैयारी अभी से शुरू कर दी है और फ्रेंचाइजी अंतरराष्ट्रीय पदार्पण नही करने वाले अपने भारतीय खिलाड़ियो को जुलाई मे तीन महीने के अनुभव दौरे पर इंग्लैड लेकर जाएगी। विभिन्न आधुनिक केंद्रो ट्रेनिंग के अलावा कई काउंटी की शीर्ष क्लब टीम के खिलाफ कम से कम 10 टी20 मैच खेलने का मौका मिलेगा।

## विल्सन डोपिंग मामले में चार साल के लिए प्रतिबंधित

**बर्न (स्विट्जरलैंड)।** स्विट्जरलैंड के फर्राटा धावक एलेक्स विल्सन को एनाबॉलिक स्टेरॉयड के इस्तेमाल के लिए मंगलवार को चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। स्विट्जरलैंड के डोपिंग रोधी न्यायाधिकरण ने अपने फैसला मे कहा कि उन्होंने जानबूझकर एनाबॉलिक स्टेरॉयड का इस्तेमाल किया था।

## स्पिन की चुनौती से निपटने के लिए तैयार : कमिंस

**गॉल।** श्रीलंका से अप्रत्याशित हार झेलने वाली ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को उम्मीद है कि टीम स्पिनरो की मददगार पिचो पर बुधवार से शुरू हो रही दो मैचो की श्रृंखला मे बेहतर बल्लेबाजी करेगी।

## भावना विश्व चैम्पियनशिप से हटीं, सीमा के भाग लेने पर संशय

**नई दिल्ली।** पैदल चाल खिलाड़ी भावना जाट अगले महीने अमेरिका में होने वाले विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हट गई है। जबकि अनुभवी चक्का फेंक खिलाड़ी सीमा पूनिया के इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में भाग लेने को लेकर संशय बना हुआ है। इस प्रतियोगिता में अभी कुछ और भारतीय विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से क्वालीफाई कर सकते है। प्रतियोगिता के लिए क्वालिफिकेशन समय सीमा रविवार को समाप्त हो गई और विश्व एथलेटिक्स बुधवार को 15 से 24 जुलाई तक होने वाले आयोजन के लिए प्रतिभागियों की सूची प्रकाशित करेगा।

# वेस्टइंडीज ने टेस्ट श्रृंखला पर किया कब्जा

## ● बांग्लादेश को 10 विकेट से हरा

**भाषा।** ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)



**वेस्टइंडीज** ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में सोमवार को यहां बांग्लादेश को 10 विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 2-0 से जीत ली। मेजबान वेस्टइंडीज ने दोनों टेस्ट चार दिन के अंदर जीते। मैदान गीला होने के कारण सोमवार को पहले दो सत्र का खेल नहीं हो पाया। बांग्लादेश की टीम हालांकि जब छह विकेट पर 132 रन से आगे खेलने उतरी तो सिर्फ 12 ओवर में ही मैच का नतीजा आ गया। बांग्लादेश ने जब दिन का खेल शुरू किया तो वह वेस्टइंडीज के पहली पारी के स्कोर से 42 रन पीछे थी। बांग्लादेश ने नौ ओवर में 54 रन जोड़े और पूरी टीम 186 रन पर सिमट गई। नुरूल हसन 50 गेंद में 60 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज को जीत के लिए 13 रन की दरकार थी जिस लक्ष्य को सलामी बल्लेबाजों जॉन कैंपबेल (नाबाद 09) और कप्तान क्रेग ब्रेथवेट (नाबाद 04) ने 17 गेंद में ही हासिल कर लिया।

## साइ के सोनीपत केन्द्र में अभ्यास और खाने की बेहतर सुविधा से संतुष्ट हुए पहलवान

**सोनीपत।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के सोनीपत केन्द्र में पिछले कुछ दिनों में खाने की गुणवत्ता में सुधार और अभ्यास के लिए बेहतर सुविधा मुहैया होने से यहां प्रशिक्षण ले रहे पहलवान काफी संतुष्ट हैं। अभी कुछ दिन पहले की ही बात है जब पहलवानों को एक ऐसे हॉल के अंदर प्रशिक्षण के लिए मजबूर होना पड़ता था जहां एयर-कंडीशनर के सही से काम नहीं करने के कारण तापमान 39 डिग्री तक बढ़ जाता था, जिससे एथलीटों को चोट और स्वास्थ्य जोखिम होता था।

## मप्र ने चार गेंदबाजों के साथ रणजी फाइनल में उतरने का जुआ खेला और खिताब जीता : कोच



**इंदौर।** मध्यप्रदेश के पहले रणजी खिताब के प्रमुख शिल्पकार कोच चंद्रकांत पंडित ने कहा है कि उनकी टीम ने फाइनल में दिग्गज मुंबई के खिलाफ चार गेंदबाजों के साथ मैदान में उतरने का जुआ खेला और आखिरकार ट्रॉफी जीतने में सफल रही। पंडित सोमवार रात इंदौर के होलकर स्टेडियम में मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) द्वारा विजेता टीम के भव्य स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। आदित्य श्रीवास्तव की अगुवाई वाली टीम ने 41 बार की रणजी चैंपियन रह चुकी मुंबई को घरेलू क्रिकेट के इस सबसे बड़े मुकाबले में रविवार को बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पटखनी दी और मध्यप्रदेश के गठन के साढ़े छह दशक के लम्बे अंतराल के बाद पहला रणजी खिताब अपने नाम किया।

## डाइमंड लीग में टेनटोग्लू के खिलाफ उतरने को लेकर उत्साहित थाः एम श्रीशंकर

**नई दिल्ली।** भारत के लंबी कूद के शीर्ष खिलाड़ी एम श्रीशंकर ने मंगलवार को कहा कि उन्हें वीजा संबंधित मुद्दों के कारण आगामी डाइमंड लीग से हटने का मलाल है क्योंकि वह स्टॉकहोम में ओलंपिक चैंपियन मिलटियाडिस टेनटोग्लू के खिलाफ उतरने को लेकर बेहद उत्साहित थे। श्रीशंकर को 30 जून से स्वीडन में होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से हटने को बाध्य होना पड़ा क्योंकि अगले महीने ओरेगन में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का वीजा तैयार करने के लिए उनका पासपोर्ट नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास में है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक श्रीशंकर ने कहा कि डाइमंड लीग में हिस्सा लेने से वह विश्व चैंपियनशिप के लिए अपनी तैयारी को बेहतर कर पाते लेकिन वहां नहीं खेलने से जरूरी नहीं कि उन पर असर पड़े क्योंकि उनकी पहली प्राथमिकता विश्व चैंपियनशिप है।

# प्रणय, सात्विक-चिराग जीते, प्रणीत व समीर बाहर

## ● मलेशिया ओपन बैडमिंटन

**भाषा।** कुआलालंपुर




**भारत के एचएस** प्रणय ने कड़े मुकाबले में स्थानीय दावेदार डेरेन ल्यू को हराकर मंगलवार को यहां मलेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। इस महीने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले और दुनिया के शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शामिल रह चुके प्रणय ने 62 मिनट चले मुकाबले में मलेशियाई खिलाड़ी को 21-14 17-21 21-18 से हराया। दुनिया के 21 नंबर के खिलाड़ी प्रणय इस सुपर 750 टूर्नामेंट के अगले दौर में चौथे वरीय चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन से भिड़ेंगे। प्रणय की जीत से भारतीय खेमे को खुशी का मौका मिला क्योंकि इससे पहले बी साई प्रणीत और समीर वर्मा को कड़े मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। प्रणीत को दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिनटिंग ने हराया जबकि समीर को इंडोनेशिया के ही दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी 30 साल के प्रणीत को गिनटिंग के खिलाफ 50 मिनट चले पुरुष एकल मुकाबले में 15-21 21-19 9-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। इंडोनेशिया के खिलाड़ी ने प्रणीत के खिलाफ चार मुकाबले जीते हैं जबकि तीन में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दोनों पिछली बार 2020 एशियाई टीम चैंपियनशिप के दौरान भिड़े थे और तब प्रणीत के चोट के कारण हटने पर गिनटिंग ने मैच जीता था। चोट के बाद वापसी कर रहे समीर को भी 49 मिनट चले मैच में क्रिस्टी के खिलाफ 14-21 21-13 7-21 से हार झेलनी पड़ी। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया के ची लिन वांग और यांग ली की जोड़ी को शुरुआती दौर में 21-18, 21-11 से शिकस्त दी। महिला युगल में हालांकि भारतीय जोड़ी को निराशा हाथ लगी।

अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की महिला जोड़ी पहले दौर में नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की जापान की छठी वरीय जोड़ी से 15-21 11-21 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई। प्रणय ने धीमी शुरुआत की लेकिन ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। ल्यू ने कुछ गलतियां भी की जिससे भारतीय खिलाड़ी लगातार बढ़त बनाए रखने में सफल रहा और पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में ल्यू ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 7-4 की बढ़त बनाई। प्रणय ने नेट पर आकर खेलने का प्रयास किया लेकिन कुछ सहज गलतियां की जिससे ल्यू ने चार गेम प्वाइंट हासिल किए और फिर मलेशियाई खिलाड़ी ने स्मैश के साथ बराबरी हासिल कर ली।

## ओलंपिक पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी वरिंदर सिंह का निधन

**नई दिल्ली।** ओलंपिक और विश्व कप पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे हॉकी खिलाड़ी वरिंदर सिंह का मंगलवार सुबह जालंधर में निधन हो गया। वर्ष 1970 के दशक में भारत की कई यादगार जीत का हिस्सा रहे वरिंदर 75 साल के थे। वरिंदर 1975 में कुआलालंपुर में पुरुष हॉकी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। यह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत का अब तक का एकमात्र स्वर्ण पदक है। भारत ने तब फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-। से हराया था। वरिंदर 1972 म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक और एम्सटरडम में 1973 विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे। वरिंदर की मौजूदगी वाली टीम ने 1974 और 1978 एशियाई खेलों में भी रजत पदक जीता। वह 1975 मांट्रियल ओलंपिक में भी भारतीय टीम में शामिल थे।

## कोच्चि फ्रेंचाइजी के दस्तावेजों में हस्ताक्षर में विलंब का हर संभव प्रयास किया ललित मोदी नेः किताब



**नई दिल्ली।** नई किताब में खुलासा किया गया है कि इंडियन प्रीमयर लीग के संस्थापक ललित मोदी ने अब भंग हो चुकी फ्रेंचाइजी कोच्चि टस्कर्स केरल के दस्तावेजों में हस्ताक्षर के लिए 2010 में अंत तक विलंब किया था और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के तत्कालीन अध्यक्ष शशांक मनोहर के आधी रात के बाद आए फोन के बाद ही वह झुके थे। लेखक-पत्रकार बोरिया मजूमदार की किताब मैवरिक कमिश्नरः द आईपीएल-ललित मोदी सागा के अनुसार कई बैठक हुई लेकिन हर बार ललित कागजातों में बदलाव के लिए कहते या आईपीएल मैच के लिए बेंगलुरू चले जाते। मजूमदार ने संस्थान बनाम व्यक्ति शीर्षक के अध्याय में लिखा, मुझे बताया गया था कि कोच्चि प्रतिनिधिमंडल फ्रेंचाइजी करार पर हस्ताक्षर लेने के लिए 10 अप्रैल 2010 को मुंबई के फोर सीजन्स होटल में ललित से मिला जहां वह रुके हुए थे।

# डीएम व एसपी ने की अभियोजन कार्यों की गहन समीक्षा, दिये निर्देश

● न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में सफल अभियोजन पैरवी कर लंबित पुराने मामलों का हो शीघ्र निस्तारण

संवाददाता। कानपुर देहात


डीएम नेहा जैन व नवांगुतक एसपी सुश्री सुनीति अभियोजन कार्यों की समीक्षा करती हुयी — पायनियर

**जिलाधिकारी** नेहा जैन ने पुलिस अधीक्षक सुनीति के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक की तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गम्भीर प्राकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलाई जाए जिससे अपराधी किस्म के लोगों को यह मैसेज जाए कि छोटा से छोटा अपराध करने पर भी वे सज़ा से बच नहीं सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं से सम्बन्धित लंबित मामलों को प्राथमिकता से लेते हुए शीघ्र किये जाये निस्तारण। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि न्यायालय में साक्ष्य के लिए आने वाले गवाहों से शत प्रतिशत परिक्षित कराया जाए तथा दोषमुक्त मामलों में नियमानुसार अपील की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। समीक्षा बैठक के दौरान में ई.प्रासी क्यूशन डाटा फिडिंगए समन तामिला इत्यादि कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। जिलाधिकारी ने मौजूद शासकीय अधिवक्ताओं एवं अभियोजन के अधिकारियों से न्यायालयों में साक्षियों की उपस्थिति और उनके पक्षद्रोही होने के कारणों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग व अभियोजन विभाग से कहा कि समन तामीली समयबद्ध होनी चाहिए। अधिकतम साक्षियों को न्यायालयों के समक्ष परीक्षित कराया जाए। अकारण साक्षियों की वापसी ना होने पाएए यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में सफल अभियोजन पैरवी कर लंबित पुराने मामलों का निस्तारण शीघ्र हो। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन गरिमा सिंह व शासकीय अधिवक्ता आदि मौजूद रहे।

# समस्याओं को लेकर भाकियू ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**भारतीय** किसान यूनियन लोक शक्ति के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान फतेहगढ़ कोतवाली फोर्स भी मौजूद रहा। किसान नेताओं ने नारेबाजी कर समस्याओं के समाधान की मांग जिलाधिकारी से की। भाकियू जिलाध्यक्ष सत्यभान झा के नेतृत्व में किसान नेता कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे और दरी बिछाकर धरना.प्रदर्शन शुरू किया। माइक लगाकर पदाधिकारियों ने नारेबाजी शुरू की तो फतेहगढ़ कोतवाल जय प्रकाश ने पदाधिकारियों से कहा कि नारेबाजी के बजाए साधारण तरीके से धरना.प्रदर्शन करें। इस पर उन्होंने नारेबाजी बंद कर दी। इस दौरान आए अपर जिलाधिकारी ;राजस्व सतीशचंद्र प्रजापति को भाकियू नेताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित पांच सूत्री ज्ञापन देकर धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। ज्ञापन में मांग की कि तहसील कायमगंज की ग्राम सभा शिवरई मठ में आंबेडकर पार्क के लिए जमीन पड़ी है जिस पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने जमीन से कब्जा हटवाने की मांग की। ग्राम सभा अजमतपुर में मिथलेश कुमारी पत्नी देवेंद्र कुमार की जगह पर प्रधान, सेक्रेटरी व लेखपाल की मिलीभगत से अवैध रूप से सचिवालय बना दिया गया। इस मामले में पीड़िता ने न्यायालय से मुकदमा भी जीता था लेकिन इसके बावजूद उसके खेत की पैमाइश नहीं कराई गई। उन्होंने पैमाइश करवाए जाने की मांग की। इसके साथ ही ज्ञापन में अन्य मांगें भी शामिल थीं। इस अवसर पर जिला प्रभारी गिरीशचंद्र शाक्य, देवेंद्र कुमार, मजहर खान, जगवेंद्र सिंह राजपूत, दिलीप कुमार, ज्ञानेश राजपूत, रामलड़ैते राठौर और धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# नए एसपी सुनीति ने ग्रहण किया कार्यभार

● 2013 बैच की हैं आईपीएस

संवाददाता। कानपुर देहात

**नवॉगुतक** एसपी सुश्री सुनीति ने जनपद के नये एसपी का चार्ज ग्रहण कर लिया है। वर्ष 2013 बैच की आईपीएस सुनीति इससे पहले अमरोहा जनपद के एसपी का कार्यभार संभाल चुकी है। मॅगलवार को नवॉगुतक एसपी ने प्रेस वार्ता में अपनी प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में जानकारी दी।

जनपद में आधी आबादी के सम्मान में मॅगलवार को एक और तमगा जुड गया, जब नवॉगुतक एसपी सुश्री सुनीति ने जनपद के नये एसपी का पदभार ग्रहण कर लिया। जनपद में शीर्ष प्रशासनिक पदों में डीएम, सीडीओ पदों पर पहले से ही देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं ने कार्यप्रणाली से जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्रों तक पहुॅचाने पर ऐतिहासिक कार्य किये है। डीएम नेहा जैन, सीडीओ सौम्या पाण्डेय के बाद शीर्ष पुलिस अधिकारी भी महिला के रूप में सुश्री सुनीति के पदभार ग्रहण करने से पीडित, शोषित आधी आबादी अब बेझिझक अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकेंगी। पद भार ग्रहण करने के बाद नवॉगुतक एसपी ने अपनी प्राथमिकताओं के विषय में बताया कि विगत कार्यकालों के अपने अनुभवों से आम जनता को न्याय प्रदान करने का प्रयास करेगी। कानून व व्यवस्था में जीरो टालरेंस नीति के तहत पारदर्शिता के साथ शासन की योजनाओं को लागू किया जायेगा। महिला उत्पीडन के मामलों में कानून के मुताबिक सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी। चार्ज लेने के बाद प्रेस वार्ता में एएसपी घनश्याम चौरसिया, सीओ प्रभात कुमार सिंह मौजूद रहे।

# मत्स्य संपदा बढ़ाने को गंगा में डाले गये मछली के बच्चे

संवाददाता। फतेहपुर



**प्रधानमंत्री** मत्स्य संपदा योजनांतर्गत राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) हैदराबाद द्वारा प्रायोजित रिवर रेंचिंग कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा नदी में मत्स्य संपदा बढ़ाने हेतु आज 28 जून मंगलवार को देव घाट भिटौरा में मत्स्य विभाग, फतेहपुर के सौजन्य से रिवर रेंचिंग कार्यक्रम में गंगा नदी में जन प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के द्वारा 40 हजार मत्स्य अंगुलिकाएं (80 से 100 मिमी साइज के बच्चे) संचय किया गया और उप निदेशक मत्स्य प्रयागराज द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि नदियों में मत्स्य संपदा एवं अन्य जल जीवों का संरक्षण करें, ये भी बताया गया कि 1 जून से 31 अगस्त तक तीन महीने मछलियों के प्रजनन अवधि होने के कारण सभी नदियों, झीलों, जलशशायो में मछली मारने मत्स्य बीज निकालने, नष्ट करने, बेचने पर प्रतिबंध रहता है, ऐसा करने पर कठोर कानूनी कार्यवाही के साथ जुर्माना या सजा की जा सकती है। सहायक निदेशक ने बताया कि इस वर्ष 3 लाख मत्स्य अंगुलिकाए संचय करने का लक्ष्य है, अभी कुछ समय बाद शीघ्र 2 लाख 60 हजार मत्स्य बच्चे (अंगुलिकाएँ) और संचय किया जायेगा। उक्त अवसर पर सांसद के प्रतिनिधि गोविंद तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि, निषाद पार्टी के कार्यकर्ता, ग्राम वासीगण के साथ मत्स्य विभाग के विजय पाल मंडलीय उप निदेशक मत्स्य प्रयागराज, जी.सी.यादव सहायक निदेशक मत्स्य, पी0 के0 शुक्ला मत्स्य निरीक्षक खागा तथा म0वि0अधि0 अरुण पाल एवं अपर्णा सिंह और ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### तमंचे से गोली मार कर ली आत्महत्या

**घाटमपुर।** मंगलवार सबेरे कस्बा पतारा में एक युवक ने तमंचा से गोली मार कर आत्म हत्या कर ली। पुलिस तमंचा कब्जे में लेकर शव पोस्ट मार्टम के लिये भेजा है, कोतवाली के ही गांव तरगांव का रहने वाली शिवशरण उर्फतन्नू ( 28 ) बर्तमान में पतारा कस्बे के मोहल्ला मोती नगर में रहता था आज सवेरे वो घर के बाहर चूतरे पर बैठा था कि तभी उसने गोली मार ली, गोली चलने की आवाज सुनकर घर वाले बाहर निकले और देखा कि शिव शरण खून से लथपत पड़ा तड़प रहा था, सूचना पर पतारा चौकी इन्चार्ज बिनीत मिश्रा मौके पर पंहुचे और अधिकारियों को धटना की सूचना दी, फरेन्सिक टीम भी मौके पर पहुची तथा घटना को लेकर सक्ष्य जुटाये। सी0ओ0 सुशील कुमसर दुबे ने बताया कि मृतक तमंचा से गोली मार कर आत्महत्या की है। आत्म हत्या का कारण मानसिक तनाव बताया जाता है।

### आकाशीय बिजली गिरने से अधेड़ की मौत

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के गांव बरईगढ़ में आकाशीय बिजली गिरने से बकरी चरा रहे अधेड़ की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस और क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पंहुचे और आवश्यक कार्यवाही कर श पोस्ट मार्टम के लिये भेजा है।

### लूट का फर्जी खेल रचाने का पर्दाफाश

**फतेहपुर।** पुलिस ने गोली मारकर लूट की फर्जी घटना का खुलासा करते हुए बताया कि लूट की खबर देने वाले कमलेश ने पुरानी रंजिश के चलते अपने विरोधियों को फंसाने के लिए मनगढ़ंत तरीके से एक झूठी खबर पुलिस को दी कि उससे साथ गोली मारकर 50 हजार रुपये लूट लिए गए है। धाता थाने की पुलिस ने जब इस मामले में पड़ताल की तो मामला पूरी तरह से फर्जी निकला जिसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। देर रात पुलिस को सूचना मिली कि धाता थाने के दामपुर नहर के पास एक युवक ने अपने साथ गोलीमार लूट की जानकारी पुलिस को दी। युवक ने बताया कि उसके पास 50 हजार रुपये भी थे जो लुटेरे छीनकर मौके से फरार हो गए है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शिकायत करने वाले युवक कमलेश मोदनवाल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराते हुए मामले में जांच शुरु की तो तथ्य निकलकर सामने आए, उसने पुलिस को होश फाख्ता कर दिए। पुलिस ने बताया की दामपुर गांव का कमलेश मोदनवाल साल 2018 में एक मामले में जेल जा चुका है। गांव के ही गिरीश चंद्र त्रिपाठी और बागीश चंद्र त्रिपाठी की शिकायत पर कमलेश जेल गया था और उन्हीं के ऊपर फर्जी लूट का मुकदमा दर्ज कराने के लिए उसने यह खेल रचा था। पुलिस ने ये भी बताया कि कमलेश लगाता अपने बयान बदल रहा था जिससे पुलिस को शक हुए तो पुलिस ने मामले की पड़ताल की तो पूरा मामला सामने आ गया है।

### करंट की चपेट में आकर महिला की मौत

**फतेहपुर।** औंग थाना क्षेत्र के ग्राम रावतपुर में सोमवार की देर शाम घरेलू बिजली की चपेट में आ जाने से 33 वर्षीय महिला की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रावतपुर गांव की निवासी रणवीर की पत्नी सोनी सोमवार की देर शाम घर पर ही बैठी थी तभी अचानक घरेलू बिजली का तार टूट कर महिला के ऊपर जा गिरा है जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर घटना स्थल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जें में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया।

### पुरानी खुन्नस को लेकर पिता पुत्री को दबंगों ने किया लहूलुहान

**फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रारी बुर्जग में पुरानी खुन्नस को लेकर दबंग पिता पुत्रों ने 60 वर्षीय वृद्व को लाठी डन्डा से पीट-पीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया वहीं हमलावरों ने 10 साल की किशोरी को भी बुरी तरह पीट दिया। घायल वृद्व को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। थाने पहुंचने पर पीड़ित परिवार को ही डॉट डपट कर कोतवाली से भाग दिया। जानकारी के अनुसार रारी बुर्जुग गांव निवासी स्व0 मो0 रजा का पुत्र अहमद रजा सोमवार की शाम गांव के बाहर बकरी चरा रहा था तभी परिवार के ही नसीम पुत्र स्व0 अब्दुल कय्यूम जो अहमद रजा से पुरानी खुन्नस रखता था। अपने पुत्र सलीम व साहिल के साथ आ धमका और लाठी डन्डों से वृद्व अहमद रजा को पीटने लगे जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गया। यहीं नही वृद्व का हमलावरों ने बायां हाथ तोड दिया, उसी बीच अहमद रजा की छोटी पुत्री सना वहां आ पहुंची, उसे भी हमलावरों से पीट कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। घायल के परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे थे। पुलिस ने उल्टा पीड़ित परिवार को डॉट डपट कर भगा दिया। घायल वृद्व परिजन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया वहीं मजरूबी चिट्ठी न होने के कारण घायल का मेड़िकल नही हो पाया।

### लाइन जोड़ते करंट की चपेट में आने से अधेड़ झूलसा

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के ओती मार्ग में सोमवार की शाम पोल में चढ़कर लाइन जाडते समय करंट की चपेट में आ जाने से 45 वर्षीय अघेड झुलस गया जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के रतन गांव निवासी रामप्रसाद का पुत्र गया पाल जो पिछले 7 वर्षो से ललौली थाने के दतौली पावर हाउस में प्राइवेट कर्मचारा के रूप में काम रहा है। बताते है कि कल शाम शटडाउन लेकर ओती मार्ग में पोल में चढ़कर लाइन जोड़ रहा था इसी बीच शटडाउन वापस हो गया और करंट की चपेट में आ जाने से गम्भीर रूप से झूलस गया और पोल से गिरने से उसकी एक टांग टूट गई जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

### प्रबन्ध समिति क़े चुनाव में जितेन्द्र भान सिंह अध्यक्ष व राघवेंद्र सिंह प्रबंधक निर्वाचित

**फतेहपुर।** श्री भैरवनाथ इण्टर क़ालेज़ नरैनी (फ़तेहपुर) क़ी प्रबन्ध समिति क़ा चुनाव निर्धारित कार्यक्रम क़े अनुसार ज़िला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित पर्यवेक्षक विश्वनाथ त्रिपाठी (प्रधानाचार्य) क़ी मौजूदगी में कुल वैध साधारण सभा क़े 25 सदस्यों में 21 सदस्य उपस्थित रहें। जिसमें क्रमशः अध्यक्ष पद पर जितेन्द्र भान सिंह, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, प्रबंधक राघवेंद्र सिंह, उपप्रबंधक अवधेश प्रसाद द्विवेदी, कोषाध्यक्ष हीरालाल शुक्ला तथा प्रबन्ध समिति क़े सदस्य क़े रूप में राम शरण सिंह, रणधीर सिंह, महेन्द्र सिंह, प्रेम शंकर अवस्थी, रमेश बहादुर सिंह, कुंवर बहादुर सिंह व भीम सिंह क़ो निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

### गैंगस्टर एजाज बॉक्सर की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

**फतेहपुर।** जिला प्रशासन में गैंगस्टर के आरोपी बजाज बॉक्सर की करोड़ों की संपत्ति को कुर्क कर लिया है, संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई सदर कोतवाली क्षेत्र के महापुर, शेखपुर उनवा, चौफेरवा और उधन्नापुर गांव में चली है, जहां पर उसकी कई बीघा अचल संपत्ति को कुर्क किया गया है, गैंगस्टर एजाज बक्सर के ऊपर फतेहपुर शहर समेत कई जगहों पर अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिसमें ज्यादातर मामले गैरकानूनी तरीके से अवैध संपत्ति बनाने के है, इसके तहत आज जिला प्रशासन ने उसकी 12 करोड़ की कीमत की कई भी है। जमीन को कब्जा मुक्त कराया है। योगी आदित्यनाथ के आदेश पर प्रदेश भर में ऐसे आरोपियों के खिलाफ मुहिम चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

# समारोह में टॉपर दिव्यांशी व प्रिन्स का किया गया सम्मान

संवाददाता। फतेहपुर




**शहर** के राधा नगर में स्थिति जय मां सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें इंटरमीडिएट की प्रदेश टॉपर दिव्यांशी तथा हाईस्कूल का प्रदेश टॉपर प्रिंस पटेल को समारोह पूर्वक विद्यालय में मोतीलाल नेहरू इंस्टीट्यूट टेक्नोलॉजी प्रयागराज के निदेशक डॉ0 रमाशंकर वर्मा तथा एमएनआईटी के प्रोफेसर डॉ0 पाल्सन सैमुअल एवं मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश व सदर तहसीलदार रवि शंकर यादव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा छात्र-छात्राओं को उनके पठन पाठन एवं आगामी भविष्य के दिशा निर्देशन में यह सुझाव प्रदान किए गए कि जिन विद्यालयों का दिन क्षेत्र में जो अभिरुचि हो उन विद्यालयों को आगे बढ़ना चाहिए, चाहे वह कला का चित्र, विज्ञान का चित्र या संगीत का चित्र, साथ में डॉ0 रमाशंकर वर्मा एमएनआईटी प्रयागराज के द्वारा सभी छात्र छात्राओं को यह कहते हुए उत्साह वर्धन किया कि कम अंक वाले छात्र-छात्राएं भी प्रतिभावान बनेंगे। प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय प्रताप सिंह को धन्यवाद देते हुए और यह कहते हुए कहा कि आपका विद्यालय संघ 2014 से लगातार प्रदेश की सूची में अपना स्थान बनाए हुए हैं। यह विद्यालय 2017 में भी तापमान तथा 20-22 में भी प्रदेश का तापवन है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक अजय प्रताप सिंह अध्यक्ष शिवपाल पांडे तथा सहायक अध्यापक बिरेंद्र कुमार, श्रीवास्तव जितेंद्र कुमार सिंह, शिवम गुप्ता, सुधीर कुमार, रामबाबू गुप्त,। प्रवीण कुमार श्रीवास्तव लोग उपस्थित रहे।

# भय प्रकट कृपाला दीनदयाल कौशल्या हितकारी

**फर्रूखाबाद।** केन्द्रीय कारागार फतेहगढ़ में श्रीराम कथा के तीसरे दिन राम जन्मोत्सव मनाया गया। श्री कृष्ण कुंज गौ सेवा ट्रस्ट गाजियाबाद से पधारे कथाव्यास श्री राघवेन्द्राचार्य जी महाराज ने महाराज दशरथ के पुत्र कामेष्टि यज्ञ एवं श्री राम जन्म प्रसंग की ऐसी व्याख्या की कि श्रोतागण भावविभोर हो उठे। कथा वाचन के दौरान महाराज ने कहा कि तीन कल्प में विष्णु के तीन अवतार हुए है और चौथे कल्प में साक्षात भगवान श्रीराम माता कौशल्या के गर्भ से अवतरित हुए है। प्रभु के अवतार की व्याख्या करते हुए आचार्य श्री द्वारा बताया गया कि बैकुंठ के ऐश्वर्य को छोड़कर प्रभु जब माधुर्य के धरातल पर अवतरित होते हैए उसी को अवतार कहते है। राम अखिल लोक विश्राम हैं। आज भी हम अपनी लोक मर्यादा की भाषा में कहते हैं कि आराम तो तभी आएगा जब श्रामष् आएगा। राम ही वह अंतिम छोर है, जहां शांति की तलाश के लिए मानव जा सकता है। सायंकाल की कथा में आचार्य श्री द्वारा सीता स्वयंवरए विदेहराज जनक का विलापए धनुष भंग, एवं लक्ष्मण परशुराम संवाद सम्बन्धित प्रसंगो का वर्णन करते हुए कहा गया कि राम की विनय शीलता देखिए, धनुष भंग पर परशुराम के क्रोध पर राम कहते हैं गया कि राम की विनय शीलता देखिए, धनुष भंग पर परशुराम के क्रोध पर राम कहते हैं ष्नाथ संभु धनु भंजनिहारा, होइहि कोऊ इक दास तुम्हारा। प्रभु श्री राम का चरित्र अखिल लोक कल्याणकारी है। प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव पर आचार्य श्री के साथ पधारे संगीतकार श्री मुन्ना जीए श्री दीनानाथ जी एवं श्री महेशदास जी द्वारा श्रीराम जी के जनमोत्सव पर बधाई की संगीतमयी प्रस्तुति पर कारागार के अधिकारी कर्मचारी बंदीगण एवं समस्त श्रोतागण भाव विभोर हो गये। इस अवसर पर सेंट्रल जेल के अधीक्षक प्रमोद कुमार शुक्ला, कारापाल, बद्री प्रसाद, उपकारापाल, शेष नाथ यादव, जयदीप त्रिवेदी, योग प्रशिक्षक, राम कृपाल मिश्र सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के लोग भी उपस्थित रहे।

# बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने की बनाई रणनीति

संवाददाता। फतेहपुर

**उ0प्र0 बीएड** संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2022 को सकुशल, शांतिपूर्वक, नकलविहीन, सुचितापूर्ण, पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के संयुक्त तत्वाधान में बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि उ0प्र0 बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2022 को नकलविहीन, सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए केन्द्र व्यवस्थापक अपने परीक्षा केन्द्र का भ्रमण करके सभी व्यवस्थाओं को देख ले जैसे-विद्युत, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था सुद्रण तरीके से करा लें और सीसीटीवी कैमरे की क्रियाशीलता की जांच अवश्य कर ले। परीक्षा कक्ष में कोई भी अधिकारी/कर्मचारी मोबाइल लेकर नही जाएगा। परीक्षा केन्द्र में केन्द्र व्यवस्थापक, पर्यवेक्षक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट के अलावा किसी को भी मोबाइल ले जाने की अनुमति नही है। परीक्षा केंद्रों में कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन किया जाए। परीक्षा केंद्रों में तलासी के समय परीक्षा केन्द्र से ही अभ्यर्थियों को मास्क दिया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में बायोमेट्रिक से उपस्थिति दर्ज होगी। परीक्षा केंद्रों में लगाये गए अधिकारियों/कर्मचारियों को बिना परिचय पत्र के अनुमति न दी जाए। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि पूर्णतया वर्जित रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र नियमानुसार सभी कार्यवाही पूर्ण करते हुए समय से परीक्षा केंद्रों में पहुचाये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों की सघन तलाशी कराकर ही प्रवेश दिया जाए। महिला परीक्षार्थियों को महिला कर्मचारी व पुलिस बल द्वारा ही किया जाए। परीक्षा केन्द्र में शांतिपूर्ण परीक्षा कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गयी है। परीक्षा केंद्रों के आसपास परीक्षा के दौरान फोटोकॉपी मशीन आदि की दुकाने बंद करा दी जाए।

# सीडीओ ने हर घर तिरंगा लगाने को प्रधान सचिव व पंचायत सहायकों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

● मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त ग्राम प्रधानों से की बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने और कार्यक्रम को सफल बनाये जाने की अपील

● ग्राम प्रधानों से किया संवाद, कार्यक्रम के सफल संचालन की ली जानकारी

संवाददाता। कानपुर देहात



**मुख्य** विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा लगाए जाने के संबंध में समीक्षा बैठक समस्त ग्राम प्रधानए समस्त सचिवए समस्त पंचायत सहायको के साथ कीए बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पूरे भारत का 75 वर्ष इस वर्ष पूर्ण हो रहे हैंए इसलिए आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा हर घर तिरंगा लगाए जाने का कार्यक्रम 11 अगस्त से 17 अगस्त के मध्य चलाया जाएगाए जिसमें प्रत्येक घरए कार्यालयए सरकारी कार्यालयए भवन आदि जगहों पर तिरंगा झंडा लगाए जाएंगे इसके लिए जनपद का लक्ष्य 3 लाख बनाए जाने का दिया गया है तथा ढाई लाख तिरंगा झंडा लगाए जाने का लक्ष्य हैए उन्होंने बताया कि झंडे का निर्माण स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दे दिया गया है उन्हीं के माध्यम से यह तिरंगा झंडे बनाए जाएंगेए इनको सम्मान पूर्वक रखा जाएगा एवं सूरज डूबने से पहले तिरंगे झंडे को सम्मान पूर्वक उतारकर रख लिया जाएगाए तिरंगे झंडों की बिक्री समस्त कोटेदारों के माध्यम से किया जाएगाए मुख्य विकास अधिकारी ने सभी ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम में बढ़.चढ़कर हिस्सा ले एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत कार्यक्रम हर घर तिरंगा को सफल बनाएंए इस मौके पर जिला विकास अधिकारी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने भी विस्तार से सभी को जानकारी दी।

# अलग-अलग सड़क हादसों में आधा दर्जन घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुये सड़क हादसों के दौरान लगभग आधा दर्जन घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां एक की हालत गम्भीर बनी है। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के मर्दनपुर गांव निवासी श्याम लाल का 50 वर्षीय पुत्र कृष्ण पाल अपने 30 वर्षीय पुत्र कुलदीप के साथ मोटर साइकिल द्वारा शहर की ओर आ रहे थे। जैसे ही ये लोग पखरौली चौराहा के पास पहुंचे उसी समय सामने से आ रहे ट्रैक्टर से भिडन्त हो गई जिससे पिता पुत्र घायल हो गये। इसी प्रकार बांदा जनपद के थाना चिल्ला गांव डीघवट गांव निवासी माता बदन का 23 वर्षीय पुत्र अभिलाष सैनी मोटरसाइकिल द्वारा रायबरेली जनपद के लालगंज जा रहे थे। जैसे ही सलेमपुर गांव पहुंचे तभी सामने से आ रही बाइक की भिडन्त हो गई जिससे बुरी तरह घायल हो गया।

# आज से तीन जुलाई तक चलेगा जनजागरूकता अभियान 'रेस'

संवाददाता। अमेठी


बैठक में भाग लेते हुए एडीएम

**शासन के** निर्देश पर जनपद में 29 जून से 03 जुलाई तक सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण, पुनर्चक्रण, उसके सम्बन्ध में लगाये गये प्रतिबन्ध को प्रभावी तरीके से लागू %कराये जाने के उद्देश्य से वृहद जन-जागरूकता अभियान आयोजित होगा। मंगलवार को अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में अपर जिलाधिकारी न्यायिक आरके द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीएम ने कहा कि अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थल, बस अड्डे, बाजार, मॅण्डी, रेलवे लाईन व रेलवे स्टेशन, कार्यालय परिसरों, शैक्षिक संस्थानों के परिसरों, खाली पड़ी भूमि, घाट एवं नदी-नालों के किनारें इत्यादि स्थलों पर व्यापक जन सहयोग एवं राजकीय संसाधनों की सहायता से प्लास्टिक अपशिष्ट को एकत्रित कराते हुए उसे ब्राण्ड ओनर्स एवं री-साईक्लर्स के माध्यम से निस्तारित कराया जाए। जिले भर में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबन्ध के सम्बन्ध में वृहद जन-जागरूकता अभियान चलाया जाना। एडीएम ने बताया कि 'रेस' कार्यक्रम सम्पूर्ण जिले में प्रभावी रूप से चलाया जाये, जिसके लिए सम्बन्धित नगर निकाय नोडल संस्था होंगी। अभियान में नगर निकायों द्वारा सफाई कर्मियों, एनसीसी कैडेट, राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट गाईड, युवक मंगल दल, नागरिक संगठनों, स्वयं सेवी संस्थाओं, युवाओं, स्कूल-कालेजों, जनसामान्य आदि का सहयोग प्राप्त किया जाए। जिले स्तर पर रूप-रेखा अनुसार 'रेस' कार्यक्रम को प्रभावी रूप से क्रियान्वित कराये जाने हेतु सम्बन्धित एडीएम/प्रभारी नगर निकाय नोडल अधिकारी होंगे, जिनके द्वारा स्वच्छ भारत मिशन नगरीय/ग्रामीण की जिले स्तर पर उपलब्ध परामर्शदाताओं के माध्यम से जिले स्तर पर सम्पूर्ण अभियान का नियोजन, क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण सुनिश्चित कराया जायेगा। रेस कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाली गतिविधियों को लेकर उन्होंने बताया कि 29 जून को प्लास्टिक से मुक्त जीवन थीम के अंतर्गत इस कार्यक्रम की लांचिंग जागरुकता कार्यक्रम, स्वच्छता शपथ, प्लास्टिक एकत्रीकरण अभियान चलाया जाएगा, जिसमें नगर निकाय स्तर पर सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रभावी प्रतिबंध हेतु स्कूल, कार्यस्थल, पार्क तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महाशपथ अभियान का आयोजन किया जाएगा। हॉटस्पॉट परिवहन केंद्र, रेलवे लाइन स्टेशन, बस स्टेशन तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर प्लास्टिक कलेक्शन एवं महासफाई का आयोजन किया जाएगा। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध प्रबंधन तथा विकल्पों पर स्कूलों और डब्ल्यू ए पार्क तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि 03 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक कैरी बैग मुक्त दिवस के शुभ अवसर पर राज्य स्तर पर प्लास्टिक वेस्ट की समाधानों एवं सफल प्रयोगों के संबंध में जानकारी प्राप्त किए जाने हेतु ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों को आमंत्रित कर एक दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित कराई जाएगी। बैठक के दौरान समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एआरटीओ, उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र, जिला क्रीड़ा अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## एफजी आई ई टी में एम.सी.ए. के छात्रों का 3.5 लाख पैकेज पैकेज पर हुआ चयन

**रायबरेली।** फ़िरोज गांधी इंस्टीट्यूट आफइंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में फइव फ्लाई सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड, ग्रेटर नोएडा तथा कंप्यूब्रैंस अहमदाबाद द्वारा प्लेसमेंट प्रक्रिया 20.05.2022 तथा 13.06.2022 को ऑनलाइन मोड में कराई गई थी जिसमें संस्थान के कम्प्यूटर एप्लिकेशन संकाय के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया था स संस्थान के कम्प्यूटर एप्लिकेशन संकाय के सहायक प्रोफेसर श्री राकेश मिश्रा ने जानकारी दी कि चयन प्रक्रिया में संकाय के 05 छात्र-छात्राओं का फइव फ्लाई सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड, ग्रेटर नोएडा में हिमांशु चौहान, सुषमा, अभिषेक पाल, प्राजल, उत्कर्ष तथा कंप्यूब्रैंस अहमदाबाद कंपनी में हिमांशु चौहान का 3.5 लाख सालाना पैकेज पर चयन किया गया संस्थान के निदेशक श्री विनोद कुमार एवं निदेशक शैक्षणिक डॉ दिग्विजय सिंह चौहान ने सभी चयनित छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी, इस मौके पर संस्थान के रजिस्ट्रार श्री राजेंद्र प्रसाद, विभागाध्यक्ष श्री राजेश सिंह, डॉ. मल्लिका त्रिपाठी, डॉ. विवेक द्विवेदी, डॉ. सुनील वर्मा ,सहायक प्रोफेसर श्री राकेश मिश्रा, विजय मिश्र, राजीव द्विवेदी, श्री राजेंद्र कुमार सिंह, एवं राजेश कुमार ओझा, हेमंत सिंह, अजय त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

संवाददाता। जगदीशपुर, अमेठी


प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत करते हुए भाजपाई

**भारतीय जनता** पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष, देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र व विधायक नोएडा पंकज सिंह का आगमन अमेठी जनपद में हुआ। अमेठी जनपद के मंडल विश्वकर्मा नगर में मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में पंकज सिंह का भव्य स्वागत हुआ। बताते चलें नोएडा विधायक पंकज सिंह पूर्व विधायक दिवांगत सूर्यभान सिंह के यहां शोक संवेदना व्यक्त करने जा रहे थे वही रोड नंबर 3 पर जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने नोएडा विधायक का जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए नोएडा विधायक एवं देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र पंकज सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के रीड की हड्डी होते हैं उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर ही आज भारतीय जनता पार्टी भारती नहीं विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी में परिवारवाद और जातिवाद तथा वंशवाद के लिए कोई स्थान नहीं है देश की जनता भी परिवारवाद और वंशवाद को नकार चुकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि 2024 में एक बार फिर सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास, सबका प्रयास के साथ पूर्ण बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी कि केंद्र में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं का मनोबलग बढ़ाते हुए सभी कार्यकर्ताओं को अभी से 2024 की तैयारी में जुट जाने के लिए कहा साथ ही साथ उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि गांव-गांव घर-घर जाकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम जनता को अवगत कराएं। और यह भी सुनिश्चित करें कि जनता को केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिले। उन्होंने कहा कि राष्ट्र हित और राष्ट्र निर्माण सर्वोपरि है ऐसे में सभी कार्यकर्ता खासकर युवा कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दयाशंकर यादव पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, चन्द्रमौलि सिंह प्रवक्ता भाजपा, सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### भूमिहीन समुदाय के पात्रों को मिली आवासीय जमीन

**अमेठी।** घुमंतू समाज के लोगो को रहने के लिए स्थायी आवास उपलब्ध हो। जिसके खातिर जमीन की प्रथम वरीयता होती है। उसी पर कार्य करते हुए उपजिलाधिकारी गौरीगंज के निर्देश पर तहसीलदार की देखरेख में नायब तहसीलदार ने अफोइया ग्राम सभा में घुमंतू समाज के लोगो के लिए गाटा संख्या 1897, 1901 जो कि सरकारी अभिलेख में नवीन परती बंजर जमीन दर्ज है, पर गांव के 6 परिवारों लखन पुत्र मुसाफिर, ननकऊ, ददऊ, सोनिया, समुद्दी व झंझटी को आवासीय जमीन आवंटित करने के बाद कब्जा दिलाया। इस मौके पर नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय, कानूनगो लाल मणि पाण्डेय, राजस्व कर्मी सहित ग्राम सभा के संभ्रांत मौजूद रहे।

### यू लाइट इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया



**रायबरेली।** न्यू लाइट इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने मंगलवार को विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। प्रबंधक शिवेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पौधारोपण के साथ-साथ बच्चों को पौधारोपण का महत्व भी समझाया गया।प्रिंसिपल निशी श्रीवास्तव ने कहा कि पेड़ प्रकृति की अनुपम देन है। पेड़ एक देश की बहुमूल्यसंपदा होते हैं, जहां पर पेड़ अधिक मात्रा में होते हैं। वहां की जलवायु स्वच्छ होती है। विद्यालय की ही रुचि श्रीवास्तव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं और इनकी रक्षा करना हमारा दायित्व है। जब तक पृथ्वी पर पेड़ों का अस्तित्व है तब तक ही मानव सभ्यता का अस्तित्व है। इसलिए हमें पेड़ों की सुरक्षा करनी होगी। इस दौरान गौरव दिवेदी यश सोनाक्षी गुलाम तस्मीया अब्दुल नॉरेन रज्जाक सुनैना मौर्या अनुष्का वन्य साहू अनुभव अग्रहरी गैसे राजा सौम्य सिद्धार्थ आदि थे।

### रामपुर और आजमगढ़ के उपचुनाव के परिणामों ने विपक्ष को दे दिया बड़ा संदेशः विद्यासागर सोनकर



**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक भाजपा जिला कार्यालय महराजगंज रोड़ पर सम्पन्न हुई, जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा ने कहा कि विपक्ष के पास आज कोई मुद्दा नहीं बचा है, हाल ही में रामपुर और आजमगढ़ के उप चुनाव के परिणामों ने यह संदेष दे दिया है कि आम जनमानस का विष्वास भारतीय जनता पार्टी के ऊपर ही है, केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ आम जनमानस को मिल रहा है। विषिश्ट अतिथि जिला प्रभारी एम0एल0सी0 विद्यासागर सोनकर ने कहा कि विपक्ष द्वारा जो केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जो भ्रम फैलाया जा रहा है, उसका जवाब आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में जनता एक बार फिर देगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामदेव पाल, क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव, जिला महामंत्री दिनेष त्रिपाठी, मारूति मिश्रा, अमरेष सिंह मौर्य, षरद सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सुषील षर्मा, आर0बी0 सिंह, अजय त्रिपाठी, सुरेन्द्र सिंह दाढ़ी, जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, जनमेजय सिंह, देवेन्द्र सिंह, मोहित अग्रवाल, राजेन्द्र चतुर्वेदी, दलबहादुर सिंह, यू0पी0 सी0वी0 डायरेक्टर अनुभव कक्कड़, जिला मंत्री विवेक षुक्ला, विजय सिंह, संतोष गुप्ता, कृश्णा चौधरी, राघवेन्द्र पाण्डेय, राधेष्याम पाल, जिला मीडिया प्रभारी विजय बाजपेई, विष्व प्रकाष पाठक, जिला पंचायत सदस्य राघवेन्द्र प्रताप सिंह, अभिशेक वर्मा, अखिलेष तिवारी, वीरेन्द्र सिंह आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### सराय छत्रधारी में ब्रह्मदेव बाबा और बजरंगबली का विशाल भण्डारा सम्पन्न



**शिवगढ़, रायबरेली।** शिवगढ़ क्षेत्र के सिंहपुर मजरे सराय छात्रधारी में ब्रह्मदेव बाबा एवं बजरंगबली का विशाल भण्डारा सम्पन्न हुआ। भण्डारे में पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने मन्दिर में माथा टेककर प्रसाद छककर मनोकामनाएं मांगी। गौरतलब हो कि गत वर्षो की भांति सिंहपुर मजरे सरांय छात्रधारी स्थित ब्रह्मदेव बाबा और बजरंगबली के मन्दिर प्रांगण में ब्रह्मदेव बाबा सेवा समिति द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। श्रीरामचरितमानस पाठ के समापन के बाद मंगलवार को मन्दिर में विधि-विधान पूर्वक हवन पूजन किया गया। जिसके पश्चात दोपहर 1 बजे से शुरू हुआ भण्डारा देर रात तक चलता रहा। भण्डारे में आयोजित कीर्तन कार्यक्रम में मशहूर कीर्तनकार अनूप अन्जाना, शिवनरेश चतुर्वेदी सहित उनके साथ मौजूद कीर्तन कलाकारों ने एक से एक कीर्तन गाकर सभी को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। ग्राम प्रधान विष्णु गोस्वामी एवं ब्रह्मदेव बाबा सेवा समिति की अगुवाई में भण्डारे में पहुंचे क्षेत्र के गणमान्यों का स्वागत कार्यक्रम अपरान्ह 11 बजे से देर रात तक चलता रहा। भण्डारे में पहुंचे प्रधान संघ संरक्षक राजकुमार सिंह सहित गणमान्यों का माला बनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर ब्रह्मदेव बाबा सेवा समिति अध्यक्ष के अध्यक्ष सुरेश चतुर्वेदी, संतोष श्रीवास्तव, प्रबंधक शिवनरेश चतुर्वेदी, ग्राम प्रधान विष्णु कुमार गोस्वामी,जग प्रसाद श्रीवास्तव, राधेश्याम कश्यप, पंकज मिश्रा, अमरजीत सिंह, ज्ञान सिंह, रामदुलारे कश्यप, महेश्वर सिंह, अनूप मिश्रा, रंजीत सिंह, अमर सिंह, इंद्र कुमार चतुर्वेदी, विकास गोस्वामी, सनी गोस्वामी, रमेश यादव, भानु प्रकाश श्रीवास्तव, उमेश, अजय मिश्रा, शैलेंद्र चतुर्वेदी,सानू चतुर्वेदी, रमेश चतुर्वेदी, मनोज कनौजिया, देवी बक्श सिंह, सुधांशु श्रीवास्तव, महादेव वर्मा, महादेव श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# थानाध्यक्ष की कार्यशैली से नाराज विधायक ने एसपी से की शिकायत


एसपी से मिलते हुए विधायक

**अमेठी।** जिले के थाना शुकुल बाजार थानाध्यक्ष की कार्यशैली से परेशान पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक सुरेश पासी शुकुल बाजार प्रधान संघ के साथ पुलिस कप्तान ऑफिस पहुंच गए विधायक ने पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह से मिलकर अपने ही पुलिस को सवाल उठाएं और थानाध्यक्ष शुकुल बाजार अखिलेश गुप्ता की कार्यशैली पर नाराजगी जताई और उन्हें तुरंत हटाने की मांग का ज्ञापन सौंपा ढ्ढ विधायक ने बताया कि एसपी अमेठी ने मामले की जांच जांच करा कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है ढ्ढ उक्त प्रकरण से साफ़ साफ़ नजर आ रहा है कि प्रशासन कितना बेलगाम हो चुका है ढ्ढ जब जिले के सत्ताधारी विधायकों की नहीं चल रही है तो आम जनता का क्या हाल होगा ढ्ढ जब विधायक को एक थाना अध्यक्ष को हटाने के लिए एसपी से मिलना पड़ रहा है उसकी कार्यशैली पर नाराजगी उठाई जा रही है ढ्ढ इससे सरकार की किरकिरी हो रही है कि जिले में जनता को कितना न्याय मिल रहा है।

## वृद्धावस्था पेंशन के लिए अपने आधार को बैंक खाते से अनिवार्य रूप से लिंक करायें


**अमेठी ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा ने बताया कि मुख्य सचिव, उप्र शासन के निर्देश के क्रम में निदेशक, समाज कल्याण, उप्र लखनऊ द्वारा निर्देशित किया गया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना के अर्न्तगत जनपद के आच्छादित होने वाले लाभार्थी अपने आधार को बैंक खाते से अनिवार्य रूप से लिंक करा लें, अन्यथा किसी भी दशा में पेंशन की धनराशि पेंशनरों के बैंक खाते में अंतरित नही जायेगी। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी की वर्तमान में आधार प्रमाणीकरण की स्थिति के अनुसार कुल पेंशनरों की संख्या 80130 है, जिनमें आधार प्रमाणीकरण किये जा चुके पेंशनरों की संख्या 36520 है। आधार प्रमाणीकरण की प्रगति का प्रतिशत 45.58 प्रतिशत एवं अवशेष आधार प्रमाणीकरण किये जाने वाले पेंशनरों की संख्या 43282 है। उन्होंने बताया कि पेंशन धारकों को शासन द्वारा पेंशन की विभागीय वेबसाइट पर स्वयं आधार प्रमाणीकरण की सुविधा प्रदान की गयी है, आवेदक स्वयं अथवा नजदीकी जन सुविधा केन्द्र/ग्राम पंचायत स्तर पर तैनात पंचायत सहायकों से भी अपना आधार प्रमाणीकरण करा सकते है। उन्होंने बताया कि बैंक खाते में बिना आधार लिंक एवं प्रमाणीकरण के पेंशनरों को पेंशन का लाभ नही मिल पायेगा।

## डीएम ने सहायक महानिरीक्षक निबन्धन को चारों पंजीकृत बैनामों पर कमी स्टाम्प शुल्क व निबन्धन शुल्क की वसूली के दिये निर्देश

**रायबरेली।** जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने माह मई 2022 में पंजीकृत बड़े मूल्य के लेखपत्र/बैनामों का स्थल दक्षिणी जहानाबाद, कहारो का अड्डा, अमृतनगर, बेलीगंज तथा झकरासी के पंजीकृत बैनामों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बेलीगंज की अंडर ग्राउण्ड दुकान पर सही मूल्यांकर कर उचित स्टाम्प शुल्क अदा किया गया है। जिलाधिकारी के निरीक्षण में दक्षिणी जहानाबाद के क्रेता अमित कुमार द्वारा बस अड्डे से कहारो के अड्डे की सड़क से जुड़े 171.36 वर्ग मी. व्यावसायिक भूमि को आवासीय प्रदर्शित कर कम स्टाम्प शुल्क अदा किया गया है। जिस पर स्टाम्प शुल्क व निबन्धन शुल्क 1,99,690 रूपये की कमी पाई गई। इसी प्रकार बस अड्डे से कहारो के अड्डे की सड़क से जुड़े कहारो के अड्डा की 143.63 वर्ग मी. व्यावसायिक भूमि को राबिया द्वारा आवासीय दर से मूल्यांकर कर कम स्टाम्प शुल्क अदा किया गया है। जिस पर व्यावसायिक दर से 1,43,600 रुपये की कमी स्टाम्प व निबन्धन शुल्क है। अमृतनगर की 205.5 वर्ग मी. भूमि पर तीन मंजिला गोदाम निर्मित क्षेत्रफ्ल 454.05 वर्ग मी. को व्यावसायिक दर पर मूल्यांकन कर स्टाम्प शुल्क अदा किया गया है। जबकि 594.68 वर्ग मी. का निर्माण पाया गया जिस पर स्टाम्प व निबन्धन शुल्क 1,68,790 रुपये की कमी पाई गयी। झकरासी ग्राम की 775 वर्ग मी. भूमि को 9000 रुपये प्रति वर्ग मी. से अकृषिक दर पर विद्यावती द्वारा मूल्यांकन कर स्टाम्प शुल्क अदा किया गया है किन्तु 50 मी. के अन्तर्गत व्यावसायिक गतिविधियां विद्यमान होने के कारण 30 प्रतिशत की वृद्धि से मूल्यांकन करने पर 1,37,760 रूपये की स्टाम्प शुल्क व निबंधन शुल्क की कमी पायी गयी।

# आरआरपीजी कालेज के सैन्य विज्ञान विभाग में हुई संगोष्ठी

● भारत की सुरक्षा चुनौतियां विषय पर आयोजित हुई संगोष्ठी


संगोष्ठी को संबोधित करते हुए

**अमेठी।** मंगलवार को आरआरपीजी कालेज में सैन्य विज्ञान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषय-भारत की सुरक्षा चुनौतियाँ रहा। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रणजीत पटेल (एमडीपीजी कालेज, प्रतापगढ़) द्वारा भारत की वर्तमान सुरक्षा की चुनौतियों में सर्वप्रथम भारतीय सीमाओं तथा बाद में आन्तरिक सुरक्षा व्यवस्था में आई कमियों को उजागर करते हुए उसके समाधान हेतु अपने विचारों को व्यक्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो पीके श्रीवास्तव ने जीवन की चुनौतियों को देश की सुरक्षा चुनौतियों से जो ?कर विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए संघर्षशील रहने के लिए प्रेरित किया। विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार सिंह जी ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विभाग के प्राध्यापक डॉ. सुभाषचन्द्र मौर्य, रवीन्द्र बहादुर सिंह सहित प्राध्यापक एवम् छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। संगोष्ठी का संचालन डॉ. प्रवीन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया।

# गोलियों की तड़तड़ाहट से सहमा जगदीशपुर

● पैसे के लेनदेन को लेकर दबंगों ने किया फायर, बाल -बाल बचे लोग, मुकदमा दर्ज

संवाददाता। जगदीशपुर, अमेठी

**पैसे के** लेन देन को लेकर दबंगों ने की फायरिंग ।फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो लोग गाड़ी छोड़ कर तमंचा लहराते हुए भागने में सफल रहे गुस्साए ग्रामीणों ने स्कार्पियो को आग के हवाले किया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर कार्यवाही में जुटी और भुक्तभोगी की तहरीर पर तीन नाम जद व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज ।

जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के लोढ़ियांवा गांव निवासी प्रदीप कुमार ने बताया की मंगलवार की सुबह अपने तीन अन्य साथी सुभम तिवारी सुमित यादव व सूरज के साथ हारीमऊ बैंक ऑफ बड़ौदा मे अपनी चार पहिया वाहन पर सवार होकर पैसा जमा करने गया था जहाँ से वापस आते समय दो चारपहिया सवार लोगों ने पीछा किया तो कुछ घटना का शक होने पर हम लोगो ने अपने गांव वालों को किसी अनहोनी की सूचना दी जैसे गांव के निकट पहुँचा तो पीछा करो रहे लोगों ने फायर झोंक दिया जिससे हम व हमारे साथियों ने भाग कर अपनी जान बचाई घटना की जानकारी होने पर गुस्साए ग्रामीणों ने इन लोगों का पीछा किया जो जल्दबाजी मे एक चारपहिया वाहन छो?कर फायर करते हुए भाग निकले जिसके चलते गांव वालों ने छोडी गई स्कार्पियो को आग के हवाले कर गुस्सा शांत किया मामले की जानकारी होने पर प्रभारी थानाध्यक्ष कोतवाल राहुल कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मामले को शांत कराया ।

**लेनदेन का विवाद किसका था :** जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित पूरे भगवानदीन मजरे पालपुर निवासी बिहारी लाल यादव व वीरेंद्र कुमार द्विवेदी निवासी लोढ़ियांवा मजरे बगाही के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर 27जून को विवाद हुआ था उसके बाद बिहारी यादव ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र भी दिया था । अगर पुलिस समय से चेत लेती तो आज फायरिंग न होती और वहीं 28जून को वीरेंद्र कुमार द्विवेदी ने स्थानीय कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर जानमाल की सुरक्षा हेतु गुहार लगाई और कहा कि मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना घटती है तो उसके जिम्मेदार स्वम बिहारी लाल यादव आदि होंगे ।

**प्रभारी थानाध्यक्ष बोले:** इस सम्बन्ध में प्रभारी थानाध्यक्ष कोतवाल राहुल कुमार ने बताया कि एक पक्ष कि तहरीर पर 307 व 506 धारा के तहत तीन लोग नाम जद व एक अज्ञात के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों कि धपक के लिए दबिश दी जा रही है ।

# यहां तो तबादला नीति साबित हो रही है बौनी!

संवाददाता। लालगंज (रायबरेली)

**लालगंज ब्लाक** में करीब 10 वर्षों से तैनात ग्राम पंचायत सचिव शुएब आलम और फूलचन्द्र के रसूख के आगे योगी शासन की तबादला नीति बौनी साबित हो रही है! इन दोनो सचिवों के लिए लालगंज ब्लाक चारागाह बना हुआ है! बताते चले कि पिछले वर्ष 2021 में डीपीआरओ के प्रस्ताव पर तत्कालीन जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने लालगंज ब्लाक में 10 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के चलते पंचायत सचिव शुएब आलम और फूलचन्द्र का तबादला दूसरे ब्लाक सरेनी के लिए कर दिया था, लेकिन हद तो तब हो गयी, जब ग्राम पंचायत अधिकारी शुएब आलम एवं फूलचन्द्र ने सेंटिंग गेटिंग करके करीब एक माह के अन्दर अपना तबादला फिर से लालगंज ब्लाक करा लिया था और करीब करीब पुनः उन्हीं ग्राम पंचायतों में तैनाती करा लिया, जिसमें वह करीब 10 वर्षो से कार्य करते आ रहे थे। ग्राम पंचायत अधिकारी शुएब आलम एवं फूलचन्द्र लालगंज ब्लाक में 10 वर्षों के कार्यकाल में उनको आवंटित ग्राम पंचायतों से इतना मोह हो गया है कि छोड़ने का नाम नहीं ले पा रहे थे। अपनी राजनैतिक रसूख का फायदा इस कदर उठाया था कि उनके आगे विकास भवन एवं शासन के दिशा निर्देश बौने साबित हुए थे। इनके रसूख के आगे जिलाधिकारी का आदेश एक महीने के अंदर तीन बार बदलवा कर यह साबित कर दिया था कि जिला प्रशासन व विकास भवन हाथ पर हाथ धरकर मूक दर्शक बना रहा। अगर इन दो पंचायत सचिवों के कार्यकाल के दौरान कराये गये कार्य की जांच करा लिया जाये तो इनकी काली करतूत एवं भृष्टाचार की पर्त खुल जायेगी! लालगंज ब्लाक में करीब 10 वर्षों से तैनात ग्राम पंचायत सचिव शुएब आलम और फूलचन्द्र के रसूख के आगे योगी शासन की तबादला नीति बौनी साबित हो रही है! इन दोनो सचिवों के लिए लालगंज ब्लाक करीब 10 वर्षों से चारागाह बना हुआ है! चर्चा है कि इस बार भी इन दोनो पंचायत सचिवों ने योगी शासन की तबादला नीति को धता बताने के लिए पूरी तरह से फुलप्रूफव्यवस्था कर ली है कि उनका तबादला किसी दूसरे ब्लाक में न किया जाये। चर्चा यह भी है कि विभागीय अधिकारियों और बाबुओं की ओर से पूरा भरोसा दिया गया है कि जहां तक उनकी चलेगी उन लोगों का तबादला दूसरे ब्लाक नहीं किया जायेगा! इस बार सीएम योगी आदित्यनाथ ने नई तबादला नीति घोषित की है, जिसमें 30 जून 2022 तक एक ब्लाक में तीन वर्ष या अधिक समय से कोई कर्मचारी तैनात है तो उसे उस ब्लाक से हटाया जायेगा। अब देखना यह है कि योगी शासन की नई तबादला नीति इन दोनो रसूखदार ग्राम पंचायत सचिवों शुएब आलम और फूलचन्द्र पर लागू होती है कि नहीं! ऊंचाहार-क्षेत्र के कनकपुर मजरे कंदरांवा गाँव के आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने खुद की जमीन पर पड़ोसी ग्राम पंचायत के प्रधान पर जबरन चकरोड बनवाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगायी है। ग्रामीण वेदप्रकाश, राजकुमार, राकेश कुमार तिवारी, ददन पांडेय,धर्मेश, राकेश समेत आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने एसडीएम को दिये शिकायती पत्र में बताया है कि उन लोगों की भूमि खूबचंद व पड़ोसी ग्राम पंचायत कल्यानी में है दोनों गांवों की सीमाएं भी जुड़ी हुई है लेकिन कल्यानी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान द्वारा जबरन बिना हम लोगों की अनुमति के चकरोड का निर्माण कराया जा रहा है जबकि उक्त भूमि के नक्शे में नाली व चकरोड दर्ज भी नहीं है। एसडीएम राजेश कुमार ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

**सनाढ्य सभा की बैठक में प्रस्ताव हुए पारित:**कोंच(जालौन)। सनाढ्य सभा की एक बैठक रामकुंड स्थित सभा के भवन में अध्यक्ष महेश तिवारी पिरौना की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।बैठक में सभा के सदस्यों की उपस्थिति में समाज के लोगों द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के लिए निःशुल्क रूप से सभा के भवन का उपयोग करने का प्रस्ताव पारित किया गया ।वहीं अन्य समाज के लोगों द्वारा आयोजित सामाजिक कार्यक्रमों हेतु सशर्त भवन दिए जाने का निर्णय लिया गया।

## उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज की पूर्व छात्रा ने प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जीते पदक



**बछरावां रायबरेली।** बछरावां नगर के प्रतिष्ठित उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज की पूर्व छात्रा उषा ने डॉ शकुंतला मिश्रा राजकीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय पैरामेडिकल बैडमिंटन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत कर विद्यालय, जनपद व अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। पूर्व छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संस्थापक शिक्षाविद भगवान कुमार अवस्थी ने अपने विद्यालय के स्टाफ के साथ पदक जीतने वाली पूर्व छात्रा को सम्मानित करके हौसला अफ्जाई की है। बैडमिंटन एक आउटडोर खेल है या बच्चों के लोकप्रिय खेलों में से एक है इस खेल की शुरुआत कई वर्षों पूर्व ब्रिटिश भारत में हुई थी समय समय इस खेल में परिवर्तन भी आते गए वही सन 1992 में आधिकारिक तौर पर इसे ओलंपिक खेलों में जोड़ा गया जोकि बार्सिलोना में आयोजित किया गया था इस ओलंपिक में महिला एवं पुरुष सिंगल्स और डबल्स शामिल थे। विद्यालय की पूर्व छात्रा की इस सफलता पर क्षेत्र की प्रबुद्ध जनों ने शुभकामनाएं दी है।

# असल में इन्हीं की है ये जागीर!

**● क्षेत्र पंचायत बनकटी की बैठक में असली ब्लॉक प्रमुख मेवाती के की कुर्सी पर बैठे नकली प्रमुख रघुनाथ सिंह ● बकायदा कार्रवाई रजिस्टर में नकली प्रमुख को अध्यक्षता करते लिखा गया, नकली प्रधान भी रहे मौजूद**





संवाददाता। बस्ती

**बनकटी** ब्लॉक के जिम्मेदार दलित महिला ब्लॉक प्रमुख मेंवाती का बार-बार अपमान और मजाक उड़ा रहे है। जिस निर्वाचित महिला प्रमुख को बैठक की अध्यक्षता करनी चाहिए उसके स्थान पर एक ऐसे व्यक्ति से अध्यक्षता करवाया गया, जो निर्वाचित जनप्रतिनिधि ही नहीं है। बीडीओ ने असली ब्लॉक प्रमुख को बैठक में बुलाना तक मुनासिब नहीं समझा। इस ब्लॉक में बार-बार दलित महिला के अधिकारों का हनन हो रहा है, और वह भी बीडीओ की निगरानी में हो रहा है, और बीडीओ तमाषा ही नहीं देख रहे है, बल्कि नकली लोगों को असली प्रमुख की तरह सम्मान भी दे रहे है। जबकि सीडीओ का स्पष्ट लिखित आदेश है, कि सरकारी बैठकों में निर्वाचित प्रमुख को ही आमंत्रित किया जाए और उनका पूरा सम्मान किया जाए। मगर यहां पर सम्मान की बात छोड़िए महिला का अपमान किया गया, और यह सबकुछ बीडीओ की मौजूदगी में हुआ, और इनकी सहमति से हुआ। बैठक में मेवाती देवी का न होना यह दर्षाता है, कि उन्हें बुलाया ही नहीं गया, अगर बुलाया गया होता तो वह अवष्य आती, और अध्यक्षता भी करती। बनकटी ब्लॉक में सोमवार को संचारी रोग के रोकथाम को लेकर बैठ हुई, बैठक की अध्यक्षता प्रमुख मेवाती देवी के स्थान पर रघुनाथ सिंह ने किया। यह चर्चा का विषय बना हुआ था। कहा जाता है, इस ब्लॉक के प्रमुख की कुर्सी पर बहुत कम महिला बैठी हैं, कभी पति ने कुर्सी की षोभा बढ़ाया तो कभी बेटे ने, और कभी किसी और के स्थान पर बैठें, कहने का मतलब इस ब्लॉक में निर्वाचित एवं आरक्षित जनप्रतिनिधियों का अपमान ही होता रहा है। लगता है, कि प्रमुख की कुर्सी लोग अपनी जागीर समझ बैठे है। बहरहाल बैठक में संचारी रोग के रोकथाम पर विस्तार से चर्चा हुई। बताया गया कि पहली से 31 जुलाई तक अभियान चलेगा। एंटी लारवा का छिड़काव होगा, गंदगी वाले स्थान और नालियों की साफ-सफाई होगी। यह भी बताया गया कि 15 से 31 जुलाई तक आषा, एएनएम और आंगनबाड़ी दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर इसके रोकथाम के बारे में जानकारी देंगी और उन्हें जागरुक करेंगी। इस बैठक में बीडीओ के आलावा एमओआईसी डा. धर्मेंद्र चौधरी, एडीओ पंचायत गिरजेष श्रीवास्तव, सेक्रेटरीगिरजेष श्रीवास्तव, सेक्रेटरी अमित प्रकाष, ब्लॉक प्रमुख वाले गांव देवमी के प्रधान राजेंद्र चौधरी, संजय चौधरी सहित अन्य प्रधान मौजूद रहे। इस बैठक में नकली प्रमुख के साथ-साथ दो तीन नकली प्रधानों ने भी हिस्सा लिया।

# डीएम ने कांवड़ यात्रा को लेकर परखीं भदेश्वरनाथ परिसर की व्यवस्थाएं

**● व्यवस्था में और अधिक सुधार करने को कहा, निर्माण सड़क को भी देखा**

संवाददाता। बस्ती



भदेश्वरनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करती डीएम पायनियर

**आगामी** सावन माह में कावड़ यात्रा को देखते हुए डीएम प्रियंका निरंजन ने अधिकारियों के साथ श्रीभदेश्वरनाथ मंदिर का निरीक्षण किया, पूजा, अर्चना किया तथा साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाए समय से पूरा करने का निर्देश दिया। पीडब्ल्यूडी द्वारा मंदिर से पहले सीमेन्टेड सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इसके दोनों किनारे पर मिट्टी भरवाने का सहायक अभियन्ता को निर्देश दिया। उन्होने मंदिर के चारों ओर भ्रमण करके श्रद्धालुओं के आने-जाने का अलग-अलग मार्ग निर्धारित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एडीएम अभय कुमार मिश्र, एसडीएम सदर सूरज यादव, तहसीलदार इन्द्रमणि तिवारी, सीओ आलोक प्रसाद, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, नायब तहसीलदार के.के. मिश्रा, मंदिर के पुजारी तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहें।

## परेवा की 'लक्ष्मी देवी' का आरोप पूरी तरह निराधार निकला

**बस्ती।** अपने आपको कुदरहा ब्लॉक के ग्राम पंचायत परेवा की रहने वाली बताकर परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कराने के लिए डीएम से की गई षिकायत को बीडीओ और सेक्रेटरी की रिपोर्ट के अनुसार महिला लक्ष्मी देवी पत्नी अनिल कुमार परेवा की रहने वाली ही नहीं हैं, रिपोर्ट के अनुसार इनकी माता नूरा देवी लगभग 20 साल पहले परेवा की संपत्ति बेचकर विकास खंड कप्तानगंज के ग्राम रखिया में जाकर बस गई। एसडीएम को भेजी गई रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ, यही कारण है, कि महिला को सेक्रेटरी अवधेष कुमार राव ने परिवार रजिस्टर का नकल देने से मना कर दिया था। महिला ने प्रधान का कामकाज देखनेवाले ओमप्रकाष सहित अन्य पर आरोप लगाया था, कि इन लोगों ने सेक्रेटरी सें मिलकर उसका नाम परिवार रजिस्टर से कटवा दिया। सेक्रेटरी ने बताया कि जब लक्ष्मी देवी की मां गांव छोड़कर दूसरे गांव में बस गई तब परिवार रजिस्टर से नूरा देवी, लक्ष्मी और महातम का नाम काट दिया गया।

## जांच करने गए मनरेगा 'लोकपाल' को जान बचाकर भागना पड़ा

**बस्ती।** मनरेगा जॉब कार्ड का फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना या करवाना इतना आसान नहीं, है। प्रधान और सेक्रेटरी इतना मजबूत होते हैं, कि यह जैसा चाहते हैं, वैसा करते हैं, इनके सामने नियम कानून का कोई भी मतलब नहीं होता। चूंकि इस तरह के लोग फर्जीवाड़ा कर-करके आर्थिक और राजनैतिक रुप से इतना मजबूत हो जाते हैं, कि इनके खिलाफ किसी भी अधिकारी के लिए कार्रवाई करना आसान नहीं रहता है। ऐसा ही एक मामला साउंघाट के ग्राम पंचायत गंधरिया गजराज का सामने आया। चूंकि यहां के सेक्रेटरी अपने संघ के नेता और अधिकारियों के चहेते है, इस लिए यह सबकुछ मैनेज कर लेते है। परेषानी तो षिकायतकर्त्ता के लिए खड़ी हो जाती है। एक तो वह भ्रष्टाचार को रोकने में अधिकारियों की मदद करता है, दूसरे उसे प्रधान से दुष्मनी मोल लेनी पड़ती है। ऐसे में जब षिकायतकर्त्ता को षासन और प्रषासन की ओर से जब कोई सहयोग नहीं मिलता तो वह निराष हो जाता है। ऐसा ही कुछ षिकायकर्त्ता अधिवक्ता भूपेंद्र प्रताप सिंह के साथ हो रहा है। इन्होंने साक्ष्य के षिकायत किया है, मनरेगा जांब कार्ड में सेक्रेटरी और प्रधान की ओर से फर्जीवाड़ा किया गया, प्रधान ने खुद अपने भाई के नाम जांब कार्ड बनाने के साक्ष्य दिए गए। इतना ही नहीं प्रधान के परिवार के सारे सदस्यों के नाम अलग-अलग कार्ड बनाने के सबूत दिए गए। अधिवक्ता की ओर से प्रधान और सेक्रेटरी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने की मांग की गई। मगर कार्रवाई तभी होगी जब जांच पूरा होगा, और प्रधान एवं सेक्रेटरी की मंषा जांच में बाधा डालने की अधिवक्ता ने बताया। यह कई बार डीएम और एक बार मनरेगा लोकपाल से मनरेगा जॉब कार्ड में फर्जीवाड़े को लेकर षिकायत कर चुके है। हालही में मनरेगा लोकपाल दिव्य प्रकाष जांच करने भी गए मगर प्रधान और सेक्रेटरी ने गांव में ऐसा विवाद खड़ा कर दिया कि कानून व्यवस्था का संकट खड़ा हो गया, लोकपाल को पुलिस बुलानी पड़ी, पुलिस प्रधान सहित दोनों पक्षों को थाने भी ले गई, और हिदायत देकर छोड दिया।

## बिना काम कराए हो गया लाखों का भुगतान

**बस्ती।** विकास खंड कुदरहा के ग्राम पंचायत गायघाट के गुडडू उर्फ रामकृपाल, अब्दुल कलाम, विनोद सोनकर, पप्पू एवं जगदीष अग्रहरि सहित अन्य ने षपथ-पत्र के साथ डीएम से बिना कार्य कराए लाखों का भुगतान करने का आरोप लगाते हुए जांच कराने और दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने की मांग की है। पत्र में कहा कि जिस सड़क को जिला पंचायत एवं विधायक निधि के द्वारा बनवाया गया, उसी सड़क को प्रधान और सेक्रेटरी ने ग्राम पंचायत का दिखाकर भुगतान ले लिया। ब्ताया कि ग्राम पंचायत गायघाट में जिला पंचायत द्वारा रामजानकी मार्ग गायघाट से विशुनपुर गाँव सम्पर्क मार्ग पर इण्टर लॉकिंग कराया गया। वर्ष 2017-18 में 215 मी की लम्बाई थी तथा विधायक निधि से गायघाट सम्पर्क मार्ग पर 150 मीटर इण्टर लॉकिंग कार्य हुआ था।

# जिला जज ने न्यायिक अफसरों और एसपी-एडीएम के साथ जिला कारागार का किया गहन निरीक्षण

संवाददाता। संतकबीरनगर



**उच्च** न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशानुसार जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण जिला जज, जिलाधिकारी एवम् पुलिस अधीक्षक के द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण कियें जाने का दिशा निर्देश है। जिसके अनुक्रम में आज जनपद न्यायाधीश लक्ष्मी कान्त शुक्ल, जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिखा रानी जायसवाल एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिकेश कुमार के द्वारा अपरान्ह में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कुल 520 बंदी निरुद्ध थे जिनमें 442 पुरुष एवम् 29 महिला बंदी तथा 49 अल्पवयस्क हैं, इन बंदियों में 136 सिद्धदोष बंदी, 383 विचाराधीन एवम 01 एनएसए बंदी शामिल है। निरीक्षण के समय पाकशाला, पुरुष बैरक, अल्प व्यस्क बैरक, चिकित्सालय एवम् महिला बैरक में निरुद्ध बंदियों से एक-एक करके बात की गई। बंदियों द्वारा कोई विशेष समस्या नहीं बताई गई। पाकशाला में रात के भोजन की तैयारी चल रही थी। भोजन में दाल, चावल, रोटी, सब्जी बन रही थी, साफ सफाई पर्याप्त थी। सभी खाना बनाने वालों ने मास्क पहन रखा था एवं बालों को ढक रखा था। जिला जज द्वारा खाने की गुणवत्ता की जांच की गई, कोई विशेष कमी नहीं पाई गई। खाना मेन्यू के अनुसार बना था। अल्पवयस्क अहाते में ऐसे बंदी रखें जाते हैं जो 18 वर्ष से अधिक और 21 वर्ष से कम आयु के होते हैं। जिला कारागार के चिकित्सालय में वर्तमान में कुल 13 बंदी भर्ती हैं जिनका उपचार चल रहा है। एक बंदी विनोद मेडिकल कॉलेज लखनऊ से उपचार के उपरांत वापस आकर भर्ती है। महिला बैरक में निरुद्ध बंदियों द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गई। विचाराधीन महिला बंदी सोनी जो 2012 से निरुद्ध है, अपने मुकदमे के शीघ्र निस्तारण की प्रार्थना की। निरीक्षण के समय जेलर जी आर वर्मा, उपकारापाल कमल नयन सिंह, गीता रानी, फार्मासिस्ट डी पी सिंह, सिद्धार्थ आदि उपस्थित रहे।

# आवास नहीं बनाने वालों की होगी रिकवरी: एडीएम

संवाददाता। संतकबीरनगर



अपर जिलाधिकारी

**अपर जिलाधिकारी** मनोज कुमार सिंह ने बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत धनराशि लेने के बाद आवास नही बनाने वाले लोगो की रिकवरी की कार्यवाही शुरू की जा चुकी है। जिसमें खलीलाबाद के 233, नगर पंचायत मेंहदावल के 86, नगर पंचायत हरिहरपुर के 62, नगर पंचायत बाघनगर उर्फबखिरा के 108, एवं नगर पंचायत मगहर के 451 कुल 940 लाभार्थियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत धनराशि प्राप्त करने के उपरान्त भी आवास नही बना रहें है, जबकि समय-समय पर डूडा के अधिकारी द्वारा मौखिक तौर पर एवं नोटिस के माध्यम से आवास बनाने हेतु निर्देश दिया जा चुका है। ऐसे डिफाल्टर लाभार्थियों को अंतिम मौका दिया जा रहा है कि एक सप्ताह के अन्दर कार्य प्रारम्भ कराये अन्यथा उनके खिलाफ सरकारी धन गबन हेतु प्राथमिकी दर्ज कराते हुए रिकवरी की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी। अपर जिलाधिकारी ने परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देशित किया है कि ऐसे लोगों की सूची नगर पालिका/नगर पंचायत कार्यालय को नोटिस बोर्ड पर चस्पा भी करा दिया जाये।

# विशेष संचारी रोग नियन्त्रण की शुरुआत एक जुलाई से

संवाददाता। संतकबीरनगर

**● डोर-टू-डोर सम्पर्क करेंगे फ्रंट लाइन वर्कर**



स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक करते सीडीओ पायनियर

**मुख्य** विकास अधिकारी एस0एन0 श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के सफलतापूर्वक संचालन के दृष्टिगत मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आई0वी0 विश्वकर्मा एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 मोहन झा की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी कि जनमानस को संचारी रोग से बचाने के लिए 01 जुलाई 2022 से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के जरिए संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर काबू पाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की की टीम द्वारा आमजनमानस को जागरूक किया जाएगा। 16 से 31 जुलाई 2022 तक दस्तक अभियान के जरिए आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संचारी रोगों से ग्रसित मरीजों को डोर-टू-डोर दस्तक देकर उन्हें चिन्हित करने के साथ-साथ इसके बचाव के प्रति जागरूक भी करेंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 इन्द्र विजय विश्वकर्मा ने बताया कि एक जुलाई से शुरू होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह की पूरी तैयारी कर ली गई है। अन्य विभागों के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने का प्रयास किया जाएगा। संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार के मामलों की निगरानी, लक्षण युक्त व्यक्तियों की कोविड-19 जांच करवाना, क्षय रोगों के लक्षण युक्त व्यक्तियों की जांच एवं उपचार की व्यवस्था, रोगियों के नि:शुल्क परिवहन हेतु रोगी वाहन की व्यवस्था, प्रचार-प्रसार ,लार्वारोधी गतिविधियों, मॉनिटरिंग, पर्यवेक्षण, रिपोर्टिंग, अभिलेखीकरण तथा विश्लेषण का कार्य किया जाएगा। एसीएमओ वेक्टर बार्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम डॉ वी पी पाण्डेय ने बताया कि दस्तक अभियान में फिजिकल डिस्टेंसिंग, हाथों की धुलाई और मास्क की अनिवार्यता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि स्वास्थ्य कार्यकर्ता सावधानी रखते हुए लोगों को मलेरिया, डेंगू एवं कोरोना से बचाव के बारे में बेहतर तरीके से जागरूक कर सकें। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान के दौरान प्रशिक्षित आशा कार्यकर्ता तथा आंगनबाड़ी द्वारा घर घर जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपाय, लक्षण एवं निकटतम स्वास्थ्य केंद्र के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ता इस दौरान लक्षणों के आधार पर क्षय रोगियों की भी खोज करेंगी। आशा कार्यकर्ता द्वारा बुखार के अतिरिक्त खांसी तथा सांस लेने में दिक्कत या परेशानी की शिकायत वाले रोगियों को भी चिन्हित किया जाएगा तथा उन्हें कोविड जांच के लिए निकट स्वास्थ्य इकाई पर भेजा जाएगा। आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इस दौरान कुपोषित बालकों की भी खोज करेंगी। जिला मलेरिया अधिकारी राम सिंह ने बताया कि आशा कार्यकर्ता द्वारा प्रत्येक मलेरिया रोगी की स्लाईड अथवा आरडीटी किट से जांच कराने पर 15 रुपए का भुगतान किया जाएगा। यदि व्यक्ति मलेरिया धनात्मक रोगी है तो आरटी पूर्ण करने तथा तीसरे, सातवें एवं चौदह दिन पर रोगी का फ़ॉलोअप पूर्ण करने पर 75 रूपए का भुगतान किया जाएगा। बुखार के रोगी में डेंगू कंफर्म होने पर 200 रूपए का भुगतान तथा जापानी इन्सेफेलाइटिस रोगी के कंफर्म होने पर 250 रूपए का भुगतान आशा कार्यकर्ता को किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 ओपी चतुर्वेदी सहित संचारी रोग नियत्रंण एवं दस्तक अभियान से सम्बंधित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, विशेषज्ञ एवं अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## तालाब मे नहाते समय युवक की डूबकर मौत

**श्रावस्ती, इकौना।** थाना इकौना अंतर्गत ग्राम खर्चवीरान अकबरपुर गांव मे तालाब मे नहाते समय डूब कर एक युवक की मौत हो गयी सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह शव को तालाब से बाहर निकाला साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची इकौना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना इकौना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खर्चवीरान निवासी सुरेश कुमार मंगलवार सुबह मवेशियों के लिए घास काटने खेतों में गये थे भीषण गर्मी के चलते गर्मी से परेशान युवक खेत के किनारे स्थित तालाब मे नहाने के लिए पानी में उतर गया तालाब में पानी की गहराई अधिक होने के कारण वह तालाब मे डूब गया तालाब मे नहा रहे अन्य ग्रामीणों ने शोर मचाकर आसपास मौजूद लोगों की मदद से उसे तालाब से बाहर निकाला लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी।

# बाढ़ की आहट से सहमे लोग



**संतकबीरनगर।** धनघटा तहसील क्षेत्र के दक्षिण में स्थित घाघरा नदी का जल स्तर बढ़ने लगा है। जिसके कारण नदी के किनारे बसे गांव के लोग बाढ़ के डर से भयभीत दिखाई दे रहे हैं। घाघरा नदी के किनारे स्थित गायघाट गांव को अपनी चपेट में लेने के लिए आतुर दिखाई दे रही है। आपको बता दें कि धनघटा क्षेत्र के दक्षिण में घाघरा नदी बहती है। इस घाघरा नदी के चपेट में बरसात के समय दर्जनों गांव के हजारों लोग आते हैं। इस क्षेत्र में बसे लोगों को प्रतिवर्ष बाढ़ की मार झेलनी पड़ती है। इस बार की चपेट में सबसे ज्यादा किसानों की फसल बर्बाद हो जाती है। तथा उनका खेत प्रतिवर्ष नदी के कटान में विलीन होता जा रहा है। जब बाढ़ का समय आता है तो शासन और प्रशासन के लोग ग्रामीणों को बाढ़ से बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने का तसल्ली देते हैं। लेकिन बरसात के समय सरयू नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ जाता है। जिसके कारण घाघरा नदी के किनारे बसे ग्रामीणों को काफी दिक्कत झेलनी पड़ती है। घाघरा नदी के किनारे बसा गांव गायघाट लगभग 3 वर्ष से धीरे-धीरे नदी के आगोश में समा रहा है। बीते वर्ष इस गांव के लगभग दर्जनों लोगों का मकान नदी में समा गया और कुछ लोग अपना आशियाना खुद उजाड़ कर कहीं और जाकर झुग्गी झोपड़ी डालकर बस रहे हैं। वर्तमान समय में नदी गांव के पास बह रही है। मंगलवार को लोहरैया मंडल अध्यक्ष दिलीप राय, उप जिलाधिकारी धनघटा के साथ गायघाट गांव में पहुंचे। वहां पर पहुंचकर उप जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने ग्रामीणों से वार्ता किया। वहां पर मौजूद ग्रामीणों से कहा कि आपकी परेशानियों को शासन स्तर तक पहुंचाने का काम करेंगे तथा आप लोगों को हर संभव सहयोग किया जाएगा। तथा जिन लोगों का मकान नदी में विलीन हो गया है उन लोगों को जमीन तथा आवास दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बन्धु की बैठक हुई आयोजित

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु औद्योगिक.व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई बैठक में विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की गयी।

बैठक में अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 8 प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 7 तथा ओ0डी0ओ0पी0 में 3 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृति प्रदान की गयी है। स्वीकृत ऋण आवेदन पत्रों पर तीव्र गति से ऋण वितरण कराने हेतु जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योगध्अग्रणी जिला प्रबन्धक इण्डियन बैक भिनगा को निर्देश दिये है। बैठक में भिनगा से लखनऊ आने.जाने के लिए 3 रोडवेज की बसों के नियमित संचालित करने की मांग की गयीए जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है।

# प्राइमरी स्कूल के 250 बाउंड्रीवाल का होगा शिलान्यासः डीएम

**● 12 माध्यमिक स्कूलों की चहारदीवारी की भी पड़ेगी नीव**

संवाददाता। बस्ती



बैठक की अध्यक्षता करती डीएम पायनियर

**डीएम** प्रियंका निरंजन ने बताया कि बेसिक स्कूलों के 450 बाउंड्रीवाल बनाने का शिलान्यास होगा, अताया कि इसके अतिरिक्त माध्यमिक के भी 12 विधालयों के भी बाउंड्रीवाल का षिलान्यास होगा। इसके लिए उन्होने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को इसकी तैयारी करने का निर्देश दिया। कहा कि अवशेष लगभग 150 विद्यालयों जिनका सीमाकंन कराया जाना है या किसी प्रकार का भूमि विवाद है,तो इसके लिए संबंधित एसडीएम से मिलकर बाधा दूर कराये। सभी बाउंड्रीवाल 15 अगस्त तक पूरा करके एक साथ लोकार्पण भी कराया जायेंगा। इसके लिए बीएसए को निर्देश दिया गया कि एबीएसए के माध्यम से प्रत्येक विद्यालय की स्थिति की रिपोर्ट प्राप्त कर सीडीओ को उपलब्ध कराये। बताया कि सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को दो-दो विद्यालय का नोडल नामित करने को कहा। यह अधिकारी प्रत्येक माह अपने विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे, वहॉ के पठन-पाठन की गुणवत्ता में सुधार करेंगे तथा किसी प्रकार की कठिनाई को दूर करायेंगे। इसके अलावा वे आंगनबाड़ी के कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को भी गोद लेंगे तथा उनके स्वास्थ्य सुधार के लिए कार्य करेंगे। प्रत्येक माह इसकी अलग से समीक्षा की जायेंगी। डीएम ने बताया कि स्कूल चलों अभियान में अभी तक 46000 से अधिक बच्चों का नामांकन हुआ है। शासन के नये निर्देशानुसार पहली जुलाई से पुन: स्कूल चलों अभियान संचालित किया जायेंगा। इसमें आगनबाड़ी में दाखिल बच्चों को कक्षा-एक में नामाकंन कराया जायेंगा। एबीएसए को निर्देश दिया गया कि वे भ्रमणशील रहकर अपने क्षेत्र के विद्यालयों में अध्यापकां की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराये। बताया कि सभी एआरपी जिस विद्यालय का निरीक्षण करेंगे, वहॉ कम से कम तीन घण्टा रूककर अन्य व्यवस्थाओं का मूल्याकंन करेंगे। स्कूल भ्रमण की डायरी मेनटेन करेंगे। कलेक्टेट सभागार में बैठक में सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, एडीएम अभय कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी गुलाब चन्द्र एवं जी.के. झॉ, बीएसए जगदीश शुक्ल, पीडी कमलेश सोनी, एसीएमओ डा. सी.एल. कन्नौजिया,डीआईओएस डी.एस. यादव, डीपीआरओ एस.एस. सिंह, एबीएसए तथा बीडीओ तथा विभागीय अधिकारी मौजूद रहें।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 29 जून 2022



# डाक्टर की लापरवाही से किशोरी की मौत

**● परिजनों से काटा हंगामा ● सीएमओ ने एसडीएम के नेतृत्व में गठित की जांच कमेटी ● मानिकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मामला ● डाक्टर व स्टाफपर शराब पीकर इलाज करने का परिजनों ने लगाया आरोप**

संवाददाता। चित्रकूट

**जिले** के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर में बुखार से पीडित किशोरी की डाक्टर की लापरवाही से हुई मौत से परिजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। परिजनों ने स्टाफ के ऊपर शराब पीकर इलाज करने का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कडी से कडी कार्यवाही की मांग की है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे सपा विधायक अनिल प्रधान ने जमकर बवाल कटा। चेतावनी देते हुए कहा कि प्रकरण में लापरवाही बरतने वाले के विरूद्ध कार्रवाई न हुई तो आंदोलन किया जायेगा। मामला गंभीर होते देख सीएमओ डा0भूपेश द्विवेदी ने एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में जांच टीम का गठन किया है। साथ ही रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। पूरा मामला मानिकपुर सीएससी का है जहां सोमवार की रात आंगनबाड़ी मंजु पत्नी अशोक कुमार पाण्डेय निवासी बाल्मीकि नगर पूर्वी अपनी पुत्री स्तुति पांडये को लेकर सीएससी मानिकपुर आई थी,जहां पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किए जाने को लेकर हंगामा किया गया। पीड़ित के मां मंजू पाण्डेय का आरोप है कि मेरी बेटी का इलाज 20जून से टाइफाइड बुखार का स्वास्थ केन्द्र मे चल रहा था।सोमवार के दिन में दवा करवा कर गई डाक्टरो ने इलाज कर बाहर से मेडिकल स्टोर से दवा लिख दिया । रात में मैंने जैसे ही अपनी बेटी को दवा दिया,तो उसकी हालत बिगड़ने पर अस्पताल लाए तो ड्यूटी पर डाक्टर एस के वर्मा व डा आशुतोष झा व अन्य स्टाफशराब के नशे में धुत थे। बेटी को बिना देखे कहा कि रास्ते मे इसकी मौत हो गई । घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव , सीएमओ भूपेन्द्र द्विवेदी , सीओ सुबोध गौतम , मानिकपुर थाना प्रभारी गिरेन्द्र सिंह , मारकुण्डी थाना प्रभारी अनिल कुमार मय पुलिस फोर्स के साथ मौके पहुंच गए । चार घंटे तक अस्पताल पुलिस द्दावनी बना रहा । वहीं सीएमओ के कार्यवाही के बाद परिवार जनो ने शव पुलिस को सौप पोस्टमार्टम के लिए दिया। वहीं चित्रकूंट के सदर विधायक अनिल प्रधान ने सामुदायिक स्वास्थ्य मानिकपुर पहुंच पीडित परिवार से दोषियों के खिलाफ कार्यवाही का भरोषा दिलाया। सपा विधायक ने सीएमओ से कहा कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों का निलंबन किया जाए साथ ही लचर स्वास्थ्य सेवा मे सुधार किया जाए।


योग दिवस पर सीआईसी में योग करते भाजपाई व अन्य लोग। पायनियर

### डीएम हुए सख्त

**मामले** को गभीरता से लेते हुए डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला ने सीएमओ को तत्काल जांच का आदेश पर सीएमओ ने एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव को जांच सौपा गया ।

# जिला जज ने डीएम, एसपी के साथ किया कारागार का निरीक्षण

संवाददाता। उरई (जालौन)



**मंगलवार** को जिला जज तरुण सक्सेना, जिलाधिकारी चाँदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया। बंदियों के लिए बनाए जा रहे खाने की गुणवत्ता के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोस्टर अनुसार भोजन दिया जाए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बैरकों में सघन चेकिंग कराई जो किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु नहीं पाई गई।

इस दौरान जेल में बंद कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली कैदियों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जेल परिसर की साफ-सफाई दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कैदियों के उपचार की व्यवस्था का विशेष रूप से ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि कैदियों पर पैनी नजर बनाए रखें किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु जेल परिसर के अंदर न आ सके इसका विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण दौरान कारागार अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें साथ की कैदियों की समस्याओं को अनदेखा न करें।

# बावरिया गिरोह के सदस्य को नौ वर्ष तीन माह का कारावास

**हमीरपुर।** करीब साढ़े 12 वर्ष पूर्व राठ में घर में घुसकर गृहस्वामी व स्वजन को मारपीट कर घायल करने के दोषी को अदालत ने नौ वर्ष तीन माह का कारावास व 20 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। आरोपित बावरिया गिरोह का सदस्य है। जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। साथी जमानत मिलने पर छूटने के बाद पेशी पर नहीं आया। वहीं जमानत मिलने के बाद भी औपचारिकताएं पूरी न कर पाने से वह नौ वर्ष से जेल में निरुद्ध है। सहायक शासकीय अधिवक्ता अशोक शुक्ला व प्रवीण सिंह ने बताया कि 19 नवंबर 2009 को दोपहर बाद राठ निवासी संतोष सोनी के घर में बावरिया गिरोह घुस गया। जहां संतोष, उसकी पत्नी अनीता व बेटी पूजा को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। किसी काम से घर पहुंचे घायल के छोटे भाई मनोज ने सभी को अस्पताल पहुंचाया। मामले की तहरीर चचेरे भाई केशव कुमार सोनी ने कोतवाली में दी। जिस पर पुलिस ने घर में घुस मारपीट कर स्वजन को घायल करने का मामला दर्ज किया। आरोपितों में दुल्ला उर्फ आकाश पुत्र सोनपाल बावरिया निवासी स्टेशन रोड गंगा नगर थाना भरतपुर राजस्थान समेत अन्य के नाम प्रकाश में आए। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। मामले में सभी आरोपितों को जमानत मिल गई। जिसमें दुल्ला द्वारा जमानत की औपचारिकताएं पूरी नहीं कर सका और करीब नौ वर्ष से जेल में निरुद्ध है। जबकि अन्य साथी औपचारिताएं पूरी कर जमानत पर छूट गए और दोबारा पेशी पर अदालत में नहीं आए। जिस पर अदालत में दुल्ला की अलग फाइल बनाई गई। जिस पर सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश एफ्टीसी द्वितीय सुनीता शर्मा ने दुल्ला उर्फआकाश को दोषी मान नौ वर्ष तीन माह का कारावास व 20 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

# नाले में घटिया सामग्री पर भड़के बीडीओ, काम रोका

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**मौदहा** क्षेत्र घोटाला के नाम से प्रसिद्ध होता जा रहा है, ग्राम पंचायत अरतरा में परछछ निकास की ओर बनने वाले स्वीकृत हुए नाले में घटिया सामग्री लगाकर खानापूरी की जा रही है।

लगभग 80 मीटर नाला जिसकी अनुमानित लागत लगभग नौ लाख बताई जा रही है इस नाला निर्माण में क्षेत्र पंचायत के जिम्मेदारों सहित ठेकेदारों की मिलीभगत से घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है और इस में प्रयोग होने वाली ईंट जो कि निम्न क्वालिटी की है और चुनाई के लिए बनाए गए मसाला में भी कोई खास मानक नहीं अपनाया जा रहा है। नाला निर्माण में नाले की निचली सतह का बेस ही नहीं बनाया गया इसमें नाम मात्र की ईंटा रोड़ा कुटवा कर उसमें 1 इंच से भी कम साधारण मसाले का प्रयोग किया गया है जो समय से पूर्व ही पानी के तेज बहाव के साथ बह जाएगा इसकी सूचना जिम्मेदार भ्रष्टाचारियों के पास भी पहुंच गई जिस को संज्ञान में लेकर जिम्मेदारों द्वारा तत्काल निर्माण कार्य से पीछे रोका गया भारी जलभराव तुरंत ही खोल दिया गया ताकि नीचे की हकीकत कोई देख ही न सके और वही जब इस संबंध में खंड विकास अधिकारी भैरव प्रसाद से बात की गई तो उन्होंने बताया की इस तरह के घटिया निर्माण की सूचना अभी तक हमारे पास नहीं थी परंतु अब संज्ञान में आया है तो जांच कर दोषियों पर उचित कार्यवाही की जाएगी और नाला निर्माण में उच्च क्वालिटी की सामग्री का इस्तेमाल कराया जाएगा।


गांव के बाहर निर्मित कराया जा रहा नाला पायनियर

## चिलचिलाती धूप भी अमावस्या पर नहीं डिगा सकी श्रद्धालुओं की आस्था

**चित्रकूट।** असाढी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने मन्दाकिनी नदी में डुबकी लगाकर कामतानाथ की परिक्रमा की। अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने तीर्थक्षेत्र के दर्शन किये। मंगलवार को असाढी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की भारी भीड उमडी। भरत मन्दिर के महंत दिव्यजीवनदास ने बताया कि असाढी अमावस्या का यहां बहुत महत्व है। इस अमावस्या में उप्र-मप्र के लाखों श्रद्धालु तीर्थक्षेत्र आते हैं। मन्दाकिनी नदी में जो डुबकी लगाता है उसके सारे पाप धुल जाते हैं। कामतानाथ के महंत मदनदास ने कामतानाथ परिक्रमा की महिमा बताई। कहा कि कामतानाथ की पंचकोसी परिक्रमा करने से लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है। महंत मदनदास ने बताया कि एक बार तुलसीदास व संत रहीम परिक्रमा लगा रहे थे। इसी बीच एक राजा परिक्रमा मार्ग के पास एक हाथी को दंड दे रहा था। तब तुलसीदास ने रहीम से पूंछा कि धूल उडावत गज फिरत कहि रहीम किन काज।

## क्विक न्यूज

### अतिरिक्त दहेज न देने पर बारात वापस ले गये-दुल्हन बेहोश, पुलिस जांच में जुटी

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के पतारा गांव में दहेज में अतिरिक्त 51 हजार रुपये न देने पर बर पक्ष बारात लेकर वापस हो गये,लड़की पक्ष ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। गांव के रामकुमा अहिरवार ने पुलिस को बताया कि मेरी बहन आरती की शादी जनपद जालौन के कदौरा थाना क्षेत्र के हरचन्दपुर गांव निवासी अजय कुमार के साथ तय हुई थी। 22 जून 2022 को शादी की तिथि निर्धारित की गई थी। जिसमे अजय दूल्हा बनकर बारात लेकर रात में पतारा आया तथा 150 से अधिक बराती आये थे। सबका स्वागत सत्कार किया गया। तथा द्वारचार की तैयारी शुरू हुई। इसके बाद दूल्हा व उसके परिजन दहेज में अतिरिक्त रुपये 51 हजार की मांग करने लगे। जब मैने असमर्थता जताई तो वह बारात वापस ले जाने की बात कहने लगे। तब रिश्तेदारो के बीच बात हुई लेकिन बात नही बनी।जब यह बात दुल्हन बनी आरती को पता चली तो वह बेहोश हो गई।तब उसको लेकर जिला अस्पताल गए। तब उन्होने कहा कि लड़की को बीमारी है हम शादी नहीं करेंगे तथा कहने लगे कि लड़की की तबियत सही हो जाये तो बिदा करा लेंगे तथा सभी बारात वापस चली गईं। तीन दिन बाद जब हरचंदपुर लड़की पक्ष के लोग गये तो उन्होंने भगा दिया। उसने बताया कि अभी तक मेरा शादी में 3लाख रुपये खर्च हो गया है। तथा शादी भी नही हो पा रहीं है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

### सत्यप्रकाश आर्य अध्यक्ष निर्वाचित

**मौदहा (हमीरपुर)।** लेखपाल संघ के स्थानीय शाखा का निर्वाचन में सत्य प्रकाश आर्य को तहसील अध्यक्ष चुना गया जबकि कुल सात सदस्यों की कार्यकारिणी में सदस्यों व पदाधिकारियों की घोषणा कर इन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। तहसील सभागार में आयोजित लेखपाल संघ की शाखा मौदहा के निर्वाचन की बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव व कनिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीप कुमार पाठक की देख रेख में उक्त चुनाव को संपन्न कराया गया जिसमें जिला अध्यक्ष के अतिरिक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर ऋषि कुमार शुक्ला कनिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष सिंह तथा तहसील सचिव आदित्य द्विवेदी व उप सचिव अवधनरेश प्यारे लाल कोषाध्यक्ष के अलावा लेखा निरीक्षक वसुंधरा देवी को निर्विरोध चुना गया है।

### सीओ ने मीटिंग में अधीनस्थों के कसे पेंच

**कोंच (जालौन)।** क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार वाजपेयी ने कोतवाली की अपराध समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि अपराधों की रोकथाम के लिए पिकेट और गश्त बढाई जाए। हल्का इंचार्ज अपने अपने इलाकों में संदिग्धों पर नजर रखें और जिन सिपाहियों को बीट आवंटित की गई है उनसे सूचनाएं बीट बुक में दर्ज करने को कहें, साथ ही उनकी क्रॉस चेकिंग करें। उन्होंने सभी थानेदारों को लंबित विवेचनाएं जल्द निस्तारित करने के भी कड़े निर्देश दिए। सोमवार की देर रात सीओ शैलेंद्र कुमार वाजपेयी ने कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक समेत सभी थानेदारों की क्लास लगाकर बेहतर पुलिसिंग की घुट्टी पिलाई। उन्होंने अपराध रजिस्टर, थानेदारों को आवंटित विवेचनाओं आदि की बिंदुवार समीक्षा की और विवेचनाओं की सामान्य से अधिक संख्या पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए उनका शीघ्र निस्तारण कर सामान्य स्तर पर लाने के लिए कहा। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस, थाना समाधान दिवस और सीधे आने वाले मामलों के अलावा महिलाओं से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही, एसएसआई आनंद कुमार सिंह, मंडी चौकी इंचार्ज सर्वेश कुमार, सागर चौकी इंचार्ज आरके सिंह, खेड़ा चौकी इंचार्ज खेमचंद्र, भेंड़ चौकी इंचार्ज विनय साहू, दरोगा नरेंद्र सिंह, बीएल आजाद आदि मौजूद रहे।

### डेटॉल ने लॉन्च किया डायरिया नेट जीरो

**कानपुर।** कंज्यूमर हेल्थ एवं हाईजीन कंपनी रेकिट ने अपने प्रमुख कैम्पेन डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के तहत आज लखनऊ में श्डायरिया नेट जीरो को रवि भटनागर डायरेक्टर एक्सटर्नल अफेयर्स एंड पार्टनरशिपए रेकिट. साउथ एशिया सहित विभिन्न गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। अगले 3 वर्षों में यह कार्यक्रम पूरे उत्तर प्रदेश में डायरिया के 26ः मरीजों पर ध्यान केंद्रित करते हुए सीधे 10 मिलियन लोगों को प्रभावित करेगा । इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में डायरिया से होने वाली कुल मौतों को कम करना है। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के 13 जिलों बहराइचए बुलंदशहरए फिरोजाबादए गाजीपुरए गोरखपुरए जौनपुरए कुशीनगरए महाराजगंजए मथुराए मिर्जापुरए मुजफ्फरनगरए श्रावस्ती और सीतापुर में शुरू किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत डायरिया की रोकथाम और उपचार के लिए डब्ल्यूएचओ की 7.सूत्रीय योजना का पालन किया जाएगा। आगे चलकर इस पहल को उत्तर प्रदेश के 75 जिलों तक ले जाया जाएगा। श्री गौरव जैन, सीनियर वाइस प्रेसिडेंटए रेकिट साउथ एशिया ने कहा, उत्तर प्रदेश अपनी अर्थव्यवस्था और अपने लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए अभूतपूर्व प्रयास कर रहा है। हमें अपने कार्यक्रमों के साथ श्स्वच्छ और स्वस्थश् भारत बनाने की दिशा में राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करते हुए बहुत खुश हैं। पिछले 7 वर्षों में हमने उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ से अधिक बच्चों के जीवन को बेहतर बनाया है। इस रिश्ते को और मजबूत बनाने के लिए हमने उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से भारत का पहला डायरिया नेट जीरो कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम के साथ हमारा दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करना है कि उत्तर प्रदेश में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में डायरिया से मृत्यु के मामले शून्य हों।

### एक वर्षीय मासूम को छोड़ युवती ने फांसी लगाकर दे दी जान

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बा सुमेरपुर के चांद थोक मुहल्ले में सोमवार की रात को एक विवाहिता ने गृह कलह के चलते एक वर्ष के मासूम पुत्र का मोह छोड़कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया है और मृतक महिला के पति को हिरासत में लें लिया है। पुलिस के मुताबिक मोहाल के सुधीर मिश्रा की पत्नी काजल मिश्रा (22) कल रात घर के एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, घर के लोगो की नजर पड़ी तो आनन फानन में उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, मृतिका के पति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है, बांदा जनपद के तरौरा गांव निवासी काजल की शादी ढाई वर्ष पूर्व हुई थी, वह एक वर्ष के मासूम पुत्र को रोता बिलखता छोड़ गईं है, बताया जाता है कि युवती के माता पिता बाहर होने के कारण पोस्टमार्टम होने के बाद भी मंगलवार को शव का अंतिम संस्कार नहीं किया गया है।

### टप्पेबाजों ने पाच लाख रुपये किये गायब

**हमीरपुर।** स्थानीय गौरादेवी मोहाल से टप्पेबाजों ने पांच लाख रुपये पार कर दिये। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के मुताबिक मोहाल के विपिन अवस्थी अपने पिता के साथ बैंक आफबड़ौदा से पाच लाख रुपये निकालकर महिला थाने के पास डाक्टर समी के पास विपिन अपने पिता छोटेलाल को उपचार के लिये ले गये बाहर बाइक मे झोला टागकर अन्दर चले गये उसी झोला में रुपये थे जब दवा लेकर बाहर निकले तो झोला से रुपये गायब थे जानकारी होने पर पीड़ित पुलिस के पास जाकर जानकारी दी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी गयी है इन दिनो हमीरपुर शहर में ही नही ज्यादातर कस्वो में टप्पेबाजों का जाल फैला है। जिससे आय दिन घटनाएं हो रही है।

# एसडीएम ने राशन विक्रेताओं को डोर स्टेप डिलीवरी के बारे में दी जानकारी

**जालौन ( उरई )।** गर्भवती व धात्री महिलाओं के नियमित टीकाकरण और उचित दर विक्रेताओं को डोर स्टेप डिलीवरी को लेकर एसडीएम की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार में उचित दर विक्रेताओं की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम को लेकर जानकारी दी गई। एसडीएम राजेश सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार में उचित दर विक्रेताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम ने बताया कि गर्भवती व धात्री महिलाओं के लिए नियमित टीकाकरण की व्यवस्था है। जिससे जच्चा बच्चा स्वस्थ रह सके। सरकारी अस्पतालों में उक्त टीके निःशुल्क लगाए जाते हैं। इसके बाद भी महिलाएं टीके लगवाने में लापरवाही करती हैं। उन्हें जागरूक करने के लिए उचित दर विर्क्रेता आशा बहुओं, आंगनबाड़ी एवं



एएनएम का सहयोग करें। ताकि वह समय पर पूरे टीके लगवा सकें। उचित दर विक्रेताओं को सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी को लेकर एसडीएम ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत जनपद सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था लागू कर दी गई है। इसके तहत उचित दर पर विक्रेताओं को सीधे गोदाम से राशन उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे कोटेदारों को परिवहन तथा हैंडलिंग के मद में व्यय भार वहन नहीं करने के कारण बचत हो सकेगी। इस योजना के अंतर्गत एक ही मार्ग अथवा क्षेत्र में स्थित उचित दर विक्रेताओं के समूह बनाकर उन्हें रोस्टर व रूट चार्ट के अनुसार खाद्यान्न की डोर स्टेप डिलीवरी दी जाएगी। इससे खाद्यान्न पहुंचने का समय पूर्व निर्धारित रहेगा।

## पचीपुरा खुर्द प्रधान ने लेखपाल सहित दबंग ग्रामीणों पर जड़े आरोप

**कोंच ( जालौन )।** विकास खंड नदीगांव की ग्राम पंचायत पचीपुरा खुर्द के दलित प्रधान ने लेखपाल सहित दबंग ग्रामीणों पर अभद्रता करने सहित तमाम अन्य आरोप लगाते हुए एसडीएम से कार्यवाही किये जाने की मांग की है। ग्राम प्रधान राजीव कुमार ने मंगलवार को एसडीएम कृष्णकुमार सिंह को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव में तैनात लेखपाल पिछले करीब 10 वर्षों से तैनात है और वह शराब पीकर गांव में अकसर पार्टी करता रहता है।प्रधान ने एसडीएम को बताया कि उक्त लेखपाल गांव के प्रभावशाली लोगों के इशारे पर काम कर सीधे साधे ग्रामीणों सहित उनको परेशान करता है और विरोध करने पर अभिलेख फाड़कर झूठे मुकदमे में फंसा देने की धमकी देता है।प्रधान ने प्रार्थना पत्र में बताया कि लेखपाल ने गत दिनों पूर्व ग्राम विकास अधिकारी के साथ भी अभद्रता की।

# मंदाकिनी तट पर पौधे रोप कर समाजसेवी ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**चित्रकूट।** पर्यावरण सुरक्षा-संरक्षण को लेकर व्यापारी नेता/समाजसेवी/भाजपा नेता शानू गुप्ता ने जिला मुख्यालय के सुन्दर घाट में मन्दाकिनी बचाओ समिति के लोगों के साथ पौधरोपण कर पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया। मंगलवार को भाजपा नेता शानू गुप्ता ने मन्दाकिनी किनारे सुन्दर घाट में हरीसंकरी, पीपल, बरगद, बेलपत्र, आंवला, पाकड के वृक्षों का रोपण कर कहा कि ये ऐसे वृक्ष हैं जो जल का संचयन करने है। इनकी जडों में बडी मात्रा में जल संचय होता है। बारिश के दिनों में धरती में जल को संचित करने में पीपल, बरगद व बेलपत्र की अहम भूमिका होती है। ये सभी वृक्ष पूजनीय हैं। इन वृक्षों में देवताओं का वास होता है। इन वृक्षों की आयु हजारों वर्ष होती है। ऐसे वृक्ष लगाने का सौभाग्य जिसे मिलता है वह सफलता की ओर बढता है। उन्होंने कहा कि सोंच को



सकारात्मक कर प्रकृति को बचाने को सभी लोग पांच व एक पौधा जरूर लगायें। पौधे की सुरक्षा व संरक्षण का संकल्प लें। पृथ्वी में पौधों की कटान तेजी से बढ रही है। सौ पेड काटे जाते हैं तो पांच पौधों की ही सुरक्षा होती है। सभी लोग पौधा लगाने के बाद उनकी सुरक्षा व संरक्षण पर ध्यान दें। आने वाली पीढियों को पौधों से बहुत सुख मिलेगा।

# गौमांस सहित गौकशी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, दो साथी फरार

**कोंच ( जालौन )।** मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने दबिश देकर गौकशी कर रहे लोगों में से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया जबकि दो पुलिस को चकमा देकर रात के अंधेरे में गुम हो गए। मौके से करीब एक कुंतल गौमांस, कटे अवशेष और मवेशी काटने के औजार बरामद हुए हैं। सोमवार की रात खेड़ा चौकी इंचार्ज खेमचंद्र अपने हमराही सिपाहियों के साथ इलाके में भ्रमण पर निकले थे। तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि महेशपुरा रोड पर कबूतरा डेरा के पास कुछ लोग गौकशी कर रहे हैं। सूचना पर फौरी संज्ञान लेते हुए दरोगा खेमचंद्र ने सारी बात कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही को बताई जिस पर उन्होंने तत्काल उपनिरीक्षक बीएल आजाद, दीवान दिनेश पांडे, सिपाही विकास यादव, राजेश सिंह आदि को भी मौके पर रवाना कर दिया। रात करीब 11 बजे पुलिस ने अपनी बाइकें रोड पर खड़ी कर दीं और दबे पांव बताए गए स्थान की घेराबंदी करते हुए जब दबिश मारी तो पुलिस को देख दो व्यक्ति अंधेरे का लाभ लेते हुए भागने में कामयाब हो गए, जबकि भागने की फिराक में तीसरे को पुलिस ने दबोच लिया। पकड़े गए व्यक्ति का नाम पप्पू खान निवासी गिरवर नगर बताया गया है। मौके से पुलिस ने करीब एक कुंतल गौमांस, नब्बे किलो वजनी खाल, पूंछ तथा मवेशी काटने के औजार बरामद किए हैं। पूछताछ में पकड़े गए पप्पू खान ने भागे हुए व्यक्तियों में सिर्फ एक को पहचानने की बात स्वीकारते हुए उसका नाम असगर उर्फ अग्गस निवासी आराजी लेन कोंच बताया जबकि भागे हुए दूसरे को अग्गस का ही साथी बताया। पुलिस ने पशु चिकित्सक को बुलाकर जांच के लिए नमूना भरवाया और बरामद मांस व अन्य अंगों को जेसीबी से गड्ढा खुदवा कर दफनवा दिया। सुबह सीओ शैलेंद्र कुमार वाजपेयी ने भी मौके का निरीक्षण किया और भागे हुए आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

# कार्यशाला में नेत्रहीनों को अधिकार और उनकी क्षमता बताई

संवाददाता। जालौन (उरई)

**नगर के** एक गेस्ट हाउस में ऑल इंडिया कन्फेडरेशन ऑफ द ब्लाइंड दिल्ली व डेनिस एसोसिएशन आफ द ब्लाइंड डेनमार्क की ओर से नेत्रहीनों की कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें दिव्यांगों को उनके अधिकारों एवं क्षमताओं से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष गिरीशचंद्र गुप्ता एवं दृष्टिहीन संस्था के महासचिव शंकर लाल गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यशाला में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ऊषा गुप्ता ने कहा कि दिव्यांगों के लिए संस्था द्वारा जो कार्य किया जा रहा है, वह सराहनीय है। कहा कि वह संस्था की हरसंभव मदद और सहयोग करेंगी। पालिकाध्यक्ष ने भी संस्था एवं नेत्रहीनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। दृष्टिहीन संस्थान चित्रकूट के महासचिव ने नेत्रहीनों की समस्यायों के बारे में बिस्तार से बताया। संस्था के परियोजना अधिकारी सुधांशु शुक्ला ने उन दृष्टिबाधितों से मिलवाया जिन्होंने प्रशिक्षण के माध्यम से अपने जीवन में बदलाव लाया है। बताया कि संस्था द्वारा चयनित 300 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देकर 166 लोगों को आर्थिक रूप से पुनर्वासित किया गया है। जिन्हें अभी तक 25 लाख 47 हजार रुपया अनुदान के रूप में दिया गया है। संस्था का उद्देश्य दृष्टिहीनों को जागरुक करना है और उनको आत्मनिर्भर बनाना है। संस्था के एडवोकेसी ऑफिसर सुरेश चतुर्वेदी ने कहा कि दिव्यांग लोगों को कानून के बारे में जानकारी का अभाव है इसी कारण दिव्यांगों को कई तरह की परेशानी उठानी पड़ती है तथा दिव्यांगों के प्रति लोगों की सोच भी विकसित नहीं है। उन्होंने दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 के बारे में बिस्तार से बताया। चित्रकूट से आए बलबीर सिंह (रिटायर्ड बैंक मैनेजर) ने कहा कि प्रबल इच्छा शक्ति से जीवन में कुछ भी हासिल किया जा सकता है। उन्होंने ब्रेल लिपि के जनक लुईब्रेल एवं एथलीट अरुणिमा सिन्हा का उदाहरण दिया और उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जैसे आज कुछ दृष्टिबाधित लोगों ने इस कार्यक्रम में भी दिखाया कि मन से मत हारिए, आप सब कर सकते हैं सब कुछ संभव है। कार्यक्रम का संचालन परियोजना अधिकारी सुधांशु शुक्ला ने किया। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय आजीवका मिशन के डीडीएम श्रीदुर्गा, बीबीएम सुनीता यादव, शैलेंद्र गुप्ता, आर्यावर्त बैंक के सीनियर मैनेजर अतुल बंसल, राम सिंह, अमल तिवारी, राकेश, पूजा व महेश आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते शंकरलाल गुप्ता पायनियर